अज्ञानान्धविनाशाय नभोमणितुलां वहन् ।।

।। श्री गणेशाय नमः ।।

"विश्वविजय पंचाङ्गं" सदाऽस्तु विदुषां मुदे

श्री महासरस्वत्यै नमः ।



महोअर्णः सरस्वती प्रचेतयति केतुना।
धियो विश्वा विराजति ।।

राजा चन्द्र

मंत्री सूर्य

83

नवैः प्राच्यैर्मार्गैर्निखिलनिगमाद्यैरपि तथा ।
संमानीतात्सारात् गणितमनवद्यं वहति यः ।।

सदासेव्यः प्राज्ञैर्विविधगणितज्ञैरपि मतः ।
सुरम्यं पंचाङ्गं भुवि विजयते 'विश्वविजयः' ।।

श्रीसनातनधर्म-प्रतिनिधिसभया सम्मानितम्

अ.भा.ज्योतिष-परिषद् के मुख्य अध्यक्ष



श्री हरदेव शर्मा त्रिवेदी ज्योतिषाचार्य
सोलन (हिमाचल प्रदेश)

श्रीविश्वविजय-पञ्चांगम्

श्री विक्रम संवत् २०६५ शकः संवत् १९३० सन् २००८-२००९ भारतीय गणराज्य संवत् ५९-६०

आद्य सम्पादक – स्व० श्री हरदेव शर्मा त्रिवेदी-ज्योतिषाचार्य, सम्पादक – Er. श्री सुधाकर शर्मा त्रिवेदी, सह-सम्पादक – रोहिताश्व त्रिवेदी

मूल्य रु. ६२/-

ज्योतिष्मती निकेतन

सोलन
हिमाचल प्रदेश

वर्ष ६४

"श्रीविश्वविजयपंचांग" का कॉपीराइट रजिस्टर्ड नम्बर ए २८३७५/८० इस पंचांग के सर्वाधिकार सम्पादक के अधीन है। आवरण रजिस्टर्ड नं. १४०४०६

लाल किताब
(सम्पूर्ण)

उर्दू भाषा की 1200 पृष्ठों की प्रसिद्ध एवं प्राचीन पुस्तक का हुबहू सरल हिन्दी अनुवाद

(9x14 इंच साइज में हिन्दी भाषा में प्रथम बार तीन खण्डों में फोटो स्टेट रूप में)

- यह अनोखी पुस्तक बहुत से आश्चर्यजनक ज्योतिष नियमों एवं विचित्र ज्ञान के लिये प्रसिद्ध है।
- ग्रहों की शान्ति के लिये सरल, व्यवहार में आ सकने वाले अचूक टोटके व उपाय जो प्रत्येक व्यक्ति आसानी से व कम खर्च में कर सकता है।
- साथ ही जन्म कुंडली की ग्रह स्थिति का हस्तरेखाओं के साथ मिलान करने की विधि का वर्णन है।
- जिनकी जन्मकुंडली नहीं या गलत है उनके मकान की कुंडली बनाकर ग्रह स्थिति और उसके फलित का मिलान करने की विधि इत्यादि।
- इसमें वर्ष कुंडली बनाने और वर्षफल निकालने की एक ऐसी विधि बताई गई है, जिससे 10 मिनट में किसी भी वर्ष की कुंडली और फलित निकाला जा सकता है अर्थात् लम्बे-चौड़े गणित की आवश्यकता नहीं रहो।

चमत्कारी फलादेश के लिये प्रसिद्ध दुर्लभ एवं बेजोड़ ग्रन्थ प्रथम बार दो खण्डों में (हिन्दी भाषा में) स्वयं पढ़िये और आजमाइये।

- उर्दू की फोटोस्टेट प्रति ज्यों की त्यों भी उपलब्ध की जा सकती है।
- डाक व्यय अलग 100/- रुपये।
- कृपया आदेश के साथ पेशगी 1000/- रुपये अवश्य भेजें।

मूल्य रु. 2100/-
सम्पूर्ण दोनों खण्ड

★ **इसके अतिरिक्त हमारे यहाँ ज्योतिष, हस्तरेखा, तंत्र-मंत्र-यंत्र एवं कर्मकाण्ड संबंधी पुस्तकों का विशाल भण्डार है।**

★ **कुछ दुर्लभ एवं प्राचीन ग्रंथ भी समय-समय पर आते रहते हैं। नवीन पुस्तकों के लिए भी सम्पर्क रखें।**

नवीन एवं प्रमाणिक ज्योतिष पुस्तकें

दिव्य जीवन	50.00	प्रश्न शास्त्र *(दो भागों में)*	320.00
गोचर फलदर्पण	150.00	ज्योतिष में विवाह एवं प्रेम के योग	150.00
स्वपन फलदर्पण	50.00	रत्नों द्वारा भाग्य परिवर्तन	120.00
कुण्डली मिलान	125.00	व्यवहारिक हस्तरेखा शास्त्र	200.00
मंगली योग भ्रांति एवं निदान	135.00	आयु, अरिष्ट एवं अष्टम चन्द्र	150.00
जैमिनी ज्योतिष	150.00	कालसर्प योग	75.00
ज्योतिष प्रवेशिका	120.00	मुहूर्त्त विचार	40.00
राहु केतु	180.00	वास्तु शास्त्र के रहस्य भाग-1	200.00
ताजिक शास्त्र	110.00	सर्वार्थ चिंतामणी	200.00
ज्योतिष तत्त्व विवेचनी संहिता	400.00	संतान सुख विचार	150.00
एक्यूरेट प्रिडीक्टिव मैथोडोलोजी	250.00	दशाध्यायी	120.00
विवाह का समय	150.00	प्रश्न ज्योतिष माल के पांच पुष्प	75.00
नवग्रह पीड़ा निवारण विधि	200.00	होरा शतक	130.00
तंत्र विज्ञान एवं साधना	320.00	दशाफल विचार	200.00
रावण संहिता	500.00	नवग्रहों की शांति व्यवस्था	80.00
मंत्र शास्त्र साधना एवं सिद्धियां	300.00	ग्रह दोष तथा उपाय	70.00

तंत्र बोध (साधना खण्ड) *(दुर्लभ तंत्र ग्रंथों से संकलित)*	500.00
गणेश होरा शास्त्र *(दो खण्डों में)*	450.00
ज्योतिषीय गणित एवं खगोल शास्त्र	150.00
काल ज्ञान एवं कर्ण पिशाचिनी साधना	100.00
भाव निर्णय, दशा एवं गोचर द्वारा समय निर्धारण	160.00
कुंडली विवेचन एवं फलित सिद्धांत	225.00
वर्षफल (ताजिक अथवा वर्ष कुंडली)	150.00
फलित ज्योतिष के तीन स्तंभ *(मुहूर्त, विवाह एवं सन्तान)*	120.00
व्यावसायिक जीवन में उतार चढ़ाव	120.00
जैमिनी कारकांश और मंडूक दशा से भविष्यवाणी	100.00
लग्न दर्शन *(4 भागों में 12 लग्न)(लाल किताब पर आधारित)*	400.00
लाल किताब योग संग्रह एवं अनुभूत उपाय	180.00
भाव सिंधु-सुनीता झा *(कविता रूप फलित ज्योतिष की अनुपम पुस्तक)*	300.00
शनि शत्रु नहीं मित्र - पं. श्याम सुन्दर वत्स	275.00
शनि गाथा *(लाल किताब पर आधारित)*	125.00
चुनिंदा जन्मपत्रियां *(प्रसिद्ध व्यक्तियों की कुंडलियों का संग्रह)*	500.00

अग्रवाल बुक डिपो (रजि.) 460, खारी बावली दिल्ली- 6 फोन : 23943254, 23936116

श्री:

श्रीविश्वविजय पंचांग को ब्रह्मा-विष्णु-शिव स्वरूप ब्रजमंडल के त्रिदेवों का स्नेहाशीर्वाद

परमपूज्य अनन्त श्रीविभूषित ब्रह्मलीन श्री देवरहा बाबा



योगिराज तपःपूत श्री १०८ श्रीपादबाबा

योगिराज श्री १०८ स्वामी कार्ष्णि गुरुशरणानन्द जी महाराज

विश्व की तीन महान् दैवी विभूतियों का स्नेहाशीर्वाद एक साथ प्राप्त करने का सौभाग्य "श्रीविश्वविजयपंचांग" को ४५वें वर्ष में प्राप्त हुआ। यह पंचांग प्रेमियों के लिए परम हर्ष का विषय है।

पहले हैं- विश्व विख्यात तपःपूत आध्यात्मिक जगत् के अमितायुः भीष्मपितामह ब्रह्मलीन योगिराज परम् सन्त अनन्त श्री विभूषित श्री देवरहा बाबा जो अनेक वर्षों से गंगा-यमुना तट पर घास फूस काष्ठ निर्मित ऊँचे मचान पर दिगम्बर रूप में निवास करते थे। कब वे मचान से उतर कर गंगा स्नान करने जाते और वापस लौटते थे यह कोई देख नहीं पाया। राष्ट्रपति पद तक के सभी छोटे-बड़े अधिकारी मंत्रिगण आपके श्रीचरणों के दर्शन को लालायित रहते हैं। गत गुरुपूर्णिमा दि. २९ जुलाई १९८८ को अपराह्न काल में वृन्दावनधाम यमुनातीर पवित्र मचान पर आपके दर्शनार्थ पंचांग सम्पादक पहुँचा। जब "श्रीविश्वविजयपंचांग" और "ज्योतिष्मती" का नववर्षांक मचान पर आपकी सेवा में पहुँचा तो बाबा ने अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त की। त्रिवेदी जी के प्रार्थना करने पर कि "वृद्ध-व्याधि के कारण ३ वर्ष बाद मैं अब दूर से श्रीचरणों के दर्शन ठीक नहीं कर पा रहा हूँ। तो स्नेहार्द्रभाव से तत्काल दिगम्बर रूप में खड़े होकर बोले- 'ले का ले, अच्छी तरह दर्शन, हम तुम्हारे कार्य से बड़े प्रसन्न हैं।" इतना कहकर अपने कर-कमलों से एक अमूल्य उपवस्त्र और पुष्कल-फल प्रसाद प्रदान कर पंचांग-कर्ता को स्नेहाशीर्वाद दिया।

दूसरे हैं- भारत के महान् सन्त, ब्रज अकादमी वृन्दावन के संस्थापक, अनन्त श्रीविभूषित योगिराज श्रीपादबाबा जिनके श्रीचरणों में रंक से राजा, राष्ट्रपति तक साष्टांग दण्डवत प्रणाम करते हैं।१८वर्ष पूर्व गुरु पूर्णिमा पर आपने भी श्रीविश्वविजय पंचांगकर्ता को अपने कर-कमलों से उपवस्त्र पहना कर पूजा का विशेष श्रीफल, कदली फल प्रसाद प्रदान कर उपकृत किया। आपका हस्तलिखित स्नेहाशीर्वाद विगत वर्ष के [illegible] सं. २०४७ वि. के श्रीविश्वविजयपंचांग में पृष्ठ १५८ पर अंकित है।

तीसरे हैं- ब्रजमण्डल के प्रसिद्ध विद्वान सन्त श्री उदासीन कार्ष्णि आश्रम श्रीरमणरेती महाधाम के अध्यक्ष तपःपूत कार्ष्णि स्वामी श्री गुरुशरणानन्द जी महाराज से आपका हस्तलिखित शुभाशीर्वाद सं. २०४७ वि. के पंचांग पृ. १५८ पर प्रकाशित है। आप न्यायदर्शनवेदान्ताचार्य हैं, "सन्तहृदय नवनीत समाना" की प्रतिकृति परमदयालु परदुःखकातर महापुरुष के साथ स्वयं कठोर तपस्वी भी हैं।२०वर्ष पूर्व आपने गोवर्धन-क्षेत्रस्थ-श्रीमानसी गंगा का जीर्णोद्धार महीनों तक स्वयं सैकड़ों भक्तों के साथ खड़े रहकर करवाया। विगत वर्ष [illegible] गोवर्धन की दण्डवती परिक्रमा का कष्टसाध्य पावनयज्ञ पूर्ण किया। ऐसे तपस्वी सन्तों का स्नेहाशीर्वाद "श्रीविश्वविजयपंचांग" के लिए गौरव की वस्तु है।

''श्रीविश्वविजयपंचांग''

भूतपूर्व प्रधानमंत्रियों की दृष्टि में

आपका यह प्रिय पंचांग ज्योतिर्विज्ञानाचार्यों, धर्माचार्यों एवं वरिष्ठ विद्वानों का ही कृपा पात्र नहीं, अपितु रंक से लेकर राजा तक के हृदय में अपना स्थान बना चुका है। (भू०पू० राष्ट्रपति डॉ० राजेन्द्र प्रसाद जी, भू०पू० प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू जी, श्री लालबहादुर शास्त्री जी, श्रीमती इंदिरा गाँधी, श्री चौ० चरण सिंह एवं अनेक प्रांतों के राज्यपालों तथा मुख्यमंत्रियों के उद्‌गार यथा समय पंचांग व पत्रिका में प्रकाशित होते रहे हैं। पं० जवाहर लाल नेहरू जी को पंचांग से विशेष प्रेम था और वे अपने पंडित कहलाने में गर्व का अनुभव करते थे। इसका प्रमाण ४९ वर्ष पूर्व सोलन में घटी एक घटना प्रत्यक्षदर्शियों को अब भी स्मरण है। १६ जुलाई १९५९ को श्री पंडित नेहरू जी शिमला से लौटते समय कुछ देर नागरिकों का अभिनन्दन स्वीकार करने के लिए सोलन में रुके थे। श्री त्रिवेदी जी ने पुष्पमाला के साथ संवत् २०१६ वि० का ''विश्वविजयपंचांग'' भेंट किया तो बोले- 'धन्यवाद, इस वर्ष अभी तक मैंने आपका पंचांग खरीदा नहीं था। इस पर त्रिवेदी जी ने पूछा- ''क्या आप भी पंचांग खरीदते हैं?'' तत्काल उत्तर मिला- ''क्या आप मुझे पंडित नहीं मानते।'' उस समय श्री नेहरू जी के साथ श्रीमती इन्दिरा गाँधी और तत्कालीन उपराज्यपाल राजा बजरंग बहादुर सिंह भी थे। १९ वर्ष पूर्व श्रीमती इन्दिरा गाँधी ने अपने जन्म दिवस पर १९ नवम्बर १९६९ को प्रधानमंत्री निवास में श्री त्रिवेदी जी से संवत् २०२६ विक्रमी का ''श्रीविश्वविजयपंचांग'' अभिवादन पूर्वक सस्नेह ग्रहण किया- उस समय का एक स्मृतिचित्र यहाँ प्रस्तुत है।



अज्ञानान्धविनाशाय नभोमणिकुलं वहन् ॥

॥श्री गणेशाय नमः॥

"विश्वविजय पंचांग" सदाऽस्तु विदुषां मुदे

श्री महासरस्वत्यै नमः।

महोऽर्णः सरस्वती प्रचेतयति केतुना।
धियो विश्वा विराजति ॥

राजा चन्द्र

मंत्री सूर्य

नवः प्रारभ्यमंगेषु सिद्धिमाधेरपि तथा।
समनीतात्सराद् गणितमत्रत्यं वहति यः॥

श्रीसनातनधर्म-प्रतिनिधिसभया सम्मानितम्

श्रीमद्-वाणी विलासेषु, वाक्यसिद्धिः।
सभासेवः प्रोक्तेषिवेदभूतजंतोः मतः।।

अ.भा. ज्योतिष-परिषद् के मुख्य अध्यक्ष



श्री हरदेव शर्मा त्रिवेदी ज्योतिषाचार्य
सोलन (हिमाचल प्रदेश)

श्रीविश्वविजय-पञ्चांगम

श्री विक्रम संवत् २०६५ शकः संवत् १९३० सन् २००८-२००९ भारतीय गणराज्य संवत् ५९-६०

आद्य सम्पादक - स्व. श्री हरदेव शर्मा त्रिवेदी-ज्योतिषाचार्य, सम्पादक श्री सुधाकर शर्मा त्रिवेदी ज्योतिष्मती निकेतन, सोलन, हि. प्र.
सह सम्पादक - रोहिताश्व शर्मा त्रिवेदी फोन/ फैक्स - ०१७९२-२२०५९६ e-mail : rohitashw@gmail.com
गणितकर्ता - पं० विनोद कुमार बिजल्वाण, एम. एस. सी., ९१, अद्वैतानन्द मार्ग, ऋषिकेश फोन - २४३५४०१

वर्ष ६४

मुद्रक एवं वितरक :- रुचिका पब्लिकेशन्स
459, खारी बावली, दिल्ली-5 ☎ (का.) 23936116

प्रमुख विक्रेता :- अग्रवाल बुक डिपो
460, खारी बावली, दिल्ली-110 006 ☎ 23943254

विशेष नोट : लाइटल पर होलोग्राम लगा हुआ देखकर ही पंचांग खरीदें। बगैर होलोग्राम के पंचांग नकली समझा जाएगा।

।। श्री ।।

प्रकाशकीय प्राक्कथन

जगत् जननी माँ भगवती की प्रेरणा से एवम् पं. हरदेव शर्मा त्रिवेदीजी के शुभाशीर्वाद से मैंने आपके समक्ष श्रीविश्वविजयपंचांग प्रस्तुत किया। आप सबने मुझ को भरपूर प्रोत्साहन एवं सहयोग दिया जिसके कारण अगामी श्रीविश्वविजयपंचांग संवत् २०६५ वि. का आपके सामने प्रस्तुत करने मे मुझे हार्दिक हर्ष हो रहा है। आगे भी आप सब लोग मुझे इसी प्रकार का सहयोग और सुझाव देते रहें जिससे पंचांग अपनी गरिमा को बनाये रखे।

इस पंचांग के प्रकाशन, मुद्रण और वितरण नववर्षारम्भ से चार मास पूर्व पहुँचाने के कार्य में **श्री वीरेन्द्र प्रताप गर्ग** एवं **श्री संजय कुमार गर्ग** ने अपना पूर्ण सहयोग दिया इनका मैं आभारी हूँ।

माँ की कृपा रही तो आगामी नव वर्ष संवत् २०६६ वि. का श्रीविश्वविजयपंचांग संवत् २०६५ वि. के नवरात्रों तक प्रकाशित हो सकेगा। आगे जैसी माँ की इच्छा होगी वही होगा।

गोपाष्टमी, कार्तिक शुक्ल ८ संवत् २०६४ — *मातृचरणचंचरीक*

दिनांक: १८-११-२००७ ई. — *सुधाकर शर्मा त्रिवेदी*

विषय सूची

क्रम	विवरण	पृष्ठ
१.	इनर टाइटल, प्रकाशकीय प्राक्कथन एवं विषय सूची	१-२
२.	आगम्भिका एवं पंचांग देखने की विधि	३-४
३.	अवकाश दिन एवं श्रीविश्वविजयपंचांग को प्राप्त सम्मानोपाधियाँ	५-६
४.	ग्रहण विवरण संवत् २०६५ वि.	७-१६
५.	भारत में नव संवत्सरारम्भ तथा वर्षेश	१७
६.	विवाहादि मुहूर्त्त संवत् २०६५ वि.	१८-२३
७.	त्रिबल शुद्धि कोष्ठक	२४-२५
८.	ग्रहों के निरयण राशि नक्षत्र चार	२६-२७
९.	सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, रवि पुष्य योग	२८-२९
१०.	युग व्यवस्था	३०-३१
११.	अथ संवत्सर वर्ष राजादि फलम्	३२ ३८
१२.	दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र संवत् २०६५ वि.	३९-४४
१३.	दैनिक स्पष्ट ग्रह	४५-५६
१४.	बारह मासों के २४ पक्ष संवत् २०६५ वि.	५७-८०
१५.	बारहमास की दैनिक लग्न सारिणियां	८१-८७
१६.	अथ जन्म समयादि, बाल एवं नक्षत्र कष्टावली	८८-९६
१७.	जन्म वर्ष कुण्डली का फल, गोचर फल	९७-९८
१८.	ग्रहों के दान जपादि, विंशोत्तरी योगिनी, अन्तर्दशा	९८-९९
१९.	विवाहादि विविध मुहूर्त्ता:, वर-वधु गुण मिलान सारिणी	१००-१०४
२०.	कुण्डली मिलान, अनु. गृहारम्भादि	१०५-११२
२१.	यात्रा मुहूर्त्त, चौघड़िया प्रश्न विचार, रोगत्रिनाड़ी चक्र	११२-११४
२२.	अक्षांशादि सारिणी	११५-११६
२३.	सूर्य बिम्ब, द्रष्यमान वक्री भवन संस्कार युक्त अक्षांश के अनुसार सारिणी	११७-११९
२४.	पंचांग परिवर्तन सारिणी, वर्ष प्रवेश सारिणी, लग्न दशमलग्न सारिणी	१२०-१२४
२५.	सांपातिक काल से विश्व भर के सूक्ष्म लग्न बनाने की विधि	१२५-१३०
२६.	विश्व के स्टैं. टाईम और समय क्षेत्रों का विवरण	१३१-१३३
२७.	अयनांशीय निरयण लग्न सारिणी उपकरण : सांपातिक काल	१३४-१३८
२८.	दैनिक लग्न सारिणी से लग्न ज्ञान	१३९
२९.	सायन लग्न, अयनांश एवं षड्वर्ग सारिणी	१४०-१४२
३०.	भारतीय कतिपय प्रसिद्ध नगरों के सूर्योदयास्त	१४३-१४४
३१.	हर्षल नेपच्यून फल, होरा चक्र ज्ञान	१४५-१४६
३२.	सपरिहार गुण मेलापक	१४७-१५३
३३.	साम्पातिक काल और जन्मांग गणित	१५४-१५९
३४.	बहुत काम की छोटी बातें जब आप व्रत करें...	१५९
३५.	मंत्रानुष्ठान एवं दिव्य औषधि प्रयोग	१६०-१६३
३६.	श्री दुर्गा उपासना का विधी विधान	१६४-१६५
३७.	मांगलिक दोष और विवाह योग्य वर-वधू	१६५-१६६
३८.	विक्रम सं. २०६५ में तेजी-मंदी का संक्षिप्त विवरण	१६७
३९.	दुर्लभ -स्तोत्र, मंत्र विधान	१६८-२०५
४०.	ग्रहों के परस्पर अंशात्मक योग	२०६-२१४
४१.	चन्द्रमा का नक्षत्र चरणों में दैनिक प्रवेश काल	२१५-२१८
४२.	भारत के प्रमुख चार नगरों के दैनिक चंद्रोदयास्त	२१९-२२४
४३.	सूर्य एवं चन्द्रमा की क्रांति एवं चंद्र शर	२२५-२२७
४४.	मंगलादि ग्रहों एवं हर्षल, नेप्च्यून, प्लूटो के क्रांति-शर	२२८-२३१
४५.	दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र का शेष	२३२-२३८
४६.	क्या कहती हैं आपकी उंगलियां	२३९-२४१
४७.	सामूहिक व्यापार भविष्य संवत् २०६५ वि.	२४२-२४५
४८.	संवत् २०६५ वि. का द्वादश राशिफल	२४६-२४९
४९.	विक्रमी संवत् २०६५ के संदिग्ध व्रत पर्व निर्णय	२४९
५०.	वैज्ञानिक अनुसंधान पर व्यापार भविष्य	२५०-२५१

आरम्भिका

या विद्या शिक्कंशवादि जननी या वै जगन्मोहिनी
या पञ्चप्रणवद्विरेफनलिनी या चिल्कलामालिनी।
या ब्रह्मादि पिपीलिकान्ततनुषुप्रोता जगत्साक्षिणी
सा पायात्परदेवता भगवती श्रीराजराजेश्वरी॥

ज्योतिषशास्त्र प्रत्यक्ष फलदायक है। इसमें सन्देह नहीं, किंतु इस शास्त्र पर सूक्ष्म अध्ययन और अनुशीलन की आवश्यकता है। इस शास्त्र का सृष्टि के आदि काल में भारतीय महर्षियों ने ही अविष्कार किया। भारतीय लोगों की असावधानता और उपेक्षा वृत्ति से यह विज्ञान विदेशियों के हाथ लगा, उन्होंने इसको अपनाकर अद्‌भुत नाम एवं यश प्राप्त किया। अनेकों मुसलमान और अंग्रेजों ने ज्योतिष संबंधी ग्रन्थ लिखे और आज का समग्र पश्चिमी संसार इस विद्या के प्रभाव से लोगों को आश्चर्य चकित कर रहा है। ग्रीनविच की संसार प्रसिद्ध वेधशाला को कौन नहीं जानता ? वहां की जनता एवं सरकार अब भी प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये व्यय कर इस शास्त्र के अनुसंधान में लगी हुई है। पर, इसी शास्त्र के उद्‌गम स्थान भारत की दशा बड़ी शोचनीय है। यहां इस विज्ञान को कोई किसी प्रकार की सहायता तो पहुंचाता नहीं, पर आपेक्ष या कुठाराघात करने पर सब प्रस्तुत हो जाते हैं। इन सब कारणों से व्यथित होकर यथाशक्ति इस वैज्ञानिक शास्त्र के द्वारा भारतीय संस्कृति के समुत्थान की शुभकामना से ही हम गत अनेक वर्षों से 'श्रीविश्वविजय-पंचांग' के माध्यम से जनता जनार्दन की सेवा कर रहे हैं।

केतकी चित्रापक्षीय पंचांगों की सब ओर से संपुष्टि

उत्तर भारत में चित्रापक्षीय पंचांग का जो कार्य हमने प्रारम्भ किया था उसके प्रचार में उत्तरोत्तर वृद्धि होती जा रही है। प्रायः सभी प्राचीन पंचांगकारों ने सूर्यसिद्धांत, ग्रहलाघव, मकरन्द और ब्रह्मपक्षीय ग्रहों के स्थान में चित्रापक्षीय (ज्योतिर्गणित केतकी आदि से) शुद्ध दृक्तुल्य ग्रह ग्रहणादसाम्तादि लगाने प्रारम्भ कर दिये हैं। विद्वान सहयोगियों ने अनुभव किया है कि इस समय जब सूर्य परम मंदफल और चन्द्रमा के संस्कार फलों में कई कलाओं का अंतर प्रत्यक्ष सिद्ध है तब सूर्य चन्द्रमा से निष्पन्न तिथिमान में भी १०-१५ घटी का अंतर स्वाभाविक है। केतकी गणित के आधार पर दिये हुए 'श्रीविश्वविजय पंचांग' के तिथ्यादि धर्मशास्त्रीय निर्णय व्रतोपवासादि के लिये उपयोगी हैं, इसमें अब किसी प्रकार की शंका नहीं है।

भारत सरकार के 'राष्ट्रीय पंचांग' और 'केलेण्डर' रिफार्म कमेटी की रिपोर्ट में भी यही तिथि स्वीकार की गई और इसके आधार पर राष्ट्रीय पंचांगों और राजकीय केलेण्डरों में पर्व त्यौहार एवं छुट्टियां लगाई जाती हैं। विगत संवत २०१९ के चैत्र मास में कुम्भ महापर्व पर भगवती भागीरथी के तट पर हरिद्वार में श्रीसनातनधर्म प्रतिनिधि सभा, पंजाब के आमंत्रण पर उत्तर भारतीय ज्योतिर्विदों का सम्मेलन हुआ था, उसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि अगले वर्ष सं० २०२० वि० से उत्तर भारत के सभी पंचांगकार अपने-अपने पंचांगों में तिथि नक्षत्र योग के घट्यादि का मान भी नवीन दृक्पक्ष (केतकी ज्योतिर्गणित वैजयन्ती आदि) से ही लगायेंगे। तदनुसार पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध पंचांगों में विगत वर्ष सं० २०२० वि० से तिथ्यादि भी नवीन सूक्ष्म गणित से लगानी प्रारम्भ कर दी, यह उत्तर भारत में पंचांग एकीकरण के लिए परम हर्ष का विषय है।

इससे कुछ वर्ष पहले वैष्णव सम्प्रदाय के धर्माचार्य श्री १०८ गो० गोकुलनाथ जी महाराज, जगद्‌गुरु शंकराचार्य श्री १०८ स्वामी योगेश्वरानन्दजी तीर्थ महाराज पुरीमठ, श्री १०८ जगद्‌गुरु शंकराचार्य सेकेश्वर करवीर मठ, जगद्‌गुरु श्री १०८ अनन्ताचार्य महाराज काञ्ची कामकोटि मठ आदि के शंकराचार्यचरणों ने भी सूक्ष्म तिथि से ही धर्मनिर्णय करने के आज्ञा पत्र निकाले हैं। वल्लभ-सम्प्रदाय की प्रधानपीठ श्रीनाथद्वारा के तिलकायत गोस्वामी श्री १०८ गोविन्दलालजी महाराज की आज्ञानुसार विगत कई वर्षों से 'श्रीनाथपंचांग' का भी केतकी चित्रापक्ष से ही निर्माण हो रहा है और नवलगढ़ के 'सरस्वती पंचांग' में भी अब तिथ्यादि मान, सूक्ष्म केतकी गणित से ही छपने लगा है। जगद्‌गुरु श्रीनिम्बार्काचार्य और जैन-धर्म के आचार्यों के धर्म कृत्य भी सूक्ष्म गणित प्रत्यक्ष पंचांग दृग्गणितानुसार प्रकाशित होने लगे हैं।

कुछ सज्जन तिथिमान को अदृश्य या अप्रत्यक्ष कहकर उसे आधुनिक काल के लिए अप्रत्यक्ष स्थूल गणित मकरन्द ग्रहलाघव सूर्यसिद्धांत ब्रह्मपक्षीय से बनाने का आग्रह करते हैं- यह वर्तमान काल के लिए उपयुक्त नहीं। इस विषय में तैत्तिरीय संहिता, सिद्धांत कौमधेनु, विष्णु-धर्मोत्तरपुराण, नारदीय पुराण आदि प्राचीन आर्ष ग्रन्थों के अनेक प्रमाण गत वर्षों के पंचांग की आरम्भिका में हम प्रकाशित कर चुके हैं। स्थानाभाव के कारण यहाँ केवल दो आप्तवचन दे रहे हैं

यस्मिन पक्षे यत्र काले येन दृग्गणितैक्यम्।
दृश्यते तेन पक्षेण कुर्यात्तिथ्यादि निर्णयम्॥(वशिष्ठः)
तेभ्यः स्याद् ग्रहणादि दृक्सममियं प्रोक्ता मया सा तिथिः।
ग्राह्या मंगल धर्मनिर्णयविधावेषा यतो दृक्समा॥ (ति० चि०)

भारत सरकार के मौसम-विभाग और अखिल-भारतीय-ज्योतिषपरिषद् के संयुक्त तत्वावधान में दि० १९, २० नवम्बर ६८ को विज्ञानभवन, नई दिल्ली में विशाल पंचांग गोष्ठी का आयोजन किया गया- उसमें समस्त भारत के नवीन प्राचीन पद्धति के शताधिक प्रसिद्ध विद्वान पंचांगकार सम्मिलित हुए थे। दो दिन के विचार विमर्श के अनन्तर भारी बहुमत से दृक्पक्षीय (चित्रापक्षीय अयनांश) पंचांग गणना को ही शास्त्र सम्मत प्रमाणित किया गया।

विगत कई वर्षों से इस पंचांग ने दैनिक चन्द्र का उदय अस्त भारतीय स्टैण्डर्ड टाइम घण्टा मिनटों में एवं सांपातिक काल (दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, कलकत्ता) के दिये गए हैं। इस वर्ष पंचांग में अन्य कई उपयोगी विषय बढ़ाये गए हैं।

ज्योतिष्मती निकेतन
सोलन (हि० प्र०)

विदुषामनुचर :
सुधाकर शर्मा त्रिवेदी

पंचांग देखने की विधि

१. इस पंचांग (श्रीविश्वविजय) का सभी गणित दिल्ली के अक्षांश २८।३८ रेखांश ७७।१७ पर किया गया है। तिथि नक्षत्र के घटी पल दिल्ली के स्पष्ट सूर्योदय से समाप्ति काल के है। तिथि नक्षत्र योग करण के घण्टा मिनट भा.स्टे.टा. से समाप्ति काल के है, जो भारत में सर्वत्र उसी टाईम से होंगे।

२. सूर्योदय सूर्यास्त भारतीय समयानुसार दिल्ली के है। सूर्योदय सूर्यास्त किरण वक्री भवन संस्कार रहित है। प्रत्यक्ष देखने के लिए सूर्योदय में दो मिनट घटावें और सूर्यास्त में दो मिनट बढ़ावें।

३. इस पंचांग में करण सूर्योदय कालीन दिये गये है। अग्रिम करण उससे आगे वर्तमान तिथि के अर्धभाग तक जानें।

४. सूर्य चन्द्रादि ग्रहों का राश्यादि संचार एवं भद्रा पंचक, ग्रहों के उदय अस्त वक्रमार्ग आदि भारतीय स्टें.टा. में है जो भारत में सर्वत्र उसी टाइम मे होंगें। यह इस पंचांग की विशेषता है।

५. महीनों में अष्टमी पूर्णिमा एवं अमावस्या के ग्रह स्पष्टों के राश्यादि स्टे.टा. प्रातः घं.५ मि. ३० के हैं। नीचे उस दिन की गति और वक्री मार्गी उदय-अस्त व ग्रहों के नक्षत्रचरण दिये हैं। ग्रह स्पष्टों के साथ कुंडली भी उपरोक्त समय की है।

६. तिथ्यादि तथा चन्द्रमा भद्रा ग्रहाचार आदि में २४-२५-२६ आदि अंक लिखें है उनका अर्थ यह है कि २४ को रात्रि के बारह बजे, २५ को रात्रि के १ बजे, २६ को रात्रि के २ बजे समझें। इसी प्रकार आगे के अंकों में भी २४ घटाकर अर्द्ध रात्रि बाद के अगली तारीख में समझेंगे।

७. इस पंचांग का गणित आचार्यों ऋषियों द्वारा ग्राह्य और भारत सरकार द्वारा स्वीकृत सूक्ष्म दृश्य पद्धति से किया है। जहां सायन गणना की गई है वहां अयनांश चित्रा पक्षीय शुद्ध मानकर ग्रहण किये गये हैं। यहां निरयन पद्धति को सर्वत्र मान्य की है।

८. दैनिक लग्न सारिणी में समय का उल्लेख स्टैण्डर्ड टाईम के अनुसार दिल्ली का है। और लग्न का समाप्ति काल लिखा गया है।

९. लस्टर में ABC... आदि चिन्ह दिये हैं, उनका मतलब यह है कि मैटर उस लाईन में नहीं आ सका जो चिन्ह जहाँ लगाया वैसा ही चिन्ह कहीं दूसरी लाईन में लगाकर शेष मैटर लिखा है- नीचे लिखी संकेतावली को पंचांग देखने में काम लेने से संपूर्ण विषय समझ में आ जावेंगे -

पंचांग में लिखे शब्दों की संकेतावली (अकारादि क्रम से)

अ. = अश्विनी (नक्षत्र), अतिगंड (योग)
अग्नि (पंचक), अक्टूबर, अगस्त, अप्रैल (मास)
अनु. = अनुराधा (नक्षत्र)
आ. = आर्द्रा न., आयुष्मान यो., आषा. आश्विन
उ.षा. = उत्तराषाढ़ (नक्षत्र)
उ.भा. = उत्तरा भाद्रपद (नक्षत्र)
ऐं. = ऐन्द्र (योगे)
क. = कर्क, कन्या (राशि) कला
अं. = अंश, अंग्रेजी (मास तारीख)
उ.फा. = उत्तर फाल्गुनी (नक्षत्र)
ब्र. = ब्रह्म (योग)
वृ. = वृद्धि (योग)
बु. = बुध (वार), बुध ग्रह
भ. = भरणी (नक्षत्र) भद्रा
भाद्र. = भाद्रपद (मास)
म. = मघा (नक्षत्र), मकर (राशि), मई मास
का. = कार्तिक (मास)
क्रां. सा. = क्रांति साम्य (महापात)
कृ. = कृत्तिका (नक्षत्र) कृष्ण पक्ष
कु. = कुंभ (राशि)
गु. = गुरु (वार) गुरु ग्रह
गु. दा. = गुरु दान से
गो. = गोधूलि (लग्न)
गं. = गंड (योग)
घ. = घटी
घं. = घण्टा
चि. = चित्रा (नक्षत्र)
चै. = चैत्र (मास)
चौ. = चौर (पंचक)
चं. = चन्द्र (सोमवार) चन्द्र ग्रह
ज. = जयन्ती, जनवरी (मास)
जू. = जून (मास)
जु. = जुलाई (मास)
ज्ये. = ज्येष्ठ (मास), ज्येष्ठा (नक्षत्र)
ता. = तारीख
तु. = तुला (राशि)
दि.ल. = दिन में लग्न
ध. = धनु (राशि), धनिष्ठा (नक्षत्र)
धूलिमु. = धूलिमुख (अन्यगोधूलि) लग्न
ध्रु. = ध्रुव (योग)
धृ. = धृति (योग)
नि. = निंबार्क (संप्रदाय)
नृ. = नृप (पंचक)
प. = परिघ (योग) पल
प्र. = प्रवेश
प्रा. = प्रारंभ
प्री. = प्रीति (योग)
पु. = पुष्य (नक्षत्र)
पुन. = पुनर्वसु (नक्षत्र)
पू.फा. = पूर्वाफाल्गुनी (नक्षत्र)
पू.षा. = पूर्वाषाढ़ा (नक्षत्र)
पू.भा. = पूर्वाभाद्रपद (नक्षत्र)
फाल्गु. = फाल्गुन
मा. = मार्गशीर्ष, माघ, मार्च (मास)
मि. = मिनट, मिथुन राशि (लग्न) मिति
मी. = मीन (राशि)
मु. = मुहूर्त्त
मू. = मूल (नक्षत्र)
मे. = मेष (राशि) लग्न
मृ. = मृगशिर (नक्षत्र), मृत्यु (पंचक)
र. = रवि (वार), रवि (ग्रह)
रा. = राहु. (ग्रह), राष्ट्रीय, राशि
रे. = रेवती (नक्षत्र)
रो. = रोहिणी (नक्षत्र), रोग (पंचक)
ल. = लग्न
व. = वज्र, वरियान, यो. वणिज क. वक्र गति
व्र. = व्रत
व्य. = व्यतिपात (योग)
वृ. = वृद्धि (योग) वृष, वृश्चिक (राशि)
व्या. = व्याघात (योग)
वि. = विशाखा (नक्षत्र), विष्कंभ (योग), विकला
वि.मु. = विवाह मुहूर्त्त
वै. = वैष्णव संप्र., वैधृति यो., वैशाख मास
श. = शनिवार, शनिग्रह, शतभिषा नक्षत्र
शि. = शिव योग
शु. = शुक्रवार, शुक्र ग्रह, शुभ, शुक्ल (योग), शुक्ल (पक्ष)
श्रा. = श्रावण (मास)
सा. = साध्य (योग)
स्वा. = स्वाती (नक्षत्र)
स्मा. = स्मार्त (संप्रदाय)
सि. = सिद्धि (योग), सितम्बर (मास)
सि. = सिंह (राशि)
सु. = सुकर्मा (योग)
सौ. = सौभाग्य (योग)
ह. = हस्त (नक्षत्र), हर्षण (योग)
हि. = हिन्दी (मास-तारीख)

अवकाश दिन (छुट्टियाँ तातीलें)

विक्रम संवत् २०६५ सन् २००८-२००९ ई० में भारत सरकार द्वारा मान्य अवकाश दिन

(७ अप्रैल २००८ ई० से २६ मार्च २००९ ई० तक)

१. श्री राम नवमी, बैशाखी (पंजाब)	१३ अप्रैल सन् २००८ ई. रविवार
२. अम्बेडकर जयंती	१४ अप्रैल सन् २००८ ई. सोमवार
३. महावीर जयंती	१८ अप्रैल सन् २००८ ई. शुक्रवार
४. मई दिवस	१ मई सन् २००८ ई. गुरुवार
५. बुद्ध पूर्णिमा	१९ मई सन् २००८ ई. सोमवार
६. गंगा दशहरा	१२ जून सन् २००८ ई. गुरुवार
७. जन्म श्री हजरत अली (वै.)*	१७ जुलाई सन् २००८ ई. गुरुवार
८. गुरु पूर्णिमा	१८ जुलाई सन् २००८ ई. शुक्रवार
९. स्वतंत्रता दिवस	१५ अगस्त सन् २००८ ई. शुक्रवार
१०. रक्षाबंधन	१६ अगस्त सन् २००८ ई. शनिवार
११. श्री कृष्ण जन्माष्टमी	२३ अगस्त सन् २००८ ई. शनिवार
१२. गणेश चतुर्थी व्रत	३ सितंबर सन् २००८ ई. बुधवार
१३. अनन्त चतुर्दशी	१४ सितंबर सन् २००८ ई. रविवार
१४. श्री अग्रसेन जयंती	३० सितम्बर सन् २००८ ई. मंगलवार
१५. गांधी जयंती, ईदुल-फितर *	२ अक्टूबर सन् २००८ ई. गुरुवार
१६. विजयादशमी	९ अक्टूबर सन् २००८ ई. गुरुवार
१७. श्री बाल्मीकी जयंती	१४ अक्टूबर सन् २००८ ई. मंगलवार
१८. दीपावली, श्री महावीर निर्वाण दिवस	२८ अक्टूबर सन् २००८ ई. मंगलवार
१९. विश्वकर्मा पूजा दिवस, भैया दूज	२८ अक्टूबर सन् २००८ ई. गुरुवार
२०. श्री गुरुनानक जयंती	१३ नवंबर सन् २००८ ई. गुरुवार
२१. गुरुतेग बहादुर बलिदान दिवस	२४ नवंबर सन् २००८ ई. सोमवार
२२. ईदुलजुहा *	९ दिसम्बर सन् २००८ ई. गुरुवार
२३. क्रिसमस डे	२५ दिसंबर सन् २००८ ई. गुरुवार
२४. अंग्रेजी नव वर्ष प्रारम्भ (वै.)	१ जनवरी सन् २००९ ई. गुरुवार
२५. श्रीगुरुगोविन्दसिंह जी जन्म	५ जनवरी सन् २००९ ई. सोमवार
२६. मुहर्रम (ताजिया) *	८ दिसम्बर सन् २००९ ई. गुरुवार
२७. लोहड़ी (पंजाब) (वै.)	१२ जनवरी सन् २००९ ई. सोमवार
२८. मकर सक्रांति (वै.)	१४ जनवरी सन् २००९ ई. बुधवार
२९. गणतंत्र दिवस	२६ जनवरी सन् २००९ ई. सोमवार
३०. वसंत पंचमी (वै.)	३१ जनवरी सन् २००९ ई. शनिवार
३१. श्री गुरु रविदास जयंती	९ फरवरी सन् २००९ ई. सोमवार
३२. श्री महाशिवरात्री	२३ फरवरी सन् २००९ ई. सोमवार
३३. होली, ईद-ए-मिलाद *	१० मार्च सन् २००९ ई. मंगलवार
३४. धुलैंडी	११ मार्च सन् २००९ ई. बुधवार

नोट: (क) * मुस्लिम त्योहार की छुट्टियों मे कभी कहीं स्थानीय चन्द्रदर्शन के अनुसार जिलाधीश फिर से निर्धारित कर एक दिन का अन्तर डाल सकते हैं।

(ख) उपर्युक्त छुट्टियों को सरकारी गजट से मिला लेना आवश्यक है। किसी भूल या फेरबदल का दायित्व सम्पादक अथवा प्रकाशक पर नहीं है।

(ग) (वै.) शब्द जहाँ लिखा है उन्हें वैकल्पिक छुट्टियां समझें।

भारतीय अन्य विशेष पर्व त्योहार आदि

१. नववर्षारम्भ	७ अप्रैल, सोमवार
२. गणगौरी पूजन	८ अप्रैल, मंगलवार
३. नवरात्र समाप्त	१४ अप्रैल, सोमवार
४. वैशाख स्नानारंभ	२० अप्रैल, रविवार
५. श्री वल्लभाचार्य ज.	२ मई, शुक्रवार
६. श्री परशुराम जयंती	७ मई, बुधवार
७. टैगोर ज.	८ मई, गुरुवार
८. श्री नृसिंह चौदस	१८ मई, रविवार
९. वैशाख स्नान समाप्त	२० मई, मंगलवार
१०. वट् सावित्री व्रत	३ जून, मंगलवार
११. गंगा दशहरा	१२ जून, गुरुवार
१२. निर्जला एकादशी	१४ जून, शनिवार
१३. कबीर जयंती	१८ जून, बुधवार
१४. श्रीगुरुहरगोविंदसिंहज.	१९ जून, गुरुवार
१५. श्री जगदीश रथयात्रा	४ जुलाई, शुक्रवार
१६. देवशयनी ११ व्रत	१३ जुलाई, रविवार
१७. गुरु पूर्णिमा	१८ जुलाई, शुक्रवार
१८. मधुश्रवा तीज	४ अगस्त, सोमवार
१९. नागपंचमी	६ अगस्त, बुधवार
२०. कजली तृतीया	१९ अगस्त, मंगलवार
२१. श्री गणेश ४ व्रत	२० अगस्त, बुधवार
२२. गोगा नवमी	२५ अगस्त, सोमवार
२३. हरितालिका तीज	२ सितम्बर, मंगलवार
२४. ऋषि पंचमी	४ सितम्बर, गुरुवार
२५. जलझूलनी मेला	११ सितम्बर, गुरुवार
२६. वामन जयंती	१२ सितम्बर, शुक्रवार
२७. श्राद्धारंभ	१५ सितम्बर, सोमवार
२८. शारदीय नवरात्र प्रा.	३० सितम्बर, मंगलवार
२९. श्री अग्रसेन ज.	३० सितम्बर, मंगलवार
३०. करवा चौथ	१७ अक्टूबर, शुक्रवार
३१. अहोई अष्टमी	२१ अक्टूबर, मंगलवार
३२. गोवत्स द्वादशी	२५ अक्टूबर, शनिवार
३३. गोपाष्टमी	६ नवंबर, गुरुवार
३४. प्रबोधिनी एकादशी व्रत	९ नवंबर, रविवार
३५. कार्तिक स्नान मेला	१३ नवंबर, गुरुवार
३६. मोक्षदा एकादशी व्रत	९ दिसंबर, मंगलवार
३७. अन्नपूर्णा जयंती	१२ दिसंबर, शुक्रवार
३८. शाकम्भरी जयंती	११ जनवरी, रविवार
३९. मकर संक्रांति	१४ जनवरी, बुधवार
४०. लाला लाजपत राय ज.	२८ जनवरी, बुधवार
४१. मेला जैसलमेर ३ दिन का	७ फरवरी, शनिवार
४२. मेला खाटू श्याम जी (२ दिन का)	७ से ८ मार्च शनिवार रविवार

पंचांग में किसी भी प्रकार की लेखकीय एवं संपादकीय त्रुटि की जिम्मेदारी मुद्रक, वितरक एवं प्रमुख विक्रेता की नहीं होगी।

श्रीविश्वविजय पंचांग-निर्माता को राज्य सरकार एवं सार्वजनिक संस्थाओं से अनेक गौरवपूर्ण उच्चस्तरीय सम्मानोपाधियां

''श्रीविश्वविजय पंचांग'' और ''ज्योतिष्मती'' के प्रधान सम्पादक संचालक पूज्य पिताश्री पं. श्रीहरदेव शर्मा त्रिवेदीजी को अर्द्धशताब्दी से अधिक उनकी अनवरत साहित्य-साधना से संतुष्ट होकर राजस्थान सरकार ने विगत ४ अगस्त, १९८२ को संस्कृत-दिवस समारोह पर जयपुर में तत्कालीन महामहिम राज्यपाल श्री ओ.पी. मेहरा ने अभिवादन कर आपको पुरस्कार प्रशस्ति पत्र पुष्पमाला के साथ शाल भेंट कर सम्मानित किया। तदनन्तर गत २४ मार्च १९८५ को महाराणा-मेवाड़ फाउण्डेशन उदयपुर में राजमहल में आपको ५००१/- रुपये, उत्तरीय (शाल) और रजत मण्डित प्रशस्ति पत्र प्रदान कर हारीत ऋषि पुरस्कार से सम्मानित किया। इससे पूर्व भी पिताश्री को उनकी लम्बी निःस्वार्थ साधना एवं विद्वता से प्रभावित होकर भारत-धर्म-महामण्डल, काशी (वाराणसी) सनातन धर्म-दिग्विजयमण्डल, अखिल भारतीय संस्कृत-प्रचारक मण्डल, अखिल भारतीय निम्बार्काचार्य पीठ निम्बार्क तीर्थ (सलेमाबाद) आदि अनेक धार्मिक पीठों से पंडितभूषण, ज्योतिषमार्तण्ड, ज्योतिर्विज्ञानाचार्य, दैवज्ञ-शिरोमणि, समाजशिरोमणि आदि अनेक मानद उपाधियों एवं अभिनन्दन-पत्र प्राप्त हो चुके हैं। गत कुछ वर्षों से आपने नागरिक अभिनन्दन एवं उपाधि ग्रहण करना तथा सभा सम्मेलन में उपस्थित होना बन्द कर दिया है। फिर भी जो सार्वजनिक संस्थाएं आपके दिव्य गुणों से परिचित हैं वे बिना आपकी स्वीकृति के भी अभिनन्दन करते रहते हैं। गत दिसम्बर से अप्रेल ८७ तक आप जयपुर (मुख्यमंत्री निवास में) अस्वस्थ थे। उस समय पश्चिम बंगाल की विश्व उन्नयन संसद ने आपको ''डॉ. ऑफ एस्ट्रोलॉजी'' के सर्वोच्च मानद उपाधि से सम्मानित किया। इसकी सूचना हिन्दी अंग्रेजी की कई पत्र-पत्रिकाओं में छप चुकी है। गत १४ अगस्त १९८७ को इंडियन कौंसिल ऑफ एस्ट्रोलॉजीकल साइंसेज मद्रास की दिल्ली शाखा ने भारतीय विद्या भवन नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन सिंह जी द्वारा एक बहुमूल्य शाल, एक प्लेक और सुन्दर थैली में श्री फल पुरस्कार भेंट कर के सम्मानित किया।

दिनांक १ दिसम्बर, १९९० ई. को ''अखिल भारतीय ज्योतिष स्वाध्याय संस्था, दिल्ली'' में आयोजित एक विशाल भव्य समारोह में श्रीविश्वविजय पंचांग कर्त्ता (पं. हरदेव शर्मा त्रिवेदीजी) को उनकी ज्योतिष एवं भारतीय संस्कृति की पत्र-पत्रिकाओं द्वारा की जाने वाली अद्भुत सेवा से प्रसन्न होकर भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री ज्ञानीजैल सिंह जी ने 'ज्योतिष सम्राट' की सर्वोच्च उपाधि से सम्मानित किया।

दि. २८ फरवरी, १९९२ ई. को कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण सम्मेलन के मंच से जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्य स्वामी रामनरेशाचार्य जी महाराज ने ''ब्रह्मर्षि'' के सर्वोच्च अलंकरण से सम्मानित किया।

– पं. सुधाकर शर्मा त्रिवेदी

'श्रीविश्वविजय पंचांग' के प्रशंसक महापुरुष

'श्रीविश्वविजय पंचांग' पर भारत के प्रायः सभी गणमान्य विद्वानों, नेताओं, उच्चराज्याधिकारियों, धर्माचार्यों और पत्र-पत्रिकाओं ने अपना अभिमत व्यक्त करके इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। उन अनेक सम्मान्य महापुरुषों में से कुछ विशिष्ट महानुभावों के शुभ नाम मात्र यहां प्रकाशित कर रहे हैं–

महामहिम भूतपूर्व राष्ट्रपति स्व. श्री राजेन्द्र प्रसाद जी। उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान के भूतपूर्व राज्यपाल स्व. डॉ. सम्पूर्णानन्द जी। उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय भूतपूर्व रेलमंत्री वयोवृद्ध राष्ट्र नेता स्व. श्री कमलापति त्रिपाठीजी, भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री चौधरी चरण सिंह जी। रा. स्व. सं. के भूतपूर्व सरसंघचालक स्व. श्री मा.सा. गोलवलकरजी। भूतपूर्व अजमेर मेरवाड़ राज्य के मुख्यमंत्री और राजस्थान के भूतपूर्व वित्त एवं शिक्षामंत्री स्व. श्री हरिभाऊजी उपाध्याय। भारत सरकार के भूतपूर्व राज्यमंत्री और संसद के सचेतक मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल स्व. श्री सत्यनारायण सिंह जी। लोक सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. श्री अनन्तशयनम् आयंगर। राजस्थान के दिवंगत भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री हीरालाल जी शास्त्री, श्री जयनारायण जी व्यास एवं राजस्थान के भूतपूर्व यशस्वी मुख्यमंत्री श्री हरिदेवजी जोशी, राजस्थान के पूर्व शिक्षा स्वास्थ्य वाणिज्य मंत्री एवं भूतपूर्व उद्योग पर्यटन विद्युत आदि के वरिष्ठ मंत्री श्री हीरालाल जी देवपुरा, उदासीन सम्प्रदाया आचार्य विश्व भर में वेद मंदिरों के प्रतिष्ठापक ११४ वर्षीय वयोवृद्ध विद्वान् सर्वतंत्र स्वतंत्र महामंडलेश्वर श्री १०८ स्वामी गंगेश्वरानन्द जी महाराज, अनन्तश्री विभूषित जगद्गुरु श्री निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर ''श्रीजी'' श्री राधा सर्वेश्वर शरण देवाचार्यजी महाराज, वृन्दावन के परम तपस्वी संत वृज अकादमी के संस्थापक योगीराज परमपूज्य श्री १०८ श्रीपाद बाबा महाराज, बृजधाम गोकुल महावन रमणरेती श्री कार्ष्णिआश्रम के महान् विद्वान् तपस्वी संत महामण्डलेश्वर श्रद्धेय श्री १०८ स्वामी गुरु शरणानन्दजी महाराज, ब्रह्मलीन द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अनन्त श्री विभूषित अभिनव सच्चिदानन्द तीर्थ महाराज, परमहंस परिव्राजकाचार्य श्री १०८ स्वामी स्व. अखंडानन्दजी सरस्वती महाराज, ब्रह्मलीन ज्योतिपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य श्री १०८ स्वामी कृष्णबोधाश्रमजी महाराज, श्री पीताम्बरापीठ दतिया के महान् संत योगीराज राष्ट्रकुलगुरु अनन्त श्री विभूषित परमशक्त मणिपुर वासी श्री स्वामीजी महाराज, श्री भुवनेश्वरी पीठाधीश गोंडल के मणिद्वीप वासी श्री १०८ आचार्य श्री चरणतीर्थ जी महाराज, स्व. महामहोपाध्याय पं. श्री गिरिधर शर्माजी चतुर्वेदी, कविकुलगुरु महामहोपाध्याय स्व. श्री पं. नारायण शास्त्री खिस्ते वाराणसी, स्व. श्री पं. गणपतिदेवजी शास्त्री पंचांगकर्त्ता काशी, स्व. त्यागमूर्ति १०८ गो. गणेशदत्तजी महाराज, रामभक्त स्व. श्री पं. कपीन्द्र जी महाराज, स्व. पद्मभूषण डॉ सूर्यनारायणजी व्यास ज्योतिषाचार्य, स्व. श्री हनुमान प्रसादजी पोद्दार आद्य सम्पादक 'कल्याण' स्व. पं. सीतारामजी झा ज्योतिषाचार्य वाराणसी आदि।

ग्रहण विवरण विक्रम संवत् २०६५

संवत् २०६५ विक्रमी में भूमण्डल पर कुल तीन ग्रहण होंगे, जिनमें दो सूर्य ग्रहण होंगे तथा एक चन्द्र ग्रहण होगा। इसके अतिरिक्त एक मांद्य चन्द्र ग्रहण भी होगा जिसमें यद्यपि चन्द्र बिम्ब ग्रसित नहीं होगा किन्तु चन्द्र कान्ति किंचित मलिन होगी।

१. खग्रास सूर्य ग्रहण :- यह सूर्य ग्रहण श्रावण कृष्ण अमावस्या, शुक्रवार, दिनांक १ अगस्त २००८ ई. को होगा। भारत में सर्वत्र यह खग्रास सूर्य ग्रहण, खण्डग्रास स्वरूप में दिखाई देगा। संसार में यह सूर्य ग्रहण अधिकांश एशिया महाद्वीप, अधिकांश यूरोप, ग्रीनलैण्ड, उत्तरी ध्रुव, उत्तरी ध्रुवसागर, कनाडा के सुदूर उत्तरी भू-भाग में दृश्य होगा। जापान, पश्चिमी अरब प्रायद्वीप, पूर्वी सुमात्रा द्वीप, इंडोनेशिया, पुर्तगाल व पश्चिमी स्पेन में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा। इस सूर्य ग्रहण की; जहाँ पर यह ग्रहण खग्रास दिखेगा 'वह पतली भू-पट्टिका' पूर्वी चीन से आरम्भ होकर, साइबेरिया, उत्तरी ध्रुवसागर व उत्तरी ध्रुव से होती हुई सुदूर उत्तरी कनाडा तक जाएगी। इस सन्दर्भ में परिलेख संख्या (१) का अवलोकन करें। परिलेख संख्या (२) में भारत में जहाँ-जहाँ पर सूर्यास्त के समय ग्रहण मोक्ष होगा क-ख रेखा द्वारा दर्शाया गया है। परिलेख (२) में क-ख रेखा के पूर्व दिशा में, दाईं ओर के स्थलों पर सूर्य ग्रस्तास्त होगा। अंडमान द्वीप समूह, मणिपुर प्रान्त में इम्फाल व इसके समीपवर्ती पूर्वी क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश के सुदूर पूर्वी छोर पर स्थित वल्लोंग, तवाल, मनमाओ, चंगलांग, वक्का पर सूर्य ग्रस्तास्त होगा। सूर्य के ग्रस्तास्त होने के समय ग्रहण का पर्वकाल समाप्त हो जाएगा अतः श्रद्धालुजनों को स्नानकर लेना चाहिए किन्तु भोजन अगले दिन शुद्ध सूर्य बिम्ब के दर्शनोपरान्त करना उचित है। परिलेख-२ में भारतीय स्टै.टा. में ग्रहण स्पर्श का ज्ञान कराने वाली वक्र रेखाएं १० मिनट के अन्तराल पर लगाई गई हैं। ग्रहण मोक्ष को दर्शाने वाली ----- इस प्रकार की टूटी-टूटी रेखाएं ५ मिनट के अन्तराल पर लगाई गई हैं। आगे सारिणी-१ में भारत के पर्याप्त संख्या में प्रसिद्ध नगरों पर ग्रहण के स्पर्श, अधिकतम ग्रहण, मोक्ष, पर्वकाल, परमग्रास का विवरण दिया गया है। यदि आपका अभीष्ट स्थान इस तालिका में नहीं हो तब भी अभीष्ट स्थान के समीपवर्ती प्रसिद्ध नगर के स्पर्श-मोक्षादि के काल से पर्याप्त सूक्ष्मता से ग्रहण का आसन्न काल सरलता से जाना जा सकता है -

भूमण्डल पर इस खग्रास सूर्य ग्रहण के स्पर्श-मोक्षादि का विवरण

	घं.	मि.	रेखांश	अक्षांश
पृथ्वी पर ग्रहण प्रारंभ, स्पर्श	१३	३४	५२°१४.२' प.	५०°१२.४' उ.
पृथ्वी पर खग्रास प्रारम्भ	१४	५१	१००°५७' प.	६७°४८.१' उ.
पृथ्वी पर ग्रहण मध्य	१५	५१	३४°४४.५' पू.	८१°६.८' उ.
पृथ्वी पर खग्रास समाप्त	१६	५१	११३°१२.२' पू.	३२°४३.५' उ.
पृथ्वी पर ग्रहण समाप्त, मोक्ष	१८	०८	८५°३६.४' पू.	११°०९.९' उ.

परिलेख (३) में भारत के कुछ प्रसिद्ध नगरों पर अधिकतम ग्रहण (परमग्रास) के समय सूर्य-बिम्ब के चित्र तथा स्पर्श-मोक्ष बिन्दु दर्शाये गए हैं।

पुष्य, आश्लेषा नक्षत्र, कर्क राशि में होने वाला यह खण्डग्रास सूर्यग्रहण कर्क राशि वालों के लिए अशुभ फलदायक है। अतः कर्क राशि वालों को यह सूर्य ग्रहण नहीं देखना चाहिए (बिना उचित फिल्टर, काला वैल्डिंग ग्लास के सूर्य ग्रहण देखने से नेत्रों को हानि होती है, अतः सीधी नंगी आँखों से सूर्य ग्रहण नहीं देखना चाहिए।) अन्य राशि वालों के लिए ग्रहण का फल कोष्ठक में दिया है। इस ग्रहण का सूतक ३१।७।२००८ गुरुवार रात्रि २८।०० अर्थात् ०१।९।२००८ ई. को प्रातः चार बजे आरम्भ हो जाएगा। सूतक काल की अवधि में समर्थ जनों को भोजनादि का निषेध है। बालक, वृद्ध व रोगियों के लिये यह नियम नहीं है। ग्रहण पर्व पर स्नानदान बहुत पुण्य फलदायक कहा गया है। स्कंद पुराण में वचन है कि "उपमर्दे लक्ष्ण गुणं ग्रहणेचंद्रसूर्ययोः। पुण्यं कोटि गुणं मध्ये मुक्तिकाले त्वनन्तकम्"।। अतः ग्रहण मोक्ष काल में स्नानदान का विशेष फल कहा गया है। इस ग्रहण के पर्व काल के अधिकांश समय में अग्निमण्डल नक्षत्र के होने से अग्नि का कोप, लोगों को नेत्र तथा अतिसार रोगों से पीड़ा वर्षा की कमी दूध एवं फलों के उत्पादन में कमी एवं स्त्रियों के गर्भ की हानि होगी। ग्रहण पर्व के कुछ भाग में वारुण मण्डल का नक्षत्र भी होने से अग्नि मण्डल जनित उपरोक्त अशुभ फलों में कुछ कमी होगी। "वन्हेर्गणे नेत्र रुजोअतिसारावृष्टयार्थहानिर्जवलन प्रकोपः। गावोअल्पदुग्धारतः रवोः अफलाः स्युगर्भप्रपातांश्च नितम्बिनिनाम"।।

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुंभ	मीन
फल	कष्ट	लाभ	हानि	भय/ पीड़ा	हानि	लाभ	शुभ	अशुभ	कष्ट	पति/ स्त्री कष्ट	शुभ	चिंता

इस खग्रास सूर्यग्रहण के ग्रहण मध्य काल के खगोलीय परिप्रेक्ष्य में उपस्थित योगायोगों का फल क्रमानुसार अग्रोल्लेखित है।

ग्रहण स्वामिचन्द्र होने से प्रजा में क्षेम कल्याण, विद्वानों को पीड़ा, वर्षा की कमी, धान्य तेज और सम्पूर्ण प्रकार की औषधियों का नाश जिससे किराना तेज होवे। दक्षिणायन में ग्रहण होने से ग्रहणोपरान्त तीन मास तक व्यापारियों, नौकरी पेशा, सेवा प्रदाता वर्ग के लोगों तथा भैंसों और हाथियों को पीड़ा तथा वह महंगे हो जाएं। वर्तमान सन्दर्भ में हाथियों का व्यावहारिक अर्थ यात्री और माल ढोने वाले वाहनों से लेना उचित होगा। श्रावण मास में ग्रहण होने से काश्मीर, पुलिंद, चीन, यवन देश, कुरुदेश, कन्धार, मध्य देश, कांबोज देश- इनका तथा शरद ऋतु में उत्पन्न होने वाले धान्यों का नाश किन्तु उपरोक्त क्षेत्रों को छोड़ कर अन्यत्र स्थानों पर धान्य की वृद्धि तथा मनुष्यों को आनन्द हो। शुक्रवार को ग्रहण होने से वायुवेग, वर्षा अधिक, धान्य भाव सामान्य,

परिलेख - (१)

खग्रास सूर्य ग्रहण, दिनांक १ अगस्त २००८ ई०



परिलेख - (२)

भारतीय उपमहाद्वीप में खण्डग्रास दृश्य, सूर्य ग्रहण, दिनांक १ अगस्त २००८ ई०





परिलेख - (३)

१ अगस्त २००८ ई० को भारत के कुछ प्रसिद्ध नगरों में ग्रहण मध्य के समय सूर्य बिम्ब

शासकों को गहन पीड़ा तथा भरुच, कच्छ क्षेत्र में पीड़ा अन्यत्र सुख, चांदी, मोती तथा सफेद कपड़ों का भाव तेज। ग्रहण मध्य काल में पुष्य नक्षत्र होने से शासकों, सचिवों, स्त्रियों, साधुओं याज्ञिकों, जल से जीविका चलाने वालों को पीड़ा तथा चावल, गुड़, खाण्ड, गेहूं, जौ में महर्घता होवे। भारत के तथा विश्व के पूर्व तथा दक्षिण पूर्व के क्षेत्र इस ग्रहण के प्रभावान्तर्गत होने से पीड़ित होंगे। विशेषरूप से बिहार, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश पूर्वोत्तर के आसाम, बांगलादेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैण्ड इत्यादि। सिद्धि योग में ग्रहण होने से धातु के बर्तन बनाने वाले तथा साधु व सज्जन स्वभाव लोगों को कष्ट होवे। ग्रहण के समय कर्क राशि होने से आभीर, पल्व, शबर, मत्स्य, पंजाब, मल्ल संज्ञक क्षेत्रों व विकल-मनुष्य, गुरुजनों को पीड़ा और मजीठ, मोती, घृत, गुड़, तैल-इत्यादि में महर्घता होवे। पृथ्वी पर यह सूर्य ग्रहण खग्रास होने से व्यापार की समस्त वस्तुएं मंहगी होंगी। भारत में इस ग्रहण का स्पर्श नैऋत्य कोण में दृश्य होने से दुर्भिक्ष का भय, लोगों में निष्ठुरता और साधु पुरुषों को पीड़ा होवे। सूर्य बिम्ब के अपसव्य ग्रास होने से भारत में शासकों के द्वारा जनसाधारण प्रताड़ित, पीड़ित, दुर्भिक्ष का भय, चोरों की पीड़ा, अग्निकांड, रोगभय और वर्षा की कमी होवे। इस ग्रहण के समय बुध व शुक्र के ग्रहण की कर्क राशि में अवस्थिति के कारण से वह ग्रस्त है। बुध के ग्रस्त होने से अन्तरवेदी देश, सरयू नदी के तटवर्ती क्षेत्र, नेपाल, पूर्व दिशा के समुद्रवर्ती क्षेत्र, शोण (ब्रह्मपुत्र) नदी का तटवर्ती क्षेत्र, स्त्रियां, शासक, बालक और विद्वानों को पीड़ा होवे। इस ग्रहण का मोक्ष ईशान कोण में होने से वामहनु नामक मोक्ष है। फलत: शासकों की सन्तानों को भय, मुख के रोग, युद्ध व सशस्त्र संघर्ष का उपद्रव और सुभिक्ष होवे। यह सूर्य ग्रहण खग्रास होने से इसका प्रभाव आगामी छ: मास तक रहेगा अर्थात् कर्क राशि पर १५°३३' पर स्थित बिन्तु अगले छ: मास तक सक्रिय रहेगा। इस कथन का आशय यह है कि भचक्र में पूर्वोक्त बिन्दु अगले छ: महीने तक एक ग्रह की तरह आचरण करेगा तथा जब-जब भी पूर्वोक्त बिन्दु से अन्यान्य 'ग्रह', योग-प्रतियोग इत्यादि करेंगे तो अपना शुभाशुभ फल देंगे।

खण्डग्रास चन्द्र ग्रहण:- श्रावण शुक्ल पूर्णिमा, शनिवार, दिनांक १६ व १७ अगस्त की मध्यवर्ती रात्रि में सन् २००८ ई. को होगा। यह खण्डग्रास चन्द्रग्रहण अधिकांश एशिया महाद्वीप, आस्ट्रेलिया, यूरोप, अफ्रीका और दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप में दिखाई देगा। यद्यपि यह चन्द्रग्रहण खण्डग्रास है तथापि चन्द्र बिम्ब के अधिकांश भाग (परमग्रास ०.८१२) के ग्रसित होने से महत्वपूर्ण है। इस चन्द्र ग्रहण का विवरण आगे दिया गया है। सम्पूर्ण भारत में यह चन्द्र ग्रहण दिखाई देगा।

परिलेख - (४ क) १६ (१७) अगस्त



विवरण	२००८ ई.	(भा.स्टै.टा.)	
	दिनांक	घं.	मि.
चन्द्र कान्ति मालिन्यारम्भ	१६ अगस्त	२३	५३
ग्रहण स्पर्श	१७ अगस्त	१	०६
ग्रहण मध्य	१७ अगस्त	२	४०
ग्रहण मोक्ष	१७ अगस्त	४	१५
शुद्ध चन्द्र कान्ति पर्वकाल	१७ अगस्त	५	२७
		३	९



परिलेख - (४ ख) १६ (१७) अगस्त

परिलेख - (४ ग) ग्रासमान चन्द्र ग्रहण १६(१७) अगस्त २००८ ई०



धनिष्ठा नक्षत्र मकर-कुम्भ राशि में होने वाला यह चन्द्रग्रहण इस नक्षत्र राशि वालों को हानिप्रद होने से नहीं देखना चाहिए। अन्य राशि वालों के लिए इस ग्रहण का फल कोष्ठक में है। दो राशियों में ग्रहण के होने से मिश्रित फल शुभ-अशुभ दोनों

चन्द्रग्रहण खण्डग्रास है तथापि चन्द्र बिम्ब के अधिकांश भाग (परमग्रास ०.८१२) के ग्रसित होने से महत्वपूर्ण है। इस चन्द्र ग्रहण का विवरण आगे दिया गया है। सम्पूर्ण

वालों को हानिप्रद होने से नहीं देखना चाहिए। अन्य राशि वालों के लिए इस ग्रहण का फल कोष्ठक में है। दो राशियों में ग्रहण के होने से मिश्रित फल शुभ-अशुभ दोनों

प्रकार के फल इस चन्द्रग्रहण से होंगे। इस ग्रहण का सूतक शनिवार सायं ०४ बजाकर ०६ मिनट पर आरम्भ हो जाएगा। सूतक की अवधि में समर्थजनों को भोजनादि का निषेध है। माहेन्द्र मण्डल के नक्षत्र में यह चन्द्रग्रहण होने से कृषि उत्पादन में वृद्धि, वर्षा पर्याप्त, स्त्रियों को सुख तथा शासक व प्रजा को आनन्द होता है। सूर्य ग्रहण होने के एक पक्ष बाद चन्द्रग्रहण होने का शास्त्र में शुभ फल कहा गया है। श्रावण कृष्ण अमावस्या एक अगस्त को सूर्य ग्रहण होने के बाद यह चन्द्रग्रहण हो रहा है। अत: यज्ञों की वृद्धि, विद्वानों का सत्कार, धर्म का प्रचार तथा जगत में आनन्द होता है। ''रविग्रहाच्च पक्षान्ते यदि चन्द्रग्रहो भवेत् तदा दर्शानेनो पूजा धर्मवृद्धिर्महोदय:''।। इस ग्रहण की स्पर्श, मोक्ष दिशा एवं ग्रासमान परिलेख (४) में दिया हैं।

राशि फल	मेष शुभ/ लाभ	वृष शुभ/ अशुभ	मिथुन अशुभ/ पीड़ा	कर्क कष्ट/ चिंता	सिंह स्त्री/ पीड़ा	कन्या चिंता	तुला चिंता/ कष्ट	वृश्चि. कष्ट/ लाभ	धनु लाभ/ हानि	मकर भय/ हानि	कुंभ भय/ हानि	मीन हानि/ लाभ

इस खण्डग्रास चन्द्रग्रहण के 'ग्रहण मध्यकाल में' उपस्थित खगोलस्थ योगायोगों का फल क्रमानुसार इस प्रकार है :-

इस ग्रहण का प्रभाव आगामी चार मास २६ दिन पर्यन्त रहेगा अर्थात भचक्र में कुम्भ राशिस्थ ०°१७' पर स्थित बिन्दु आगामी लगभग पांच महीने तक सजीव और सक्रिय रहेगा। आकाश में संक्रमण करते हुए जब-जब अन्यान्य ग्रह पूर्वोक्त बिन्दु से योग-प्रतियोग आदि करेंगे तब-तब अपना-अपना शुभाशुभ फल देंगे। चन्द्रमा ग्रहण का स्वामी होने से जनता में सुख-शांति, उच्च शिक्षितों को कष्ट, वर्षा की कमी, अनाज महंगे तथा सब प्रकार की औषधियों की क्षति होवे। दक्षिणायन में इस ग्रहण के होने से ३ मास तक व्यापारियों, सेवा क्षेत्र के लोगों, भैंसों को पीड़ा और व्यापारिक वाहन महंगे होने की सम्भावना रहेगी। श्रावण मास में यह ग्रहण होने से काश्मीर, पुलिंद, चीन, यवन देश, कुरुदेश, कन्धार, मध्य देश, कांबोज, एकपाद देश- इनका तथा शरद ऋतु में होने वाले अनाजों की हानि किन्तु पूर्वोक्त क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्यत्र स्थानों में धान्य की वृद्धि तथा मनुष्यों को आनन्द होवे। इस खण्डग्रास चन्द्र ग्रहण के दिन शनिवार होने से सिन्ध तथा सौराष्ट्र क्षेत्र में अनाज तेज, चोरों का उपद्रव, राज्य के मंत्रियों को कष्ट, ज्वार तथा अफीम आदि कृष्ण वर्ण की वस्तुएं तेज और पीले तथा नारंगी वस्त्र, तांबा आदि संग्रह करने से २ मास में लाभ होवे। इस चन्द्र ग्रहण के दिन शनिवार के विशेष वार फलानुसार अलसी, सरसों, अरण्डी, तिल आदि का संग्रह करने से ६ मास पीछे लाभ होवे। इस ग्रहण के समय धनिष्ठा नक्षत्र होने से नपुंसक, सम्मान रहित, चंचल चित्त, स्त्री द्वेषि, शमपरायण, धनी और दानी लोगों को पीड़ा तथा चोरों और अग्नि का उपद्रव होवे। **भारत के वायव्य कोण (उत्तर पश्चिम) में स्थित क्षेत्रों- राजस्थान, कुरुक्षेत्र, सिन्धु नदी के तटवर्ती क्षेत्र, हिमाचल में कुल्लु व सतलुज नदी के तटवर्ती क्षेत्र, तिब्बत,** पाकिस्तान के बलख-बदक्शां, बलूचिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान में दुर्भिक्ष, युद्ध, महामारी, चोर, अग्निकाण्ड, बम-विस्फोट आदि उपद्रवों की पीड़ा होवे। सेवा नौकरी करने वालों को अनेक प्रकार के कष्ट और पीड़ा हो। शोभन योग में ग्रहण होने से शासकों, सचिवों, दैवज्ञों, वेदपाठी और अवन्ति (मालवा) क्षेत्र को पीड़ा होवे। मकर और कुम्भ राशि में इस चन्द्र ग्रहण के होने से मछलियों, ऊँट, हाथी, प्रशासक, सचिव, अनुसूचित जाति के लोग, मन्त्रज्ञ, वनस्पति व वनौषधिवेत्ता, सशस्त्र सैन्य बलों के सैनिक, गिरिजन, पश्चिम देश वासी दरद, आभीर, बर्बर देश के लोग और दक्षिणी क्षेत्र के लोगों को पीड़ा होवे। इस चन्द्र ग्रहण के तीसरे खांश में स्पर्श होने से म्लेछ, चतुर्थ श्रेणी के सेवक, सचिव आदि को कष्ट, मध्य देश के शासनाध्यक्ष को पीड़ा और कांसी तथा कतीर का भाव तेज हो। इस ग्रहण का मोक्ष छठे खांश में होने से स्त्रियों, नौकरी पेशा लोगों को लाभ और पान, सोना, रत्न, कपूर, केसर आदि के भाव मन्दे हो जाएं। इस चन्द्रग्रहण का स्पर्श वायव्य कोण (उत्तर-पश्चिम) में होने से प्रचण्ड झंझावात, चक्रवात की सम्भावना रहेगी तथा खण्डवृष्टि होवे। वामहनु में ग्रहण का मोक्ष होने से शासकों की सन्तान को भय, मुख के रोग, सशस्त्र संघर्ष का उपद्रव तथा सुभिक्ष होवे।

कङ्कण सूर्य ग्रहण :- यह सूर्य ग्रहण माघ कृष्ण अमावस्या सोमवार 'चूड़ामणि योगयुक्त' दि. २६ जनवरी २००९ ई. को होगा। पृथ्वी पर यह सूर्य ग्रहण आस्ट्रेलिया, हिन्द महासागर, दक्षिणी अन्ध महासागर, इण्डोनेशिया, फिलीपीन्स, दक्षिण पूर्वी चीन, वियतनाम, थाईलैण्ड, म्यामार, भारत के पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र, श्रीलंका, मडागास्कर, अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिणी भाग में स्थित दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, नामीबिया, जिम्बावे, मोजाम्बिक और उत्तरी अण्टार्कटिका में दिखाई देगा। इस सन्दर्भ में परिलेख ५ का अवलोकन करें। इस सूर्यग्रहण की कङ्कणाकृति परिलेख में दर्शाई गई 'पतली भू-पट्टिका' जोकि मुख्यतया हिन्दमहासागर से होकर जाएगी- पर दृश्य होगी। शेष सब स्थानों पर यह सूर्यग्रहण खण्डग्रास दिखाई देगा। भारत के पूर्वांचल में तथा दक्षिणी भारत में भी यह ग्रहण खण्डग्रास दृश्य होगा।

परिलेख-६ में भारत के मानचित्र में दर्शायी गई ग-घ रेखा से नीचे के दक्षिणी और पूर्वी ओर के क्षेत्रों में यह सूर्य-ग्रहण खण्डग्रास दिखाई देगा। इस परिलेख में ग्रहण स्पर्श की परिचायक अखण्डित वक्र रेखाएं १५-१५ मिनट के अन्तराल पर लगायी गई हैं। ग्रहण मोक्ष की दर्शाने वाली ----- इस प्रकार की खण्डित वक्र रेखाएं १० मिनट के अन्तराल पर लगाई गई हैं।

ग-घ रेखा ग्रहण की उत्तर मर्यादा की परिचायक हैं। अर्थात इस रेखा के ऊपर की ओर के उत्तरी क्षेत्र में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा।

सारिणी-२ में भारत के पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र में स्थित कुछ प्रसिद्ध नगरों पर इस खण्डग्रास सूर्यग्रहण के स्पर्श, अधिकतम ग्रहण, मोक्ष, पर्वकाल और परमग्रास का

परिलेख - (५)

कङ्कण सूर्य ग्रहण दिनांक २६ जनवरी २००९ ई०



परिलेख - (६)

भारत में खण्डग्रास दृश्य, सूर्य ग्रहण, दिनांक २६ जनवरी २००९ ई०


७८
७८
८४
९२
३२
पाकिस्तान
तिब्बत
दिल्ली
नेपाल
भारत
ग
घ
मेरठ
रुद्रपुर
मेरठ
रुद्रपुर
मेरठ
रुद्रपुर
रुद्रपुर
रुद्रपुर

विवरण दिया गया है। स्पर्श-मोक्षादिकाल भारतीय स्टै.टा. में है। यदि आपका अभीष्ट स्थान इस तालिका में नहीं है तब भी उस स्थान के समीपवर्ती उल्लेखित प्रसिद्ध नगर के स्पर्श-मोक्षादि समय में बिना कुछ भी परिवर्तन किए, ग्रहण का सन्निकट काल अनायास जाना जा सकता है।

भू-मण्डल पर इस कङ्कण सूर्य ग्रहण के होने से इसका प्रभाव आगामी छह महीने तक रहेगा। भचक्र में मकर राशिस्थ १२°३१' पर स्थित बिन्दु अग्रिम ६ महीने तक सजीव और सक्रिय रहेगा। आकाश में संचरण करते हुए जब-जब अन्यान्य ग्रह पूर्वोक्त बिन्दु से योग-प्रतियोग करेंगे तब-तब अपना शुभाशुभ फल देंगे। यद्यपि इस सूर्य ग्रहण के कङ्कणाकृति होने से विश्व पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा तथापि भारत के केवल दक्षिणी और पूर्वी भू-भाग में इस ग्रहण के खण्डग्रास रूप में दिखाई देने तथा उनमें भी अधिकांश क्षेत्रों में परमग्रास (सूर्यबिम्ब के आच्छादन) के बहुत कम होने से ग्रहण का फल नगण्य होगा। अत: इस ग्रहण की समयावधि में विद्यमान खगोलस्थ योगायोगों का विस्तृत विवरण देना अनावश्यक है। यह ग्रहण श्रवण नक्षत्र में हो रहा है। ग्रहण मांद्य मास में होने से मातृ-पितृ भक्त जनों, धार्मिक क्षेत्र से सम्बन्धित लोगों विद्यार्थियों, सज्जन व्यक्तियों तथा वाहनों को कष्ट और हानि होवे। बंग, अंग, काशी क्षेत्रों में अशान्ति क्लेश होता है। इस ग्रहण का नेष्ट प्रभाव पृथ्वी व भारत के वायव्य (उत्तर-पश्चिमी) कोण में अधिकाधिक अनुभव होगा। भारतीय उपमहाद्वीप में राजस्थान, हरियाणा, सतलुज नदी घाटी का क्षेत्र, सिन्धु नदी के तटवर्ती क्षेत्र, तिब्बत, पाकिस्तान में बलूचिस्तान, पख्तूनिस्तान, मद्र देश (रावी और झेलम नदी का मध्यवर्ती क्षेत्र) में इस ग्रहण का अशुभ फल होगा।

इस ग्रहण का सूतक २५ जनवरी २००९ को २६ घं. ०९ मिनट पर आरम्भ होगा। सूतक की अवधि में समर्थजनों को भोजनादि का निषेध है। बाल, वृद्ध व रोगियों के लिये यह नियम नहीं है। मकर राशि श्रवण नक्षत्र में ग्रहण होने से इस राशि नक्षत्र वालों को यह ग्रहण अशुभफलदायक होने से नहीं देखना चाहिए। अन्य राशि वालों के लिए इस ग्रहण का फल इस प्रकार है--

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुंभ	मीन
फल	कष्ट	लाभ	हानि	भय/पीड़ा	हानि	लाभ	शुभ	अशुभ	कष्ट	पति/स्त्री कष्ट	शुभ	चिंता

मांद्य चन्द्रग्रहण :- माघ शुक्ल पूर्णिमा सोमवार दिनांक ९ फरवरी २००९ ई. को यह आकाशीय योग घटित होगा। इस दिन चन्द्रबिम्ब ग्रसित नहीं होगा किन्तु चन्द्रमा के पृथ्वी की उपच्छाया (विरल छाया) में संचारित होने के कारण चन्द्र कान्ति कुछ मलिन होगी। भारतीय समयानुसार चन्द्रकांति मालिन्यारम्भ (मांद्य स्पर्श) १८ घं. ७ मि., चन्द्रकान्ति मालिन्य मध्य (मांद्य मध्य) २० घं. २ मि., शुद्ध चन्द्र कांति (मांद्य मोक्ष) २२ घं. १० मि. पर होगी। चन्द्रबिम्ब ग्रसित नहीं होगा अत: इस योग का सूतक नहीं होगा परन्तु साधक, उपासकजनों के लिए जप, मन्त्रानुष्ठान, तान्त्रिक साधना के लिए यह समय ग्रहण की भाँति उपयोगी है।

सारिणी-१

१ अगस्त २००८ ई. को खग्रास सूर्य ग्रहण के भा.स्टै.टा. में स्पर्श मोक्षादि काल का विवरण

नगर नाम	ग्रहण स्पर्श		अधिकतम ग्रहण		ग्रहण मोक्ष		पर्वकाल		परमग्रास सूर्यबिम्ब=१
	घं.	मि.	घं.	मि.	घ.	मि.	घं.	मि.	
अबोहर	१५	५९	१६	५९	१७	५४	१	५५	०.६१
आगरा	१६	०७	१७	०५	१७	५८	१	५१	०.६१
अगरतला	१६	१५	१७	१०	१८	०१	१	४६	०.६९
अहमदाबाद	१६	१६	१७	११	१८	०१	१	४५	०.४६
इडुकी	१६	५२	१७	३०	१८	०६	१	१४	०.२३
इम्फाल	१६	१४	१७	०८	ग्रस्तास्त		-	-	०.७३
इन्दौर	१६	१७	१७	१२	१८	०२	१	४५	०.५०
इटानगर	१६	०९	१७	०५	१७	५७	१	४८	०.७७
उदयपुर	१६	०५	१७	०४	१७	५७	१	५२	०.५८
उज्जैन	१६	१६	१७	११	१८	०२	१	४६	०.५०
आईजोल	१६	१५	१७	१०	१८	००	१	४५	०.७०
अजमेर	१६	०८	१७	०६	१७	५८	१	५०	०.५५
अकोला	१६	२२	१७	१५	१८	०४	१	४२	०.४७
अलीगढ़	१६	०५	१७	०४	१७	५८	१	५३	०.६२
अलवर	१६	०६	१७	०४	१७	५८	१	५२	०.५९
अमरावती	१६	२२	१७	१५	१८	०४	१	४२	०.४९
अमृतसर	१६	५६	१६	५७	१७	५३	१	५७	०.६४
अहमदनगर (महा.)	१६	२७	१७	१७	१८	०४	१	३७	०.४१
आजमगढ़	१६	१०	१७	०७	१८	००	१	५०	०.६५
औरंगाबाद	१६	२५	१७	१६	१८	०४	१	३९	०.४३
कांचीपुरम	१६	४२	१७	२६	१८	०८	१	२६	०.३३
कांगड़ा (हि.प्र.)	१५	५५	१६	५६	१७	५२	१	५७	०.६७
कानपुर	१६	०९	१७	०७	१७	५९	१	५०	०.५३
कन्याकुमारी	१६	५७	१७	३२	१८	०५	१	०८	०.२०
कपूरथला (पंजाब)	१५	५६	१६	५७	१७	५३	१	५७	०.६५

कारगिल (काश्मीर)	१५	४९	१६	५२	१७	४९	२	००	०.७१	जयपुर	१६	०७	१७	०५	१७	५८	१	५१	०.५७
कराइकल (पांडिचेरी)	१६	४७	१७	२८	१८	०८	१	२१	.२९	जबलपुर	१६	१६	१७	१२	१८	०३	१	४७	०.५६
करीम नगर	१६	२८	१७	१९	१८	०६	१	३८	०.४५	जैसलमेर	१६	०६	१७	०४	१७	५७	१	५१	०.५१
कटक	१६	२२	१७	१६	१८	०५	१	४३	०.५७	जोधपुर	१६	०८	१७	०५	१७	५८	१.	५०	०.५३
काशी	१६	१२	१७	०९	१८	०१	१	४९	०.६३	झांसी	१६	११	१७	०८	१८	००	१	४९	०.५८
काठमांडू (नेपाल)	१६	०७	१७	०५	१७	५८	१	५१	०.७०	टौंक	१६	०९	१७	०६	१७	५९	१	५०	०.५६
काजीकोड	१६	४८	१७	२८	१८	०६	१	१८	०.२५	डिब्रूगढ़	१६	०९	१७	०४	१७	५६	१	४७	०.७९
कोहिमा	१६	१२	१७	०७	१७	५८	१	४६	०.७५	डूंगरपुर	१६	१४	१७	१०	१८	००	१	४६	०.४९
कोकराझार	१६	१०	१७	०७	१७	५९	१	४९	०.७३	ढाका (बांगला देश)	१६	१६	१७	१०	१८	०१	१	४५	०.६८
कोल्हापुर	१६	३३	१७	२१	१८	०५	१	३२	०.३५	तंजावुर	१६	४८	१७	२९	१८	०७	१	१९	०.२८
कोलकाता	१६	१८	१७	१२	१८	०३	१	४५	०.६४	तूतीकोरिन	१६	५४	१७	३१	१८	०६	१	१२	०.२२
कोरापुट	१६	२६	१७	१८	१८	०६	१	४०	०.५०	तिरुवनन्तपुरम	१६	५६	१७	३२	१८	०५	१	०९	०.२०
कोटा (राज.)	१६	११	१७	०८	१८	००	१	४९	०.५४	दरभंगा	१६	१०	१७	०७	१८	००	१	५०	०.६८
कुल्लू (हि.प्र.)	१५	५५	१६	५७	१७	५३	१	५८	०.६८	दार्जिलिंग	१६	०९	१७	०६	१७	५८	१	४९	०.७२
कूरनूल	१६	३४	१७	२२	१८	०७	१	३३	०.३८	द्वारिका	१६	१९	१७	११	१७	५९	१	४०	०.३९
कुरुक्षेत्र	१६	००	१७	००	१७	५५	१	५५	०.६४	दिल्ली	१६	०३	१७	०२	१७	५७	१	५४	०.६२
कुडप्पा	१६	३८	१७	२४	१८	०७	२१	२९	०.३६	देहरादून	१६	००	१७	००	१७	५५	१	५५	०.६६
कोयम्बटूर	१६	४८	१७	२९	१८	०६	१	१८	०.२६	धनबाद	१६	१५	१७	११	१८	०२	१	४७	०.६४
कोच्चि	१६	५२	१७	३०	१८	०६	१	१४	०.२२	धुले	१६	२२	१७	१५	१८	०३	१	४१	०.४४
खांडवा	१६	१९	१७	१३	१८	०३	१	४४	०.४८	नागरकोइल	१६	५७	१७	३२	१८	०५	१	०८	०.१९
गंगटोक	१६	०८	१७	०५	१७	५८	१	५०	०.७३	नागपुर	१६	२१	१७	१५	१८	०४	१	४३	०.५१
गंटकल	१६	३६	१७	२३	१८	०७	१	३१	०.३६	नागौर	१६	०६	१७	०४	१७	५७	१	५१	०.५५
गया	१६	१३	१७	०९	१८	०१	१	४८	०.६४	नैनीताल	१६	०२	१७	०२	१७	५६	१	५४	०.६६
गुवाहाटी	१६	११	१७	०७	१७	५८	१	४७	०.१४	नांदेड़	१६	२६	१७	१८	१८	०५	१	३९	०.४४
ग्वालियर	१६	०९	१७	०७	१७	४९	१	५०	०.४९	नासिक	१६	२४	१७	१६	१८	०३	१	३९	०.४१
गुलबर्गा	१६	३१	१७	२०	१८	०६	१	३५	०.४०	नेल्लोर	१६	३७	१७	२४	१८	५७	२	२०	०.३७
चंडीगढ़	१५	५८	१६	५९	१७	५४	१	५६	०.६५	पणजी (गोवा)	१६	३७	१७	२३	१८	०५	१	२८	०.३२
१७	मई	२१/४६	से	१८	मई	२४/३०	तक
२६	मई	१९/०४	से	२७	मई	२०/२१	तक
५	जून	२५/०९	से	६	जून	२३/०१	तक
८	जून	२०/४६	से	९	जून	२०/४८	तक
११	जून	२३/०५	से	१३	जून	२७/४०	तक
१६	जून	९/२३	से	१७	जून	१२/२१	तक
२४	जून	२७/११	से	२५	जून	२७/३०	तक
६	जुलाई	६/०६	से	७	जुलाई	५/२८	तक
८	जुलाई	५/३७	से	९	जुलाई	६/३२	तक
११	जुलाई	१०/२२	से	१३	जुलाई	१५/५४	तक
१५	जुलाई	२१/४५	से	१६	जुलाई	२४/२६	तक
२४	जुलाई	८/५४	से	२५	जुलाई	८/१९	तक
४	अगस्त	१४/५५	से	५	अगस्त	१५/१९	तक
६	अगस्त	१६/२६	से	७	अगस्त	१८/१२	तक
९	अगस्त	२३/१५	से	११	अगस्त	२१/०६	तक
१४	अगस्त	१०/१२	से	१५	अगस्त	१२/०७	तक
२२	अगस्त	१२/४२	से	२३	अगस्त	११/२७	तक
२	सितम्बर	२५/२१	से	३	सितम्बर	२६/४७	तक
४	सितम्बर	२८/४७	से	६	सितम्बर	७/१८	तक
८	सितम्बर	१३/०६	से	१०	सितम्बर	१८/३०	तक
१२	सितम्बर	२१/५९	से	१३	सितम्बर	७/१३	तक
१३	सितम्बर	२२/४६	से	१४	सितम्बर	२२/५४	तक
२०	सितम्बर	१५/२७	से	२१	सितम्बर	१३/५२	तक
२	अक्टूबर	१३/०३	से	३	अक्टूबर	१५/२३	तक
४	अक्टूबर	१८/०७	से	५	अक्टूबर	२१/०६	तक
७	अक्टूबर	२६/५८	से	१०	अक्टूबर	७/१०	तक
१०	अक्टूबर	११/४३	से	११	अक्टूबर	८/१३	तक
१३	अक्टूबर	७/५८	से	१४	अक्टूबर	६/४८	तक
१९	अक्टूबर	१८/१५	से	२०	अक्टूबर	१६/३९	तक
३१	अक्टूबर	२५/३२	से	१	नवम्बर	२८/३०	तक
३	नवम्बर	७/३६	से	४	नवम्बर	१०/४१	तक
७	नवम्बर	१७/२७	से	९	नवम्बर	१८/१३	तक
११	नवम्बर	१५/४२	से	१३	नवम्बर	१३/२९	तक
१७	नवम्बर	१२/०७	से	१८	नवम्बर	२०/४६	तक
१९	नवम्बर	१२/२९	से	१९	नवम्बर	२०/०१	तक
३०	नवम्बर	१४/४१	से	१	दिसम्बर	१७/१८	तक
२	दिसम्बर	१६/४१	से	२	दिसम्बर	२०/१७	तक
३	दिसम्बर	२२/५८	से	४	दिसम्बर	२५/०९	तक
६	दिसम्बर	२७/२२	से	८	दिसम्बर	२६/१४	तक
१०	दिसम्बर	२२/०९	से	११	दिसम्बर	१९/२१	तक
१७	दिसम्बर	२६/५२	से	१८	दिसम्बर	२६/४३	तक
३०	दिसम्बर	२८/५४	से	३१	दिसम्बर	३१/१३	तक
२	जनवरी	९/०४	से	३	जनवरी	१०/१९	तक
५	जनवरी	१०/४४	से	७	जनवरी	८/१८	तक
८	जनवरी	२७/३६	से	९	जनवरी	२४/४५	तक
१६	जनवरी	११/११	से	१७	जनवरी	११/४५	तक
२९	जनवरी	१४/३९	से	३०	जनवरी	१५/५३	तक
३१	जनवरी	१६/३८	से	१	फरवरी	१६/५२	तक
३	फरवरी	१५/४६	से	५	फरवरी	१२/४४	तक
५	फरवरी	२९/१७	से	६	फरवरी	१०/३९	तक
७	फरवरी	२९/५३	से	८	फरवरी	२७/२८	तक
१४	फरवरी	२१/३३	से	१५	फरवरी	२२/५८	तक
२७	फरवरी	२२/२१	से	२८	फरवरी	२३/२१	तक
१	मार्च	२१/५९	से	२	मार्च	२१/१८	तक
५	मार्च	१७/४३	से	७	मार्च	१४/२५	तक
९	मार्च	१०/५८	से	१०	मार्च	९/२४	तक
१६	मार्च	९/३७	से	१७	मार्च	११/५३	तक
१७	मार्च	२४/३६	से	१८	मार्च	१४/३८	तक

गुरुपुष्य योग

ता.	मास.	घं. मि.	से	ता.	मा.	घं. मि.	तक
३१	जुलाई	१९/२५	से	१	अगस्त	सूर्योदय	तक
२८	अगस्त	सूर्योदय	से	२८	अगस्त	२६/२७	तक
२५	सितम्बर	सूर्योदय	से	२५	सितम्बर	९/१५	तक

रविपुष्य योग

ता.	मास.	घं. मि.	से	ता.	मा.	घं. मि.	तक
१३	अप्रैल	७/१३	से	१४	अप्रैल	सूर्योदय	तक
११	मई	सूर्योदय	से	११	मई	१३/१६	तक
११	जनवरी	१८/५४	से	१२	जनवरी	सूर्योदय	तक
८	फरवरी	सूर्योदय	से	८	फरवरी	२७/२८	तक
८	मार्च	सूर्योदय	से	८	मार्च	१२/४०	तक

द्विपुष्कर योग

ता.	मास.	घं. मि.	से	ता.	मा.	घं. मि.	तक
२७	मई	सूर्योदय	से	२७	मई	२०/२१	तक
२०	जुलाई	६/३५	से	२०	जुलाई	१५/३७	तक
२९	जुलाई	सूर्योदय	से	२९	जुलाई	२३/४५	तक
२१	सितम्बर	१३/५२	से	२१	सितम्बर	२३/४०	तक
३०	सितम्बर	१४/०२	से	१	अक्टूबर	सूर्योदय	तक
११	अक्टूबर	७/१४	से	११	अक्टूबर	८/१३	तक
२३	नवम्बर	२२/४९	से	२४	नवम्बर	सूर्योदय	तक
१७	जनवरी	११/४५	से	१७	जनवरी	१९/४९	तक
२७	जनवरी	१५/२१	से	२८	जनवरी	सूर्योदय	तक
२२	मार्च	२६/०१	से	२३	मार्च	सूर्योदय	तक

त्रिपुष्कर योग

ता.	मास.	घं. मि.	से	ता.	मा.	घं. मि.	तक
१२	अप्रैल	७/५८	से	१२	अप्रैल	१२/४७	तक
२२	अप्रैल	सूर्योदय	से	२२	अप्रैल	२०/१५	तक
२७	अप्रैल	८/३४	से	२८	अप्रैल	सूर्योदय	तक
६	मई	१३/५६	से	५	मई	२३/०३	तक
१५	जून	६/२७	से	१५	जून	१५/५८	तक
२९	जून	२२/२६	से	३०	जून	सूर्योदय	तक
८	जुलाई	२०/४९	से	९	जुलाई	सूर्योदय	तक
२३	अगस्त	११/२७	से	२३	अगस्त	१८/२६	तक
३१	अगस्त	२४/२७	से	१	सितम्बर	सूर्योदय	तक
६	सितम्बर	सूर्योदय	से	६	सितम्बर	७/१८	तक
२५	अक्टूबर	१४/५४	से	२५	अक्टूबर	२६/२१	तक
४	नवम्बर	१८/२५	से	५	नवम्बर	सूर्योदय	तक
१४	दिसम्बर	१०/१२	से	१४	दिसम्बर	१४/३५	तक
२३	दिसम्बर	८/४१	से	२४	दिसम्बर	सूर्योदय	तक
२८	दिसम्बर	२३/२०	से	२९	दिसम्बर	सूर्योदय	तक
३	जनवरी	सूर्योदय	से	३	जनवरी	१०/१९	तक
१५	फरवरी	२२/५८	से	१६	फरवरी	सूर्योदय	तक
२१	फरवरी	१२/४९	से	२१	फरवरी	२६/१९	तक
३	मार्च	सूर्योदय	से	३	मार्च	२०/२०	तक

श्रीगणेशाम्बागुरुभ्यो नमः।

अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने।
समस्तजगदाधार मूर्त्तये ब्रह्मणे नमः।।१।।
विचार्य सम्यग्गणितं सुनिश्चितं नवैः प्रकाशैश्च तथा पुरातनैः,
विद्वद्वरः श्रीहरदेव शर्मा सुधाकरश्चैव तथा विपश्चित्।
पंचांगरत्नं प्रसरन्मयूखं श्रीकेतकीदृग्गणितेन युक्तम्,
लोकोपकाराय कृतप्रयत्न प्रचक्रतु र्मोहविनाशदक्षम्।।२।।
प्राप्ते नूतनवत्सरे प्रतिगृहं कुर्याद् ध्वजारोपणम् ,
स्नानं मंगलमाचरेद् द्विजवरैः सार्धं सुपुजोत्सवम्।
देवानां गुरुयोषितां च शिशवोऽलंकारवस्त्रादिभिः,
सम्पूज्यो गणकः फलं च श्रृणुयात्तस्माच्च लाभप्रदम्।।३।।
तैलाभ्यंगं, स्नानमादौ च कृत्वा पीयूषोत्थं पारिभद्रस्य पत्रम्,
भक्षेत्सौख्यं मानवो व्याधिनाशं विद्यायुः श्री लभ्यते वर्षमूले।।४।।
पारिभद्रस्य पत्राणि कोमलानि विशेषतः,
सपुष्पाणि समानीय चूर्णं कृत्वा विधानतः।।५।।
मरीचिहिंगुलवणमजमोदा सशर्क्करैः।
तितिड़ीजीरकञ्चैव भक्षयेद्रोगशान्तये।।६।।

चैत्र शुक्ल १ को नूतन संवत्सर प्रारम्भ होता है। इस दिन प्रत्येक घर पर ध्वज (अपने-अपने सम्प्रदायानुसार जो ध्वज हो वह) लगायें। तोरणादि से गृह सुशोभित करें। मंगल स्नान कर देवता, ब्राह्मण, गुरु की पूजा कर, स्त्रियां शिशु आदि वस्त्र आभूषण आदि परिधान कर उत्सव मनावें। ज्योतिषीजी का सत्कार कर उनसे नूतन संवत्सर का फल श्रवण करें। प्रातःकाल में कटुनिम्ब के कोमल पत्र और पुष्प लावें, उसमें काली मिर्च, हींग, नमक (सेंधा), अजवायन, जीरा और खांड मिलाकर, चूर्ण बनावें, कुछ इमली भी मिलावें और वह भक्षण करें। इस प्रयोग से वर्ष भर में रक्त विकार नहीं होता और अनेक रोगों की शान्ति होती है।

पंचांगस्थं गणेशं द्विजगणकयुतं पूजयित्वार्थिवृन्दनम्,
सन्तोष्यानकदानैः परमसुखयुतो भोजयित्वान्नमिष्ठम्।।
श्रृण्वन् गीतानि वाद्यानि च विविधकथास्तद्दिनं सक्रमेच्च,
क्रीड़न् स्त्रीभिश्च सार्धं निशि रहसि नरो यावदब्दं सुखी स्यात्।।७।।

पंचांगस्थ गणेश ब्राह्मण और ज्योतिषीजी की पूजा कर याचकों को यथाशक्ति दानादि से प्रसन्न करें। मिष्ठान आदि भोजन करावें। गीत (गायन) वाद्य कथा श्रवण आदि कर यह सम्पूर्ण दिन आनन्द से व्यतीत करें। गृहस्थियों को विलासयुक्त आनन्द पूर्वक वर्षारम्भ दिन व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष आनन्दमय जाता है।

अथ युगानां व्यवस्था- चतुर्युगसहस्राणि ब्राह्मणो दिनमुच्यते, तेषु चतुर्दश मनवो भवन्ति। तन्नामानि १ स्वायम्भुवः, २ स्वारोचिषः, ३ औत्तमः, ४ तामसः, ५ रैवतः, ६ चाक्षुषः, ७ वैवस्वतः, ८ सावर्णिः, ९ दक्षसावर्णिः, १० ब्रह्मसावर्णिः, ११ धर्मसावर्णिः, १२ रुद्रसावर्णिः, १३ देवसावर्णिः, १४ इन्द्रसावर्णिः। तत्रैकैकस्य मनोरेकसप्ततिमहायुगानि भवन्ति।

महायुगप्रमाणं- विंशतिसहस्राधिक त्रिचत्वारिंशल्लक्षमिताब्दाः, एवं चाक्षुषपर्यन्तं षण्मनवो गताः, वर्तमान वैवस्वतमनुः सप्तमः। तत्र सप्तविंशतिमहायुगानि गतानि। वर्तमानमष्टाविंशतितमं महायुगम्।

चार युग एक हजार बार निकल जाने पर ब्रह्माजी का एक दिन होता है, इन्हीं दिनों के मान से ब्रह्मा की आयु १०० वर्ष की होती है। इस समय ब्रह्मा की आयु के ५० वर्ष व्यतीत होकर ५१वें वर्ष के प्रथम दिन का उदय होकर १३ घटी ४२ पल ३ विपल ४३ प्रतिपल व्यतीत हो चुके हैं। ब्रह्माजी के एक दिन में उपर्युक्त १४ मनु होते हैं और १ मनु में ७१ महायुग होते हैं। एक महायुग के सौर मानुष वर्ष ४३ लक्ष २० हजार हैं, इस प्रकार चाक्षुष पर्यन्त ६ मनु निकल चुके और ७वां मनु वैवस्वत मन्वन्तर चालू है। इस मनु में २७ महायुग निकलकर २८वां महायुग चल रहा है।

कृतयुगप्रमाणम् १७२८००, त्रेतायुगप्रमाणं १२९६०००, द्वापरयुगप्रमाणम् ८६४०००, कलियुगप्रमाणम् ४३२०००, तत्मध्ये गतकलिः ५१०९ शेषकलिः ४२६८९१ कलियुगमध्ये षट् शककर्तारः। आदौ इन्द्रप्रस्थे युधिष्ठिर शकः ३०४८। द्वितीयोज्जयिन्यां विक्रमस्तस्य शकः १३५। तृतीयः प्रतिष्ठान नगरे शालिवाहनस्य शकः १८०००। चतुर्थो वैतरिण्यां विजयाभिनन्दनस्तस्य शकः १००००। पंचमो गौड़देशे धारातीर्थे नागार्जुनस्तस्यः शकः ४००००० चतुर्लक्षवर्षाणि। षष्ठः करबीरपत्तने कर्णाटके कल्क्यवतारस्तस्य शकः ८२१ वर्षाणि।

अथ सत्ययुगादीनां व्यवस्था- सत्ययुग- कार्तिक शुक्ल नवमी बुधवार को प्रथम प्रहर श्रवण नक्षत्र वृद्धियोग में सत्युग का आरम्भ हुआ। इसकी आयु १७२८००० वर्ष की थी। इसमें श्री विष्णु के मत्स्य, कच्छप, वराह और नृसिंह ये ४ अवतार हुए। श्रीमत्स्यावतार ने वेदों के चोर शंखासुर को मारकर ब्रह्मा को वेद लाकर दिये। भगवान् कच्छप ने पृथ्वी की रक्षार्थ मंदराचल को पीठ पर धारण कर एवं देव-दैत्यों द्वारा समुद्र मन्थन कराकर चौदह रत्न प्रकट किये। श्रीवराहावतार ने हिरण्याक्ष का वध करके रसातल में गई हुई पृथ्वी का उद्धार किया। श्री नृसिंहावतार ने हिरण्यकशिपु का वध करके भक्त प्रहलाद की रक्षा की। इस युग में धर्म अपने चारों पादों में स्थिर था। गौएं कामधेनु के समान होती थीं। प्रायः स्वर्ण के पात्र और सिक्कों के स्थान में रत्नों का परस्पर व्यवहार था, इच्छित वर्षा होती थी, पृथ्वी सम्पूर्ण सस्य और रत्नों से परिपूर्ण थी, ब्राह्मण चारों वेदों के ज्ञाता तथा सत्यभाषी, परद्रव्य, परस्त्री पराङ्मुख और त्यागी होते थे, शाप देने और वर प्रदान करने में भी समर्थ थे। स्त्रियां पद्मिनी और पतिव्रता होती थी। शासक-वर्ग (राज्यवंश) न्यायपरायण थे और प्रजा को औरस पुत्रवत्

समझते हुए राज्य करते थे। वैश्य लोग सत्यवक्ता, धर्मात्मा व्यापारी और शूद्र लोग सेवाधर्म में निरत रहते थे। इस युग में पुष्कर प्रधान तीर्थ था, प्रहलाद आदि दैत्यवंशी राजाओं की तीनों की तीनों लोकों में पहुँच थी।

त्रेतायुग- वैशाख शुक्ला तृतीया चन्द्रवार के द्वितीय प्रहर रोहिणी नक्षत्र शोभन योग में त्रेतायुग आरम्भ हुआ। इसकी आयु १२९६००० वर्ष थी, इसमें भगवान के श्रीवामन, श्रीपरशुराम और श्रीरामचन्द्रजी ये तीन अवतार हुए। श्रीवामन ने राजा बली से तीन पैर पृथ्वी दान लेकर समग्र पृथ्वी को तीन पैर में नाप बली को पाताल का राज्य दिया। श्रीभगवान् परशुराम ने कर्तव्यविमुख एवं अत्याचारी दुष्ट राजाओं का नाश करके २१ बार रामराज्य स्थापित कर सम्पूर्ण पृथ्वी का दान कर दिया था। श्रीरामचन्द्र जी ने महाभिमानी रावण का वध करके देवताओं और ऋषियों को निर्भय किया। इस युग में धर्म तीन पाद ही रह गया था। गौएं त्रिकाल दुग्ध देने वाली होती थी। प्रायः चांदी के पात्र और स्वर्ण के सिक्के का व्यवहार था, वर्षा समय पर होती थी। पृथ्वी सस्य और स्वर्ण से भरपूर थी। ब्राह्मण तीन वेदों के वक्ता और किंचिन्यून तपोनिष्ठ, परस्त्री परद्रव्य से पराङ्मुख होते थे, वे शाप देने में समर्थ थे, स्त्रियां चरित्रिणी पतिव्रता होती थी। इस युग में हरिश्चन्द्र, इक्ष्वाकु आदि सूर्यवंशी धर्मात्मा क्षत्रियों का राज्य था। विचित्र विमानों द्वारा वे इन्द्रलोक पर्यन्त भी जाते थे। वैश्य लोग सत्यवादी और सत्य की तुला में तौलते थे। शूद्र स्वधर्मानुसार सेवा में तत्पर रहते थे। इस युग में तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था।

द्वापर- माघ कृष्णा ३० शुक्रवार तृतीय प्रहर धनिष्ठा नक्षत्र वरियान योग में द्वापर युग का प्रारम्भ हुआ। इसकी आयु ८६४००० वर्ष थी। इसमें भगवान श्री कृष्ण और श्रीबलराम के दो अवतार हुए। भगवान श्रीकृष्ण ने दैत्यराज कंसादि दुष्टों का वध किया तथा संसारार्णवमग्न जीवों के उद्धार्थ अर्जुन को लक्ष्य करके गीता ज्ञान का उपदेश दिया। श्री बलराजी ने दुष्टों का नाश करके धर्म का उद्धार किया। इस युग में धर्म द्विपाद ही रह गया। गौएं दो समय घटपूर्ण दुग्ध देती थीं। प्रायः ताम्र पित्तल के पात्र और स्वर्ण तथा रौप्यमयी मुद्राओं का व्यवहार होने लगा। वर्षा समय पर हो जाती थी, पृथ्वी सस्य और रौप्यमयी थी ब्राह्मण लोग दो वेदों के पारंगत और विशेषतया सत्यवक्ता तथा तप यज्ञ देवपूजन आदि करने वाले किंचित् लोभयुक्त वाक्यसिद्धि वाले अर्थात वर और शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां शंखिनी जाति की सुशीला धर्मयुक्ता होती थीं। इस युग में पांडु युधिष्ठिर धर्मपरायण चन्द्रवंशी राजा हुए, जिनका सुमेरु-पर्यन्त दमन था। प्रायः चारों वर्ण अपने वर्णाश्रम धर्म पर स्थिर थे, परस्त्री, परद्रव्य से लोग डरते थे। इस युग में तीर्थ कुरुक्षेत्र था।

कलियुग- भाद्रपद कृष्ण १३ रविवार अर्धरात्रि के समय अश्लेषा नक्षत्र व्यतिपात योग में कलियुग प्रारम्भ हुआ। इसकी आयु ४३२००० वर्ष की है। इसमें भगवान् के अवतार श्रीबुद्ध, श्रीकल्कि (निष्कलंक) हैं। जिसमें अहिंसा धर्म के उद्धारक श्री बुद्धावतार तो हो चुका, और कल्कि-अवतार अब कलियुग के ८२१ वर्ष शेष रहेंगे तब सम्भल ग्राम में विष्णुयश ब्राह्मण के घर होगा। इस अवतार द्वारा दुष्टों का नाश होकर पृथ्वी पर लुप्त धर्म की स्थापना के साथ-साथ न्यायपरायण क्षत्रिय राज्य भी स्थापित होगा। इस युग मे एक पाद ही धर्म रह जायेगा। गौएं दूध कम देंगी। मृण्मय पात्र और ताम्रमय मुद्रा प्रायः चलेगी। अतिवृष्टि और अनावृष्टि से देशों में भय का संचार होगा। ब्राह्मण लोग वेदज्ञान से रहित तथा स्नान सन्ध्या तपश्चर्या से भी हीन होंगे। क्षत्रिय लोग अपने धर्म कर्म को तिलांजलि दे देंगे। वैश्य लोग व्यापार में असत्य व्यवहार विशेष रूप से उपयोग में लाने लगेंगे। शूद्र लोग पांखंडी होकर बहुधा उच्चवर्ण वालों के उपदेष्टा होंगे। प्रजा में वर्णसंकरत्व बढ़ जायेगा। धूर्तों की पूजा होगी, अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी। स्त्रियां अधिकतर हस्तिनी होंगी, व्यभिचारिणी स्त्री अपने को सती कहेंगी। पतिव्रताकवचित देखने में आवेगी, पुरुष स्त्रियों के वश मे होकर चलेंगे, स्त्रियों के छोटी आयु में गर्भ होने लगेगा, पिता कन्या-विक्रय करेंगे, गौ-ब्राह्मण की हत्या से भय न करेंगे। पुत्र का माता-पिता के साथ द्रव्य के कारण प्रेम रहेगा। राज्यव्यवस्था में धर्म का स्थान शून्य के बराबर होगा। धर्म-कर्म और तीर्थ पर लोगों की श्रद्धा कम होगी। इस युग में प्रधान तीर्थ गंगा होगी।

अथ कलिरूपं चोक्तं चिरन्तनैः- पिशाचवदनः क्रूरः कलिश्च कलहप्रियः। धृत्वा वामकरे शिश्नं दक्षे जिह्वां च नृत्यति।

अथ कलिमहात्म्यम्- धर्मः प्रव्रजितस्तपः प्रचलितं सत्यं च दूरगतं, पृथ्वी मन्दफला नराः कपटिनश्चित च शाद्यार्जितम्। राजानोऽर्थपरा ह्यरक्षणपराः पुत्राः पितुर्द्वेषिणः। साधुः सीदति दुर्जनः प्रभवति प्राप्ते कलौ दुर्युगे।। निर्बीजा पृथिवी निरोमधिरसा नीचा महत्वं गताः, भूपाला निजधर्मकर्म रहिता विप्राः कुमार्गगताः। भार्याभर्तृविरोधिनी परस्ता पुत्रापितुर्द्वेषिणः, हा! कष्टं खलु वर्तते कलियुगे धन्या मृता ये नराः।। न देवे देवत्वं कपटपटवस्तापसजनाः, जनो मिथ्यावादी बिरलतरवृष्टिर्जलधरः। प्रसह्य नीचा अवनिपतयो दुष्टमतयो, जनाः शिष्टा नष्टा अहह! कलिकालो विलसति।।

कलौ गंवार्य स्थितिः- पृथिवी गंगया हीना भविष्यत्यन्तिमे कलौ, तदेव विष्णुस्त्यजति मेदिनी नरपुंगव! भगीरथ प्रति गंगावाक्यं च- यावद्धरण्यां तुलसीप्रपूज्यते गुरुर्नभस्थो दिवि कल्पपादपः। यावत्समुद्रे बड़वानलश्च वसामि तावत्तव चक्रखाते। इति। कलौ दशसहस्राणीतिवाक्यमन्तिमकलौ ज्ञेयम्।

अक्षराङ्क ज्योतिष

अंक एवं ज्योतिष-शास्त्र का अद्भुत ग्रंथ

लेखक- स्व. डा. गणेशदत्त शर्मा 'इन्द्र' विद्यावाचस्पति

भूमिका लेखक- श्री हरदेव शर्मा त्रिवेदी

प्रकाशक- ज्योतिष्मती-निकेतन, सोलन (हि.प्र.)

पृष्ठ ३१२, साजिल्द ग्रंथ का मूल्य ७५ रुपये

ज्योतिष्मती निकेतन

सोलन- १७३२१२ (हि. प्र.)

अथ संवत्सर वर्ष राजादि फलम्

अथ श्रीमन्नृपति चक्र चूडामणि श्री विक्रमादित्यानां राज्य सिंहासनदतीताब्दानि तत् संवत्सरामिद्यः २०६५ तथा च श्री श्रीमन्नृपतिमुकुटमणि शकजाति यवन निर्बीजक शालिवाहन राज्यादगत-हनानि तच्छाकामिद्यः १९३० ईसवीय सन् २००८-२००९ भारतीय गणराज्य संवत्सर ५९-६० श्रीकृष्ण संवत् ५२४४, हिजरी सन् १४२९-३०, श्रीमहावीर निर्वाण जैन संवत्सर २५३४-३५ वर्षारम्भ गुरुमानेन प्रभवादि षष्ट्यब्दानां मध्ये विष्णुविंशतिकायां प्लव नाम संवत्सरः।

अथास्मिन वर्षे सृष्टि सौरगताब्दा १९५५८८५१०९, कल्पगताब्दाः १९७२९४९१०९, गतकलिः ५१०९, भोग्यकालिः ४२६८९१, कलौगङ्गैवतीर्थ बौद्धावतारः। मेषाऽर्क दिवसे केतकी अहर्गण ५८५२, केतकी वेधसिद्ध चित्रापक्षीय अयनांशाः२३।५८।३१ तत्र षष्ट्यब्दानां मध्ये विष्णुविंशतिकायां प्लव नाम संवत्सरः तस्यः भुक्तमासादि ७।१२।१९।४७ भोग्यमासादि ४।१७।४०।१३ अथास्मिन वर्षे अधिकारिणः।। राजा-चन्द्र, मन्त्री-रवि, पूर्वधान्येश-बुध, पश्चिम धान्येश-चन्द्र, मेघेश-शनि, रसेश-गुरु, नीरसेश-मंगल, फलेश-शनि, धनेश-मंगल, दुर्गेश-शनि।

प्लव नाम संवत्सर फल :-

प्लवाद्वेनिखिलाधात्रीवृष्टिभिः प्लाविता भवेत।
रोगाकुला त्वीतिभीतिः सम्पूर्णवत्सरे फलम्।।
दुर्भिक्षं जायते सर्वामेदिनी दुष्यति प्रिये।
प्लवे प्लवन्ति तोयनि पीड़िता मानुषा भुवि।।

प्लव वर्ष में वर्षा बहुत होती है। जनता रोग पीड़ित रहती है। कृमि कीटों से फसलों की क्षति होती है। दुर्भिक्ष होता है। समस्त पृथ्वी पर जनता का आचरण दूषित होता है तथा रोग, हिंसा, चोरी, डकैती, प्रदूषण से लोग पीड़ित होते हैं। जल प्लावन से हानि होती है।

प्लव संवत्सर का विशेष फलः- बुधः स्वामी वर्षा काले वर्षा बहुला उत्तमः समयः चैत्रे धान्य मंदता वैशाखे भूमिः भयंकरी ज्येष्ठे अन्न समर्घता तैलंगे पूर्व देशे पीड़ा आषाढ़े महावायुः उत्पाताः लोकाः सरोगाः श्रावणे महान्मेघो दिन २७ वर्षा भाद्रपदे धनो धनागमः धान्यं समर्घ आश्विने सर्ववस्तु सर्वधातु समर्घता गोधूमानां महर्घता कार्तिके अन्नं समर्घ लोकः सुखी मंडपांचालो विग्रहः पौषादिमासत्रये अति सुभिक्षं राजाराज्यं।

राजा चन्द्र फलम्-

चन्द्रे नृपे मंगल-शोभनानि प्रभूतवृष्टिः प्रचुरं च धान्यम्।
सौख्यं जनानामुदयो नृपाणां प्रशाम्यति व्याधिजरा नराणाम्।।

चन्द्रमा के राजा होने से जगत् में मंगल कार्यों उत्सवादि की वृद्धि होने से प्रजा में सुखशांति का वातावरण बनेगा। धान्यादि के उत्पादन में वृद्धि होगी। वर्षा उत्तम होगी इसके फलस्वरूप अनाज के भाव घटेंगे। चावल का उत्पादन बढ़ेगा। प्रशासकों को प्रसन्नता होगी। वृक्षों में फल फूलादि अधिक लगेंगे। रसकस पदार्थों में तेजी होगी।

मंत्री रविः फलम्-

नृपभयं गदतोऽपि हि तस्करात् प्रचुर-धान्य-धनादि महीतले।
रसचयो हि समर्घतमः तदा रविरमात्यपदं हि समागतः।।

वर्ष का मन्त्री सूर्य के होने से राजभय, रोग भय से प्रजा भयभीत रहे और चोरों का भय विशेष होता है। पृथ्वी पर धनधान्य प्रचुर मात्रा में होते हैं। सब रस पदार्थ सस्ते होते हैं। कहीं अन्न, दूध, घी, फल, फूल की कमी भी होने से लोगों को कष्ट होता है तथा कहीं-कहीं राजविग्रह भी होता है।

सस्याधिप बुधः फलम्-

जलधरा जलराशिमुचो भृशं सुख-समृद्धियुतं निरुपद्रवम्।
द्विजगणः श्रुतिपाठकरः सदा प्रथमसस्यपतौ सति बोधने।।

बुध के पूर्वधान्येश होने से मेघ वर्षा बहुत करते हैं। सुख-शान्ति तथा समृद्धि होती है। समाज विरोधी तत्व, चोर, उपद्रवी तथा तस्कर कम होने से उपद्रवों में कमी हो जाती है। ब्राह्मण पूजा-पाठ में रत रहते हैं एवं अनाज सस्ता हो जाता है।

धान्याधिप चन्द्रः फलम्-

चन्द्रे धान्याधिपे जाते प्रजावृद्धिः प्रजायते।
गोधूमाः सार्षपाश्चैव गोषु क्षीरं तदा बहु।।

चन्द्र के पश्चिम धान्येश होने से जनसंख्या में वृद्धि होती है। गेहूं, चावल, तिल, सरसों आदि अनाज एवं तिलहन का उत्पादन पर्याप्त होगा। गाय, भैंस दूध पर्याप्त मात्रा में देंगी, पृथ्वी पर मेघ वर्षा उत्तम करेंगे इसके फलस्वरूप सब धान्यों एवं रसपदार्थों की संवृद्धि होगी।

मेघेश शनिः फलम्-

रविसुते जलदस्य पतौ भवेद्विरलवृष्टिमती वसुधा तदा।
मनसि तापकरो नृपतिः सदा विविध रोगरता जनता मता।।

शनि के मेघेश होने से पृथ्वी पर विरल वृष्टि होती है अर्थात् पर्याप्त वर्षा न होकर कहीं पर वर्षा अल्प होगी व कहीं पर अत्यधिक होगी। जनता नाना प्रकार के रोगों से पीड़ित होगी तथा शासकों को चिंता रहेगी।

रसेश गुरुः फलम्-

यदि गुरु रसपोजन-सौख्यदः कमलवन्ति सरांसि तृणानि च।
जनपदा द्विज-पूजनतत्परा गज-सुवाजि-खरोष्ट्रयुता नृपाः।।

गुरु के रसेश होने से जनता में सुख शान्ति का संचार होगा। तृण, घास, चारा एवं तालाबों में कमलादि की उत्पत्ति पर्याप्त होगी। नगरादि में ब्राह्मणों का सम्मान बढ़ेगा। शासक एवं जनता में सद्भाव बढ़ेगा। वाहनों, यन्त्रों, पृथ्वी, जल, आकाश की वृद्धि होगी तथा रस पदार्थों के भावों में कमी रहेगी।

नीरसेश मंगलः फलम्-

नीरसेशो यदा भौमः प्रवाल-रक्त-वाससाम्।
रक्तचन्दन ताम्राणामर्घवृद्धिर्दिने दिने।।

नीरसेश मंगल के होने से लाल वस्त्र, मूंगा, लाल चन्दन, तांबा व इसी प्रकार की अन्य वस्तुओं का भाव दिन प्रतिदिन तेज होता है। सूखे पदार्थों, काठ, औषधि आदि का उत्पादन कम होता है। खनिज पदार्थों एवं मशीनरी व कलपुर्जों के उत्पादन में व्यवधान पड़ेगा या उत्पादन अल्प होगा।

फलेश शनिः फलम्-

यदि शनिः फलपः फलहा भवज्जनितपुष्पगणस्य द्रुमः सदा।
हिमभयं वरतस्कर-जन्तुभीर्जनपदो गदराशि-महाकुलः।।

शनि के फलेश होने से वर्षा में कमी होती है इसके फलस्वरूप तृण, पान, फल, फूल का उत्पादन कम होता है। वस्तुओं के मूल्यों में भारी घटबढ़ होती है। शीतलहर, हिमपात, ओलावृष्टि, प्राकृतिक प्रकोप एवं वर्षा की अनियमितता से कृषि की हानि होती है। चोर भय, समाज विरोधी तत्वों एवं कीटों का प्रकोप अधिक होता है।

धनेश मंगलः फलम्-

असम-मौल्यकरो धरणीसुतः शरदि तापकरस्तुष-धान्यहृत्।
सहसि मासि भवेद्द्विगुणं तदा नरपतिर्जनशोक-विधायकः।।

सभी वस्तुओं के मूल्यों में भारी घट-बढ़ होती है। गेहूं, जौ, चावल आदि तुष धान्यों की हानि होती है। पहले से संग्रहित वस्तु मार्गशीर्ष मास बेचने से दुगुना लाभ होता है। शासक वर्ग के कारण जनता को कष्ट उठाने पड़ते हैं तथा राजकीय कोष में कमी होती है।

दुर्गेश शनिः फलम्-

रविसुते गढ़पालिनि विग्रहे सकलदेशगताश्चलिता जनाः।
विविधवैरि-विशेषित नागरा कृषिधनं शलभैर्मुषितं भुवि।।

शनि के दुर्गेश होने से सब देशों में अशान्ति, विरोध, विग्रह आदि उपद्रव अधिक होने से जनता में भय एवं संशय का वातावरण बनता है। लोगों में नाना प्रकार के वैर-विरोध होते हैं। कृषि की टिड्डी, चूहों आदि के द्वारा हानि होती है।

वर्षनाम आषाढ़ फलम्:-

आषाढ़े जायन्ते सस्यानि क्वचिदवृष्टिरन्यत्र।
योगक्षेमं मध्यं व्यग्राश्च भवन्ति भूपालाः।।

आषाढ़ वर्ष में कहीं-कहीं पर धान्य और कहीं-कहीं पर वर्षा का अभाव होता है। योगक्षेम (अलब्ध की उपलब्धि, लब्ध का संरक्षण) मध्यम रूप से होता है। शासकों के मन में व्यग्रता तथा कलह रहती है। कहीं कीट, पतंगों, टिड्डीयों से हानि व कहीं भीति होती है।

चतुर्मेघ- इस वर्ष **'आवर्त'** नाम का मेघ है **'आवर्ते छिन्नवृष्टिः स्यात'** के अनुसार अनेक स्थानों पर वर्षा की मात्रा कम रहेगी या खण्डवृष्टि होगी। जौ, चावल, गेहूं, चना, कपास और तेल की फसलें क्षतिग्रस्त होवें। तेज आंधी से फसलें नष्ट होंगी। धार्मिक कार्यों में लोग रुचि लेवें।

नवमेघ- नवमेघों में इस वर्ष **'काल'** नाम का मेघ है।

रोगतो विकलता व पुष्पतांस्यान्मिथः कलहताक्षमाभृताम्।
कालनाम जलदोदयो यदा नैव वर्षति जलं वृषा तदा।।

काल नाम का मेघ होने से अच्छे आदमी प्रायः रोग पीड़ा से व्याकुल होते हैं। शासकों में परस्परकलह और संघर्ष रहता है। वर्षा में कमी रहती है।

द्वादश नाग- इस संवत्सर में **'वृष'** नाम का नाग है।

यदा वृषाभिधानस्य भुजंगाख्यो यदा भवेत।
तदा सस्यादिकाल्पत्वं सुतरामीतितोभयम्।।

जिस वर्ष में वृष नाम के नागराज हों इस वर्ष अन्न का उत्पादन कम होता है। ईति भय अर्थात् कृमि-कीटों, टिड्डीयों के कारण फसलों की क्षति होती है।

रोहिणी निवास- इस वर्ष रोहिणी निवास **'संधि'** पर है। **'खण्डवृष्टिश्च संधिषु'** के अनुसार वर्षा का परिमाण सामान्य से कम रहेगा किन्तु फसलें सूखे नहीं।

समय निवास- इस वर्ष समय का निवास **'वैश्य'** के घर में है। **'वणिक गृहे शुभं नास्ति'** के अनुसार शुभ फल प्राप्त नहीं होंगे। अन्न, फल, पुष्प, जड़ी-बूटियों का उत्पादन कम होने से, इनके मूल्यों में वृद्धि, महंगाई होती है। कानून-व्यवस्था में बिगाड़ आता है। सब पदार्थ महंगे होते हैं।

समय वाहन- इस वर्ष समय वाहन **'मृग'** है। पृथ्वी पर वर्षा अधिक होगी। कुछ स्थानों पर जल प्लावन से हानि की सम्भावना रहेगी। भूमि पर फल, पुष्प, धान्य प्रचुर मात्रा में उत्पन्न होंगे।

वर्षा आदि के विश्वामान- वर्षा ७, धान्य ११, तृण १५, शीत १५, तेज ११, वायु १३, वृद्धि १५, व्यय १५, विग्रह ११, क्षुधा १५, तृषा १३, निद्रा ९, आलस्य ५,

उद्यम ५, शान्ति १५, क्रोध १३, दम्भ ०५, लोभ ०३, मैथुन १५, रस ०९, फल १३, उत्साह ११, उग्रत्व ११, पाप ०९, पुण्य १३, व्याधि ११, व्याधिनाश ०७, आचार ०५, अनाचार ०९, मृत्यु ५, जन्म १३, देशोपद्रव १, देश स्वास्थ्य ५, चौर ११, चौरनाश ३, अग्नि १७, अग्निशांत ३, उद्भिज ११, जरायुज ३, अण्डज ९, श्वेदज १५, टिड्डी ०५, शुक ११, मूषक १५, स्वर्ण ११, ताम्र ०९, स्वचक्र ०७, परचक्र ०९, वृष्टि ११, वृष्टिनाश १९, शनि दृष्टि: दक्षिण, समय वाहन मृग। उत्पत्ति विश्वा ९३। खपति विश्वा ८४। सम्वत् विश्वा १८। सोमवती अमावस्या ३।

वर्ष स्तम्भ चतुष्टय विचार- इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र का योग ५६.५१ प्रतिशत है। जल स्तम्भ आधे से कुछ अधिक निर्मित हुआ है। वर्षाकाल में चतुर्दिक सन्तोषजनक वर्षा होगी। भारत के ईशानकोणीय क्षेत्रों में बाढ़, जलप्लावन से हानि की सम्भावना रहेगी। कृमि, कीट, पतंगों, टिड्डियों से फसलों की हानि की सम्भावना रहेगी। वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र का योग ४१.१४ प्रतिशत है। तृण स्तम्भ आधे से किंचित कम बना है। स्तम्भ विचार से पशुओं के घास, चारा इत्यादि का उत्पादन सामान्य से कम होगा। ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर नक्षत्र का योग ७०.८६ प्रतिशत है। वायु स्तम्भ सशक्त तथा प्रबल है। कुछ स्थानों पर तीव्र वायु वेग, झंझावात, चक्रवात के कारण जन-धन की क्षति होगी। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र का योग ८१.०९ प्रतिशत है। अन्न स्तम्भ सन्तोषजनक रूप मे पर्याप्त पड़ा और सुदृढ़ निर्मित हुआ है। अन्नोत्पादन पर्याप्त परिमाण में होगा किन्तु फसलों की कृमि, कीट, टिड्डियों तथा अन्य रोगों से रक्षा करना उचित होगा।

आर्षमान चतुष्टय विचार (राष्ट्र रक्षा के चार स्तम्भ) वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) को रोहिणी नक्षत्र का योग ४९ प्रतिशत है। गत सम्वत्सर की पौष कृष्ण अमावस्या को मूल नक्षत्र का योग २०.३३ प्रतिशत है। श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र का योग ४६.०२ प्रतिशत है। कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र का योग ४.५३ प्रतिशत है। चारों आर्षमानों का तत्सम्बधी नक्षत्रों से मध्यम योग लगभग ३० प्रतिशत बना है जोकि तृतीयांश से भी कम है। राष्ट्र रक्षा के स्तम्भों का चिंताजनक रूप से दुर्बल होना देश की सुरक्षा के सन्दर्भ में चेतावनी दे रहा है। इस देश के राष्ट्रनायकों को सब प्रकार के पूर्वाग्रहों का परित्याग करके अत्यन्त सतर्क, सन्नध रहने की परमावश्यकता है। सुरक्षा बलों को अत्याधुनिक उपकरणों, अस्त्र-शस्त्रों को समय रहते उपलब्ध करना व्यापक राष्ट्रहित में होगा। इसके अतिरिक्त आतंकवादियों पर प्रभावशाली रूप से अङ्कुश लगाने के लिए, सुरक्षा बलों को आवश्यक अधिकार देना श्रेयस्कर होगा, उपरोक्त बलों को हतोत्साहित करना तथा उनके हाथ बांधना राष्ट्रहित में कदाचित नहीं होगा। गुप्तचर तन्त्र को भी सतर्क, सन्नध करना तथा पर्याप्त रूप से सुदृढ़ करना हितावह होगा। वोट बैंक की मृगमरीचिका में फंस कर राष्ट्रहित की अनदेखी करना भयंकर ऐतिहासिक प्रज्ञापराध सिद्ध हो सकता है। आशा है सर्वशक्तिमान ईश्वर राष्ट्रनायकों को सद्बुद्धि देगा।

गुरुचार- विगत विक्रम संवत् २०६४ कार्तिक शु. ११, दि. २२ नवम्बर २००७ ई. को रेवती नक्षत्र और मीन राशि में स्थित चन्द्रमा के समय 'गुरु' ५ घं. ४ मि. पर धनु राशि में प्रविष्ट होकर वर्तमान वि. सं. २०६५ में मार्गशीर्ष शु. ११ दि. ९ दिसम्बर २००८ ई. तक संक्रमण करेगा।

धनु राशि के गुरु का फल

(संवत्सरारम्भ दि. ७ अप्रैल से ९ दिसम्बर २००८ ई. तक)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	लाभ सुख	हानि, रोग	सुख सम्मान	पीड़ा	सम्मान सुख	क्लेश, हानि	धन लाभ, सुख	पीड़ा, भय	भय	धन लाभ	क्लेश, अशांति	धन हानि

भद्रबाहु संहिता के अनुसार धनु राशि के गुरु में मार्गशीर्ष संवत्सर होता है। इसमें वर्षा अधिक होती है। सोना, चांदी, अनाज, कपास, लोहा, कांसा आदि सभी पदार्थ सस्ते होते हैं। मार्गशीर्ष से ज्येष्ठ तक घी कुछ महंगा रहता है। चौपायों से अधिक लाभ होता है, इनका मूल्य बढ़ जाता है। वर्षा काल में गेंहूँ महंगा, तिल तथा गुड़ सस्ते होते हैं।

वि. संवत् २०६५ ई. में मार्गशीर्ष शु. ११ दि. ९ दिसम्बर २००८ ई. को अश्विनी नक्षत्र और मेष राशि में स्थित चन्द्रमा के समय गुरु २३ घं. ४१ मि. पर मकर राशि में प्रविष्ट होकर संवत् के अन्त तक वहीं संक्रमण करता रहेगा।

मकर राशि के गुरु का फल

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धन हानि	लाभ सुख	हानि, रोग	सुख सम्मान	पीड़ा	सम्मान सुख	क्लेश, हानि	धन लाभ, सुख	पीड़ा, भय	भय	धन लाभ	क्लेश, अशांति

मकर राशि में गुरु के संक्रमण का फल-

गुरौ मकरगे मेघो जलेन्द्रः पौषवत्सरः।
चतुष्पद क्षयो भूम्यां दुर्भिक्षं निर्जलोजनः।।

गुरु जब मकर राशि में संक्रमण करता है तब पौष वर्ष होता है। उसमें जलेन्द्र मेघ वर्षता है। वह चतुष्पद जीवों का नाश करता है और पृथ्वी पर दुर्भिक्ष तथा मनुष्यों को निर्जल कर देता है।

मकरगे च गुरौहि महर्घता। क्षिति पतिर्बहु विग्रह कारक:
समुदिते मकरे च समर्घता। शनि गृहेऽस्त गते तु महर्घं।।

गुरु जब मकर राशि में होवे तो तेजीकारक होता है। शासक विग्रह कारक होते हैं। मकर में यदि गुरु रहता हुआ उदय हो जावे तो मंदीकारक और अस्त होने पर तेजी कारक हुआ करता है। मार्गी 'मकर का गुरु' तेजीकारक, वक्री मकरस्थ गुरु मंदीकारक, सुभिक्षकारक होता है।

शनि की दृष्टि- वर्षारम्भ में शनि वक्री होकर सिंह राशि में संक्रमण कर रहा है। यह वैशाख कृ. १३, शनिवार दि. ३ मई २००८ ई. को मार्गी होगा। यह पुन: पौष शु. ४ बुधवार दि. ३१ दिसम्बर २००८ ई. को वक्री होकर वर्षान्त तक 'सिंह' में ही संक्रमण करता रहेगा। शनि की दक्षिण दिशा पर दृष्टि होने से भारत के दक्षिणी क्षेत्रों में प्राकृतिक विपत्तियों, जलप्लावन, चक्रवात, झंझावात आदि तथा आतंकवाद, हिंसा, अराजकता के कारण व्यापक हानि की सम्भावना रहेगी।

इस वर्ष शनि सिंह राशि में मघा, पूर्वा फाल्गुनी और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्रों में संक्रमण करेगा।

यदातु त्रीणि चत्वारि नक्षत्राणि शनेश्चर:।
मन्दवृष्टिं च दुर्भिक्षं शस्त्रं व्याधिं च निर्दिशेत।।

जब शनि एक वर्ष में तीन या चार नक्षत्र प्रमाण गमन करता है तो मन्दवृष्टि, दुर्भिक्ष, शस्त्र पीड़ा और रोगादि होते हैं।

सिंह राशि पर शनि होने से सर्वत्र अन्नोत्पादन होता है। वर्षा तथा जल की बहुलता होती है। अन्न का समान भाव रहता है। मालव देश में उपद्रव और क्षति होती है। गुड़, तिलहन, रसकस, दलहन के मूल्यों में तेजी आती है। पूर्व दिशा में सुभिक्ष होता है किन्तु महामारी का भय होता है। सर्वत्र पीड़ा, व्यग्रता होती है। शासक अधर्मपरायण होते हैं। काली मिर्च, सोंठ खरीदने से लाभ होता है। तांबा, पीतल, घृत, तेल महंगे होते हैं।

सिंह राशि में प्रविष्ट शनि का फल- विगत विक्रम संवत् २०६४ में आषाढ़ शु. १, दि. १६ जुलाई २००७ ई. को आश्लेषा नक्षत्र एवं कर्क राशि के चन्द्रमा के काल में ४ घं. ३८ मि. पर शनि सिंह राशि में प्रविष्ट हुआ तथा इस वर्षान्त तक वहीं संक्रमण करता रहेगा।

सिंह राशि के शनि का फल

राशि	ढैय्या या साढ़ेसाती	अंग	प्रारम्भ या समाप्ति	पाद	फल
कर्क	साढ़ेसाती	पैर	समाप्त	सुवर्ण	अधिक परिश्रम, कार्यों में सफलता, सम्मान वृद्धि, आर्थिक लाभ उत्तम
सिंह	साढ़ेसाती	हृदय	-	लौह	आर्थिक हानि, अशान्ति, क्लेश, विवाद
कन्या	साढ़ेसाती	शिर	आरम्भ	सुवर्ण	सामान्य शुभफल, आर्थिक लाभ, कार्यों में सफलता
मकर	ढैय्या	-	-	ताम्र	सामान्य फल, धन लाभ, व्यवसाय में उन्नति
वृष	ढैय्या	-	-	ताम्र	सामान्य शुभ फल, कुटुम्ब का सुख, व्यवसाय में उन्नति

साढ़ेसाती में शनि का अरिष्ट फल प्रत्येक राशि के लिए इस प्रकार है- मेष राशि के व्यक्तियों को मध्य के अढाई वर्ष अशुभ, वृष को प्रथम अढाई वर्ष, मिथुन को अंत के अढाई वर्ष और कर्क को मध्य के अढाई वर्ष अशुभ हैं। सिंह को पहले पांच वर्ष, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। कन्या को प्रथम पांच वर्ष, उसमें भी बीच के अढाई वर्ष विशेष अशुभ और तुला को अंत के अढाई वर्ष विशेष अनिष्ट कारक हैं। वृश्चिक को अन्तिम पांच वर्ष अशुभ, उसमें भी बीच के अढाई वर्ष विशेष नेष्ट हैं। धनु को आरंभ के अढाई वर्ष, मकर को प्रथम पांच वर्ष, उसमें भी पहले के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। कुम्भ को आरंभ और अंत के पांच वर्ष, उस कालावधि में अंत के अढाई वर्ष अधिक नेष्ट हैं। मीन को पूरे साढ़ेसात वर्ष उसमें भी अन्तिम अढाई वर्ष विशेष अशुभ फलदायक होते हैं।

जिनकी कुंडली में शनि शुभ फलप्रद हो तथा दशान्तर्दशा भी शुभ चल रही हो उनके लिए शनि का अशुभ फल कम होगा। जन्मकुंडली में चन्द्र शनि अशुभ ग्रहों से युक्त अशुभ स्थानों में हों तो साढ़ेसाती और ढैय्या चिन्ता, पीड़ा, धन-हानि, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, कलह पशु पीड़ा, धन खर्चा एवं हानि आदि नेष्ट फलप्रद होती है। शनि के अनिष्ट फल निवारणार्थ तैल-छायापात्र का दान, शनि मंत्र का जप, दशांश हवन व श्रीहनुमानजी की पूजा, अभिषेक, तैलयुक्त सिन्दूर समर्पण कर भक्तिपूर्वक शनिवार का व्रत, सप्तधान्य दान, प्रात: शनिवार को पीपल का पूजन करने से शनि का अनिष्ट फल निवृत होता है। साढ़ेसाती, ढैय्या का विचार जन्मकालीन स्पष्ट चन्द्रमा के अंशों से करना चाहिए। केवल राशि से साढ़ेसाती का विचार स्थूल है।

महर्षि पिप्पलाद के बतलाये हुए शनि के दशनाम स्तोत्र का स्नानादि के बाद नित्य प्रात:काल पाठ करने से शनि की साढ़ेसाती और ढैया की पीड़ा नष्ट हो जाती है। अनुभूत है और शनि पीड़ा निवारण का अत्यन्त सरल अचूक उपाय है। *पिप्पलाद उवाच-*

नमस्ते कोणसंस्थाय पिंगलाय नमोऽस्तुते। नमस्ते बभ्रुरुपाय कृष्णाय नमोऽस्तु ते।।
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चांतकाय च। नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते सौरये विभो।।
नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तुते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च।।

राहु काल

भारत के दक्षिणी प्रदेशों में इस काल को विशेष मान्यता है। वहां के लोग इस काल में कोई भी शुभ कार्य नहीं करते। विशेषकर नवीन कार्यारम्भ के समय इस काल को टाल देना उचित मानते हैं तथा राहु काल का विशेष विचार करते हैं। यह काल प्रत्येक स्थान के स्थानीय समयानुसार प्रत्येक वार के लिए क्रमश: निम्नलिखित है :

	घं. मि.		घं. मि.	
सोमवार को स्थानीय समयानुसार प्रात:	७।३०	से	९।००	तक
मंगलवार को स्थानीय समयानुसार अपरान्ह	१५।००	से	१६।३०	तक
बुधवार को स्थानीय समयानुसार मध्यान्ह	१२।००	से	१३।३०	तक
गुरुवार को स्थानीय समयानुसार अपरान्ह	१३।३०	से	१५।००	तक
शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार प्रात:	१०।३०	से	१२।००	तक
शनिवार को स्थानीय समयानुसार प्रात:	९।००	से	१०।३०	तक
रविवार को स्थानीय समयानुसार सायं	१६।३०	से	१८।००	तक

कुम्भ राशि के राहु का फल

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	मुख, सौभाग्य	विवाद, कष्ट	धन हानि	धन लाभ	रोग भय	पीड़ा	भाग्योदय	यशलाभ	द्रव्य लाभ	विवाद	भय, कष्ट	मानहानि

राहुचार- संवत्सरारम्भ से वैशाख कृ. ९, बुधवार दि. ३० अप्रैल २००८ ई. ९ घं. ५५ मि. तक 'राहु' कुम्भ राशि में रहेगा।

वि. सं. २०६५ में वैशाख कृ. ९, बुधवार दि. ३० अप्रैल २००८ ई. को धनिष्ठा नक्षत्र और कुम्भ राशि में स्थित चन्द्रमा के समय राहु ९ घं. ५५ मि. पर मकर राशि में प्रविष्ट होकर संवत् के अन्त तक वहीं संचार करेगा।

मकर राशि के राहु का फल

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	वैर	शोक	समृद्धि	कलह, राजकोप	शारीरिक कष्ट	दु:ख	वैर	सुख	शोक	हानि	धन नाश	धन लाभ

जगत् लग्न



चैत्र शुक्ल अष्टमी रविवार दिनांक १३ अप्रैल सन् २००८ ई. को सायं ६ बजकर २९ मिनट पर दिल्ली में इष्टकाल घटयादि ३१।०९ पर कन्या लग्न के समय सूर्य मेष राशि में प्रवेश करेगा। लग्न का स्वामी ग्रह नीच राशि में स्थित होकर लग्न को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है। लग्नेश के नीचस्थ होने से लग्न पीड़ित व निर्बल हो गया है। अत: यह वर्ष विश्वशांति की दृष्टि से अनुकूल नहीं है। शांति स्थापित करने के बड़े प्रयासों के होने पर भी विश्वशांति बनाये रखना दुष्कर कार्य होगा। यद्यपि कुटुम्बेश उच्च का होकर स्थित है किन्तु शनि की दृष्टि भी कुटुम्ब भाव पर होने से कुछ भागों में अशांति का वातावरण बनेगा। तृतीय भाव का अधिपति शत्रु राशि में स्थित होकर विशेष प्रयासों से शांति का वातावरण बनापायेगा। गुरु केन्द्र में स्वगृही होकर स्थित है अत: शांति बनाये रखने में गुरु की स्थिति सहायक होगी। पंचम भाव का अधिपति द्वादश भाव में केतु के साथ स्थित है इसके प्रभाव से योजनाएं दोषपूर्ण होंगी जिससे अशांति में वृद्धि होगी। पंचमेश शत्रुराशि में स्थित है इसके प्रभाव से बाल मृत्युदर में वृद्धि होगी, शिक्षा का स्तर घटेगा। मनोरंजन के साधनों के द्वारा अपसंस्कृति का विस्तार होगा। भ्रूण हत्या की घटनाओं में भारी वृद्धि होगी। सप्तमेश स्वगृही होकर चतुर्थस्थ है तथा भौम से दृष्ट भी है अत: स्त्रियों पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी।

नवमेश उच्च का होकर सप्तमस्थ है अत अपने-अपने धर्म के विस्तार का राष्ट्र प्रयास करेंगे। लोगों में धर्म के प्रति जागृति बढ़ेगी। दशम भाव का अधिपति जोकि लग्नाधिप भी है नीच का होकर स्थित है अत: कई देशों के शासनाध्यक्षों में परिवर्तन होना निश्चित है। प्रतिपक्षियों की स्थिति में सुधार होगा एवं धार्मिक कट्टरतावाद कुछ भागों में अशांति उत्पन्न करेगा। द्वादशेश उच्च का है अत: कई देशों में परस्पर सम्बन्धों के नये समीकरण बनेंगे। द्वादश भाव में शनि व केतु की स्थिति, लग्नेश नीच का होना

अष्टमेश भौम की लग्न पर दृष्टि इस वर्ष को अन्तर्राष्ट्रीय शांति की दृष्टि से उथल-पुथल वाला दर्शा रही है।

आर्द्रा प्रवेश लग्न- आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया शनिवार, दिनांक २१ जून २००८ ई. को रात्रि ९ बजकर ४४ मिनट पर मकर लग्न के समय सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। वर्षाकाल में सूर्य के साथ शुक्र एवं सूर्य के पीछे बुध आरम्भ में तथा कुछ अवधि में सूर्य के आगे शनि मंगल रहेंगे। इसके प्रभाव से वर्षा काल के आरम्भ में सर्वत्र व्यापक वर्षा होगी एवं मध्यकाल में कहीं बहुत तेज वर्षा व कहीं बहुत अल्पवृष्टि व वर्षा की कमी एवं अन्त में कहीं सामान्य वर्षा तो कहीं अल्प वर्षा होगी। सूर्य के आगे शनि-मंगल की स्थिति कहीं भारी वर्षा से क्षति, ओलावृष्टि तथा कहीं वर्षा की कमी या अभाव का कारण बनेगी। दक्षिण-पश्चिम के कुछ भागों में भारी तूफान से हानि सम्भव है। पूर्वी भाग में कहीं सामान्य कहीं तेज वर्षा होगी। दक्षिण में लगभग सामान्य, पश्चिम में कहीं बहुत तेज वर्षा कहीं अल्प तथा उत्तर में कहीं कम एवं कहीं सामान्य वर्षा होगी।



शारदीय सस्य- वैशाख शुक्ल १० बुधवार, दि. १४ मई २००८ ई. को १५ घं. २३ मि. पर सूर्य वृष राशि में प्रवेश करेगा। सूर्य के साथ शुभ ग्रह बुध स्थित है तथा सूर्य से द्वादश भाव में शुक्र स्थित है अत: शारदीय सस्य की उत्पत्ति पर्याप्त होगी। केन्द्र में शनि एवं चन्द्रमा सिंह राशि में स्थित है। सिंह का चन्द्रमा धान्य की निष्पत्ति बढ़ाने वाला है जबकि केन्द्रस्थ शनि सूर्य को दशम दृष्टि से देख रहा है इसके फलस्वरूप शारदीय सस्य की प्राकृतिक कारणों से कुछ हानि भी होगी तथापि कुल मिलाकर शारदीय सस्य की निष्पत्ति पर्याप्त होगी।



ग्रीष्मसस्य- मार्गशीर्ष कृष्ण ३ शनिवार, दि. १५ नवम्बर २००८ ई. को २९ घं. ०८ मि. पर सूर्य वृश्चिक राशि में प्रवेश करेगा। सूर्य के अगले भाव में गुरु-शुक्र स्थित है तथा पिछले भाव में बुध स्थित है अत: सूर्य शुभ ग्रहों के मध्य आ गया है इसके प्रभाव से ग्रीष्म धान्यों की निष्पत्ति पर्याप्त होती है। शास्त्र में कहा गया है कि "शुभ मध्येऽलिनि सूर्याद गुरुशशिनो: सप्तमे परा सम्पत्। अल्यादिस्थे सवितरि गुरौ: द्वितीयेऽर्धनिष्पत्ति:।।" सूर्य के साथ मंगल भी स्थित है अत: कुछ भागों में कृषि की हानि भी होगी तथा ग्रीष्म धान्य की निष्पत्ति कम होगी। कुल मिलाकर धान्य का उत्पादन पर्याप्त होगा।



मुस्लिम राष्ट्र- पौष शु. ३, शुक्रवार, दि. ११ जनवरी २००८ ई. को मुस्लिम हिजरी सन् १४२९ की पहली तारीख मुहर्रम महीने की है और इस दिन शुक्रवार होने से शुक्र गुरु या मुस्लिम वर्ष का राजा है। पहली मुहर्रम से पूर्व दिन की संध्या को चन्द्र दर्शन के समय सूर्यास्त काल में मिथुन लग्न उदित है। १० जनवरी २००८ ई. को 'चन्द्रदर्शन' सूर्यास्त के समय मिथुन लग्न में मंगल स्थित है। मंगल रिपु भाव का स्वामी है अत: मुस्लिम राष्ट्रों के लिए यह वर्ष अशुभ फलप्रद है। चन्द्रमा द्वितीयेश होकर अष्टम भाव में स्थित है तथा चतुर्थेश बुध तथा लग्नेश बुध भी अष्टम भाव में स्थित है अत: यह वर्ष किसी मुस्लिम राष्ट्र के लिए अशुभ फलप्रद रहेगा। कोई मुस्लिम राष्ट्र इस वर्ष आपदा ग्रस्त होगा एवं जन धन की भारी हानि का ग्रह स्थिति संकेत दे रही है। तृतीय स्थान के शनि-केतु विपरीत स्थिति का प्रबल विरोध करने को प्रेरित करेगा। गुरु की लग्न पर दृष्टि तथा शनि पर भी गुरु की नवम दृष्टि हानि को कम करने वाली है।





लग्नेश बुध तथा द्वितीयेश का अष्टमस्थ होना कोई शुभ संकेत नहीं दे रहा है। लग्नस्थ मंगल पर राहु का पूर्ण दृष्टि सम्बन्ध; अग्नि पर घी का काम कर रहा है। पंचमेश शुक्र का षष्ठस्थ होना तथा पंचम भाव पर राहु व शनि की दृष्टि स्थिति को और अधिक भयावह बना रही है। उग्रवाद तथा अन्ध कट्टरवाद की जन्मभूमि के यह देश अपने ही पाले हुए संपोलों के विषदंश से बार-बार सिहर उठेंगे। स्थान-स्थान पर विस्फोट तथा अग्निकांड होते रहेंगे। जनता आतंकवाद की घटनाओं की पुनरावृत्ति को झेलने के लिए विवश होगी। जनसाधारण चाह कर भी इन कुत्सित कृत्यों का विरोध न कर पायेंगे। वहाँ के निवासी, कथित बौद्धिक वर्ग तथा धार्मिक विद्वानों के तर्कहीन व हास्यास्पद धर्मादेशों को सहन करने को लाचार होंगे। धर्म की आड़ में ध्वंस की प्रक्रिया चलती रहेगी। आतंकवाद की आग का दाह पड़ौसी देशों को भी स्पष्टरूप से पीड़ित करेगा। उग्रवाद का जनक भारत का पश्चिमोत्तर पड़ौसी तथा पार्श्ववर्ती पूर्व दिशा का देश इस उग्रवाद के पैशाचिक

तांडव को पड़ौसी देशों में निर्यात करने का भरसक प्रयत्न करेंगे। लोकतन्त्र का मात्र दिखावा ही इन पूर्वोक्त देशों में होता रहेगा। वस्तुतः निरंकुश शासन सत्ता का प्रभाव यत्र-तत्र-सर्वत्र दिखाई देगा। साम्प्रदायिक दंगे तथा विस्फोटकीय घटनाओं की पुनरावृत्ति होती रहेगी। गुरु की लग्न पर शुभ दृष्टि उत्तरोत्तर गिरती स्थिति को सम्भाल पाने में अधिक सफल न होगी। अष्टम चन्द्रमा की स्थिति, वर्तमान घटनाक्रम को और अधिक भयावह स्वरूप देकर अन्तोगत्वा इस हिंसावाद की संस्कृति के नाम पर विकृति के 'अन्त' का शंखनाद करेगी। अन्ततः इस अन्धकारपूर्ण वातावरण की जननी विकृति के समापन का आरम्भ दिखाई देने लगेगा।

शुक्र का गुर्रा फल:- शासकों और जनता में परस्पर-विरोध बढ़े। मुस्लिम राष्ट्रों में आन्तरिक कलह, विग्रह, उपद्रव, धार्मिक उन्माद से जनसाधारण पीड़ित होता है। अग्नि भय मनुष्य और चतुष्पदों में रोग, व्यापार में लाभ कम, अन्न-कृषि की पैदावार मध्यम, सब वस्तुएं महंगी तथा वायु-वेग रहे। शासकों पर स्वेच्छाचारिणी स्त्रियों का प्रभाव बढ़े। भ्रष्टाचार-व्यभिचार अधिक फैले। नवीन वैज्ञानिक शोध और अनुसन्धानों में सफलता प्राप्त हो।

पौष शु. ३, मंगलवार (विक्रमी २०६५) दि. ३० दिसम्बर २००८ ई. को मुस्लिम हिजरी सन् १४३० की पहली तारीख मुहर्रम महीने की है और इस दिन मंगलवार होने से मंगल गुर्रा या मुस्लिम वर्ष का राजा है। पहली मुहर्रम से पूर्व दिन की संध्या को चन्द्र दर्शन के समय सूर्यास्त काल में मिथुन लग्न उदित है।

उक्त दिवस की सूर्यास्तकालीन कुण्डली में लग्नेश अष्टम स्थान में स्थित है तथा अष्टम स्थान में ही चतुर्ग्रही योग भी है इसके प्रभाव से यह वर्ष मुस्लिम राष्ट्रों के लिए अशुभ प्रभाव की अधिकता वाला सिद्ध होगा। आन्तरिक अशान्ति बढ़ेगी। कुछ देशों में गम्भीर संकट उत्पन्न होगा तथा कहीं भारी विरोध के फलस्वरूप सत्ता परिवर्तन होगा। बम्ब विस्फोट, अग्निकाण्ड दुर्घटनाओं की अधिकता व आतंकवादी, समाज विरोधी देशद्रोही तत्वों से कुछ मुस्लिम राष्ट्र त्रस्त होंगे। सप्तम स्थान में सूर्य एवं भौम की स्थिति होने एवं सप्तमेश के नीच राशि में स्थित होने से महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में भारी वृद्धि होने की सम्भावना है एवं कुछ राष्ट्रों के विदेश व्यापार व अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। दशमेश नीच का होने से सत्ता पक्ष कमजोर होगा व विरोधी पक्ष के वर्चस्व में वृद्धि होगी। नवमेश की नवम भाव पर दृष्टि होने से धार्मिक कट्टरतावाद में वृद्धि होगी। फलस्वरूप हिंसक घटनाएं घटेंगी।

मिथुन लग्न की इस कुण्डली के दूसरे भाव में केतु, तीसरे में सिंहस्थ शनि, सप्तम भाव में सूर्य और मंगल है। नीचस्थ 'गुरु' चन्द्र, बुध राहु के साथ अष्टमस्थ है तथा शुक्र नवमस्थ है। यह ग्रह स्थिति गत सन् के हालात को अशुभ से अशुभतर की ओर अग्रसर करते हुए घोर प्रतिकूलता का संकेत दे रही है। इन क्षेत्रों में आतंकवाद स्थान-स्थान पर सभ्यता की होली जलाता दिखाई देगा। आग और खून का 'खेल' और अधिक भयानक रूप धारण कर लेगा। कुछ देशों में तख्ता पलट की आकस्मिक घटनाओं की सम्भावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। इन क्षेत्रों में राजनैतिक स्थिति हास्यास्पद रहेगी। सामाजिक व आर्थिक प्राणवायु के लिए अन्यों का मुंखापेक्षण करना पड़ेगा। इन भू-भागों के तथाकथित बुद्धिवृद्ध 'धर्मोपदेशक' अपनी मूर्खतापूर्ण विवेचना से विश्व के सभ्य समाज के सामने अपने-आपको उपहासजनक स्थिति में पायेंगे। प्राकृतिक विपत्तियों से यहाँ की जनता त्रस्त रहेगी। विगत काल के पंचाङ्ग में की गई इस विवेचना का पुनः स्मरण कराना प्रासङ्गिक होगा। पाकिस्तान के वर्तमान सर्वेसर्वा राष्ट्रपति 'जनरल मुशर्रफ' का भाग्य सूर्य अस्ताचलगामी हो चुका है। पाकिस्तान की वरिष्ठ जननायिका श्रीमती बेनजीर भुट्टों को अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना श्रेयस्कर होगा।

मंगल का गुर्रा फल:- कृषि में कमजोरी रहे प्रकृति-प्रकोष से भी हानि होवे। पूर्व-पश्चिम में उत्पात होंगे। भूकम्प, सर्पभय, मूषकों, टिड्डी आदि से फसल को हानि। वात, पित्त रोग की वृद्धि से प्रजा में कष्ट होगा। सैन्य संघर्ष का भय बढ़ेगा। गेहूँ, मिठाई, धातु सस्ती। व्यापार में लाभ कम, धनी पूंजीपतियों को कष्ट। वृक्षों में फल कम लगें।

विंशोत्तरीमत से आय-व्यय चक्र

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	११	५	११	५	८	११	५	११	८	२	२	८
व्यय	१४	८	५	२	१४	५	८	१४	५	८	८	५

अष्टोत्तरीमत से आय व्यय चक्र

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	१४	८	११	५	८	११	८	१४	२	५	५	२
व्यय	२	११	८	८	२	८	११	२	११	५	५	११

आय-व्यय देखने की विधि- आय-व्यय के दोनों अंकों को जोड़कर एक घटावें और आठ का भाग देकर यदि १, २, ६, ७, शेष रहें तो उस वर्ष में अच्छा लाभ होगा और यदि ३, ४, ५, ० शेष रहें तो लाभ कम खर्च अधिक होगा तथा अनेक प्रकार की चिन्ताएं उपस्थित होंगी।

जगल्लग्न से व्यक्तिगत फल विचार- जन्म कुण्डली में लग्न बलवान हो तो लग्न से और चंद्रमा बलवान हो तो जन्म राशि से जगल्लग्न जिस स्थान से आये वह भाव स्वस्वामी शुभ ग्रहों से युक्त दृष्ट बलवान हो तो उस भाव की वृद्धि होती है। यदि वह भाव पाप ग्रहों से युक्त दृष्ट हो तो उस भाव की हानि होती है। जन्म राशि और अपने वर्ष प्रवेश लग्न से यदि वर्षेश लग्न (जगल्लग्न) आठवें बारहवें हो तो उस व्यक्ति के लिए वह वर्ष शुभ लाभ फल प्रद नहीं होता।

दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र

पं० हरदेव शर्मा त्रिवेदी

संवत् २०६५ वि. (सन् २००८-२००९ ई.) की ग्रह परिषद् का विचार

संसार की राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक स्थिति का दिग्दर्शन

दिग्दर्शक- सुधाकर शर्मा त्रिवेदी, सोलन (हि.प्र.)

श्री विनोद विजल्वाण, ऋषिकेश

श्री विवेकानन्द सत्येश, सोलन

- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के योगायोग हैं।
- आर्थिक विकास की गति शिथिल होने तथा आन्तरिक अशान्ति बढ़ने से शासन की शिरोवेदना बढ़ेगी।
- भ्रूण हत्याओं तथा स्त्रियों पर अत्याचार की घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि के संकेत हैं।
- भारत के राजकोष पर आकस्मिक 'निरर्थक व्यय' का भारी बोझ पड़ने की प्रबल सम्भावना है।
- सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्रों में शासन तन्त्र की अदूरदर्शितापूर्ण नीतियां विविध समस्याओं की जननी सिद्ध होगी।
- जनसाधारण के मन में व्याप्त अशान्ति तथा आक्रोश, उसे आन्दोलन पर उतारू कर दे तो आश्चर्य न होगा।
- मुस्लिम उग्रवादी व अन्य नक्सली तथा देशद्रोही तत्व आतंकवाद का घिनौना खेल यथावत् खेलते रहेंगे।
- सरकार की कथित 'छद्म धर्म निरपेक्षता' की मानसिकता, बिगड़ती स्थिति को और भी अधिक भयावह स्वरूप देने में सहायक होगी।
- मानवकृत हिंसा, बम-विस्फोट, अग्निकाण्ड, राजकीय व निजी सम्पत्ति के विनाश की बड़ी घटनाओं की पुनरावृत्ति होने की, ग्रह स्थिति संकेत दे रही है।
- प्राकृतिक विपत्तियों, भूकम्प, जलप्लावन, अनावृष्टि, अल्पवृष्टि, कीट, टिड्डियों द्वारा फसल और जन-धन की व्यापक क्षति की सम्भावना बनी रहेगी।
- आगामी लोकसभा चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित होने की सम्भावना नहीं है। पूर्व की भांति 'दलदलीय' सरकार के ही गठन की अधिक सम्भावना प्रतीत होती है।
- सांसदों और विधायिका के सदस्यों का अनैतिक क्रय-विक्रय जोरों से चलने की सम्भावना रहेगी।
- गत वर्षों के पंचांगों में उल्लेखित इस विषय का पुनः स्मरण कराना प्रासांगिक होगा कि- पाकिस्तान के सर्वेसर्वा राष्ट्रपति मुशर्रफ का भाग्यसूर्य अस्ताचल की ओर अग्रसर है।
- श्रीमती बेनजीर भुट्टो का अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना हितावह होगा।
- माननीया सुश्री मायावती का किसी आकस्मिक संकट से सामना होना अप्रत्याशित न होगा।
- इस वर्ष के सूर्य-चन्द्र ग्रहणों व अन्यान्य ग्रह योगों का प्रभाव शासकों की सक्रिय राजनीति में भाग लेने वाली सन्तान पर अनिष्टसूचक प्रतीत हो रहा है।
- महिला राजनेताओं को कष्ट और वेदना की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

स्वतंत्रता का ६२वाँ वर्ष

स्वतंत्र भारत के ६२वें वर्ष का शुभारम्भ श्रावण शु. १३, गुरुवार दि. १४ अगस्त २००८ को दिन के ३ बजकर १९ मिनट पर होगा। इस वर्ष लग्न में स्वगृही लग्नेश स्थित है तथा अष्टमेश भी लग्नेश के साथ स्थित होकर गुरु एवं चन्द्रमा का योग बना रहा है। यह योग अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला है किन्तु द्वितीय भाव में राहु की स्थिति एवं अष्टम स्थान में सूर्य एवं केतु की स्थितियाँ विपरीत घटनाक्रम को जन्म देने वाली है। राहु के प्रभाव से आन्तरिक अशान्ति बढ़ेगी तथा आर्थिक विकास की गति मन्द पड़ सकती है। मुन्था के सप्तम भाव में स्थित होने से महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में भारी वृद्धि होगी तथा भ्रूण हत्याओं में भी भारी वृद्धि होगी। तृतीय भाव का अधिपति नवम भाव में शत्रु के घर स्थित है इसके प्रभाव से शत्रु स्वयं समस्याग्रस्त होगा। मित्र राष्ट्रों की संख्या में वृद्धि होगी एवं कुछ राष्ट्रों से सम्बन्धों का विस्तार एवं आपसी विश्वास एवं सहयोग में वृद्धि होगी। चतुर्थ भाव का अधिपति स्वराशि का होकर लग्न में स्थित है इसके प्रभाव से कृषि क्षेत्र एवं आवासीय क्षेत्र दोनों का विकास होगा। भौम जो कि द्वादशेश होकर दशमस्थ है तथा प्रत्यक्ष सप्तम शत्रु दृष्टि से चतुर्थ भाव को देख रहा है। भौम की इस हानिप्रद दृष्टि के फलस्वरूप कुछ भागों में कृषि क्षेत्र एवं कृषि की हानि होगी तथा कुछ भागों में आवासीय भूमि की हानि होगी तथा लोगों को कुछ आवासीय भागों से प्राकृतिक प्रकोप के कारण विस्थापित होना पड़ेगा। पंचम स्थान का अधिपति भौम शत्रु की राशि में दशमस्थ है अत: शिक्षा के स्तर में सुधार नहीं होगा, अनैतिकता में वृद्धि अनाचार की भी वृद्धि होगी। बाल मृत्युदर में ग्रह स्थिति के अनुसार वृद्धि होगी। लोगों में पाप वृत्ति बढ़ेगी। पंचमेश भौम के प्रभाव से तकनीकी शिक्षा का विकास होगा। षष्ठेश नवम भाव में स्थित है तथा शनि की दशम दृष्टि भी रिपु भाव पर है। इसके प्रभाव से शत्रु को हानि उठानी पड़ेगी। शत्रु अपनी प्रकृति के अनुरूप प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद को पोषित करता रहेगा। सप्तमस्थ मुंथा विदेश व्यापार में प्रतिस्पर्धा बढ़ायेगी तथा कुछ क्षेत्रों में विदेश व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। महिलाओं को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं के वांछित परिणाम जनसंख्याधिक के प्रभाव से प्रोत्साहित करने वाले नहीं होंगे। अष्टम स्थान में स्थित केतु एवं सूर्य आर्थिक विकास की गति को मन्द करने वाले हैं। दुर्घटनाओं में वृद्धि होगी। नवम भाव का अधिपति अष्टम स्थान में स्थित होने से धार्मिक नेता राजनीति में अधिक रुचि लेंगे। दशम मंगल शासक को कठोर कदम उठाने पर बाध्य करेगा।

स्वतंत्रता का ६२वाँ वर्ष



स्वतंत्र भारत की कुंडली



विंशोत्तरी दशा षष्ठेश लग्नेश की है तथा इसमें द्वितीयेश पंचमेश का अन्तर जुलाई २००८ तक चलेगा तथा इसके उपरान्त सप्तमस्थ केतु की दशा होने से अशान्ति का वातावरण बनेगा।

भारतीय गणतंत्र का ५९वाँ वर्ष

माघ शु. १ मंगलवार, दि. २७ जनवरी सन् २००८ ई. की प्रात: ७ बजकर ९ मिनट पर भारतीय गणतंत्र के ५९वें वर्ष का प्रवेश होगा। वर्ष लग्न में मुंथा के साथ अष्टमेश सूर्य एवं नवमेश तथा रिपुभावेश बुध भी स्थित है। अत: राष्ट्र की प्रगति एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा की दृष्टि से वर्ष शुभफलप्रद है किन्तु आन्तरिक अशान्ति एवं आर्थिक समस्याएं भी अनिश्चितता का कारण बनेगी। लग्नेश अष्टमभाव में तथा अष्टमेश लग्न में स्थित होने से यह वर्ष विभिन्न प्रकार की समस्याओं के उत्पन्न होने को दर्शा रहा है। द्वितीय भाव में भी राहु के स्थित होने से आन्तरिक शान्ति बनाये रखने के लिए तथा आर्थिक आधार को मजबूत बनाये रखने के लिए विशेष प्रयास करने पड़ेंगे। अचानक आर्थिक संकट के उत्पन्न होने की सम्भावना है। तृतीय भाव का अधिपति द्वादश भाव में स्वगृही होकर स्थित है तथा भौम की दृष्टि उस पर होने से पड़ौसी राष्ट्र शत्रुवत व्यवहार करता रहेगा किन्तु भौम के प्रभाव से उसे स्वयं भी भारी समस्या का सामना करना पड़ेगा। चतुर्थ भाव का अधिपति शत्रु की राशि में रिपुभाव में स्थित है। इसके प्रभाव से कुछ भागों में कृषि भूमि एवं कृषि की भारी हानि होने का ग्रह स्थिति संकेत दे रही है। चतुर्थ भाव पर गुरु की भी दृष्टि होने से कृषि उत्पादन पर्याप्त होगा। कुछ आवासीय क्षेत्र प्राकृतिक या अन्य कारणों से प्रभावित होंगे। जिसके फलस्वरूप आपदा ग्रस्त भाग से लोगों को विस्थापित होना पड़ सकता है। पंचमेश द्वादश भाव में शत्रु की राशि में स्थित है इसके फलस्वरूप शिक्षा के स्तर में सुधार नहीं होगा तथा मनोरंजन के साधन अप संस्कृति का विस्तार करेंगे एवं बाल मृत्युदर और भ्रूण हत्या के मामलों में भारी वृद्धि होगी। विकास योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारूरूप से नहीं हो पायेगा। रिपु भाव का अधिपति लग्नस्थ होने से लग्न रिपु से पीड़ित हो गया है अत: शत्रु अपनी विरोधी गतिविधियों को नियमित रूप से क्रियान्वित करता रहेगा किन्तु भौम की स्थिति के कारण शत्रु को क्षति उठानी पड़ेगी। सप्तमेश के नवमस्थ होने से महिलाओं के कल्याण की योजनाएं बनेंगी। राज्येश द्वादश भाव में स्थित होने से शासक को सत्ता में बने

५९वें गणतंत्र की कुण्डली



गणतन्त्र की कुण्डली



रहने के लिए विशेष प्रयास करने पड़ेंगे। अष्टम स्थान के शनि एवं केतु आर्थिक संकट अकस्मात उत्पन्न कर सकते हैं। भूमिगत पदार्थों का दोहन तेजी से किया जायेगा। जोकि भविष्य में उन्नति की गति को बढ़ायेंगे। वर्तमान में लग्नस्थ राहु की दशा में लाभ स्थान में स्थित रिपुभाव के स्वामी की दशा होने से भारत को राष्ट्र विरोधी, समाजविरोधी, आतंकवादी व विध्वसंक शक्तियों से जूझना पड़ेगा। जिसके फलस्वरूप जन-धन की हानि उक्त दशा काल में होती रहेगी। महादशा नाथ राहु के लग्नस्थ होने से नाना प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती रहेंगी।

ज्योतिष एक विज्ञान है

विगत ६४ वर्षों से इस पंचांग में यह स्तम्भ लिखा जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन अनुशीलन करके देश-विदेश के संबंध में जो भी भविष्यवाणी की गयी हैं, वे अधिकांश में सत्य सिद्ध हुई हैं। इसके साक्षी "श्रीविश्वविजयपंचांग" के विज्ञ वाचकवृंद दे रहे हैं। दैवज्ञ ने कभी यह अभिमान नहीं किया कि जो कुछ भविष्यवाणी वह करता है वह शत-प्रतिशत सही होती है। जहां राज्याश्रय प्राप्त एलौपैथी डाक्टरी और आयुर्वेद-विज्ञान अभी तक शत-प्रतिशत सफलता की गारंटी नहीं दे पाये, वहां निराश्रित ज्योतिष-विज्ञान के गणित-विज्ञान ने शत-प्रतिशत सत्यता सिद्ध कर दिखाई है। ज्योतिष गणित के द्वारा वर्षों पूर्व सूर्य-चन्द्र ग्रहणों के स्पर्श मोक्ष का जो समय निश्चित कर दिया जाता है उसमें एक मिनट का भी अंतर नहीं आता। यद्यपि ज्योतिष शास्त्र के फलित विभाग में अभी इतनी सूक्ष्मता नहीं बन पायी है। फलित ज्योतिष को 'दैव-विद्या' कहा गया है, इसलिए राष्ट्र, समाज और व्यक्ति के संबंध में भविष्यवाणी करने वाले को "दैवज्ञ" कहा जाता है। यह "दैव-विद्या" तपस्या, साधना एवं अनुभव गम्य है। आधुनिक वातावरण का एक साधनहीन दैवज्ञ भी मनुष्य है सर्वज्ञ निर्भ्रान्त नहीं, अत: उसकी बुद्धि भी भ्रान्त हो सकती है। ग्रहगति रूप दैवी संकेतों को समझने में भूल हो सकती है। उसका ज्ञान ईश्वरीय ज्ञान के समान सत्य ही हो- यह नहीं कहा जा सकता। मेरा विश्वास है कि भारतीय ज्योतिष विज्ञान का भविष्य कथन शास्त्र इस देश का अत्यन्त पुरातन विज्ञान है। इसका निरीक्षण-परीक्षण अवश्य होना चाहिए, और उससे प्राप्त होने वाले तथ्यों का विचार शासकीय स्तर पर भी अवश्य होना चाहिए। आज तक बिना किसी रिसर्च या शासकीय आश्रय के यह शास्त्र देश के कुछ चोटी के विद्वानों के पास सुरक्षित चला आ रहा है, और अब तक चमत्कारी विज्ञान की मान्यता पाने लगा है। आज के विज्ञान ने चाहे प्रगति क्यों न की हो पर भविष्य जानने का उसके पास कोई साधन नहीं है। अत: इस भारतीय विज्ञान की ओर शासन का ध्यान अवश्य जाना चाहिए। अनेक उच्च राज्याधिकारी फलित ज्योतिष पर पूर्ण विश्वास रखते हैं। श्री नेहरू जी और स्वर्गीया प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी एकाधिक बार दैवज्ञों से परामर्श लिया जिसके प्रमाण मौजूद हैं, किन्तु जो मंत्री निजी तौर पर दैवज्ञों के सामने नतमस्तक होते हैं वे सार्वजनिक रूप से कहते हैं कि "हम ज्योतिष पर आस्था नहीं रखते।" इस पर सर्वसाधारण जनता को इनके दोहरे चरित्र पर आश्चर्य और खेद ही होगा, अस्तु।

मोदिनीय अथवा राष्ट्रीय भविष्य

बालारिष्ट के योग- जन्म लग्न से ६।८।९।२ वें स्थान में स्थित चन्द्रमा को यदि क्रूर ग्रह देखते हों तो वह बालक अल्पायु जानना। यदि पूर्वोक्त चन्द्रमा को शुभ ग्रह देखते हों तो बालक की आयु ८ वर्ष की जानना। शनि अथवा शुभ ग्रह ६।८।९।२ इन स्थानों में हों या वक्री तथा क्रूर ग्रहों से देखे भी जाते हों, लग्न में कोई ग्रह शुभ नहीं हो तो बालक की आयु एक मास जानना। जिसके लग्न में पांचवें स्थान में सूर्य मंगल और शनि यह तीनों पड़ें हों, उस बालक की माता सहित मृत्यु जाननी, तथा भाई को भी हानि हो। जिसके दशम स्थान में शनि, छठे चन्द्रमा और सातवें स्थान में मंगल हो उस बालक की माता सहित मृत्यु जानना। जिसके लग्न में शनि हो, चन्द्रमा आठवें हों बृहस्पति तीसरे हों उस बालक की शीघ्र ही मृत्यु जानना। जन्म लग्न से बारहवें स्थान में कोई भी ग्रह शुभ फल करने वाला नहीं होता, परन्तु सूर्य, चन्द्रमा,शुक्र और राहु ये विशेष करके कष्टकारक जानने तथा इनकी दृष्टि भी शुभ नहीं है। जिसके जन्म लग्न बारहवें तथा छठे आठवें दूसरे ग्रह पड़े हों तथा लग्न क्रूर ग्रहों के बीच में पड़ा हो उस बालक की शीघ्र मृत्यु जाननी।

अरिष्ट भंग योग- बुध, बृहस्पति, शुक्र इनमे से एक भी यदि केन्द्र (१।४।७।१०) में हो। बलवान होकर यदि बृहस्पति लग्न में हो। बली होकर लग्न का स्वामी यदि केन्द्र में हो। शुक्ल पक्ष में रात्रि का जन्म हो तथा लग्न शुभ ग्रहों से देखा जाता हो, इसी प्रकार कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और पूर्ववत् लग्न शुभ ग्रहों से दृष्ट हो। इन पाँचों योगों में से एक भी योग पड़ जाये तो ऊपर कहे हुए अरिष्टों को भंग करने वाला योग जानना।

माता-पिता को अरिष्ट योग- हर एक बालक के लिए सूर्य से पिता का विचार और चन्द्रमा से माता का विचार करना चाहिए। अतएव जिस बालक की जन्मकुण्डली में सूर्य के साथ पापी ग्रह बैठे हों अथवा देखते हों या सूर्य पापी ग्रहों के बीच पड़ा हो तो उस बालक के जन्म समय पिता को कष्ट जानना चाहिए। इसी प्रकार सूर्य से ४।६।८ स्थान में क्रूर ग्रह हों, शुभ कोई भी न हो तो भी पिता को कष्ट जानना। इसी प्रकार यदि चन्द्रमा के साथ २।९ स्थान में और ४।६।८ स्थान में क्रूर ग्रह हों, शुभ न हों तो माता को कष्ट जानना।

प्रसवदोष अरिष्ट का फल- चैत्र में कुतिया, वैशाख में ऊँटनी, ज्येष्ठ में बिल्ली, श्रावण में गधी व घोड़ी, भाद्रपद में गौ, कार्तिक में स्त्री, मार्गशीर्ष में हथिनी, पौष में बकरी, माघ में भैंस प्रसूत हों तो पिता या गर्भवती को ६ मास में मृत्यु या मृत्युतुल्य कष्ट होता है। श्रावण में दिन को घोड़ी और माघ में बुधवार को भैंस प्रसूत हो तो घर धनी को महाभय अरिष्ट होवे। शान्त्यर्थ प्रसूता गौ आदि का शीघ्र दान करें, घर में हवन शान्तिपाठ, पुण्याहवाचन, श्वेतसर्षपहवन कर व्याहृति मन्त्रों से आहूति दें, जिससे शान्ति हो।

त्रिखल-जन्म-फल- तीन पुत्रों के बाद कन्या हो, या तीन कन्याओं के पश्चात पुत्र हो तो त्रिखल नामक दोष होता है, इससे माता-पिता को अरिष्ट, महाभय धनहानि आदि होती है, शान्त्यर्थ त्रिखल शान्ति करें।

दन्तोत्पत्ति फल- बालक के जन्मते ही दांत निकले हुए हों तो माता-पिता को महा अरिष्ट। प्रथम ऊपर की पंक्ति में दांत से जन्में तो अधिक अरिष्ट। प्रथम ऊपर की पंक्ति में

देखते हों तो वह बालक अल्पायु जानना। यदि पूर्वोक्त चन्द्रमा को शुभ ग्रह देखते हों तो बालक

प्रथम ऊपर की पंक्ति में दांत से जन्मे तो अधिक अरिष्ट। प्रथम ऊपर की पंक्ति में

दांत से जन्मे तो अधिक अरिष्ट। प्रथम ऊपर की पंक्ति में दांत निकलें तो मातुल पक्ष को भय हो। १ मास में दाँत निकलें तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनि नष्ट चतुर्थ में भाई नष्ट, पांचवें में ज्येष्ठ बन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, ७ वें में पितृ सुख, ८ वें में पुष्टि, ९ वें में धनी, १० वें में सुख, ११ वें सुख, १२ वें में धनी।

एकनक्षत्र जातक फल- पिता पुत्र, माता पुत्र या कन्या, दो भ्राता इनका एक नक्षत्र में जन्म हो तो दोनों में से एक की मृत्यु या मृत्युतुल्य कष्ट होता है। स्वर्ण दान, शान्ति हवन आदि करने से अरिष्ट निवारण होता है।

गण्डमूल के नक्षत्र					
अश्विनी	अश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

ये ६ नक्षत्र गण्ड मूल कहलाते है, इन नक्षत्रों में जन्मा हुआ बालक, माता-पिता, कुल या अपने शरीर को नष्ट करता है। स्वयं का शरीर नष्ट न हो तो धन वैभव ऐश्वर्य हाथी, घोड़ों का स्वामी होता है। गण्डमूल में जन्मे हुए बालक का २७ दिन तक पिता मुख न देखे। प्रसूति स्नान के पश्चात् शुभ मुहूर्त में गौ, स्वर्णदान आदि शांति कर पश्चात् शुभ बेला में बालक का मुख देखे।

मूलनिवासचक्र

जन्म मासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चै. श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ.भा.
जन्म लग्नानुसारेण	२। ५। ८। ११	३। ६। ९। १२	१। ४। ७। १०
मूल निवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

अथ मूलाश्लेषा-पादफल

मूल पादफल		अश्लेषा पादफल		समय फल	
चरण	फल	चरण	फल	समय	फल
१	पितृ-नाश	१	शांति से शुभ	दिन में	पिता को भय
२	मातृ-नाश	२	धन-नाश	सन्ध्या में	स्वशरीर भय
३	धन-नाश	३	मातृ-नाश	रात्रि में	माता को भय
४	शांति से शुभ	४	पितृ-नाश		

मूलजनने-वृक्षविभागः

मूले	स्तम्भे	त्वचायां	शाखायां	पत्रे	पुष्पे	फले	शिखायां	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घट्यः
मूलनाशः	वंश-नाशः	मातृ-क्लेशः	मातृनाशः	मैत्री-पदम्	मंत्री-पदम्	विपुल-लाभः	अल्पजीवी	फलम्

अथ मूलपुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुखे	स्कंधे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जानुनि	पादे	स्थानं
५	७	४	८	३	९	२	१०	६	६	घट्यः
राजा	पि.मृ.	बली	बली	दानी	मंत्री	ज्ञानी	कामी	मतिमान्	मतिमान्	फलम्

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वोः	हस्ते	गुह्ये	जंघे	जानुनि	पादे	स्थानं
४	६	५	५	५	८	९	४	४	१०	घट्यः
पशुनाश	धन नाश	धनलाभ	कुटिला	धनलाभ	दयावः	कामिनी	मातृना	भ्रातृना	वैधव्य	फलम्

अथ अश्लेषाचक्रम्

शिरसि	मुखे	नेत्रे	ग्रीवायां	स्कंधे	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुदे	पादे	स्थानं
५	७	२	४	४	८	१०	६	७	७	घट्यः
पुत्रादि	पितृना.	मातृना.	स्त्रीलाभ	गुरुभक्त	बली	आत्मज्ञ.	भ्रमः	तपस्वी	धनहानि	फलम्

अथ अश्लेषापुरुषवृक्ष चक्रम्

फले	पुष्पे	दले	शाखायां	त्वचायां	लतायां	स्कन्धे
१०	५	९	७	१३	१२	४
धनम्	धनम्	राजभयम्	हानिः	मातृहानिः	पितृहानिः	अल्पायुः

अथ अभुक्तमूलविचार- ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्त की ४ घटी, अन्य किसी मत से १ घटी और मूल नक्षत्र के आदि की ४ घटी, अन्य मत से आधी घटी अभुक्त मूल होता है। इन घटियों में बालक जन्मे तो पिता ८ वर्ष पर्यन्त बालक का मुख न देखें, असमर्थ हो तो ६ मास त्याग करे। शांति हवन अभिषेक आदि से युक्त अभुक्त मूल शांति, रुद्रार्चन, महामृत्युञ्जयादि विधान कर शुभ मुहूर्त्त में बालक के मुख का अवलोकन करे।

अश्विनी पादफल	मघा पादफल	ज्येष्ठा पादफल	रेवती पादफल
१ पिता को भय	१ माता को नेष्ट	१ बड़े भ्राता को नेष्ट	१ राज्य-सम्मान
२ सुख ऐश्वर्य	२ पितृभय	२ छोटे भ्राता को नेष्ट	२ मंत्रित्व प्राप्ति
३ मन्त्री पद	३ सुख	३ मातृ नाश	३ धन सुख की प्राप्ति
४ राज्य सम्मान	४ धन विद्या प्राप्ति	४ खुद का नाश	४ अनेक कष्ट

अथ कृष्ण चतुर्दशी विभाग फलम्

१	२	३	४	५	६	विभागः
शुभम्	पितृनाश	मातृनाश	मातुलनाश	कुलहानिः	धनहानिः	फलम्

त्रयोदशी की घटियों को ६० में से घटाकर चतुर्दशी की घटियाँ युक्त कर ६ का भाग दें, जो प्रथम भाग में होगा, उसके द्विगुणित दूसरा ऐसे ही क्रम से जाने। जिस भाग में जन्म हुआ हो उसके अनुसार फल को कहें, अरिष्ट हो तो शान्ति विधान करें।

सिनीवाली-कुहूजनन फल

सिनीवाली जनन फल- सिनीवाली उसे कहते है कि अमावस्या जन्म के अनन्तर कुछ घटी बाकी हों अर्थात् चन्द्र की कुछ कला दृश्यमान हो। ऐसी अमावस्या में बालक का जन्म हो तथा घर में गौ, भैंस, घोड़ी आदि पशु प्रसूति हुए हों तो धन हानि, अपयश आदि भय होते है।

कुहुजनन फल- कुहू कहते है चन्द्र की कला बिल्कुल नष्ट हो जाये। अर्थात् अमावस्या का अन्त समय हो, (यह सूक्ष्म केतकी गणना से ही ठीक-ठीक समय आयेगा प्राचीन गणित से नहीं), उस समय से बालक का जन्म या पशु जन्म हो तो अधिक अरिष्ट फल होता है। इसका शास्त्र में कहे अनुसार शान्ति-विधान अवश्य करना चाहिए।

अन्य अरिष्ट-दोषों में जन्म फल- व्यतिपात में जन्म हो तो अंगहानि, वैधृति में पितृ हानि, परिध योग में मृत्यु होती है, तथा मृत्युयोग, दग्धयोग, भद्रा, संक्रांति दिन, सूर्य-चन्द्र-ग्रहण, शूल योग, व्याघात, गण्ड, वज्र, क्षयतिथि, महापात (क्रांति साम्य) विश्वधस्त्र पक्ष, क्षय मास आदि कुयोगों में बालक जन्मे तो अरिष्ट-शात्यर्थ शांति-विधान करना चाहिए, ताकि आयु और आरोग्य प्राप्त हो।

स्त्री-दासी-गौ-आदि पशु-यमल जन्मफलम्

त्रिविधा यमलोत्पत्तिर्जायते योषितासिह। सुतौ च सुतकन्ये वा कन्या एव तथा पुनः।
एकलिंगौ विनाशाय द्विलिंगौ मध्यमौ स्मृतौ। पित्रौर्विघ्नकरौ ज्ञेयौ तत्र शांतिर्विधीयते।

जन्म स्थान विचार- जन्मलग्न और चन्द्रमा जलचर राशि में हो, अथवा पूर्णचन्द्र लग्न को पूर्ण दृष्टि से देखे अथवा चन्द्रमा जलचर राशि के दशवें, चौथे और लग्न में हो तो बालक का जन्म जल के ऊपर या जल के समीप स्थान में पैदा हुआ ऐसा कहना। पूर्ण चन्द्रमा अपनी राशि कर्क में हो, बुध लग्न में हो, बृहस्पति चतुर्थ स्थान में हो अथवा लग्न में जलचर राशि हो, चन्द्रमा सातवें हो तो बालक का जन्म नौका में, जहाज में अथवा पुल के ऊपर या नदी के सान्निध्य में हुआ ऐसा कहना। लग्न और चन्द्रमा से बारहवें स्थान में शनि हो, पापग्रह देखते हों तो बालक का जन्म कारागार में वा एकांत में हुआ ऐसा कहना। शनि कर्क या वृश्चिक लग्न में हो और चन्द्रमा देखता हो तो खाई वा खात में जन्म हुआ कहना। नरराशि में शनैश्चर लग्न में हो और मंगल देखता हो तो शमशान के समीप जन्म हुआ कहना और नरलग्नगत शनि को शुक्र चंद्र देखते हों तो सुन्दर दर्शन योग्य रमणीक घर में बालक का जन्म कहना। बृहस्पति हो तो राजमन्दिर वा देवालय गोशाला में वा उसके समीप का जन्म कहना। बुध देखता हो तो शिल्पालय, चित्रकारी से बने हुए सुन्दर स्थान में जन्म कहना। बुद्धिमान् ज्योतिषी ग्रहों के बलाबल को देखकर फलादेश कहें।

अन्य शुभशुभ योग- मंगल शनि दोनों त्रिकोण में हो और चन्द्रमा सातवें घर में हो तो जन्मा बालक माता से जुदा हो जाए तथा ऐसे योग में चन्द्रमा पर बृहस्पति की दृष्टि हो तो माता से त्यागा हुआ बालक दीर्घायु और सुखी होता है। दशम स्थान में बुध गुरु हो, केन्द्र में सूर्य, तीसरे मंगल हो ग्यारहवें पाप ग्रह हो तो बालक को छः अंगुली है ऐसा कहना। बारहवें स्थान में चन्द्रमा मंगल हो, तो बायां नेत्र और सूर्य राहु हो तो दाहिना नेत्र बालक को दुःखित हो या नष्ट हो ऐसा कहें। मंगल, शनि, राहु पांचवें स्थान में हों तो बायें कोख में लहसुन कहना। तीसरे स्थान में शुक्र हो, मेष वा सिंह बृहस्पति हो, दसवें घर में सूर्य मंगल हो तो बालक मूक (गूंगा) होता है। कृष्णपक्ष में दिन का जन्म हो और शुक्ल पक्ष में रात्रि का जन्म हो तो छठे आठवें में बैठा हुआ चन्द्र अरिष्ट निवारक और मातृवत् पालन करने वाला होता है। चन्द्र ८वें में, मंगल सातवें में, राहु नवम स्थान में, शनि लग्न में हो, बृहस्पति तीसरे स्थान में, सूर्य पांचवें, शुक्र छठे, बुध चौथे हो तो बालक अल्पायुषी होता है। जिस बालक की जन्मकुण्डली में लग्न में बुध, शुक्र न हो, केन्द्र में बृहस्पति न हो, दशम स्थान में मंगल न हो तो वह बालक जन्म लेकर क्या कर सकता है, अर्थात् उसका जन्म व्यर्थ है। यही योग जैसे केन्द्र त्रिकोण में बुध शुक्र बृहस्पति हों, दसवें स्थान में मंगल हो तो वह बालक अपने कुल में दीपक, ज्ञानवान, दीर्घायुषी, बुद्धिमान, चतुर (किसी से ठगा नहीं जाये) ऐसा कर्त्तव्यमान्, कीर्तिमान, सर्वमानी, राज में तथा जनमानस में बहुमानी, अधिकारी महान पुरूष होता है। लग्न में शनि हो छठे चन्द्रमा और सातवें मंगल हो तो उसका पिता अधिक नहीं जीये। छठे बारहवें स्थान में पापग्रह हो या चन्द्र पापग्रह युक्त हो तो माता को अरिष्ट जानना। दशम स्थान में पापग्रह हो तो पिता को अरिष्ट जाने। दशम स्थान में पापग्रह हो और दशम में मंगल शत्रु राशि का हो तो बालक का पिता शीघ्र ही मर जाये। लग्न में गुरु, दूसरे शनि, सूर्य भौम तथा बुध हो तो बालक के विवाह समय में उसका पिता मरे। जन्म कुण्डली में सातवें राहु छठे ८वें में चन्द्रमा हो शेष ग्रहों की पापदृष्टि हो तो बालक की आयु बहुत अल्प होती है ऐसा आचार्यों का मत है। शनि के घर में सूर्य हो, सूर्य के घर में शनि हो या लग्न में मंगल, ८वें में गुरु हो तो बालक की केवल १२ वर्ष की आयु होती है। जन्म समय लग्न में छठे ८वें में बुध हो और उनका लग्नेश अष्टमेश पाप ग्रह युक्त या परस्पर सम्बन्धित हो तो बालक की चौथे वर्ष में मृत्यु होती है। मंगल के घर में बृहस्पति हो और ६।८ वें में चन्द्रमा हो तो बालक आठवें वर्ष में मृत्यु को प्राप्त होता है। लग्न से दशम में राहु हो या अष्टमेश क्षीण चन्द्रमा राहु से युक्त हो तो वह बालक माता-पिता तथा स्वयं का नाश करने वाला होता है। चन्द्र राहु के साथ न हो तो वह बालक १६ वर्ष पर्यन्त जीवित रहता है। बालक की कुण्डली में तीसरे सूर्य हो तो बड़े भाई को, शनि हो तो पीठ पर छोटे भाई को और मंगल हो तो पीठ पर के भाई को हानि करता है। यह फलित विचार करते समय ज्योतिषी को चाहिए कि ठीक समय लेकर जहां का जन्म हो वहां के सूर्योदय से तथा उसी नगर की लग्न सारिणी से लग्न साधन करें। जन्म टाईम स्टैण्डर्ड हो तो सूर्योदय स्टैण्डर्ड टाइम का लेकर इष्ट बनावें। सूर्योदय और जन्म टाइम समान जाति के लेकर इष्ट साधन करना चाहिए।

अन्य शुभशुभ योग- मंगल शनि दोनों त्रिकोण में हों और चन्द्रमा सप्तम घर में हो तो

लेकर इष्ट साधन करना चाहिए।

बाल कथावली चक्रम

प्रत्येक मन्त्र को २१ बार पढ़कर बलि को ७ बार शिर पर फिरा कर उचित स्थान पर नाम से रख आये।

किस समय कौन पूतना ग्रहण करती है	असित लक्षण	मूर्ति निर्माणार्थ द्रव्य	पूजन द्रव्य	बलि विधान व समय	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र	धूप
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	ज्वर, स्वेद मन्दस्वर, कम्पन अरुचि, अंगशोष।	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत चंदन, तिलक, श्वेत पुष्प, ५ रंग की झंडी ५, ५ दीपक, ५ आटे के सतिये, कपूर, लोहबान।	श्वेत भात, ५ पूर्ण पोली (सुहाली) १ पहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	ॐ ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै वरुणस्तथा, रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।।	राई, खस, कमल के फूल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्बपत्र, गोघृत।
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	ज्वर, हाथ- पैर अकड़ना, संकोच, दांत चबाना, नेत्र खुले, नेत्र रोग भय, कृशता।	एक सेर चावलों का आटा	१० दीपक, १० झंडी, पुष्प, चावलों के आटे के सतिये १०।	भात, एक सेर आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस संध्या समय प. दिशा में चौरास्ते पर रखना।	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चै हां हां हीं हीं हुं हुं दुष्टग्रहा गच्छन्त्वतः स्थानादुरुद्राज्ञया स्वाहा।	
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	हड़फूटन, खांसी, शिर झुकाना, श्वास, नेत्रमीलन, श्यामता, अरुचि, रूदन, नेत्रपीड़ा।	एक सेर चावलों का आटा	रक्त चंदन, रक्त पुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक १०, गेहूँ के आटे के सतिये १०।	एक सेर लाल भात, आध सेर पूर्ण पोली (सुहाली) पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	सुनन्दना विधानोक्त	लहसुन, गोश्रृंग साँप की कांचली, नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल, गोघृत।
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुखमंडिका	गात्र भंग, शिर झुकाना, खांसी, श्वांस, नेत्रमीलन, अरुचि, अनिद्रा, श्यामता।	तिल चूर्ण एक सेर	श्वेत पुष्प, श्वेत ध्वजा ५, दीपक, मिल सकें तो अर्जुनवृक्ष के पुष्प।	भात, एक सेर आटे के पूड़े, आध सेर पूर्ण पोली, सायंकाल प. दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	सुनन्दना विधानोक्त	
पंचम दिन मास वर्ष में विडालिका	पेट में दर्द, हिचकी, श्वास, अरुचि, ज्वर, शरीर में गर्मी, तेज।	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५. श्वेत ध्वजा ५, गेहूँ के आटे के सतिये।	श्वेत भात, ७ पूड़ियां सायंकाल प. दिशा में वृक्ष के नीचे रखना	ॐ भगवती ह्रीं ह्रीं हुं हुं मुंच रक्षां कुरु कुरु बलिं ग्राह्-२ अस्त्र ठः ठः चामुण्डे चण्डिके ठः ठः स्वाहा।	
षष्ठ दिन मास वर्ष में षट्कारिका	ज्वर, हड़फूटन, हँसना, कभी-कभी रोना, मोह, मुर्छा।	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५।	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली, ७ पूड़ियां १ प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर।	योगिनी विधानोक्त	कूठ, गुग्गल, राई, हाथी दांत घृत।
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	खांसी, श्वास, वमन, अरुचि, शरीर कम्पन।	चावलों का आटा एक सेर	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५।	भात, ७ पूड़ियां सायंकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर रखना।	विडालिका विधानोक्त	
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	ज्वर, मुखशोष, अरुचि, सन्ताप।	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्त चंदन, ५ रंग की झंडी ५, दीपक ५।	गेहूँ की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग, छाग मांस, संध्या में चौरास्ते पर रखना।	विडालिका विधानोक्त	
नवम दिन मास वर्ष में मदना	ज्वर, खांसी, श्वांस, शूल, अफारा, घृणा।	एक सेर गेहूँ का आटा	चंदन, पुष्प, ५ दीपक, ५ रंग की झण्डी ५।	भात, मत्स्यमांस, पापड़ी, सुहाली उत्तर में प्रातः चौरास्ते पर रखना।	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिमादाय हनहन हुं फट् स्वाहा।	गोश्रृंग, लहसुन, सांप की कांचली,निम्बपत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई, गोघृत।
दशम दिन मास वर्ष में रेवती	ज्वर, हड़फूटन, शूल, अरुचि, वमन, खांसी, श्वांस।	एक सेर गेहूँ का आटा	रक्त पुष्प, २५ झण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये।	गुड़ के घी भुने चावल, गोघृत, सायं. दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	ॐ नमो भगवते वैश्वेदेवाय हन हुं फट् स्वाहा।	
एकादश दिन मास वर्ष में सुदर्शना	ज्वर, हड़फूटन, मुखशोष, अरुचि, रोदन, कृशता।	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत पुष्प, २५ दीपक, २५ सफेद झण्डी, २५ आटे के सतिये।	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७, सायं व प्रातः दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	ॐ नमो भगवते रावणाय चन्द्र हास वज्र हस्ताय ज्वल २ दुष्ट ग्रहादीन् ॐ ह्रीं फट् स्वाहा।	
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्भुता	ज्वर, दांत चबाना, रोमांच, बहुरोदन, नेत्रपीड़ा, संताप।	चावलों का आटा एक सेर	१३ दीपक, १३ झण्डी, १३ सतिये आटे के।	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियां ७, मत्स्यमांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय २ तापय २ हुं २ हन २ दुष्टान् ह्रां ह्रुं फट् स्वाहा।	

अथ नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन				गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु	बलिद्रव्य	होम द्रव्य	करे धारणम्	जप सं०	जपनीय वेदोक्त मंत्र
अश्विनी दस्रौ	वातज्वर, गात्रपीड़ा निद्राभय, बुद्धिभ्रम	९	१ ९	२ ११	३ १०	४ २०	श्वेत चन्दन, कमल पुष्प, घृत गुग्गुल धूप, घृत दीप, क्षीर मोदक गुडनैवद्य	सुवर्ण घृत कुम्भ	गुडौदन तिल	खण्ड यव घृत	अपमार्ग मूलम्	५ सहस्र	ॐअश्विनातेजसाचक्षुः प्राणेनसरस्वतीवीर्यम्। वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रियम्।। ॐअश्विनीकुमाराभ्यां नमः।।
(भरणी) (यमः)	छर्द रोग, तीव्र ज्वर अनेक रोग, आलस्य	११	०	८०	४०	११	अगरगंध, करवीर पुष्प, घृत दीप, घृत गुग्गुल धूप, गुडोदन नैवेद्य।	गोमहिषीघृत शर्करा, छायापात्र	कृसरान्न (खिचड़ी)	घृत मधु तिलाक्षत	अगस्त मूलम्	१० सहस्र	ॐयमायत्वाङ्गिरस्वतैपितृमतेस्वाहा स्वाहा धर्माय स्वाहा धर्मः पित्रे।। ॐ यमाय नमः।।
कृत्तिका (अग्निः)	नेत्रपीड़ा, अनिद्रा अतिदाह, उरूशूल	९	९	११	१६	२८	श्वेत चन्दन गंध, जुही पुष्प, घृतदीप, घृत गुग्गुल धूप, तिलमाषान्न, बडाधीका नैवेद्य	स्वर्ण, गोदान	पायस घृत मोदक	तिलयव घृत	कार्पास मूलम्	१० सहस्र	ॐअग्निर्मूर्षादिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपा ँ रेताँ सिजिन्वति ॐअग्नये नमः।।
रोहिणी (ब्रह्मा)	शिरपीडा, ज्वर कुक्षिशूल, प्रलाप	७	७	९	१८	३०	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप घृतदीप, घृत पायस, नैवेद्य।	सप्तधान्य, कृष्णगौ दान, ५कन्याभोजन	मध्वाज्यक्षोद्र शारुयन्नक्षीर	तिलाज्य घृतयव	अपामार्ग मूलम्	५ सहस्र	ॐब्रह्मजज्ञानंप्रथमम्पुरस्ताद्विसीमतः सुरुचोवेनआवः सुबुध्न्याउपमाअस्य विष्ठाः शतश्चयोनिमसतश्चविवः ॐब्रह्मणेनमः
मृगशीर्ष (चन्द्रः)	त्रिदोष, महाकष्ट अर्द्धगात्र पीड़ा	३	९	५	७	१०	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप घृतदीप, पायस अपूपमध्वोदन नैवेद्य।	दधि, तण्डुल सवत्सा गोदान	दधि शर्करा शाल्यन्न	दधि पायस	जयन्ती मूलम्	१० सहस्र	ॐइमन्देवा असपत्न ँ सुवध्वं महतेक्षत्राय महतेज्यैष्ठायायमहते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इमममुष्यपुत्रममुष्यै पुत्रमस्यैविश एषवोऽमीराजासोमोऽस्माकं ब्राह्मणानाँ राजा ॐचन्द्रमसेनमः
आर्द्रा (शिव)	त्रिदोष, ज्वर सर्वाङ्ग पीड़ा, अनिद्रा	मृ. तु.	०	१८	०	०	श्वेत चन्दनगंध, सौरभ पुष्प, दशाङ्ग धूप घृतदीप, पायसौदन नैवेद्य।	श्यामवृषभ दान श्याम वस्त्र	दध्योदन मध्वाज्य	घृत मधु	सचंदनाङ्ग त्यमूलम्	१० सहस्र	ॐनमस्ते रुद्रमन्यव उतो त इषवे नमः। बाहुभ्यामुतते नमः। ॐरुद्राय नमः।।
पुनर्वसु (अदिति)	ज्वर, शिरपीड़ा कटिपीड़ा	७	७	१४	२	२१	हरिद्राकुंकुम गंध, सेवन्तिका पुष्प अष्टगंध धूप, घृत दीप घृताक्तपीतवर्णान्न नैवेद्य।	वस्त्र, स्वर्ण, कमल ५, ५ कन्याभोजन	साज्य पीततण्डुल	घृत तण्डुल	अर्क मूलम्	१० सहस्र	ॐअदितिद्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिमाता सपिता स पुत्रःविश्वे देवा अदितिः पञ्चजनाअदितिर्जातमदितिर्जनित्वम् ॐअदि०
पुष्य (गुरु)	ज्वर, शूल, महाकष्ट	७	७	७	१०	२१	कुंकुम गंध, कमल पुष्प, घृत गुग्गल, धूप, घृतदीप, घृतपायस, शर्करा नैवेद्य।	सुवर्ण, गौ, पीत वस्त्र	सप्तण्डक मोदक	घृत पायस	तुषार मूलम्	१० सहस्र	ॐबृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्द्युमद्विभातिक्रतु मज्जनेषु। यदीदयच्छवसऋतप्रजाततदस्मासु द्रविणं चेहि चित्रम। ॐबृहस्पतये नमः।।
आश्लेषा (सर्प)	सर्वाङ्ग पीड़ा, पाद पीड़ा, मृत्युसमकष्ट	मृ. तु.	०	०	४१	०	कुंकुम अगर गंध, अगस्त पुष्प, घृत गुग्गल धूप, घृतदीप, घृतक्षीर नैवेद्य।	सवत्सा श्याम गौ, छायापात्र	हवि दध्योदन	शर्करा घृत	पटोल मूलम्	१० सहस्र	ॐनमोस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनुः ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्यः सर्पेभ्यो नमः।। ॐ सर्पेभ्यो नमः।।
मघा (पितरः)	शिर पीड़ा, अर्द्धगात्रपीड़ा	२०	१५	७	१७	२०	श्वेत चन्दन गंध, चम्पक पुष्प, घृत गुग्गल धूप, घृतदीप, घृतमिष्टान्न नैवेद्य।	वस्त्र, तिल, माष दान	सतिलाज्य दुग्धान	तिल घृत तण्डुल	भृंगराज मूलम्	१० सहस्र	ॐपितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधानमः पितामहेभ्य स्वधायिभ्यः स्वधा नमः। प्रपितामहेभ्यस्वधायिभ्यः स्वधा नमः अक्षन्नापित्रोमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्तपितरः पितरः शुन्धध्वम्। ॐपि०
पू.फा. (भगः)	गात्र व्यथा, ज्वर, शिर पीड़ा	मृ. तु.	०	१५	०	३०	श्वेत चन्दनगंध, मालती पुष्प, घृतबिल्व धूप, घृतदीप अपूपोदनमोदक नैवेद्य।	पित्तल, यवमाषान्न, स्वर्ण, गौ दान	घृतौदन पायस	कङ्गनी तिलघृत	कष्टकारि मूलम्	१० सहस्र	ॐभगप्रणेतर्भगसत्यराधोभगेमाँधियमुदवाददन्नः। भगेप्रणोजनयगोभिरश्वैर्भगप्रनृभिर्नृवन्तःस्याय।। ॐभगायनमः।
उ.फा. (अर्यमा)	कुक्षिशूल, ज्वर शिरपीड़ा अतिकष्ट	७	७	१४	७	६०	कर्पूर, केसरगंध अर्कपुष्प, घृतगुग्गल धूप, घृतदीप, घृतपायस, नैवेद्य।	सुवस्त्र, स्वर्ण रजत, अन्न, गौदान	घृत शर्करा शाल्यन्न	तिल घृत	पटोल मूलम्	१० सहस्र	ॐदेवावधर्यूं शागतरथेनसूर्यैत्वचा मध्वायर्णो ँ समंजाथे तं प्रत्नथा यं वैनश्चित्र देवानाम।। ॐअर्यम्णे नमः।।
हस्त (सविता)	उरुशूल, अफारा सर्वांग पीड़ा प्रस्वेद	१५	१५	१७	१५	०	रक्त चन्दन, केसर गंध, कमल पुष्प, घृत गुग्गल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	सुवर्ण, पयस्विनी गौ दान	मिष्टान्न पायस	दधि घृत	जाति मूलम्	५ सहस्र	ॐविभ्राड्बृहत्पिबतु सौम्य मध्यायुर्दध ज्ञपत चविहुतमम् वातुजूतो योअभिरक्षतित्मनाप्रजाः पुपोषपुरुधा विराजति ॐसवित्रे नमः।
चित्रा विश्वकर्मा	विचित्र रोग अतिकष्ट	११	११	९	९	१६	केसर गंध, विचित्रवर्ण पुष्प, घृत गुग्गल धूप, घृतदीप, विचित्रान्नमोदक नैवेद्य।	तिल, गुड़, विचित्र वृषभ, छायापात्र	विचित्रान्न घृत	तिलाज्य घृत तण्डुल	मखब्र मूलम्	१० सहस्र	ॐत्वष्टातुरीयोअद्भुतइन्द्रागनी पुष्टिवर्द्धनम्। द्विपदाछन्दऽइन्द्रियमुक्षागौत्रवयोदधः।। ॐविश्वकर्मणे नमः।।

अथ नक्षत्र कथावली

13- ~~प्रायश्चित्त~~, कलशयात्रा, महेश्वर यज्ञ

14 — ~~प्रायश्चित्त~~, पंचांग, ~~[illegible]~~ मण्डप प्रवेश

वास्तु, ~~अग्नि स्थापन~~, गृह स्थापन,

15 — पंचांग, वास्तु गृह आवाहित देवताओं का पूजन, योगिनी, क्षेत्रपाल, प्रधान पीठ

कारस्थापन पूजन, रुद्रस्वाहाकार (यज्ञ)

16 — आवाहित देवता पूजन, रुद्रस्वाहाकार - 2

17. भारतीय संस्कृति एवं धर्मानुरागी भक्त जनों के लिए यह बड़ा पुण्य का

18. अवसर है कि देवभूमि हिमालय में १४ जून २००८ से महामाहेश्वर यज्ञ एवं

श्रीमद्देवी भागवत पारायण एवं कथा प्रवचन का आयोजन किया जा

रहा है। अपने सभी धर्मप्रेमी सज्जनों से प्रार्थना है कि

19. इस शुभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में

आमंत्रित होकर और यज्ञ भगवान की न्यूनतम

20. १०८ परिक्रमा लगाकर पुण्य प्राप्त करें। यज्ञ भगवान

अपने सबके मनोरथ पूर्ण करेंगे। — कार्यक्रम इस प्रकार है —

21. बलिदान, पूर्णाहुति

9323113511500

5 । महामाहेश्वर यज्ञ एवं श्रीमद्देवी भागवत प्रारम्भ एवं कथा प्रवचन

वैदिक समाज (पञ्जी०)

वेदाचार्य रामजीलाल पालीवाल साङ्गवेद विद्यालयः

४६, संगमविहार, नजफगढ़, नई दिल्ली-४३, दूर०-०९८६८५८९९७६

संस्थापकः-
स्व० पं० प्रेमदत्त शास्त्री
अध्यक्षः-
श्री दिनेश चतुर्वेदी
उपाध्यक्षौ-
डॉ० प्रेमकुमार शर्मा
श्रीमती देवरानी शर्मा
महासचिवः-
डॉ० कीर्त्तिकान्तः शर्मा
सचिवः-
पं०अम्बाप्रसादपालीवालः
कोषाध्यक्षः-
पं०विद्याप्रसादमिश्रः
सदस्याः-
श्री जगदीश पालीवाल
डॉ० रमाकान्त शुक्ल
डॉ० दिवाकरदत्त शर्मा
डॉ० अनिल मुद्गल
श्री भूपेन्द्रमोहन पालीवाल

॥ श्रीः ॥

विक्रमी सम्वत्सर संख्या २०६५ शालिवाहन शक सम्वत् १९३० तथा प्रभवादि षष्टि संवत्सरों में **प्लव** नामक नये संवत्सर का शुभागमन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि को हो रहा है। आप सभी वैदिकधर्मानुरागी सज्जनों को इस नवसंवत्सर के शुभागमन की पुण्य वेला पर अनन्त शुभ मङ्गल कामनाएँ।

जयतु वेदः जयतु भारती

अजयशर्मा
6-6-77 at- 4.40-45 pm
Delhi आशुप्र

मङ्गलकामः-
वैदिकसमाजः

घाततिथिर्घातवारः घातनक्षत्रमेव च।
यात्रायां वर्जयेत्ताञ्जैरन्यकर्मसुशोभनम्॥

अथ घातचक्र

यह घातचक्र द्यूत, प्रवास, राजदर्शन और यात्रा में वर्ज्य करें।
विवाह व उपनयनादि में यह घातचक्र वर्ज्य नहीं है।

राशि	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनुः	मकर	कुम्भ	मीन
घातमास	कार्तिक	मार्गशीर्ष	आषाढ़	पौष	ज्येष्ठ	भाद्रपद	माघ	आश्विन	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गुन
घाततिथि	१।६।११	५।१०।१५	२।७।१२	२।७।१२	३।८।१३	५।१०।१५	४।९।१४	१।६।११	३।८।१३	४।९।१४	३।८।१३	५।१०।१५
घातवार	रविवार	शनिवार	सोमवार	बुधवार	शनिवार	शनिवार	गुरुवार	शुक्रवार	शुक्रवार	मंगलवार	गुरुवार	शुक्रवार
घातनक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनुराधा	मूल	श्रवण	शततारका	रेवती	भरणी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा
घातयोग	विष्कंभ	शुक्ल	परिघ	व्याघात	धृति	शुक्ल	शुक्ल	व्यतिपात	वज्र	वैधृति	गंड	वज्र
घातकरण	बव	शकुनि	कौलव	नाग	बव	कौलव	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तुघ्न	चतुष्पाद
प्रहर	१	४	३	१	१	१	४	१	१	४	३	४
पुरुषघातचक्रः	मेष	कन्या	कुम्भ	सिंह	मकर	मिथुन	धनुः	वृषभ	मीन	सिंह	धनुः	कुम्भ
स्त्री घातचक्रः	मेष	धनुः	धनुः	मीन	वृश्चिक	वृश्चिक	मीन	धनुः	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	कुम्भ

नामाक्षरों से वैरवर्ग देखने का कोष्ठक। स्वकीय-वर्ग से पंचम वर्ग वैरी समझना

अ इ ई उ ए	क ख ग घ ङ	च छ ज झ ञ	ट ठ ड ढ ण	त थ द ध न	प फ ब भ म	य र ल व	श ष स ह
गरुड़	मार्जार	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	मृग	मेंढ़ा

अवकहडाचक्र (नक्षत्र, राशि, स्वामी, वर्ण वश्य, नाड़ी, योनि, गणबोधकचक्र)

नक्षत्र	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशीर्ष	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुष्य	अश्लेषा
नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी
योनि	अश्व योनी	गज योनी	मेष योनी	सर्प योनी	सर्प योनी	श्वान योनी	मार्जार योनी	मेष योनी	मार्जार योनी
गण	देव गण	मनुष्य गण	राक्षस गण	मनुष्य गण	देव गण	मनुष्य गण	देव गण	देव गण	राक्षस गण
चरणांक	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४
चरणाक्षर	चू चे चो ला	ली लु ले लो	अ इ उ ए	ओ वा वी वू	वे वो क की	कू घ ङ छ	के को हा ही	हू हे हो डा	डी डू डे डो
राशि	मेष		वृष		मिथुन		कर्क		
राश्यधिपति	मंगल		शुक्र		बुध		चन्द्र		
वर्ण	क्षत्रिय वर्ण		वैश्य वर्ण		शूद्र वर्ण		विप्र वर्ण		
वश्य	चतुष्पाद		चतुष्पाद		मानव		जलचर		

नक्षत्र	मघा	पूर्वाफाल्गुनी	उत्तरा फाल्गुनी	हस्त	चित्रा	स्वाति	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा
नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	आद्या नाड़ी
योनी	मूषक योनी	मूषक योनी	गो योनी	महिष योनी	व्याघ्र योनी	महिष योनी	व्याघ्र योनी	मृग योनी	मृग योनी
गण	राक्षस गण	मनुष्य गण	मनुष्य गण	देव गण	राक्षस गण	देव गण	राक्षस गण	देव गण	राक्षस गण
चरणांक	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४
चरणाक्षर	मा मी मू मे	मो टा टी टू	टे टो पा पी	पू ष ण ठ	पे पो रा री	रू रे रो ता	ती तू ते तो	ना नी नू ने	नो या यी यू
राशि	सिंह		कन्या		तुला		वृश्चिक		
राश्यधिपति	सूर्य		बुध		शुक्र		मंगल		
वर्ण	क्षत्रिय वर्ण		वैश्य वर्ण		शूद्र वर्ण		विप्र वर्ण		
वश्य	वनचर		मानव		मानव		कीटक		

नक्षत्र	मूला	पूर्वाषाढ़ा	उत्तराषाढ़ा	श्रवण	धनिष्ठा	शततारका	पूर्वाभाद्रपदा	उत्तराभाद्रपदा	रेवती
नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी
योनि	श्वान योनी	वानर योनी	नकुल योनी	वानर योनी	सिंह योनी	अश्व योनी	सिंह योनी	गो योनी	गज योनी
गण	राक्षस गण	मनुष्य गण	मनुष्य गण	देव गण	राक्षस गण	राक्षस गण	मनुष्य गण	मनुष्य गण	देवगण
चरणांक	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४
चरणाक्षर	ये यो भा भी	भू धा फा ढा	भे भो जा जी	खी खू खे खो	गा गी गू गे	गो सा सी सू	से सो दा दी	दू थ झ ञ	दे दो चा ची
राशि	धनु		मकर		कुम्भ		मीन		
राश्यधिपति	गुरु		शनि		शनि		गुरु		
वर्ण	क्षत्रिय वर्ण		वैश्य वर्ण		शूद्र वर्ण		विप्र वर्ण		
वश्य	मानव		जलचर		मानव		जलचर		

अथ पुरुषजन्मकुण्डल्यां तन्वादिभावस्थ ग्रहफलम्

ग्रहाः	तनुः १	धनं २	भ्रातः ३	सुखं ४	पुत्रः ५	शत्रुः ६	स्त्री ७	मृत्यु ८	धर्म ९	कर्म १०	लाभः ११	व्यय १२
सूर्यः	शूरः	धनी	सुखी	दुःखी	अपुत्रः	बली	स्त्रीजित्	अल्पायुः	सुखी	शूरः	धनी	पतितः
चन्द्रः	जड़ः	कुटुम्बी	क्रूरः	सुशीलः	पुत्रवान्	अल्पायुः	ईर्ष्यालुः	रोगी	सुभगः	धीरः	ख्यातः	हीनांग
भौमः	व्रणीः	कुटिलः	विक्रमी	पीड़ितः	अपुत्रः	शत्रुजित्	स्त्रीपीड़ा	रोगी	पापात्मा	सुखी	धनाढ्य	पतितः
बुधः	विद्वान्	धनी	दुर्जनः	सुखी	मन्त्री	दुःशीलः	धर्मज्ञः	गुणी	पुत्रवान्	विक्रमी	धनी	जड़ः
गुरुः	चिरायुः	धनी	कृपणः	सुखी	प्रतापी	कामी	प्रसिद्धः	अल्पायुः	पुत्रवान्	सुकृतिः	धनी	दरिद्रः
शुक्रः	सुखी	धनी	पापी	सुखी	धीमान्	रोगी	क्रोधी	नीचः	प्रतापी	सुमतिः	धनाढ्यः	खलः
शनिः	रोगी	वक्ता	विक्रमी	दुःखी	दरिद्रः	सुखी	दुःखी	नेत्ररोगी	सुखी	पराक्रमी	धनी	दुखी
राहुः	रोगी	विरोधी	विक्रमी	दुःखी	दुर्भगः	बली	अशुचिः	गतायुः	दैन्यं	मानी	ख्यातः	पतितः
केतुः	अल्पायुः	धर्महा	शूरः	दुःखी	अपुत्रः	बली	दारहा	क्लेशी	पापी	अधर्मी	धनी	दुर्जनः

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां तन्वादिभावस्थ ग्रहफलम्

ग्रहाः	तनुः १	धनं २	भ्रातः ३	सुखं ४	पुत्रः ५	शत्रुः ६	पतिः ७	मृत्यु ८	धर्मः ९	कर्म १०	लाभः ११	व्यय १२
सूर्यः	सक्रोधा	निर्धना	सुपुत्रा	सपीड़ा	अपुत्रा	धनाढया	दुःखार्त्ता	विधवा	धर्मिष्ठा	सती	सधना	सक्रोधा
चन्द्रः	अल्पायुः	सधना	सुखिनी	दुर्भगा	सुपुत्रा	रोगिणी	पतिप्रि.	दुःखार्त्ता	सुखिनी	धन्या	गुणिनी	हीनांगी
भौमः	दुःखार्ता	वन्ध्या	अभ्रातृ	दुःखिनी	अपुत्रा	नीरोगा	विधवा	कुलटा	दुःखिनी	कुपुत्रा	सधर्मा	दुष्टा
बुधः	सुभगा	धनाढया	सुखिनी	सुगृहा	सुबुद्धिः	सक्रोधा	सती	कृतघ्ना	सुधर्मा	सुधर्मा	सुलाभा	कृशांगी
गुरुः	सती	सधना	भ्रातृम०	सुखिनी	साध्वी	सापदा	सुकीर्ति	रोगिणी	पुत्राढया	सुभगा	सुरुपा	सद्व्यया
शुक्रः	सुखिनी	सहर्षा	धनाढ्या	सुकीर्त्ति	सुसुता	दरिद्रा	पतिप्रिय	प्रमत्ता	सुपुण्या	सुकर्मा	सुपुत्रा	सद्व्यया
शनिः	वन्ध्या	निर्धना	दक्षा	हृद्रोगा	अपुत्रा	सुगुणा	विधवा	दुःखार्त्ता	वन्ध्या	पापा	सुलाभा	मूड़ा
राहुः	अपुत्रा	दरिद्रा	धनाढ्या	रोगार्त्ता	अपुत्रा	धनाढया	दुःखार्त्ता	क्लेशिनी	वन्ध्या	कुकर्मा	सुभगा	खला
केतुः	दुःखार्ता	शोकार्त्ता	रोगाढ्या	मातृहीना	विपुत्रा	धनाढया	विधवा	सदुःखा	शोकार्त्ता	पापा	सुभगा	सरोगा

अथ सूर्यादिग्रहाणां गोचरफलम्

ग्रहाः	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्यः	स्थानाश	भयं	श्रीः	मानभंग	दैन्य	विजयः	मार्गः	पीड़ाः	सुकृना	सिद्धिः	धनलाभ	द्रव्य नाश
चन्द्रः	धनलाभ	सन्तोष	सुखं	रोगः	ज्ञानवृ.	धनलाभ	स्त्री लाभ	रोगः	धर्म लाभ	सौख्यं	धनलाभ	धन नाश
भौमः	शत्रुभीः	धननाश	धनलाभ	शत्रुभीः	पुत्रकष्ट	धनलाभ	स्त्री कष्ट	शत्रुभीः	शत्रु पीडा	शोकः	धनलाभ	धन नाश
बुधः	सुख	धनलाभ	शत्रु भीः	पशुलाभ	सुखं	स्थानला.	पीड़ा	धन लाभ	पीड़ा	सौख्यं	धनलाभ	धन नाश
गुरुः	भय	धनलाभ	क्लेश	धनलाभ	सुखं	शोकः	राजमा	पीड़ा	सौख्यं	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्रः	शत्रुनाश	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्र लाभः	शत्रुभीः	शोकः	धन लाभ	वस्त्रलाभ	दुःख	धनलाभ	धनलाभ
शनिः	मयं	धननाश	एश्वर्य	शत्रु भीः	पुत्र कष्ट	धन लाभ	दोषः	पीड़ा	धर्मनाश	दौर्मन	धनलाभ	धनलाभ
राहुः	हानिः	धननाश	धन लाभ	वैर	शोकः	श्रीः	क्लहः	मृत्युः	दुःख	वैर	सुख	शोकः
केतुः	रोगः	वैर	सुखं	भयं	सुखं	धन लाभ	क्लहः	रोगः	पापं	शौकः	कीर्ति	शत्रु भीः

अथ वर्षकुण्डल्यांतन्वादिभावस्थ ग्रहफलम्

ग्रहाः	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्यः	चिन्ता	नृपभीः	धन लाभ	हानिः	कष्टम्	शत्रु नाश	पीड़ा	कष्टम्	धर्मनाश	सुख	धनलाभ	पीड़ा
चन्द्रः	पीड़ा	धनलाभ	हर्षः	शत्रुनाश	सुखम्	पीड़ा	कष्टम्	दुःखम्	भाग्योदय	विजयः	धनलाभ	व्यग्रः
भौमः	प्रणाः	धननाश	जयः	व्यसर्न	दुर्भति	शत्रुनाश	स्त्रीकष्ट	पीड़ा	पुण्योदय	राज्यलाभ	धनलाभ	विरोध
बुधः	सोख्यम्	धनलाभ	सुखम्	द्रव्यलाभ	पुत्र लाभ	क्लेह	धनलाभ	व्यग्रता	सुखम्	मानलाभ	सुखलाभ	रोग
गुरुः	सुखम्	धनलाभ	जयः	वाह.लाभ	पुत्रः प्रा.	अष्टम्	सुखम्	रोग	धर्म लाभ	राज्यलाभ	धनलाभ	शोकः
शुक्रः	मानप्रा.	धनप्राप्ति	कीर्तिलाभ	सुखलाभ	धन लाभ	शत्रुभीः	स्त्री सुख	कष्टम्	धर्मोदय	मानलाभ	क्षेमलाभ	व्यय
शनिः	वातार्ति	पीड़ा	धन लाभः	दुःखम्	पुत्र पीड़ा	जयः	स्त्री कष्ट	रोग	भाग्याहा	धनहानि	धनलाभ	चिन्ता
राहुः	शिरोर्ति	राजभीः	सुखम्	दुःखम्	बुद्धिनाश	शत्रुनाश	रोगभी.	कष्टम्	धर्म हानि	विजय	सुलाभ	व्याधि
केतुः	चिन्ता	क्लेशः	आरोग्य	राजभीः	दुर्बुद्धि	सुखम्	क्लेश	पीड़ा	भाग्यानाः	धनलाभ	लाभः	शोकः
मुन्धाः	सुखम्	यशोऽर्थः	पुष्टिः	दुःखम्	सुखप्राप्ति	कष्टम्	व्यसर्न	दुःखम्	भाग्योदय	राज्यप्राप्ति	लाभः	कष्टम्

अंगस्फुरणफलम्

पुरुषों का दायां अङ्ग और स्त्रियों का बायां अङ्ग फड़कना शुभ है। इन्हीं अङ्गों में तिल, लहसुन, मस्सा हो या खुजली उठे तो भी चक्रोक्त फल जानना। पैर के तलुओं में खुजली उठे तो यात्रा हो। राजाओं के हाथ में तिल या खाज उठे तो जय होती है। साधारण व्यक्ति को लाभ होता है।

स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल
मस्तक ललाट	पृथ्वीलाभ स्थानलाभ	स्कन्ध भु मध्य	भोगसमृद्धि सुख प्राप्ति	कपोल नेत्र	शुभाप्ति धनाप्ति	हस्त नेत्रोर्ध्व	द्रव्य-लाभ विजय	पादोपरि वक्षः स्थल	स्थानलाभ विजय	हृदय कटि	इष्ट सिद्धि प्रमोद	नामि आंत्रिक	स्त्री नाश कोषवृद्धि	भग कुक्षि	पति प्राप्ति सुप्रीति	उदर लिंग	कोषलाभ स्त्रीलाभ

ग्रहाः गौचराद्यैर्दशाक्रमाद्यैर्ग्रहकृतानिष्टफलशमनार्थं प्रत्येकग्रहाणां दानपदार्थाः

सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूँ	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केसर	मूंगा	रक्तगौ	रक्त चन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	सू. उ.	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेत वस्त्र	श्वेत पुष्प	शंख	कपूर	श्वेत बैल	श्वेत चन्दन	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चंद्रमसे नमः	संध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्त वस्त्र	रक्तकनेर	केसर	कस्तूरी	रक्त बैल	रक्त चन्दन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रों सः भौमाय नमः	घ. २	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरा वस्त्र	सर्व पुष्प	हाथी दांत	कपूर	शस्त्र	फल	९०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घ. ५	अपा मार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचणे	खांड	घी	पीत वस्त्र	पीत पुष्प	हल्दी	पुस्तक	घोड़ा	पीतफल	१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरुवे नमः	संध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेत वस्त्र	श्वेत पुष्प	सुगन्ध	दधि	श्वेत घोड़ा	श्वेत चन्दन	१६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सू.उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	तिल	तेल	कृष्ण वस्त्र	कृष्ण पुष्प	कस्तूरी	कृष्णगो	भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	संध्या	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तेल	नील वस्त्र	कृष्ण पुष्प	खड्ग	कंबल	घोड़ा	शूर्प	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	रात्रौ	दूर्वा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तेल	धूम्र वस्त्र	धूम्र पुष्प	नारियल	कंबल	कबरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः	रात्रौ	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेत वस्त्र	श्वेत पुष्प	कर्पूर	मिसरी	श्वेत चन्दन	हाथी दांत	मुथेशवत्	मुन्थेश मन्त्र	मुन्थेशकाले	

सूर्यादिग्रहपीडासु स्नानार्थमौषधानि- (यथा सिद्धौषधै रोगन्नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्। तथा स्नानविधानेन ग्रहदोषः प्रणश्यति।।)

सूर्य	चन्द्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मनशिला इलायची देवदारू खश, केशर मुलठ्ठी रक्त पुष्प रक्तकनेर	पञ्चगव्य गजमद शंख सिप्पी श्वेत चन्दन स्फटिक	बिल्वछाल रक्त चन्दन धमनी रक्त पुष्प सिंगरफ माल कंगनी मौलसिरी	गोबर अक्षत फल गोरोचन मधु मोती सुवर्ण	मालती पुष्प श्वेत सरसों मुलहठी मधु मालती	इलायची मनशिला सुवृक्षमूल केशर	कालेतिल सुरमा लोबान धमनी सौंफ मुत्थरा खिल्लां	लोबान तिल पत्र मुत्थरा गजदन्त कस्तूरी	लोबान तिल पत्र मुत्थरा गजदन्त छागमूत्र

सप्त धान्य- उड़द १, मूंगी २, कणक- (गेहूँ) ३, छोले (चने) ४, जौ ५, धान्य (तण्दुल) ६, कंगनी ७।।

सर्वग्रहाणां दोषोपशान्तये सामान्यमौषधिस्नानम्

लाजवन्ती (छुईमुई) कूट, खिल्लां, कांगनी, जव सरसों, देवदारू, हल्दी, सर्वौषधी, लौध इन सब औषधियों के जल से सतीर्थोदक स्नान करनेसे सब ग्रहों की पीड़ा नाश होती है, तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं उनके करने से शांति होती है। गुरु के वचन, देवता ब्राह्मणों की वन्दना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः)।।

शनि विचार- गोचरे द्वादशे नेत्रे हृदये जन्मधे शनिः। द्वितीये गुल्मयोर्मध्ये वृषा नादौ च विलोमतः।। **फलं-** नेत्रस्थे शत्रुसन्तापो हृद मानसीव्यथा, चरणे भ्रमणं देशे देशः संचारयेच्छनिः।। **अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्-** कल्याणीं प्रवदन्ति वै रविसुतो राशेश्चतुर्थाष्टमे, व्याधिं बन्धुविरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्यु चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्निर्भयं, लोहं शस्त्र भयं, सदैवमसुखं कुर्यादसौ सर्वदा।।१।। **अथ वृहत् कल्याणी (साढ़ेसाती) फलम्-** राशौ द्वादश (१२) मूर्धि जन्म (१) हृदये पादौ द्वितीये (२) शनिर्नाना क्लेश करोति दुर्जनभयं पुत्रान्यशून्यीड़येत्। हानिः स्यान्मरणं विदेशगमनं सौख्यं च साधारणम्। राभाऋद्धि विनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाथवा।।२।।

अथ ग्रहाणां राशि प्रवेश समये पाद निर्णय- किसी ग्रह का राशि प्रवेश समय में पाद देखना हो तो अपनी राशि से जिस दिन ग्रह बदलता हो उस दिन जिस राशि में चन्द्रमा हो उस राशि तक गिनें, वह संख्या १।५।९ हो तो रजतपाद, ३।७।१० में ताम्रपाद, १।६।११ में सुवर्णपाद, ४।८।१२ में लोहपाद जानना। गुरु सुवर्णपाद में शनि लोहपाद में, मङ्गल ताम्रपाद में, शुक्र रजतपाद में शुभ होते हैं। शनिवाहन- जन्म नक्षत्र से जिस दिन शनि बदले उस दिन के नक्षत्र तक गिनकर ९ का भाग देवें, शेष क्रमशः शनि का वाहन समझें- १ गर्दभ, २ अश्व, ३ हस्ति, ४ महिष, ५ जम्बूक, ६ सिंह, ७ छाग, ८ मयूर, ९ हंस। इसमें वाहनों के गुणानुसार फल समझें।

स्थानभ्रंशं विदेशगमनं सौख्यं च साधारणम्। राजाऋद्धि विनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाधवा।।२।।

क्रमशः शनि का वाहन समझें- १ गर्दभ, २ अश्व, ३ हस्ति, ४ महिष, ५ जम्बूक, ६ सिंह, ७ छाग, ८ मयूर, ९ हंस। इसमें वाहनों के गुणानुसार फल समझें।

अथ ग्रहाणां विंशोत्तरीय महादशायामन्तर्दशाज्ञानाय चक्रमिदम्

सूर्य दशा वर्ष ६	चन्द्र दशा वर्ष १०	भौम दशा वर्ष ७	राहु दशा वर्ष १८	गुरु दशा वर्ष १६	शनि दशा वर्ष १९	बुध दशा वर्ष १७	केतु दशा वर्ष ७	शुक्र दशा वर्ष २०
कृ. उ.फा. उ.षा. तन्मध्येऽन्तरम्	रो. ह. श्रवण तन्मध्येऽन्तरम्	मृ. चि. ध. तन्मध्येऽन्तरम्	आर्द्रा स्वा. श. तन्मध्येऽन्तरम्	पुन. वि. पूभा. तन्मध्येऽन्तरम्	पु. अनु. उ.भा. तन्मध्येऽन्तरम्	अश्ले. ज्ये. रे. तन्मध्येऽन्तरम्	म. मू. अश्वि. तन्मध्येऽन्तरम्	पूफा. पूषा. भ. तन्मध्येऽन्तरम्

ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
र	०	३	१८	चं	०	१०	०	मं	०	४	२७	रा	२	८	१२	बृ	२	१	१८	श	३	०	३	बु	२	४	२७	के	०	४	२७	शु	३	४	०
चं	०	६	०	मं	०	७	०	रा	१	०	१८	बृ	२	४	२४	श	२	६	१२	बु	२	८	९	के	०	११	२७	शु	१	२	०	र	१	०	०
मं	०	४	६	रा	१	६	०	बृ	०	११	६	श	२	१०	६	बु	२	३	६	के	१	१	९	शु	२	१०	०	र	०	४	६	चं	१	८	०
रा	०	१०	२४	बृ	१	४	०	श	१	१	९	बु	२	६	१८	के	०	११	६	शु	३	२	०	र	०	१०	६	चं	०	७	०	मं	१	२	०
बृ	०	९	१८	श	१	७	०	बु	०	११	२७	के	१	०	१८	शु	२	८	०	र	०	११	१२	चं	१	५	०	मं	०	४	२७	रा	३	०	०
श	०	११	१२	बु	१	५	०	के	०	४	२७	शु	३	०	०	र	०	९	१८	चं	१	७	०	मं	०	११	२७	रा	१	०	१८	बृ	२	८	०
बु	०	१०	६	के	०	७	०	शु	१	२	०	र	०	१०	२४	चं	१	४	०	मं	१	१	९	रा	२	६	१८	बृ	०	११	६	श	३	२	०
के	०	४	६	शु	१	८	०	र	०	४	६	चं	१	६	०	मं	०	११	६	रा	२	१०	६	बृ	२	३	६	श	१	१	९	बु	२	१०	०
शु	१	०	०	र	०	६	०	चं	०	७	०	मं	१	०	१८	रा	२	४	२४	बृ	२	६	१२	श	२	८	९	बु	०	१२	२७	के	१	२	०

त्रिराशिपति चक्रम						
मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कं.	तु.
मृ.	शु.	श.	शु	गु.	च.	बु.
गु.	चं.	बु.	म.	सू.	शु.	श.
वृ.	ध.	म.	कु.	मी.	राशयः	
मं.	श.	मं.	गु.	चं.	हि.	प.
शु.	श.	मं.	गु.	चं.	रा.	प.

दशा का भुक्त भोग्य- गत नक्षत्र की घट्यादि को ६० में से घटाकर इष्ट घटी जोड़ने से भयात होता है। ६० में से घटाये हुए अंकों में प्रवेत्र नक्षत्र की घट्यादि जोड़ने से भभोग होता है। भयात और भभोग की घटियों को ६० से गुणाकर फल बना लें, भयात की पलों को दशा के वर्षों से गुणा कर भभोग की पलों से भाग देवें, लब्ध अंक वर्ष। शेषांक को १२ से गुणें, भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध मास, फिर शेष को ३० से गुणा कर भभोग की पलों से भाग दें लब्ध दिन आवेंगे। यह दशा के भुक्त वर्षादि होंगे। इन्हें दशा के वर्षों में से घटाने पर भोग्य दशा होगी।

योगिनी दशाऽन्तर्दशाज्ञानाय चक्रमिदम्

मंगला १	पिंगला २	धान्या ३	भ्रामरी ४	भद्रिका ५	उल्का ६	सिद्धा ७	संकटा ८
श्र. आर्द्रा चित्रा	ध. पुनर्वसु स्वाति	श. पुष्य विशा.	अश्वि अश्ले अनु. पूभा.	भर. मघा ज्ये. उ. भा.	कृ. पूफा. मृ. रे.	रो. उ. फा. पू. षा.	मृग. हस्त उ. षा.

मा.	१२	चं.	मा.	२४	सू.	मा.	३६	गु.	मा.	४८	मं.	मा.	६०	बु.	मा.	७२	श.	मा.	८४	शु.	मा.	९६	के.
मं.	०	१०	पिं.	१	१०	धा.	३	०	भ्रा.	५	१०	भ.	८	१०	उ.	१२	०	सिं.	१६	१०	सं.	२१	१०
पिं.	०	२०	धा.	२	०	भ्रा.	४	०	भ.	६	२०	उ.	१०	०	सिं.	१४	०	सं.	१८	२०	मं.	२	२०
धा.	१	०	भ्रा.	२	२०	भ.	५	०	उ.	८	०	सिं.	११	२०	सं.	१६	०	मं.	२	१०	पिं.	५	१०
भ्रा.	१	१०	भ.	३	१०	उ.	६	०	सिं.	९	१०	सं.	१३	१०	मं.	२	०	पिं.	४	२०	धा.	८	०
भ.	१	२०	उ.	४	०	सिं.	७	०	सं.	१०	२०	मं.	१	२०	पिं.	४	०	धा.	७	०	भ्रा.	१०	२०
उ.	२	०	सिं.	४	२०	सं.	८	०	मं.	१	१०	पिं.	३	१०	धा.	६	०	भ्रा.	९	१०	भ.	१३	१०
सिं.	२	१०	सं.	५	१०	मं.	१	०	पिं.	२	२०	धा.	५	०	भ्रा.	८	०	भ.	११	२०	उ.	१६	०
सं.	२	२०	मं.	०	२०	पिं.	२	०	धा.	४	०	भ्रा.	६	२०	भ.	१०	०	उ.	१४	०	सि.	१८	२०

पल्लीपतने (छिपकली के गिरने पर) शुभ तिथिवार नक्षत्र- यदि छिपकली १।२।३।५।६।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में गिरे तो तो श्रेष्ठ लाभदायक है। तथा चं. बु. गु. शु. इन चारों में भी शुभ फल होता है। अश्वि. रो. मृ. पु. पुन. उफा. ह. चि. स्वा. ध. रे. अनु. श. ये नक्षत्र शुभ फलदायक हैं। इनके अतिरिक्त तिथि नक्षत्र वारादि में छिपकली गिरे तो अशुभ होता है। पल्लीपातेकर्त्तव्य कर्म्म- पल्ली (किरली) तथा सरट (गिरगट) स्पर्श पर वस्त्र-सहित स्नान करें। जन्म नक्षत्र, मृत्यु योग, दग्ध दिन, भद्रा आदि से दूषित दिन को पापग्रहयुक्त लग्न में तथा अष्टम चन्द्रमा में पल्ली आदि के स्पर्श होने से अरिष्ट होता है उसकी शांति के लिए जप, होम, मृत्युञ्जय का जप वा तिल स्वर्णदान पंचगव्य से स्नान तथा घृत काछयापात्रदान करना भी उचित है।

अथांङ्ग विभागे पल्ली (छिपकली कोढ़किरली) पतन फलम्

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
शिरसि	राज्यलाभः	भ्रू मध्ये	राज्य संबंधः	वामपादे	नाशः
नासाग्रे	व्याधिः	वामकर्णे	बहुलाभः	प्रधरोष्ठे	ऐश्वर्यलाभः
वामभुजे	राज्यभयं	स्तनयोः	दौर्भाग्यम्	दक्षिणभुजे	नृपतुल्यताः
जानुद्वये	शुभागमः	हस्तयोः	वस्त्र लाभः	पृष्ठदेशे	बुद्धिनाशः
कटिभागे	अश्वलाभः	वा. मणिबंधे	कीर्तिनाशः	नाभौ	बहुधनम्
गुल्फद्वये	बन्धनम्	दक्षिणपादे	गमनम्	मुखे	मिष्ठान्नभोजन
ललाटे	बंधुदर्शनम्	उत्तरोष्ठे	धननाशः	पादमध्ये	स्त्रीनाशः
द.कर्णे	आयुवृद्धि	नेत्रयोः	धनाप्तिः	पादान्ते	मृत्युः
कण्ठे	शत्रुनाशः	उदरे	भूषणलाभः	केशान्ते	मरणम्
जंघयोः	शुभम्	स्कन्धयोः	विजयः	नखेषु	धान्यलाभः
द.मणिबंधे	मनस्तोषः	हृदये	धनलाभः	दक्षांगुष्ठे	धनलाभः

छिक्का फल- छिक्का प्रायः सब दिशाओं की नेष्ट होती है। गौ की छिक्का मरण करती है। मदिरा के योग से अथवा "छींक सूंघनी छलकर लीन्हीं। पीनस, सर्दी, धांस फल हीनों।। छींक पीठ की कुशल उचारे। बांई कारज सबै सवारे।।१।। सम्मुख छींक लड़ाई भाषै, छींक दाहिनी द्रव्य विनाशे।।२।। ऊंची छींक कहे जयकारी, नीची छींक होये भयकारी। अपनी छींक महादुखदायी, ऐसे छींक विचारो भाई।।३।। कन्या, विधवा, मालिन, धोबिन, रजस्वला, वेश्या, चमारी की छींक विशेष अशुभप्रद होती है। भोजनान्त में छींक होय तो दूसरे दिन प्रिय भोजन मिले। शयन के समय और सन्ध्यावन्दन जपादि के आरम्भ में छींक अशुभ नहीं होती।

विविध मुहूर्त्ता:

अथ स्त्रीणामाद्यरजोदर्शने शुभाशुभ विचार:

शुभ मासा: - वैशाख, श्रावण, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन मास और शुक्ल पक्ष श्रेष्ठ है।

शुभ तिथि- १।२।५।७।१०।११।१३।१५, कृष्णपक्ष में दशमी पर्यन्त मध्यम, उपरान्त नेष्ट। चन्द्र, बुध, गुरु शुक्रवार श्रेष्ठ। अश्विनी, रो. मृ. पूष्य. उत्तरा ३ ह. चि. स्वा. अनु. श्र. श. ध. रे. नक्षत्र शुभ। पुन. कृ. म. वि. मू. नक्षत्र मध्यम, अन्य अशुभ। वृ. मि. कर्क, कं. तुला ध. मी. लग्न शुभयुक्त तथा शुभ दृष्ट हों तो प्रथम रजोदर्शन शुभ है।

अशुभ समय- अष्टमी, द्वादशी, षष्ठी, रिक्ता, अमावस, संक्रांति, भद्रा, व्यतिपात, वैधृति ग्रहण, मार्ग में, कुदेश, उत्पात का समय इन योगों में प्रथम रजोदर्शन होवे तो अनिष्ट है। इसका यथा विधि जाति विधान करने पर शुभ होवे।

स्नान मुहूर्त्त- ह. स्वा. मृ. अश्विनी अनु. ध. रो. उत्तरा ३. पु. शुभ तिथि, शुभ वार में कुयोग रहित समय में, लग्नबल देख शुभनवांश में, प्रथम ऋतुमती स्नान करें।

अथ गर्भाधान मुहूर्त्त विचार- रजो दर्शन की ४ रात्रि को छोड़कर समरात्रि में, रो. मृ. ह. स्वा. अनु. श्र. ध. श. नक्षत्र तथा मेष कर्क सिंह तुला ध. म. इन लग्नों में, लग्न से ३।६।११ वें में पाप ग्रह और र.मं.गु. लग्न को देखें तथा विषम राशि नवांश में हो, पति पत्नि को चन्द्र शुभ हो, ऐसे समय में गर्भाधान संस्कार करें। पुन. अश्वि. पुष्य चि. नक्षत्र गर्भाधान में मध्यम माने है। गर्भाधान में चन्द्रबल स्त्री को विशेष होना चाहिए।

गर्भाधानान्तर दश मासों के स्वामी- प्रथम मास का स्वामी शुक्र, द्वितीय का मंगल, तृतीय का गुरु, चतुर्थ का सूर्य, पंचम का चन्द्र, षष्ट का शनि, सप्तम का बुध, अष्टम का गर्भ लग्नपति, नवम का चन्द्र और दशम मास का स्वामी सूर्य है। अष्टम मास में श्र. रो. पुष्य. नक्षत्र शुभ तिथिवार और अष्टम स्थान शुद्ध लग्न में गर्भ रक्षार्थ विष्णु-पूजन करें।

पुंसवन सीमान्त मुहूर्त्त विचार- गर्भ के द्वितीय तृतीय मास में पुंसवन करना चाहिए। छठे और आठवें मास में मासाधिपति बलवान होने पर सीमन्त कर्म करे। पुंसवन सीमन्त में गुरु शुक्र के अस्त का दोष नहीं है। र.मं.गुरूवार, मतांतर से सो. बु. शुक्रवार, दम्पत्ति का चन्द्रबल, तारा शुद्धि देख रो.,मृ.,पुष्य.,पुन.,हस्त,मू.,मं,उत्तरा ३ जन्म नक्षत्र बिना इन नक्षत्रों में तथा १।२।३।५।७।१०।११।१३ शुक्ल पक्ष की तिथियों में, कृष्ण पक्ष में १० पर्यन्त शुभ, पूर्वान्ह श्रेष्ठ है। पुरुष संज्ञक लग्न तथा नवांश में लग्न से १।४।५।८।९।१० में शुभग्रह ३।६।११ में पापग्रह, चन्द्र १।६।८।१२ वें वर्ज्यकर अन्य स्थानों में हो ऐसे मुहूर्त में पुंसवन और सीमान्त संस्कार करना श्रेष्ठ है।

मेधाजनन संस्कार- नालछेदन से पहले दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली के अग्रभाग में स्वर्ण लगाकर स्वर्ण सहित अंगुली से शहद में गौधृत मिलाकर **'ॐ भूस्त्वयि दधामि.' 'ॐ भुवस्त्वयि दधामि', 'ॐ स्वस्त्वयि दधामि', 'ॐ भूर्भुवः स्वः सर्व त्वयि दधामि'**,इन चारों मन्त्रों से नवजात बालक को थोड़ा-थोड़ा मधु धृत चार बार चटावें, ऐसा करने से बालक बुद्धिमान और यशस्वी होता है।

स्तनपान मुहूर्त्त- पंचम दिन अथवा भद्रा व्यतिपात वैधृति रिक्ता तिथि का त्याग कर शुभ तिथि वार में पुन पुष्य. मृ. ह. श्र. रे. नक्षत्र में स्तनपान करना शुभ है।

प्रसूति स्नान मुहूर्त्त- रिक्ता तिथि को छोड़कर शुभ तिथि, र. मं. गु. वार अश्विनी रो. मृ. तीनों उत्तरा, ह. स्वा. अनु. रेवती नक्षत्रों में कुयोग रहित दिन में प्रसूति स्नान शुभ है।

जल पूजन मुहूर्त्त- मास के समाप्त होने पर बु. गु. चन्द्रवार, रिक्ता अमावस रहित तिथियों में मृ. पुन. पु. ह. अनु. मू. नक्षत्रों जल पूजन श्रेष्ठ है। चैत्र, पौष, अधिक मास, गुरु शुक्र का अस्त, मास पूरा होने पर वर्ज्य करें अर्थात् एक मास तक इनका दोष नहीं।

जातक कर्म नामकरण संस्कार- जातक कर्म नाल छेदने के पूर्व करना योग्य है। उस समय न हो सके तो सूतक निवृत्त होने पर ब्राह्मण ११वें, क्षत्रिय १३वें, वैश्य १६वें, शूद्र २१वें दिन नाम कर्म पूर्वकुलाचार के अनुसार करें। सूतक समाप्ति पर ११वें या १२वें दिन जातक कर्म नामकर्म संस्कार न हुआ हो तो भद्रा व्यतिपात वैधृति संक्रांति रहित १।२।३।५।७।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में, शुभवार, अश्वि. रो. मृ. पुन. पु. ह. चि. स्वा. अनु. तीनों उत्तरा अभि. श्र. ध. श. रे. इन नक्षत्रों में लग्न नवांश बल की योजना कर विधि के अनुसार बालक के दक्षिण कर्ण में तीन बार राम कहें।

दोलारोहरण (बालक को झूले में झुलाना)- जन्म दिवस से १०।१२।१६।१८।३२ वें दिन रिक्ता अमावस रहित तिथि, शुक्रवार, अश्वि. रो. मृ. पुष्य. ह. चि. अनु. अभि. तीनों उत्तरा रे. नक्षत्रों में शुभ होता है। सूर्य नक्षत्र से आगे ५ और पीछे ७ नक्षत्र शुभ होते हैं।

अथ निष्क्रमण मुहूर्त्त- बारहवें दिन बालक का निष्क्रमण करें। सूर्य और नक्षत्र पूजन पूर्वक सूर्य और नक्षत्रों के दर्शन करावें। यह न हो तो तृतीय चतुर्थ मास में मं. श. वर्जित वारों में रिक्ता भद्रा अमावस आदि कुयोग रहित शुभ दिन में, अश्वि. रो. पुन. पुष्य. ह. अनु. स्वा. मू. श्र. ध. नक्षत्रों में शुभ है।

भूम्युपवेशन- पांचवें मास में पृथ्वी और वराह का पूजन कर रिक्ता अमा. रहित तिथि शुभवार, अश्वि., रो. मृ. पूष्य. हस्त. अनु. ज्ये. अभि. तीनों उत्तरा नक्षत्रों में, स्थिर लग्न में बालक की कमर में सूत्र बांधकर पृथ्वी पर बिठावें। मन्त्र यह है- **"ॐ रक्षैनं वसुधे देवि! सदा सर्वगते शुभे! आयुः प्रमाणं सकलं निक्षिपस्व हरिप्रिये!॥"**

बालक को पृथ्वी पर बिठाने के समय बालक के सामने पुस्तक, कलम, दवात, सुवर्ण, चांदी, शस्त्र, वेद की पुस्तकें, धान्य, मशीनें, छोटी मोटरें, इन्जिन आदि वस्तुएँ रखें, इनमें से जिस वस्तु को बालक पहले ग्रहण करे उसी से उसकी जीविका होती है, इसलिए आगे वही विद्या उसकी पढ़ाई जावे।

अन्नप्राशन- जन्म से ६।८।१०।१२ वें मास में पुत्र को और ५।७।९।११ वें मास

अंग्रेजी फारसी विद्यारम्भ के लिए शुभ है।

में कन्या को भद्रा व्यतिपातादि दोष रहित १।३।५।७।१०।१३।१५ इन तिथियों में शुभ वार, अश्वि. रो. मृ. पुन. पु. ह. चि. स्वा. अनु. अभि. श्र. ध. श. तीनों उत्तरा, रे. इन नक्षत्रों में, जन्मलग्न या जन्मराशि से आठवां लग्न या नवांश तथा मीन, मेष, वृश्चिक लग्न को त्याग कर दशम स्थान में पापग्रह न हो तो अन्नप्राशन कराना श्रेष्ठ है।

कर्णवेध- चातुर्मास (आषाढ़ शु.११ से कार्तिक शु. ११ तक) चैत्र पौष जन्म मास तिथि नक्षत्र, क्षयतिथि ४।९।१४ और सम वर्षों को त्याग कर जन्म से १२वें या १६वें दिन अथवा ६।७।८ वें मास में या विषम वर्षों में, शुभवार अश्वि. मृ. पुन. पु. ह. चि. अनु. अभि. श्र. रे. नक्षत्रों में लग्न से अष्टम स्थान शुद्ध हो, वृ. तु. ध. मीन लग्न और लग्न में गुरु हो तो कर्णछेदन श्रेष्ठ होता है।

मुण्डन चौल (चूड़ाकर्म) संस्कार- बालक की माता को ५ मास का गर्भ हो तो ५ वर्ष से न्यून के बालक का चौलकर्म नहीं करना। ज्येष्ठ मास में नहीं करना, तथा चैत्र मास को छोड़ विषम वर्ष में उत्तरायण में, २।३।५।७।१०।१२।१३ तिथियों में, अश्वि. मृ. पुन. पुष्य. ह. चि. स्वा. ज्ये. अभिजित्, श्र. ध. श. रे. नक्षत्रों में। अष्टम स्थान शुद्ध होने पर चौल करना श्रेष्ठ है। तथा कुलाचारानुसार इष्टदेवता के आगे भी मुण्डन संस्कार और कर्णवेध कर दिया जाता है, यह 'यथा कुलधर्मतः' इस स्मृति के अनुसार ठीक ही है।

क्षौर करने के नियम तथा मुहूर्त्त- चौलकर्म की तिथि क्षौर नक्षत्र क्षौर (बाल कटाने) के लिए श्रेष्ठ है। रवि मंगल शनिवार, पूर्व क्षौर से ९वां दिन, ४।८।९।१४।१५।३० तिथि, संक्रांति, रात्रि, संध्याकाल, बिना आसन, सग्राम में, यात्रा के दिन, स्नान करके शरीर में उबटन लगाने के अनन्तर भोजन के बाद क्षौर कराना अशुभ है। परन्तु विवाह, यज्ञ, मृतक कार्य, कारागार से छूटने पर ब्राह्मणाज्ञा, राजाज्ञा से किसी समय में क्षौर बनवा सकते हैं। राजकर्मचारी तथा रूपजीवी जैसे नट, भाट बहुरूपिये नाटक कम्पनी, फिल्म कम्पनियों में काम करने वाले प्रतिदिन क्षौर बनवा सकते है, उनके लिए मुहूर्त्त की आवश्यकता नहीं। ब्राह्मण रविवार को, क्षत्रिय मंगल को, वैश्य शूद्र शनिवार को भी क्षौर बनवा सकते हैं, तथा ब्राह्मण को शाखेश के वार में भी क्षौर करवाने में हानि नहीं।

कन्या का नाक छेदन मुहूर्त्त- शुक्ल पक्ष, शुभ तिथि शुभ वार कुयोग रहित प्रथम प्रहर में कर्णवेधोक्त नक्षत्रों में तथा उत्तरा ३, स्वाति शत. इनमें नाकछेदन करना शुभ है।

कन्या को सीना पिरोना सिखाने का मुहूर्त्त- रिक्ता अमावस रहित तिथि, रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार। अश्वि. पुन. चि. अनु. ध. इन नक्षत्रों में कुयोगादि रहित शुद्ध दिन में कन्या को चन्द्र बल देख सीना कसीदा आदि का कार्य सिखाना आरम्भ करें।

अक्षरारम्भ- उत्तरायण में जन्म से ५,७ वें वर्ष २।३।५।६।११।१२ तिथि, शुक्रवार,अश्वि, आर्द्रा.,पुन.,पु.,ह.,चि.,स्वा.,अनु.,अभि.,श्र.,रे. इनमें तथा चररहित लग्नों में गणेश विष्णु सरस्वती लक्ष्मी तथा अपने कुल देवताओं का पूजन कर अक्षरारम्भ करें।

विद्यारम्भ मुहूर्त्त- उत्तरायण, फाल्गुन मास छोड़कर २।३।५।६।१०।११।१२ तिथि तथा रवि, गुरू, शुक्रवार और अश्वि. रो. मृ. आर्द्रा. पुन. पु. आश्ले. ह. चि. स्वा. अनु. मू. श्र. ध. श. उत्तरा तीनों और रेवती नक्षत्रों में विद्यारम्भ शुभ है। र. मं. श. वार, रिक्ता तिथि, ज्ये. अश्ले. म. तीनों पूर्वा. भ. कृ. वि. आर्द्रा. उषा. श. नक्षत्र अंग्रेजी फारसी विद्यारम्भ के लिए शुभ है।

उपनयन संस्कार- बालक के जन्म से वा गर्भ से ब्राह्मण ८ वें, क्षत्रिय ११वें,वैश्य १२ वें वर्ष यज्ञोपवीत धारण करें। किसी कारणवश यह काल लोप हो तो ब्राह्मण १६वें, क्षत्रिय २२वें और वैश्य २४ वें वर्ष तक संस्कार करा सकते हैं। उत्तरायण देवशयन के पूर्व र. चं. बु. गु. शु. वार, सामवेदी को मंगलवार भी विहित है, शुक्लपक्ष की २।३।५।१०।११।१२ तथा कृष्ण पक्ष की २।३।५ तिथि अश्वि. रो. मृ. आर्द्रा पुष्य आश्ले. तीनों उत्तरा ह. चि. स्वा. अनु. मू. अभि. श्र. ध. शत. रे. क्रूरयुक्त तथा वेधरहित इन नक्षत्रों में उपनयन संस्कार शुभ है। बालक का गुरुबल तथा चन्द्रबल देखे। सामवेदी को भोमबल भी आवश्यक है। ज्ये. शु. २, आषाढ़ शु. १०, पौष शु. ११, माघ शु. १२, संक्रांति दिवस, रोगबाण (८।९।७।२६ रवि के गतांशाः) गुरु शुक्र के बालवृद्धास्त को छोड़कर पूर्वान्ह में तथा अभिजित् मुहूर्त्त में यज्ञोपवीत धारण करावें। लग्नेश और च. शु. गु. ६, ८ में और च. शु. १२ वें, पापग्रह १।५।८ में अशुभ है। वृष तथा कर्क का पूर्णचन्द्र लग्न में शुभ होता है। चैत्र में मीन के सूर्य में यज्ञोपवीत संस्कार श्रेष्ठ है।

अभिजित मुहूर्त्त- नित्य मध्यान्ह संधिकाल की एक घटी अर्थात् स्थानीय (लोकल) ११ बजकर ४८ से १२ बजकर १२ मिनट दोपहर तक अभिजित् मुहूर्त्त में अनेक दोष निवारण की शक्ति है, अतः कोई शुभ लग्न न बनता हो तो उपनयनादि इस अभिजितमुहूर्त्त में करना शुभ है। यथा-

"अभिजित्सर्वदेशेषु मुख्यदोषविनाशकृत। मध्यंदिन गते भानौ मुहूर्त्तोऽभिजिदाह्वयः।।
नाशयत्यखिलान्दोषान् पिनाकी त्रिपुरं यथा।"

अथ विवाह संस्कार

विवाह संस्कार सर्वश्रेष्ठ संस्कार है, इससे मनुष्य धर्म अर्थ काम और मोक्ष की सिद्धि कर सकता है। विवाह के पश्चात् ही पुरुष पुरुषत्व को प्राप्त होता है। विवाह होने पर पूर्ण पुरुष होता है और सदाचारी सन्तान उत्पन्न करके देश, धर्म जाति सेवा के साथ देव, ऋषि, पितृऋण से भी उन्मुक्त हो सकता है। इसलिए इस संस्कार को मुनियों ने श्रेष्ठ बताया है, यह संस्कार योग्य समय में होने पर ही दाम्पत्य सुख, ऐश्वर्य भोग और उत्तम प्रजोत्पादन करके मनुष्य अपने पितृऋण से मुक्त होता है। अतः विवाह-संस्कार का समय-निर्णय हमारे ऋषि-मुनियों ने अतिसूक्ष्मता से किया है। आजकल नास्तिक लोग सर्वकाल विवाह के लिए शुभ मान कर चाहे जब रजिस्टर पद्धति से कोर्ट में जाकर तथा कपोल-कल्पित नियमानुसार विवाह करवा लेते है, यह सर्वथा अनुचित है। विवाह के लिए वेदों में भी पर्याप्त निर्णय है। जैसे-जैसे विज्ञान-विद्या का विकास होता रहा तैसे-तैसे इस पर सूक्ष्म विचार प्राचीन आचार्यों ने किए है, जो कि आधुनिक नूतन विज्ञान से भी बहुत श्रेष्ठतम माना जा रहा है। जिसका यहाँ संक्षेप में विचार लिखते हैं-

ब्रह्मचर्य के पश्चात मनुष्य अपने विषम वर्षों में गृहस्थाश्रम में प्रवेश करें। पुरुष २५ के पूर्व तथा कन्या १६के पूर्व विवाह न करें। कन्या के समवर्षों में शुभ मुहूर्त्त में कन्या का पिता वा पालक योग्य वर्ण के वर का निश्चय कर पहले वाग्दान करें। कन्या का वाग्दान करने से पूर्व वर-कन्या की कुण्डली का मिलान तथा गुण-मिलान अवश्य करें, ताकि नूतन दम्पती अपना जीवन सुखमय

व्यतीत कर सकें। कई नास्तिक मतवादी यह कहते है कि इतना घटित मिलान करने पर भी कहीं-कहीं वर कन्या को दुःख का सामना करना पड़ता है, तथा दाम्पत्य वियोग होता है, यह क्यों? परन्तु घटित मिलान करते समय निम्नलिखित बातों का अवश्य ध्यान रखना चाहिए- (१) क्या वर-कन्या का जन्म टाइम ठीक-ठीक है? (२) कई वर्षों से प्राचीन गणित में अन्तर आता है अतः ऐसे गणित से बनाया जन्म पत्र ठीक-ठीक फलदायक नहीं हो सकता, इसलिए वर कन्या के जन्म पत्र शुद्ध सूक्ष्म एवं दृक्तुल्य केतकी गणित से ज्योतिषशास्त्र के अनुसार बने है या नहीं? इसकी जांच उत्तम गणितज्ञ से करावे। (३) क्या ज्योतिषीजी ने बालक का जहाँ का जन्म है वही का सूर्योदय लेकर जन्म पत्र बनाया है? (४) क्या लग्नसारिणी एवं सूर्योदय जन्म स्थान के लेकर लग्नसाधन किया है? आदि बातों का निर्णय कर जन्म पत्र विद्वान् गणितज्ञ से बनवाकर मिलाने पर ही वह मिलान योग्य होकर फलदायक होता है।

विधि- मन्त्र का ग्यारह हजार (११०००) शुभ मुहूर्त्त में पूर्ण पुरुश्चर विधि से संगोपांग विधिवत् जाप करके दशांश ११०० हवन करना चाहिए फिर दशांश तर्पण फिर दशांश मार्जन दशांश ब्राह्मण ब्रह्मचारी बालक भोजन करावे इससे जिस कार्य की कामना से प्रयोग करेंगे सफल होगा व उस कार्य का संकल्प अवश्य लगाकर जाप हवन करें यह असाधारण प्रयोग है यह प्रयोग महान से महान विपत्ति का निवारक है। शत्रु पक्ष के मनोरथों को मिटाने वाला, पुत्र पौत्र व धन धान्य इत्यादि समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाला है। प्रयोग किसी प्राचीन मन्दिर में एकांत में करें व पूर्ण सावधानी पूर्वक करें।

विशेष- यह प्रयोग बहुत शीघ्र प्रभावशाली है इसलिये शुद्ध स्पष्ट उच्चारण व पूर्ण विधि से सम्पूर्ण नियमों सहित सावधानी पूर्वक साधना करें। भगवान प्रसन्न होकर सफलता प्रदान करते हैं।

भगवती देवी श्री अन्नपूर्णा जी का अक्षय भण्डार कारक मन्त्र प्रयोग

मन्त्र- अन्नपूर्णा अन्नपूरै इन्द्र पूरै पानी, ऋद्धि सिद्धि तो गणेश पूरवै त्रिपुरा भवानी। ईश्वरी भंडार भर महेश्वरी शील संतोष की डिब्बी, तीन लोक लोई आवो सिद्धो जीमो सब कोई। सीता माता की रसोई जन्म न खाली होई चला मंत्र महायंत्र ॐ सुमरे फटकंत स्वहा। ॐ अजीया जीता आय स्वाहा। ॐ श्रीं सरस्वत्यै स्वाहा। *- (म.य.सा. ७९)*

विधि- सात मंगलवार को सात ग्राम (गांव) की भिक्षा एक-एक घर से ले पीछे उसे उल्टी चक्की से पीस एक रोट कर श्री श्रीहनुमाजी की पूजा करें। यह मंत्र पाठ करें। इस प्रकार छः मंगल को पूजा कर सातवें मंगल को सवा दस अंगुल की आटे की मूर्ति बनाये, भण्डार में स्थापन करे तो भण्डार अक्षय हो जाता है। कभी भी उस भंडार में कमी नहीं आ सकती चाहे जितने खाते जाय। भगवानजी की कृपा से कमी कभी भी नहीं पड़ेगी। जब तक मूर्ति स्थापित रहेगी आटा पीसते समय भी इसी मंत्र का उच्चारण करते रहना है।

बुद्धि स्मृति प्राप्ति हेतु प्रयोग

मन्त्र- ॐ ऐं नमः

विधि- इस मन्त्र को विधिपूर्वक जपे। धूप दीप नैवैद्य से श्वेत पुष्पों द्वारा पूजन करें। श्वेत गंध का ही अनुलेपन करें तथा हविष्य अन्न का भोजन कर मंत्र जपे तो एक सप्ताह में बुद्धि और स्मृति की प्राप्ति होती है। *- (म.य.सा.)*

शांति, धन, स्त्री, लाभ प्राप्ति हेतु मंत्र प्रयोग

मन्त्र- ॐ गं गणपतये नमः

विधि- इस मंत्र से कुम्हार के यहां से मृतिका लाकर लम्बोदर भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति बनावे।

१. पंचोपचार से विधिवत् पूजन करें प्रतिदिन सहस्र जपें तो सात दिन में शांति होती है।

२. सात सहस्र से अधिक जपे तो परम बुद्धि की प्राप्ति होती है।

३. एक महीने जपने से स्त्री लाभ होता है।

४. छः महीने जपने से मनुष्य धनपति होता है। (म.य.सा.)

विनियोग- **श्री गणेशाय नमः**

ॐ अस्य श्री अपराजिता मन्त्रस्थ वेदव्यास ऋषिरनुष्टुप छन्दः क्लीं बीजं हूँ शक्ति सर्वाभीष्ट सिद्धयर्थे जपे पादे विनियोगः।

अथ अपराजिता स्तोत्रम्

पाठारम्भ

मार्कण्डेय उवाच- **शृणुध्वं मुनयः सर्वे सर्वकामार्थसिद्धिदां। असिद्धसाधनी देवीं वैष्णवीमपराजिताम्।।**

ध्यानम्-

नीलोत्पल-दल-श्यामां भुजङ्गाभरणोज्वलाम्, बालेन्दु-मौलिसदृशीं नयनत्रितयान्विताम्। शंखचक्रधरां - देवीं वरदां भयशालिनीम्, पीनोत्तुङ्गस्तनीं साध्वीं बद्ध-पद्मासनां शिवाम्। अजितां चिन्तयेद्देवीं वैष्णवीमपराजिताम्।।

शुद्धस्फटिक-संकाशां चन्द्रकोटि-सुशीतलाम्, अभयां वर-हस्तां च श्वेतवस्त्रैरलंकृताम्। नानाभरण-संयुक्तां जयन्तीमपराजिताम्, त्रिसन्ध्यं यः स्मरेद्देवीं ततः स्तोत्रं पठेत्सुधीः।।

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय ॐ नमोस्त्वनन्ताय सहस्रशीर्षाय क्षीरार्णवशायिने, शेषभोग-पर्यङ्काय गरुड़-वाहनाय अमोघाय अजाय अजिताय अपराजिताय पीतवाससे। वासुदेव-संकर्षण-प्रद्युम्नानिरुद्ध-हयशीर्ष-मत्स्यकूर्मवराह नृसिंह वामन राम राम वर-प्रद! नमोस्तुते। असुर दैत्य-दानव-यक्षराक्षस-भूत-प्रेत-पिशाच किन्नर-कूष्माण्ड सिद्ध-योगिनी डाकिनी स्कन्दपुरोगान् ग्रहान्नक्षत्रग्रहांश्चान्यान् हन हन, पच, पच, मथ, मथ विध्वंसय, विध्वंसय, विद्रावय, विद्रावय, चूर्णय चूर्णय शंखेन चक्रेण वज्रेण शूलेन गदया मुशलेन हलेन भस्मीकुरु कुरु, स्वाहा।। ॐ सहस्रबाहो सहस्रप्रहरणायुध जय, जय, विजय, विजय, अजित अमित अपराजित अप्रतिहत सहस्रनेत्र ज्वल, ज्वल, प्रज्वल, प्रज्वल, विश्वरूप,

विधि- इस मन्त्र को विधिपूर्वक जपे। धूप दीप नवेद्य से श्वेत पुष्पों द्वारा पूजन करे। श्वेत

अजित अमित अपराजित अप्रतिहत सहस्रनेत्र ज्वल, ज्वल, प्रज्वल, प्रज्वल, विश्वरूप,

बहुरूप मधुसूदन महावराहच्युत महापुरुष पुरुषोत्तम पद्मनाभ वैकुण्ठानिरुद्ध-नारायण गोविन्द दामोदर हृषीकेश केशव सर्वासुरोत्सादन सर्वमन्त्रप्रभञ्जन, सर्वदेवनमस्कृत सर्वबन्धनविमोचन, सर्वशत्रु वशंकर सर्वाहितप्रमर्दन, सर्वग्रहनिवारण, सर्वरोगप्रशमन, सर्व-पाप-विनाशन, जनार्दन नमोस्तु ते स्वाहा। य इमां अपराजितां परमवैष्णवीं पठति, सिद्धां जपति, सिद्धां स्मरति, सिद्धां महाविद्यां पठति; जपति, स्मरति, श्रृणोति, धारयति, कीर्तयति वा न तस्याग्निवायुर्वज्रोपलाशनिभयं नववर्षणि भयं, न समुद्रभयं, न ग्रह-भयं न चौर-भयं वा भवेत्। क्वचिदाख्यन्धकारस्त्रीराजकुलविषोपविषगर-वशीकरणविद्वेषोच्चाटनवधबन्धनभयं वा न भवेत्। एतैर्मन्त्रैः सदाहतैः सिद्धैः संसिद्ध पूजितैः, तद्यथा ॐ नमस्तेस्त्वनघेऽजितेऽपराजिते पठति सिद्धे, पठति सिद्धे, जपति सिद्धे जपति सिद्धे, स्मरति सिद्धे, महाविद्ये एकादशे उमे ध्रुवे अरुन्धति सावित्रि, गायत्रि, जातवेदसि मानस्तोके सरस्वति धरणि धारिणि सौदामिनी अदिति दिति गौरि गांधारी मातंगी कृष्णे यशोदे सत्यवादिनि ब्रह्मवादिनि कालि कपालि करालनेत्रे सद्योपयाचितकरि-जलगतस्थलगतमंतरिक्षगं वा मां रक्ष रक्ष सर्वभूतेभ्यः सर्वोपद्रवेभ्यः स्वाहा।

यस्याः प्रणश्यते पुष्पं गर्भो वा पतते यदि।
म्रियन्ते बालका यस्याः काकवन्ध्या च या भवेत्।।
भूर्जपत्रेत्विमां विद्यां लिखित्वा धारयेद्यदि। एतैर्दोषैनं लिप्येत सुभगा पुत्रिणी भवेत्।।
शस्त्र वार्यते ह्येषा समरे काण्डवारिणी। गुल्मशूलाक्षि-रोगाणां क्षिप्रं नाशयते व्यथाम्।।

शिरोरोगज्वराणां च नाशिनी सर्वदेहिनाम् तद्यथा-एकाहिक-द्व्याहिक-त्र्याहिक-चातुर्थिकार्धमासिक-द्वैमासिक-त्रैमासिक-चातुर्मासिकपञ्च-मासिकषाण्मासिक वातिक-पैत्तिक, श्लैष्मिक, सान्निपातिक, - सततज्वर-विषमज्वराणां नाशिनी सर्वदेहिनां ॐ हर हर कालि सर सर गौरि धम धम विद्ये आले ताले माले गन्धे पच पच विद्ये मथ मथ विद्ये, नाशय पापं, हर दुःस्वप्नं, विनाशय मातः, रजनि सन्ध्ये दुन्दुभि-नादे मानसवेगे शंखिनी चक्रिणी वज्रिणी शूलिनी अपमृत्युविनाशिनी विश्वेश्वरी द्राविडि द्राविडि केशवदयिते, पशुपतिसहिते, दुन्दुभिनादे मानसवेगे दुन्दुभि-दमनी शवरि किराती मातंगी ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं हैं ह्रौं ह्रः ओं ओं श्रां श्रीं श्रुं श्रैं श्रौं श्रः ॐ क्ष्वौं तुरु तुरु स्वाहा। ओं ये क्ष्मां द्विषन्ति प्रत्यक्षं परोक्षं वा तान् दम दम मर्दय मर्दय पातय पातय शोषय शोषय उत्सादय उत्सादय ब्रह्माणि माहेश्वरि।

वैष्णवी वैनायकी कौमारी नारसिंही ऐन्द्री चान्द्री आग्नेयी चामुंडे वारुणि वायव्ये रक्ष रक्ष प्रचण्डविद्ये ॐ इन्द्रोपेन्द्र-भगिनी जये विजये शान्तिपुष्टितुष्टि-विवर्द्धिनी।। कामांकुशे कामदुधे सर्वकामफलप्रदे सर्वभूतेषु मां प्रियं कुरु कुरु स्वाहा। ओं आकर्षिणी आवेशिनी तापिनी, धरणि धारिणी मदोन्मादिनी-शोषिणी सम्मोहिनी महानीले नीलपताके महागौरि महाप्रिये महामान्द्रिका महासौरि महामायूरि आदित्यरश्मिनी जाह्नवी यमघण्टे किलि किलिं चिन्तामणि सुरभि-सुरोत्पन्ने सर्व-काम-दुधे यथाभिलषितं कार्य तन्मे सिध्यतु स्वाहा। ओं भूः स्वाहा। ॐ भुवः स्वाहा। ओं स्वः स्वः स्वाहा। ॐ भूर्भुवः स्वः स्वाहा। ओं यत एवागत पापं तत्रैव प्रतिगच्छतु स्वाहा। ओं बले बले महाबले असिद्धि-साधिनी स्वाहा।

इति श्रीत्रैलोक्य विजया अपराजिता सम्पूर्णम्।

विधि- विनियोग कर ध्यान कर पाठ करें यह स्तोत्र सर्वार्थ सिद्धिदायक है इसके एक अयुत १०,००० पाठ करने से विशेष फलप्रद हो जाता है व नित्य १ या ११ या अधिक पाठ करने से भी फल प्राप्त होता है। असाध्य ज्वरों में इसके १०,००० पाठ कराकर अभिमंत्रित जल से ज्वर पीड़ित व्यक्ति को पान कराया जाय तो ज्वर शान्त हो जाता है व रोग नष्ट हो जाता है। कार्य सिद्धि में भी यह महत्वपूर्ण स्तोत्र है। साधारण ज्वर में ११ पाठ से अभिमंत्रित जल नित्य तीनों कालों में पिलाने से साधारण ज्वर शांत हो जाता है। यह स्तोत्र विशेष चमत्कारी है व सर्वार्थ सिद्धिदायक है। असाध्य कार्य साधना हेतु पूर्ववत् संख्या से पाठ करें अपने कार्य का संकल्प करके सफलता मिलती है।

समस्त पाठक साधक तंत्र प्रेमियों से निवेदन है कि प्रयोगों में यदि कोई त्रुटि हो तो अवगत् कराने का कष्ट करें व अल्पज्ञ को क्षमा करें।

सम्पर्क सूत्र- महल कॉलोनी, राजेश्वरी रोड, शिवपुरी (म.प्र.)
फोन- ०७४९२-२३२५६४ मोबाइल ९४२५४२९५८, ९४२५४२९४४६

पृष्ठ १५९ का शेष

नियत राशि को लाँघ कर दूसरी अनियत राशि पर चले गये हों उस समय व्रत आरम्भ नहीं करने चाहिए। -महर्षि लल्ल

हेमाद्रि में सत्य व्रत ने व्रत के आरम्भ करने और समाप्ति करने की तिथि को बताया है कि- सूर्य नारायण के उदय के समय में जो तिथि हो पर मध्यान्ह के समय में वह न रहे उस खण्डा तिथि में न तो व्रत का आरम्भ करना चाहिए न ही व्रत की समाप्ति करना चाहिए।

"असकृज्जलपानाच्च सक्तांबूल चर्वणात्।
उपवास प्रणश्येत दिवास्वापाच्च-मैथुनात्।। *-देवल स्मृति*

अर्थात- व्रत के समय बार-बार जल पीने, दिन में सोने, ताम्बूल (पान) चबाने तथा स्त्री सहवास करने से व्रत बिगड़ जाता है।

उसवासे तथा श्राद्धे न खादेन दन्त धावनम्। *-स्मत्यन्तर*

उपास में और श्राद्ध में दातौन नहीं करना चाहिए आवश्यक हो तो जल के बारह कुल्ले कर लें।

अग्नि पुराण एवं मनुस्मृति में मांस वर्जित-

अग्नि पुराण एवं मनु स्मृति का कथन है कि किसी भी व्रती मनुष्य को मांस का कभी भी व्रत में सेवन नहीं करना चाहिए। अतः व्रती को चाहिए कि व्रत का आरम्भ एवं इति करते समय उक्त समयावधि का पूर्ण ध्यान रखें जिससे व्रत निष्फल न हो तथा व्रत का पूर्ण फल प्राप्त हो सके।

श्रीदुर्गा उपासना का विधी विधान

(श्रीदुर्गाष्टोत्तरशतनामस्तोत्र लेखन का पर्वकाल)

दुर्गा उपासना योगदानः दुर्गा सप्तशती (गीता प्रेस, गोरखपूर की पोथी) के अनुसार 'भौमावास्या' मुहूर्त मंगलवार २४ फरवरी २००९ की रातको है। प्रत्येक भक्त साधक को यह ध्यान रखना चाहिए कि हमें मुहूर्त को रात को(मंगलवार की रात) अर्थात बुधवार सुबह ६.५० तक का सदुपयोग करना है। विधि विधानके चक्कर में न पड़कर मुहूर्त के समय में ज्यादा से ज्यादा श्रीदुर्गाष्टोत्तरशतनामस्तोत्र का लेखन हो। सिर्फ इतना ही उद्देश्य रखें।

प्रत्येक भक्त आवश्यक सामग्री, एक लोटा जल, पंचपात्र, आचमनी, आसन, दक्षिणा (यथा शक्ति) लेखन, स्याही, स्तोत्र का छपा कागज आदि ठीक करके मंगलवार रात को ७.३० बजे पवित्र स्थान पर अपना आसन ग्रहण करें और घी का दीपक तथा अगरबत्ती और धूप जलायें। सर्वप्रथम यदि भक्त लोग लेखन का ओयाजन सामूहिक रूप में कर रहें हैं, तो एक स्थान में एक सुवर्णा सुलक्षणा, स्वरूपा और सबला कुमारी २ वर्ष से १० वर्ष तक उम्रवाली कन्या को सुयोग्य स्थान पर अपने से ऊँचा आसन देकर पीले रंग का सच्चा गोटा लगा, शुद्ध रेशम का दुपट्टा (चुन्री) ओढ़ावे। प्रत्येक भक्त कुमारी को अष्टगंध का तिलक लगाकर पूजा करें और सुरेश्वरि का ध्यान कर पुष्प चढ़ा दें। सुरेश्वरि के रूप में यह कन्या मुहूर्त भर अर्थात मंगलवार रात में ७.४६ से बुधवार सुबह ६.५० तक एक स्थान में अपने आसन पर ही विराजमान रहे। यदि वे कुमारी भी स्तोत्र लिखना चाहें तो लिख सकती है। इसके बाद कोई भी विद्वान 'दुर्गाष्टोत्तरशतनामस्तोत्र' स्तोत्र के दूसरे श्लोक 'ॐ सती' से पंद्रहवें श्लोक के 'ब्रह्मवादिनी' तक का उच्चारण सब भक्तों को करा दें। (घरों पर करने वाले स्वयं उच्चारण कर लें) दुर्गा उपासना योगदान लेखन के लिए, श्री.गुरू महाराजजी की आज्ञा से मंत्र व स्तोत्र उच्चारण करने और कराने का अधिकार सर्वसाधारण प्रत्येक विद्वान स्त्री तथा पुरूष को है। फिर ७.४६ से ६.५० श्रीदुर्गाष्टोत्तरशतनाम स्तोत्र' का लेखन करें। फिर लिखने के लिए तैयार होकर स्तोत्र छपे कागज पर लिखे 'श्री गुरुवे नमः।' सबको नमस्कार करे और ठीक ७.४६ पर 'प्रथमं शैल पुत्री च' आदि मंत्र के ऊपर छपे दोनों यंत्रों के अंकों को भरें। जो थाली उलटकर कागज रखने का काम करे और स्तोत्र लिखना आरंभ कर दें। दुर्गा के १०८ नाम १५वें श्लोक तक छपे है, केवल उन्हीं पर लाल पैनसे लिखना है।

कागज :- स्तोत्र का मुद्रित कागज जिन भक्तों को चाहिए उन्हें हम भेज रहें है या आप सादे कागज पर स्तोत्र से 'ॐ सती.....से.....ब्रह्मवादिनी' तक कुल १५वें श्लोक तक लाल पेन अथवा लाल बॉलपेन से लिखें। उसके बाद १० ग्राम गुड तथा १० ग्राम भिगे हुऐ चने का नैवेद्य तथा यथाशक्ति दक्षिणा रखें।

लिखने से १५-२० मिनिट पहले स्तोत्र का पाठ आरंभ करे और साधक भक्तों से करावें। ११ घंटे ०४ मिनिट इसका लेखन करे। जो शरीर से असमर्थ हो वह कम से कम १ घंटा लिखे। ऐसा समय बार-बार नहीं आता।

योग का महत्व : जिस समय मंगलवार, शततारका (शतभिषा) नक्षत्र और अमावस्या से तीनों एक साथ आते हैं उसी समय ही इस योग में लेखन का महत्त्व है। ऐसा प्रसंग ८-१० वर्षो में एक बार आता है। इस 'भौमावास्या' मुहूर्त पर पूर्ण श्रद्धा रखकर विश्वास, निष्ठा और समाधान से तथा विधि से लेखन करने से उस व्यक्ति को फलश्रुति में लिखे अनुसार लाभ होगा और वह व्यक्ति संपत्तिशाली बन जाएगा। आज प्रत्येक व्यक्ति संपत्तिशाली बनने की महत्त इच्छा रखती ही है। इसलिए इस मुहूर्त पर इस स्तोत्र का पूर्ण श्रद्धा से लेखन, पठन करके भगवती का पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त कर लेवें। १७ वे श्लोक में फलश्रुति के अनुसार धन, धान्य, पत्नी तथा संतति, संपत्ति सर्व राजऐश्वर्य प्राप्त होता है। संपत्ति का अर्थ केवल आर्थिक द्रव्यवान होना ऐसा नहीं अपितु शारीरिक, बौद्धिक, आरोग्यवान होना ऐसा है। भगवती उपासना से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थ प्राप्त होकर सनातन मुक्ति प्राप्त होती है। मुहूर्त पर लिखकर सिद्ध होने के बाद इस स्तोत्र का नित्य पाठ करना आवश्यक है। हर दिन स्नान के बाद आजीवन जो पाठ करेगा उस व्यक्ति पर माँ भगवती कृपा की वर्षा करती है। भगवती उस भक्त की सभी आवश्यकताएँ पूर्ण करती है। लेकिन सिर्फ एक दिन मुहूर्त पर लिखकर कार्य सिद्ध नहीं हो सकता।

सूचनाः-

(अ) लिखे हुए स्तोत्र के कागज का नित्य दर्शन हो ऐसी जगह फ्रेम करके वह कागज रखे। लिखने के लिये सादे कागज या नोटबुक में भी लिख सकते है।

(ब) बिजली के अभाव में मोमबत्ती, कंदील, दियासलाई (माचिस) बैटरी आदि पहले से ही नजदीक रख ले। उससे लिखने के कार्य में बाधा ना आये।

(क) उपरोक्त अनुसार लेखन व पूजन (कुमारिका) आदि संभव न हो तो अपने घर की कुमारिका का पूजन करें या देवी के फोटो का पूजन करे। इसके बाद प्रतिदिन अपने कुलदेवता के फोटो या प्रतिमा पर 'दुर्गाष्टोत्तरशतनामस्तोत्र' से नित्य कुंकुम अर्चना करें।

(ड) यदि कुमारिका भी न मिले तो देवी की प्रतिमा का पूजन करके मुहूर्त पर लेखन का ही महत्त्व है। दूसरे दिन यथाशक्ति श्रद्धा के साथ कुमारी तथा ब्राह्मण भोजन करायें तो भी चल सकता है।

विशेष सूचनाः-

मेरी सभी भक्तों यह विनम्र प्रार्थना है कि इस स्तोत्र के १६वें श्लोक में लिखे स्तोत्र के अनुसार 'य इदं प्रपठेन्नित्यं दुर्गानामशताष्टकम्। नासाध्यं विद्यते देवि त्रिषु लोकेषु पार्वती॥' इसका नित्य पाठ और कुलदेवता पर कुंकुम से अर्चना होना अति आवश्यक है। ऐसा नित्य पाठ जो भक्त करेगा उसकी सारी मनोकामनाएँ माँ भगवती अवश्य पूरी करेंगी। इस का नित्य पाठ करना आवश्यक है, जो भक्त ऐसा करेगा उसके लिए तीनों लोको में दुर्लभ या असंभव कुछ भी नहीं। इस स्तोत्र का माहात्म्य साक्षात् भगवान शिवजी ने कहा है। इसलिए इसका असाधारण महत्त्व है। कृपया सभी भक्तजन इस बात का विशेष ध्यान रखें।



जो भक्त इस श्रीदुर्गाष्टोत्तरशतनामस्तोत्र लिखेंगे वे कृपया नीचे लिखे पतेपर नाम, पता तथा कितनी बार यह स्तोत्र लिखा यह लिखकर भेजे जिससे भविष्य में उनसे संपर्क रहेगा।

नवार्ण मन्त्र :-

ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे

८-१० वर्षों में एक बार आता है। इस 'भौमावास्या' मुहूर्त पर पूर्ण श्रद्धा रखकर विश्वास, निष्ठा

ॐ भद्रं भद्रं भद्रं

ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डाये विच्चे

श्री दुर्गाष्टोत्तरशतनामस्तोत्रम्

ईश्वर उवाच

शतनाम प्रवक्ष्यामि श्रृणुष्व कमलानने। यस्य प्रसादमात्रेण दुर्गा प्रीता भवेत् सती ॥१॥
ॐ सती साध्वी भवप्रीता भवानी भवमोचनी। आर्या दुर्गा जया चाद्या त्रिनेत्रा शूलधारिणी ॥२॥
पिनाकधारिणी चित्रा चण्डघण्टा महातपाः। मनो बुद्धिरहंकारा चित्तरूपा चिता चितिः ॥३॥
सर्वमन्त्रमयी सत्ता सत्यानन्दस्वरूपिणी। अनन्ता भाविनी भाव्या भव्याभव्या सदागतिः ॥४॥
शाम्भवी देवमाता च चिन्ता रत्नाप्रिया सदा। सर्वविद्या दक्षकन्या दक्षयज्ञविनाशिनी ॥५॥
अपर्णानेकवर्णा च पाटला पाटलावती। पट्टाम्बरपरिधाना कलमञ्जीररञ्जिनी ॥६॥
अमेयविक्रमा क्रूरा सुन्दरी सुरसुन्दरी। वनदुर्गा च मातङ्गी मतङ्गमुनिपूजिता ॥७॥
ब्राह्मी माहेश्वरी चैन्द्री कौमारी वैष्णवी तथा। चामुण्डा चैव वाराही लक्ष्मीश्च पुरुषाकृतिः ॥८॥
विमलोत्कर्षिणी ज्ञाना क्रिया नित्या च बुद्धिदा। बहुला बहुलप्रेमा सर्ववाहनवाहना ॥९॥
निशुम्भशुम्भहननी महिषासुरमर्दिनी। मधुकैटभहन्त्री च चण्डमुण्डविनाशिनी ॥१०॥
सर्वासुरविनाशा च सर्वदानवघातिनी। सर्वशास्त्रमयी सत्या सर्वास्त्रधारिणी तथा ॥११॥
अनेकशस्त्रहस्ता च अनेकास्त्रस्य धारिणी। कुमारी चैककन्या च कैशोरी युवती यतिः ॥१२॥
अप्रौढा चैव प्रौढा च वृद्धमाता बलप्रदा। महोदरी मुक्तकेशी घोररूपा महाबला ॥१३॥
अग्निज्वाला रौद्रमुखी कालरात्रिस्तपस्विनी। नारायणी भद्रकाली विष्णुमाया जलोदरी ॥१४॥
शिवदूती कराली च अनन्ता परमेश्वरी। कात्यायनी च सावित्री प्रत्यक्षा ब्रह्मवादिनी ॥१५॥
य इदं प्रपठेन्नित्यं दुर्गानामशताष्टकम्। नासाध्यं विद्यते देवि त्रिषु लोकेषु पार्वती ॥१६॥
धनं धान्यं सुतं जायां हयं हस्तिनमेव च। चतुर्वर्गं तथा चान्ते लभेन्मुक्तिं च शाश्वतीम् ॥१७॥
कुमारीं पूजयित्वा तु ध्यात्वा देवीं सुरेश्वरीम्। पूजयेत् परमा भक्त्या पठेन्नामशताष्टकम् ॥१८॥
तस्य सिद्धिर्भवेद् देवि सर्वैः सुखैरपि। राजानो दासतां यान्ति राज्यश्रियमवाप्नुयात् ॥१९॥
गोरोचनालक्तकुंकुमेन, सिन्दूरकर्पूरमधुत्रयेण। विलिख्य यन्त्रं विधिना विधिज्ञो, भवेत् सदा धारयते पुरारिः ॥२०॥
भौमावस्यानिशामग्रे चन्द्रे शतभिषां गते। विलिख्य प्रपठेत् स्तोत्रं स भवेत सम्पदां पदम् ॥२१॥

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद प्रसीद मातर्जगतोऽखिलस्य ॥
प्रसीद विश्वेश्वरि पाहि विश्वं त्वमीश्वरी देवि चराचरस्य ॥
सर्व मंगलमांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायाणि नमोऽस्तुते ॥
सर्वाबाधा प्रशमनं त्रैलोक्यस्याखिलेश्वरि। एवमेव त्वया कार्यमस्मदवैरि विनाशनम ॥

लिखने का मुहूर्त मंगलवार दिनांक २४ फरवरी २००९ की रातको ७:४६ से बुधवार की सुबह ६:५० तक लाल पेनसे 'ॐ सतीसे ब्रह्मवादिनी' तक लिखे।

संपर्क के लिए पता- **श्री. सुरेश (कांतीलाल) नावरिया एडवोकेट**
८२९, प. मंगलवार पेठ, टिलक चौक, सोलापूर ४१३००२
फोन नं. (०२१७) - २३२४०१३ (कार्या.), मो. ९३७०४०८४३७

मांगलिक दोष और विवाह योग्य वर-वधू

मांगलिक दोष के बारे में प्रायः सभी ज्योतिषीजन परिचित हैं फिर भी कुछ योग हैं जो कि मांगलिक दोष को भंग करते हैं। यदि दोष भंग योग बन रहा हो तो फिर अशुभ एवं वैधव्यादि दुःख नहीं होते, इसी विषय को लेकर पाठकों की सुविधार्थ मांगलिक क्या है? और उस दोष की मान्यता कहां तक रहेगी और दोष भंग कैसे होता है? यही वर्णन हम इस लेख में कर रहे हैं।

१. मांगलिक किसे कहते हैं?

जिस जातक की जन्म कुण्डली, लग्न/चन्द्र कुण्डल्यादि में मंगल ग्रह लग्न से लग्न में १, चतुर्थ ४, सप्तम ७, अष्टम ८ तथा द्वादश १२ भावों में कहीं भी स्थित हो तो उसे मांगलिक कहते हैं यहां लग्न कुण्डली के माध्यम से तो आपको प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है।

२. गोलीया मंगल 'पगड़ी मंगल' तथा चूनड़ी मंगल किसे कहते हैं?

जिस जातक की जन्म कुण्डली के १, ४, ७, ८, १२वें भाव में कहीं पर मंगल स्थित हो उसी मंगल के साथ शनि सूर्य राहु पाप ग्रह भी बैठे हों तो वह पुरुष गोलीया मंगल, स्त्री जातक चूनड़ी मंगल हो जाती है अर्थात् द्विगुण मंगली इसी को माना जाता है।

३. मांगलिक कुण्डली हो तो क्या दोष होता है?

वर की कुण्डली मांगलिक हो तो कन्या की मृत्यु वधु के लिए घातक होता है और कन्या मांगलिक हो तो वर पति के लिए अशुभ विनाश की सूचक है।

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजः।
कन्या भर्तुर्विनाशाय भर्ता कन्या विनाशदः।।

४. मांगलिक जातकों की कुण्डली कैसे मिलायी जाये अर्थात उनके किस स्थिति में सुखद दाम्पत्य जीवन आनन्दित होते हैं?

वर कन्या दोनों की कुण्डली ही मांगलिक हो तो विवाह शुभ और दाम्पत्य जीवन आनन्यमय रहता है। एक सादी एक मंगली ऐसे विपरीत गुणों वाली कुण्डलियां नहीं होनी चाहिए। दोनों ही मांगलिक होते हैं तो मंगल की अशुभता दूर हो जाती है।

५. ऐसा भी कोई उपाय हो जिससे कन्या मांगलिक हो और वर की कुण्डली सादी ''अमंगली'' हो परन्तु विवाह शुभ हो जाये?

मांगलिक कुण्डली के सामने यदि मंगल वाले स्थान को छोड़कर दूसरे स्थानों में पाप ग्रह हों तो दोष भंग हो जाता है। उसे फिर मंगली दोष रहित मानी जाती है तथा केन्द्र में चन्द्रमा १, ४, ७, १०वें घर में हो तो मंगली दोष दूर हो जाता है। शुभ ग्रह एक भी यदि केन्द्र में हो तो सर्वारिष्ट भंग योग बना देता है। इसके फलस्वरूप मंगल का निराकरण हो जाता है। वैसे यह विषय आम पाठकों के समझ में कुछ कठिनता से आयेगा कारण कि इसे जानने के लिए पाठक को प्रायोगिक तौर पर ज्योतिषी के पास बैठकर समझने की जरूरत पड़ती है

फिर भी मूल बात यहां समझा देते हैं।

शास्त्रकारों का मत ही इसका निर्णय करता है कि जहां तक हो मांगलिक से मांगलिक का सम्बन्ध करें, फिर भी यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाये कि कोई वर कन्या सभी तरह से विवाह योग्य है तथा दोनों पक्ष के अभिभावक वर कन्या सभी एक दूसरे से पूर्ण संतुष्ट है जैसा आजकल प्राय: सह शिक्षा सह व्यवसायिकों में हो जाता है, फिर यदि कुण्डलीस्थ मंगली अमंगली का विचार उत्पन्न हो जाये तो वहां १, ४, ७, ८, १२ भावों में कहीं मंगल होने से मांगलिक है यह सम्बन्ध श्रेष्ठ नहीं ऐसा नहीं कहना चाहिए इसके लिए लिखा है- मांगलिक से मांगलिक मिलान कर लें, तथा अन्य भी कई कुयोग हैं जैसे वैधव्य, विषांगना आदि दोषों को दूर रखें, यदि ऐसी भी स्थिति हो तो अश्वस्थ "पीपल" विवाह, कुम्भ विवाह, सालिगराम विवाह तथा मंगल यन्त्र का पूजन और मंगला गौरी का व्रत, पूजन आदि कराके कन्या का सम्बन्ध अच्छे सुयोग्य ग्रह योग वाले वर के साथ करें। मांगलिक दोष तो प्राय: देख लेते हैं, पर मंगलिक होते हुए भी वह अशुभ नहीं है अर्थात् शुभ है यह कम ही जानते हैं। इसकी जानकारी अत्यावश्यक है। मंगलिक/डबल मंगलिक जातक हो तो परस्पर कुण्डलियों के ग्रहों का अध्ययन करके ही निर्णय करना चाहिए, हमारे शास्त्रों में ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं कि मंगलिक वर के साथ अथवा मंगल कन्या के साथ सादे वर का सम्बन्ध भी श्रेष्ठ रहता है, यदि वर या कन्या की कुण्डली के अन्य ग्रहों की स्थिति निम्नवत् हो तो

मंगली दोष परिहार वाक्य.....

भोमेन सदृशो भोम: पापो वा तादृशो भवेत्।
विवाह शुभद: प्रोक्तश्चिरायु: पुत्रपौत्रद:।।१।।
शनि भौमोऽथवा कश्चित पापो वा तादृशो भवेत्।
तेष्वेव भवनेष्वेव भौम दोष विनाश कृत्।।२।।
अजे लग्ने व्ययेचापे पाताले वृश्चिके स्थिते।
वृषे जाये घटे रन्ध्रे भौम दोषो न विधते।।३।।
जामित्रे च यदा सौरिर्लग्ने वा हिबुकेऽथवा।
अष्टमे द्वादशे वापि भौम दोष विनाशकृत।।४।।
सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने धनेऽपिवाऽथवा भौमे।
वक्रिणी नीचारिगृहे वार्कस्थेपि वा न कुजदोष:।।५।।
केन्द्र कोणे शुभाढ्ये च त्रिषडायेऽप्यसदग्रहा:।
तदा भोमस्य दोषो न मदने मदपस्तथा।।६।।

विशेष दृष्टव्य:

कुजो जीव समायुक्तो-युक्तो वा शशिनापि च।
चन्द्रकेन्द्रगतौ वापि तस्य दोषो न मंगली।।७।।
न मंगली मंगलराहु योगे न मंगली चन्द्र गतश्च केन्द्रे।।८।।
गुरु मंगल संयोगे भौम दोषो न विद्यते।
चन्द्र मंगल संयोगे भौम दोषो न विद्यते।।९।।
गुरु भौम समायुक्तश्चेद भौमश्च निशाकर:।
केन्द्रे व वर्तते चन्द्र एतद् योगे न मंगली।।१०।।

उपरोक्त शास्त्र वाक्यों का समावेश जहाँ हो रहा हो वहाँ मंगली दोष का कोई डर नहीं, बगैर रोकटोक मंगली से बेफिक्र होकर सम्बन्ध करें। यदि अन्य कोई और कुयोग हो तो उसके शमनार्थ महामृत्युंजय, वट सावित्री, अश्वथ विवाह, कुम्भ विवाह, सालिगराम विवाह के साथ मंगल यन्त्र की पूजा करें, उसको गले में हृदय पर ताबीज में धारण करें या उसको अपने इष्ट स्थान पर रखकर पूजन आदि करें तो मंगल दोष निवारण करता है। मंगल यन्त्र विवाह में विलम्ब हो रहा हो तो, दाम्पत्य जीवन सुखमय नहीं हो, तालाक की स्थिति उत्पन्न हो गई हो, जमीन जायदाद ऋण तथा कोर्ट केश मुकदमा आदि में भी इच्छित वरदायक होता है। सन्तानहीनता में मंगलजनित प्रकोप हो तो इसके पूजन से सन्तान प्राप्ति भी होती है। यह यन्त्र साधारण स्थिति में छोटे-मोटे मुकदमें वैमनस्य तथा विवाद में प्रयोग में नहीं लेना चाहिए। संकटकालीन समय में ही इसका प्रयोग करना चाहिए। साधारण बात में बड़ी शक्ति को नष्ट करना उसका दुरुपयोग करना पाप है। इसलिए इसको अयोग्य व्यक्ति को न देने का निर्देश किया है। कन्याएं जिनका विवाह होने में सगाई नेग दस्तूर होने में विलम्ब होता हो अड़चन आती हो जो युवक कारोबार के लिए परेशान हो वे सच्चे मन एवम् विधिवत् इसकी आराधना करे तो सम्बन्धित कार्य अवश्यक पूर्ण होंगे।

विशेषकर जो मंगलिक हैं उन्हें इसकी पूजा अवश्य करनी चाहिए चाहे मांगलिक दोष भंग आपकी कुण्डली में क्यों न हो गया हो फिर भी मंगल यन्त्र मांगलिकों को सर्वत्र जय सौख्य विजय अभ्युदय और आनन्ददायक है-

२१ नामों से मंगल की पूजा करें-

१. ॐ मंगलाय नम:।	२. ॐ भुमिपुत्राय नम:।
३. ॐ ऋण हर्त्रे नम:।	४. ॐ धनदाय नम:।
५. ॐ सिद्ध मंगलाय नम:।	६. ॐ महाकायाय नम:।
७. ॐ सर्वकर्म विरोधकाय नम:।	८. ॐ लोहिताय नम:।
९. ॐ लोहितगाय नम:।	१०. ॐ सुहागानां कृपा कराय नम:।
११. ॐ धरात्मजाय नम:।	१२. ॐ कुजाय नम:।
१३. ॐ रक्ताय नम:।	१४. ॐ भुमि पुत्राय नम:
१५. ॐ भुमिदाय नम:।	१६. ॐ अंगारकाय नम:
१७. ॐ यमाय नम:।	१८. ॐ सर्वरोग प्रहारिण नम:।
१९. ॐ सृष्टिकर्त्रे नम:।	२०. ॐ प्रहर्त्रे नम:।
२१. ॐ सर्वकाम फलप्रदाय नम:।	

किशनलाल उपाध्याय

विक्रम संवत् २०६५ में तेजी-मन्दी का संक्षिप्त विवरण

तेजी

७ अप्रैल- कपास, गुड़, खांड़, नमक, तिल, तेल, सरसों व चांदी।

८ - १० अप्रैल- गुड़, खांड, घी, तेल, तिल, सरसों, व चांदी।

२५ - २६ अप्रैल- सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, घी, गुड़, खांड, शक्कर।

१४ मई- रुई, कपास, सूत, सोना, अनाज।

२९ मई से १६ जून- गेहूं, चना, मटर, रुई, कपास, सोना, चांदी, जिंक, कॉपर, क्रूड, मैंथा, लेड, निकिल, गुड़, शक्कर, जूट, पाट, बारदाना, ग्वार, खल, बिनौला, कालीमिर्च, जीरा।

१४ जून- सरसों, लोहा, तिल, तैल, गुड़, खांड, उड़द, मूंग, मोंठ, चावल, गेहूँ, चना, अरहर।

२४ मई- चांदी, रुई, कपास, गेहूं, गुड़, शक्कर, घी,।

२९ मई से १६ जून- गेहूँ, सोना, चांदी, चना, मटर, जिंक, क्रूड, मैंथा, लेड, निकिल, गुड़, शक्कर, काली मिर्च, जीरा, जूटपाट, बारदाना, ग्वार, खल, बिनौला।

२१ जून- गुड़, खांड, शक्कर, रुई, लाल मिर्च, अलसी व लौह पदार्थ, सरसों, मूंगफली, तांबा, चावल।

१६ जुलाई- चांदी, सोना, गुड़, खांड़, शक्कर, तिल, सरसों।

२३ से २५ जुलाई- पीपरमेंट, तेल, अरहर, काजू, किशमिश, काले हरे रंग के पदार्थ वनस्पतियाँ, घी, खांड, शक्कर, तेल, मूंगफली।

२४ अगस्त- सोना, चांदी आदि धातु, गुड़, चीनी, हल्दी, जौ, गेहूं, चना, रेशम, उड़द, मूंग।

२५ अगस्त- गुड़, खांड व ऊनी वस्त्र, चांदी, रेशम, घी, नमक, चावल

१६ अक्टूबर- नारियल, सुपारी, चन्दन, सोना, गेहूं, जौ, चना, मजीठ, तांबा।

७ नवम्बर- रुई, सूत, कपास, वस्त्र, गेहूँ, सोना, चांदी, तांबा, जिंक।

१५ नवम्बर- सोना, चांदी, तांबा, रुई, कपास, लेड, जिंक, ऊन, सरसों, अलसी, अरण्डी, मूंगफली।

२० नवम्बर- निफ्टी शेयर सूचकांक में लम्बी तेजी।

२३ नवम्बर- गेहूं, जौ, चना, अचानक तेजी।

१५ दिसम्बर से ६ जनवरी २००९- सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, कपास, खल, बिनौला।

१९ दिसम्बर- धान्य, घी, मूल पदार्थ, कपास, रुई, सूत, सोना, चांदी, बिनौला, सरसों, अनाज, लेड, कॉपर, निकिल, जिंक, क्रूड ऑयल।

२८ दिसम्बर- तिल, तैल, चांदी, गुड़, खांड, सरसों, ऊनी वस्त्र, हल्दी, कपूर।

११ जनवरी २००९- सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, क्रूड ऑयल, गुड़, रुई, कपास, जूट, पाट, ग्वार, चना, सोया, तेल।

१५ से २७ जनवरी- रुई, कपास, चांदी, सोना, गेहूं, चना, गुड़, चीनी, जिंक, कॉपर, क्रूड ऑयल, लाल वस्तुएं।

१० फरवरी- पीले रंग की वस्तुएं, कॉपर, सोना, सरसों, धातु, हल्दी, सोया तेल।

२६ फरवरी- गुड़, शक्कर, गेहूं, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, लोहा, कॉपर, जिंक।

९ मार्च- अनाज, सोना, चांदी, गुड़, खांड।

मंदी

२५ अप्रैल से ५ मई- सरसों, तिल, अलसी, अरण्डी, तेल।

८ मई- सप्त धान्य, तिल, तेल, घी।

१४ मई- गेहूँ, जौ, चना, मटर, अरहर, मूंग, चावल।

१६ से १७ मई- गेहूं, तिल, सरसों, जौ, हींग, रुई, सोना, चांदी, हीरा, मोती।

१३ जून- रुई, कपास, जूट, पाट, बारदाना, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ज्वार।

२१ जून से ८ अगस्त- राजनैतिक हत्याकांड, प्राकृतिक प्रकोप से बाजार पर विपरीत प्रभाव।

१८ जुलाई- रुई, पाट, हैसियन, गुड़, गेहूँ, चना, कपास।

७ अगस्त- कपूर, गुड़, खांड, चीनी, शक्कर।

१६ अगस्त- सरसों, तिल, तेल, रत्न, गेहूँ, चना, मटर, बाजरा, मक्का, गुड़, खांड, लाल मिर्च, लाल वस्तुएं।

१ सितम्बर- शेयर, रुई, जूट, कपास।

१६ सितम्बर- रुई, सूत, कपास, खल बिनौला, नारियल, सुपारी, काजू, बादाम, अरण्डी, लाल मिर्च, तिल, सरसों, सोयाबीन तेल, सोना, चांदी, शेयर बाजार, लोहा, पीतल, तांबा, जिंक, लेड।

२२ सितम्बर- लोहा, लौंग, कालीमिर्च, जावित्री, जायफल, जीरा, शेयर बाजार।

१६ अक्टूबर- रुई, कपास, चांदी,

१५ नवम्बर- लाल रंग की समस्त वस्तुएं, लाल मिर्च, चन्दन, नमक, नारियल, सुपारी, चीनी, गेहूं, जौ, चना, जूट, पाट, बारदाना, ग्वार, चना।

२० नवम्बर- अनाज, घी, तेल, सरसों, सोना, चांदी, रुई।

१५ दिसम्बर- अनाज, रुई, कपास, तिल, तेल, सोना, चांदी।

२८ दिसम्बर से १० जनवरी २००९- गेहूँ, जौ, चना, उड़द, मूंग, ज्वार, बाजरा, सफेद रंग की वस्तुएं।

१४ जनवरी- सोना, हल्दी, मूंग, चना।

१३ फरवरी- गुड़, खांड, शक्कर, अनाज, रुई, पाट।

५ फरवरी से २० फरवरी- सोना, चांदी, रुई, खांड, घी, तेल, सोयाबीन, सरसों।

१६ मार्च- गुड़, खांड, गेहूं, जौ, चना, मटर, रुई, पाट।

॥ ॐ श्री शरभ-शालुव-पक्षिराजाय नमः ॥

✡ दुर्लभ-स्तोत्र, मन्त्र-विधान ✡

''भूपेन्द्र दत्त शर्मा''

।।सम्पादकीय।।

महादेव महारूद्र पक्षिराज श्री शरभेश्वर के कृपा पात्र सुप्रसिद्ध साधक एवं विद्वान श्री भूपेन्द्र दत्त जी शर्मा के द्वारा विगत कई वर्षों से जो भी साधना–विषय सम्बन्धी प्रस्तुति प्रकाशित हो रही है, उसकी प्राप्ति सत्य में ही दुर्लभ व दुष्प्राप्य है। प्रस्तुत विषय के विद्वान साधक के पास प्राचीन गुह्य–विद्याओं का अपार भण्डार है –– इसमें कदापि भी संशय नहीं! 'श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग' में इस स्तम्भ के अन्तर्गत ऐसे विषय भविष्य में निरन्तर इसी–प्रकार से प्रकाशित होते रहें, यही हमारी कामना है और सुधी पाठक–जनों की भी।

इस बार के सम्वत् के पञ्चाङ्ग में पुनः की भाँति दुर्लभ साधनात्मक–विषयों के साथ–साथ भगवान् श्री शरभेश्वर का एक दुर्लभ व दर्शनीय चित्र–(**'श्री शरभेश्वर साधना–प्रदीप'** से उद्धृत) भी प्रकाशित किया जा रहा है।

–पं० सुधाकर शर्मा त्रिवेदी
सम्पादक –'श्री विश्वविजय–पञ्चाङ्ग'

।।साधना और एकाग्रता।।

माया–मय अन्तःकरण की चार वृत्तियाँ हैं। 'मन' से हम 'मनन' करते हैं। 'बुद्धि' से 'विवेक' जाग्रत् होता है। जब 'बुद्धि' स्थिर हो जाए तो 'चित्त' 'चिन्तन' में रत होता है और 'मन' चञ्चलता छोड़कर साधना में 'अहमता' को उत्पन्न करता है। इसी आधार पर साधक लक्ष्य को प्राप्त करता है।

'माला' से जप चल रहा है, 'मुख' में मन्त्र चल रहा है। 'ध्यान'–ज्योति या मूर्ति में है। हमें ज्ञात है कि आसन ठीक है, मेरु–दण्ड सीधा है! अथवा साधक–(या योगी) देख रहा है कि कहीं **'मणि–बन्ध'**, **'उड्डियान–बन्ध'** या **'जालन्धर–बन्ध'** टूट न जाए। एक अन्य शक्ति इन सबका नियन्त्रण कर रही है कि मन्त्र समाप्त होने से पूर्व 'मनका' आगे न निकल जाए। मन्त्र का उच्चारण अशुद्ध होते ही चेतावनी मिलती है। यही साक्षी 'नियन्त्रक' 'बुद्धि' है, परन्तु जप करते–करते 'मन' किसी अन्य विषय– विदेश–परदेश में पहुँच जाता है! 'मन' को साधना में क्यों नहीं लगाया?

ये 'कर–मुख–कर्ण–नेत्र' तो, जो साधना में रत हैं, 'इन्द्रियाँ' हैं, हमारी सेविकाएँ हैं। यह साधना तो इन सेविकाओं ने की है। यदि 'मन' से साधना करते, तो भागता कौन? योगी तीन–बन्ध लगाकर तीन–वृत्तियों को उनमें लगा देता है और 'मन' से अभ्यास करके 'समाधि' की अवस्था को प्राप्त कर लेता है।

पूज्य श्री गुरुदेव का –– 'अपने मन्त्र को कल्पना में लिखा हुआ पढ़ो' –– यह बहुत गम्भीर आदेश था। बार–बार ऐसा करने से जब कल्पना में लिखा हुआ मन्त्र स्थिर हो जाए, तो सफलता कितनी दूर रह सकेगी? यही एकाग्रता का लक्षण है। एकाग्रता–प्राप्ति के लिए एक अन्य प्रयोग भी बताया गया है कि जिस–प्रकार कल्पना में लिखे हुए मन्त्र को पढ़ने का विधान है, उसी–प्रकार 'मन में हो रहे जप को सुनने का अभ्यास' भी 'मन' को एकाग्र

करता है। 'मन' वायु के वेग से भी अधिक चञ्चल है। योग की भाषा में, यदि 'शवासन' की तरह साधना के समय साँस को अति–मन्द गति दे दी जाए, तो 'प्राण–वायु' नियन्त्रण में रहता है और इससे 'मन' चञ्चल नहीं होता।

उक्त अभ्यास–प्रयोग विचारणीय एवं ग्रहण करने योग्य विषय हैं। यदि हम साधना करते हैं, तो 'मन' को एकाग्र व शान्त–चित्त रखना अति आवश्यक है। पूर्व में स्पष्ट हो चुका है कि साधना में अनेक–प्रकार की बातें 'मन' में अपना–अपना स्थान बनाने के लिए व्याकुल रहती हैं। इसी दुविधा के कारण 'गीता' में अर्जुन ने भगवान् श्रीकृष्ण से इसी बात को पूछा था ––

चञ्चलं हि मनः कृष्ण! प्रमाथि बल–वद् दृढम्।
तस्याहं निग्रहं मन्ये, वायोरिव सु–दुष्करम्।।६/३४–३५

क्योंकि हे कृष्ण! यह मन बड़ा चञ्चल और प्रमथन–स्वभाव है तथा बड़ा दृढ़ और बलवान् है, इसलिए इसको वश में करना मैं वायु की भाँति अति दुष्कर मानता हूँ।

असंशयं महा–बाहो! मनो दुर्निग्रहं चलम्।
अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।।

श्रीकृष्ण भगवान् बोले–– हे महा–बाहो! निस्सन्देह 'मन' चञ्चल और कठिनता से वश में होने वाला हे, परन्तु हे कुन्ती–पुत्र अर्जुन! अभ्यास अर्थात् स्थिति के लिए बारम्बार यत्न करने से और 'वैराग्य' से वश में होता है, इसलिए इसको अवश्य वश में करना चाहिए।

इसी अभ्यास–प्रयोग के विषय में पुनः भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा––

अथ चित्तं समाधातुं, न शक्नोषि मयि स्थिरम्।
अभ्यास–योगेन ततो, मामिच्छाप्तुं धनञ्जय!।।१२/६

यदि तू मन को मुझमें अचल स्थापन करने के लिए समर्थ नहीं है, तो हे अर्जुन! अभ्यास–रूप योग के द्वारा मेरे को प्राप्त होने के लिए इच्छा कर।

पुनः 'मन' की एकाग्रता के विषय में बात करते हैं। एकाग्रता के सम्बन्ध में **'छान्दोग्योपनिषद्'** में एक बहुत सुन्दर उदाहरण प्राप्त होता है। देवों और असुरों में युद्ध और विरोध तो चलता ही रहता था। देवता जो भी साधन ग्रहण करते, असुर उन्हें दूषित कर देते थे। देवताओं ने 'वाग्' से मन्त्र–साधना आरम्भ की, तो वाणी को असुरों ने दूषित कर दिया। 'जिह्वा' मिथ्या–भाषण करने लगी। इसी–प्रकार 'कानों' से तथा 'आँखों' के द्वारा साधना आरम्भ की, तो 'आँख' व 'कान' भी दूषित कर दिये गये। इस–प्रकार इन्द्रियों का पञ्च–प्राणों से सम्बन्ध होने के कारण उनकी साधना असुर भङ्ग कर देते थे। (यही हमारी असफलता का कारण है।)

अब देवताओं ने 'महा–प्राण' से साधना आरम्भ की। असुरों ने बहुत जोर लगाया कि किसी भी प्रकार से देवों की साधना भङ्ग हो जाए, परन्तु किसी इन्द्रिय से 'महा–प्राण' का सम्बन्ध न होने के कारण असुर देवताओं की साधना भङ्ग न कर सके और जिस–प्रकार मिट्टी का ढेला पर्वत से टकरा कर चूर–चूर हो जाता है, यही असुरों के साथ भी हुआ।

साधक स्वयं प्रजापिता ब्रह्मा है। ये 'देव–असुर' उसकी अपनी 'चित्त–वृत्तियाँ' हैं। 'महा–प्राण' से साधन का अर्थ कुछ जटिल साधना से अवश्य है, किन्तु अभ्यास–पर–अभ्यास करते रहने से यह साधन सरल–सुलभ बन जाता है। मन्त्रोच्चारण में बिखरी वाणी का प्रयोग होता है, किन्तु जब साधक स्वयं जप नहीं करता, 'मन' में चल रहे जप को सुनता है, तो एकाग्रता को प्राप्त कर लेता है। अस्तु...

गत सम्वत् **'श्रीविश्वविजय–पञ्चाङ्ग'** में जो साधनात्मक विषय–विधान प्रकाशित हुए थे, उनसे असंख्य–साधक व पाठक लाभान्वित हुए ––– ऐसा मुझे ज्ञात हुआ है। विषय 'साधना–कर्म' एवं 'साधना–संरक्षण' दोनों ही प्रकार से सफलीभूत हुए ––– इस बात का मुझे हर्ष भी है और भविष्य में इस कर्म हेतु प्रेरणा भी! इस सम्वत् स्नेही–पाठकों व जिज्ञासु–साधकों हेतु जो साधना–विषय विधान–कर्म प्रकाशित हो रहे हैं, उनमें से कुछ अत्यन्त दुर्लभ व अभी तक सर्वथा अप्रकाशित हैं, जैसे कि **'गायत्री–सहस्रनाम'**,

'सुमुखि मातङ्गी–हृदय' अथवा 'इन्द्राक्षी–कवच'! साथ ही साथ 'श्रीलक्ष्मी–नारायण हृदय' की विशिष्ट प्रस्तुति। जिस–प्रकार गत सम्वत् में **पञ्चमुखी श्री हनुमन्त–कवच** का पूर्ण–रूप प्रकाशित हुआ था, उसी–प्रकार इस बार यहाँ अति–प्रसिद्ध व जन–जन में पाठ–रूप में प्रचलित **'बजरङ्ग –बाण'** का भी पूर्ण–रूप प्रकाशित किया जा रहा है। तथा अन्य **'महामारी स्तोत्र–विधान'** व **'इन्द्राक्षी–मन्त्र–साधन'** भी दिया जा रहा है। प्रस्तुत–प्रकाशित विषयों में सर्व–प्रथम प्रस्तुति अथर्वण–रहस्यान्तर्गत **'श्री लक्ष्मी–नारायण हृदय'** की है, जो अत्यन्त ही प्रभावशाली है। यद्यपि यह विषय कई ग्रन्थकारों ने अपने–अपने स्तोत्र–विधान–विषयक सङ्कलित ग्रन्थों में दिया है, किन्तु मात्र मूलवत् ही! यहाँ प्रकाशित यह हृदय–स्तोत्र–विधान का रूप कुछ विशिष्ट व दुर्लभ है। जैसे कि ऋष्यादि–न्यास, कर व हृदयादि–न्यास को किन–किन मुद्राओं के द्वारा सम्पन्न करें, जो कि साधना–कर्म का एक सैद्धान्तिक नियम विशेष है। साथ ही साथ भगवान् श्रीविष्णु व लक्ष्मी की साधना में प्रयोग होने आवश्यक मुद्राओं का प्रयोगात्मक वर्णन व स्पष्टीकरण भी। इस विधि से जहाँ साधनानुष्ठान में प्रचुर सफलता अग्रसर होगी! वहीं, साधक को साधनात्मक–ज्ञान की वृद्धि भी होगी। एक और दुर्लभ बात–– कि **'श्रीलक्ष्मी–हृदय'** में कर व हृदयादि–न्यास के पुनः–पुनः क्रम, जो पाठक व साधक अध्ययनोपरान्त समझेंगे और यह भी देखेंगे कि इस **'हृदय–स्तोत्र'** के प्रत्येक श्लोकों का भिन्न–भिन्न प्रकार के **'बीज–मन्त्रों'** से सम्पुटिकरण! सम्भवतः इस **'हृदय–स्तोत्र'** का ऐसा क्रम प्रथम बार ही देखने में आया है।

सविधि पूर्वक इस **'श्रीलक्ष्मी–नारायण हृदय'** के अनुष्ठान से अक्षय धन–सम्पत्ति की प्राप्ति तथा रुष्ट व्यापार–धन की अनुकूलता प्राप्त होती है –– जिसका प्रत्यक्ष अनुभव इस अल्पज्ञ ने अनेकों बार उद्योग व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों हेतु किया, जिसका फल पूर्ण–रूपेण प्राप्त हुआ है। **'श्री लक्ष्मी –कृपा'** प्राप्ति हेतु यह विधान अन्य किसी भी विधान की अपेक्षा अथवा तुलना में अति–शीघ्र व अचूक प्रभाव देने वाला एक दिव्य सिद्ध–साधन है–– ऐसा मेरा व्यक्तिगत अनुभव है। मेरे व्यक्तिगत पुस्तकालय के 'प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थ– सङ्ग्रह' में इस विषय–विधान की पाण्डुलिपि सङ्ग्रहित–सुरक्षित है, जिसको संशोधित सम्पादित कर साधकों के लाभार्थ यहाँ प्रस्तुत किया गया है। ध्यान रहे कि अन्य ग्रन्थों में प्रकाशित पाठ–(मूल) व प्रस्तुत पाठ के मिलान से अनेकों पाठ–भेद भी दृष्टि–गोचर होंगे! जो कि स्वाभाविक है!

।।श्रीनारायण-हृदय।।

विनियोग :-

ॐ अस्य श्रीनारायण–हृदय–स्तोत्र–मन्त्रस्य भार्गव ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, श्रीलक्ष्मी–नारायणो देवता, ॐ बीजं, नमः शक्तिः, नारायणायेति कीलकं, श्रीलक्ष्मी–नारायण प्रीत्यर्थे जपादि पाठे विनियोगः।

अपने दाएँ हाथ की हथेली अथवा आचमनी में जल लेकर उपरोक्त विनियोग का उच्चारण करें, पश्चात् जल को किसी पात्र में छोड़ दें। तत्पश्चात् कराङ्गुलियों से निर्मित विभिन्न मुद्राओं के द्वारा निर्देशिष्ट अङ्गों का स्पर्श करते हुए ऋष्यादि–न्यास तथा कर व हृदयादि षडङ्ग –न्यास करें।

स्पष्टीकरण :-

विनियोग में जो 'श्रीलक्ष्मी–नारायण–प्रीत्यर्थे' का उल्लेख है, वहाँ साधक अपनी अन्य कामना भी व्यक्त कर सकते हैं, जैसे 'श्रीलक्ष्मी–नारायण कृपा-प्रसाद-प्राप्त्यर्थे, नष्ट-धन-प्राप्त्यर्थे, आकास्मिक-धन प्राप्त्यर्थे.....आदि.....।

ऋष्यादि-न्यास :-

ॐ भार्गव ऋषये नमः –– शिरसि –(अङ्गुठे रहित चारों अङ्गिलयों से शिर का स्पर्श करें)।

अनुष्टप् छन्दसे नमः –– मुखे –(अङ्गुठे रहित चारों अङ्गिलयों से मुख का स्पर्श करें)।

श्री लक्ष्मी–नारायणो देवतायै नमः –– हृदये –(अङ्गुठे से हृदय का स्पर्श करें)।

ॐ बीजाय नमः –– गुह्ये – (अङ्गुठे रहित चारों अङ्गिलयों से गुह्य स्थान का स्पर्श करें)।

नमः शक्त्यै नमः –– पादयोः – (अङ्गुठे रहित चारों अङ्गिलयों से दोनों चरणों का स्पर्श करें)।

नारायणायेति कीलकाय नमः –– नाभयोः– (अङ्गुठे रहित चारों अङ्गिलयों से नाभि का स्पर्श करें)।

श्रीलक्ष्मी–नारायण प्रीत्यर्थे जपादि पाठे विनियोगाय नमः –– सर्वाङ्गे – (अङ्गुठे सहित सभी अङ्गिलयों को शिर से पैर एवं पैरों से शिर तक ले जाएँ)।

इस–प्रकार ऋष्यादि–न्यास सम्पन्न करने के पश्चात्, इष्ट–देवता का स्मरण करते हुए अपने हाथों को जल से धो लें, तत्पश्चात्, कर व हृदयादि षडाङ्ग–न्यास विधि सम्पन्न करें।

कर-न्यास :-

ॐ नारायणः परं ज्योतिः –– अङ्गुष्ठाभ्यां नमः –

(दोनों हाथों में अङ्गुठों के अग्रभागों को परस्पर मिलाएँ)

ॐ नारायणः परब्रह्मः –– तर्जनीभ्यां नमः –

(दोनों हाथों की तर्जनीयों के अग्र–भागों को परस्पर मिलाएँ)।

ॐ नारायणः परो देवः –– मध्यमाभ्यां नमः –

(दोनों हाथों की मध्यमाओं के अग्र–भागों को परस्पर मिलाएँ)।

ॐ नारायणः परं ध्याता –– अनामिकाभ्यां नमः –

(दोनों हाथों की अनामकाओं के अग्र–भागों को परस्पर मिलाएँ)।

ॐ नारायणः परंधामः –– कनिष्ठिकाभ्यां नमः –

(दोनों हाथों की कनिष्ठिकाओं के अग्र–भागों को परस्पर मिलाएँ)।

ॐ नारायणः परो धर्मः –– करतल–कर पृष्ठाभ्यां नमः–

(दोनों हाथों की हथेलियों को परस्पर मिलाएँ पश्चात् हथेलियों को उलट–पुलट करते हुए)।

हृदयादि षडङ्ग -न्यास :-

ॐ नारायणः परं ज्योतिः –– हृदयाय नमः –

(तर्जनी, मध्यमा और अनामिका से हृदय का स्पर्श करते हुए)।

ॐ नारायणः परं ब्रह्मः –– शिरसे स्वाहा –

(मध्यमा और तर्जनी से शिर भाग स्पर्श करते हुए)।

ॐ नारायणः परो देवः –– शिखायै वषट्–

(अङ्गुठे से शिखा–स्थान का स्पर्श करते हुए)।

ॐ नारायणः परंध्याता –– कवचाय हुम् –

(दाएँ हाथ की पाँचों अङ्गुलियों से बाएँ हाथ की भुजा और बाएँ हाथ की पाँचों अंङ्गुलियों से दाएँ हाथ की भुजा का स्पर्श करते हुए)।

ॐ नारायणः परंधामः –– नेत्रत्रयाय वौषट्–

(तर्जनी, मध्यमा और अनामिका से नेत्रों का स्पर्श करते हुए)।

ॐ नारायणः परोधर्मः –– अस्त्राय फट्–

(दाएँ हाथ की तर्जनी व मध्यमा से, बाएँ हाथ की हथेली पर तीन–बार आघात करते हुए)।

स्पष्टीकरण :-

उपरोक्त प्रस्तुत ऋष्यादि एवं कर व हृदयादि–न्यास या अन्य और भी विस्तृत **'मातृका–न्यास'** आदि में कुछ साधकजन निर्देशिष्ट अङ्गों का स्पर्श, बिना 'मुद्रा' बनाये ही सम्पन्न कर लेते हैं अर्थात् अपनी सर्वाङ्गलियों से ही अङ्गों का स्पर्श कर न्यास, विधि पूर्ण कर लेते हैं। इनमें या तो विषय का ज्ञान नहीं होता अथवा / या फिर उनसे 'मुद्राओं' का अभ्यास नहीं बन पाता। कुछ साधक ऐसे भी हैं, जो न्यासान्तर्गत 'मुद्रा' का ही प्रदर्शन करते हैं, किन्तु वे अङ्गों का स्पर्श नहीं करते। 'मुद्रा' निर्माण व उनका प्रदर्शन देवताओं को अत्यन्त ही प्रिय है, इष्ट–देव की कृपा व प्रसन्नता प्राप्ति हेतु इनका प्रदर्शन अति–आवश्यक है। **कुलार्णव–तन्त्र**–(१७ / ५६)

योगिनी–हृदय–(१/५७), **शारदातिलक**–(२३/१०६), **ज्ञानार्णव–तन्त्र**–(४–३६), **फेत्कारिणी**–(३–१८३), **कालिका–पुराण**–(–७०–३३) आदि विभिन्न तन्त्र–ग्रन्थों में 'मुद्राओं' की महत्ता व अनिवार्यता पर प्रकाश डाला गया है।

स्पष्ट रूप से तो **'तन्त्र–शास्त्रों'** का यह वचन है कि मुद्रा–निर्माण व प्रदर्शन किये बिना पूजा–जप–कर्म निष्फल ही माना जाता है। मुद्रा–निर्माण–प्रदर्शन से जहाँ इस गूढ–गम्भीर विषय का ज्ञान प्राप्त होता है, साथ ही साथ वहीं साधक की शारीरिक–क्रियाओं में स्फूर्ति का उन्नत–सञ्चार भी उत्पन्न होता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। यहाँ यह बात और स्पष्ट कर दें कि उपरोक्त प्रायः किन्हीं 'मुद्रा–प्रदर्शन' व निर्माण में कहीं–कहीं मत–भेद भी प्रकट होता है, जो परम्परागत भी है और शास्त्रोक्त भी! साधक को चाहिए कि इस विषय का प्रयोगात्मक अध्ययन करने हेतु कल्याण–मन्दिर प्रकाशन–(प्रयाग राज) से प्रकाशित **'मुद्राएँ एवं उपचार'** आदि कुछ और भी उक्त विषय सम्बन्धी ग्रन्थों का अनुसरण कर अपने ज्ञान को विस्तृत कर लेना चाहिए, जो साधना–दृष्टि से अनिवार्य है।

इस–प्रकार न्यासादि करने के पश्चात् 'दिग्बन्धन' करें––

दिग्बन्धन :-

ऐन्द्रादि दश–दिशं –– 'ॐ नमः सुदर्शनाय सहस्राय हुं फट् बध्नामि नमश्चक्राय स्वाहा' –– **इति प्रति दिशं योज्यम्।।**

● पूर्वादि प्रत्येक दिशा की ओर दृष्टिपात करते हुए, उक्त मन्त्र का उच्चारण करें, यथा प्रथम दिशा पूर्व तत्पश्चात् आग्नेय, दक्षिण, नैऋत्य, पश्चिम, वायव्य, उत्तर, ईशान तथा ऊर्ध्व–(ऊपर) एवं अधो–(नीचे)। इस–प्रकार क्रम से दृष्टिपात करने के पश्चात् अपने चारों ओर चुटकियाँ बजाकर 'अस्त्र–मुद्रा' द्वारा बाएँ हाथ की हथेली पर तीन–ताली बजाएँ।

● दाएँ हाथ की– तर्जनी व मध्यमाङ्गली को फैलाकर, अङ्गष्ठ से अनामिका की कनिष्ठिकाङ्गली को दबाएँ तो 'अस्त्र–मुद्रा' का निर्माण होता है, जिसका प्रदर्शन प्रयोग उपरोक्त 'हृदयादि षडङ्ग –न्यास' के अन्तिम क्रम तथा उक्त 'दिग्बन्धन' के लिए किया जाता है।

'दिग्बन्धन' के पश्चात् भगवान् श्री नारायण का ध्यान करें––

ध्यान :

उद्यदायित्य सङ्काशं पीतवास समच्चयुतम्।
शङ्ख –चक्र–गदा–पाणिं ध्यायेल्लक्ष्मी पतिं हरिम्।।

ध्यान के पश्चात् 'मानस–पूजन' करें ––

मानस-पूजन :-

१. अधोमुख कनिष्ठाङ्गुष्ठ से **'गन्ध–मुद्रा'** दिखाते हुए–
ॐ लं पृथ्वी–तत्वात्मकं गन्धं भगवन् श्रीनारायण प्रीतये परि–कल्पयामि नमः।

२. अधोमुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से **'पुष्प–मुद्रा'** दिखाते हुए–
ॐ हं आकाश–तत्वात्मकं पुष्पं भगवन् श्रीनारायण प्रीतये समर्पयामि नमः।

३. ऊर्ध्व–मुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से **'पुष्प–मुद्रा'** दिखाते हुए–
ॐ यं वायु–तत्वात्मकं धूपं भगवन् श्रीनारायण प्रीतये घ्रापयामि नमः।

४. ऊर्ध्व–मुख मध्यमाङ्गुष्ठ से **'दीप–मुद्रा'** दिखाते हुए–
ॐ रं अग्नि–तत्वात्मकं दीपं भगवन् श्रीनारायण प्रीतये दर्शयामि नमः।

५. ऊर्ध्व–मुख अनामिकाङ्गुष्ठ से **'नैवेद्य–मुद्रा'** दिखाते हुए–
ॐ वं जल–तत्वात्मकं नैवेद्यं भगवन् श्रीनारायण प्रीतये निवेदयामि नमः।

६. ऊर्ध्व–मुख सर्वाङ्गुलियों से **'ताम्बूल–मुद्रा'** दिखाते हुए –
ॐ सं सर्व–तत्वात्मकं ताम्बूलं भगवन् श्रीनारायण प्रीतये कल्पयामि नमः।

मुद्रा-प्रदर्शन :-

'मानस–पूजन' करने के पश्चात् भगवान् श्रीनारायण को प्रसन्न करने वाली कुछ 'मुद्राओं' का प्रदर्शन करें, यथा ––

शङ्ख :–

बाएँ हाथ के अङ्गठे को दाएँ हाथ की मुठ्ठी में लेकर, बाएँ हाथ की

चारों अङ्गलियों को सीधी करके, दाएँ हाथ की मुठ्ठी को दबाएँ और दाएँ हाथ के अङ्गठे का अग्र–भाग तर्जनी–अङ्गली के अग्र–भाग में लगाए, तो **'शङ्ख –मुद्रा'** निर्मित होती है।

चक्र :-

दोनों हाथों को परस्पर देखते हुए सभी अङ्गलियों को भली–भाँति फैला दें तथा कनिष्ठाओं को अङ्गठों से स्पर्श करा दें, तो **'चक्र–मुद्रा'** निर्मित होती है।

गदा :-

दोनों हाथ आपस में सम्मुख करके परस्पर अङ्गिलयाँ गूँथ दें और बीच में फैले हुए अङ्गठे उनमें लगा दें, तो **'गदा–मुद्रा'** निर्मित होती है।

पद्म :-

दोनों हाथों को परस्पर मिलाकर पुष्प की कली के समान खड़ी कर दें और दोनों अङ्गठे उनके भीतर तलभाग में लगा दे, तो **'पद्म–मुद्रा'** निर्मित होती है।

स्पष्टीकरण -

यद्यपि भगवान् श्रीनारायण–(विष्णु) की साधना–उपासनाकर्म में 'उन्नीस–मुद्राओं' का उल्लेख 'ग्रन्थों' में मिलता है, जिनमें 'चार–मुद्राएँ' उपरोक्त हैं, शेष मुद्राएँ –– वेणु, श्रीवत्स, कौस्तुभ, वनमाला, ज्ञान, बिल्याख्य, गरूड, नारसिंही, वराह, हयग्रीव, परशु, धनुष, बाण, काम तथा त्रैलोक्य–मोहिनी है। इनमें उक्त 'चार–मुद्राएँ' विशेष हैं, इसी–कारण इन विशेष–मुद्राओं की निर्माण–विधि भी वर्णित कर दी गयी है। साधक यदि चाहे तो उक्त उल्लेखित सभी मुद्राओं का प्रदर्शन भी कर सकते हैं। सचित्र–रूप से इन मुद्राओं के निर्माण की विधि मुद्रा–सम्बन्धी कई प्रकाशित में आई हैं। वैसे उक्त 'मुद्राओं' में से कुछ का प्रदर्शन **'गायत्री–उपासना'**–(संध्या–कर्म) में भी किया जाता है।

'मुद्राओं' के प्रदर्शन के पश्चात् भगवान् श्री नारायण के मूल–मन्त्र का १०८ बार जप 'श्वेत–चन्दन' की माला पर करें –

मन्त्र :-

ॐ नमो नारायणाय।

जप के पश्चात् **'मूलाष्टक'**, तत्पश्चात् **'प्रार्थना–दशक'** का पाठ करें –

।। मूलाष्टक ।।

ॐ नारायणः परं ज्योतिरात्मा नारायणः परः।
नारायणः परब्रह्मः नारायण नमोऽस्तु ते।।
नारायणः परो देवो दाता नारायणः परः।
नारायणः परो ध्याता नारायण नमोऽस्तु ते।।
नारायणः परंधामः ध्यानं नारायणः परः।
नारायणः परोधर्मो नारायण नमोऽस्तु ते।।
नारायणः परा–विद्या वैद्यो नारायणः परः।
विश्वं नारायणः साक्षात् नारायण नमोऽस्तु ते।।
नारायणाद्विधिर्जातो जातो नारायणच्छिवः।
जातो नारायणादिन्द्रो नारायण नमोऽस्तु ते।।
रविर्नारायणस्तेजश्चन्द्रो नारायणो महः।
वह्निर्नारायणः साक्षात् नारायण नमोऽस्तु ते।।
नारायणः उपास्यः स्याद् गुरुर्नारायणः परः।
नारायणः परोबोधो नारायण नमोऽस्तु ते।।
नारायणः फलं मुख्यं सिद्धिर्नारायणः सुखम्–(शुभम्)।
सेव्यो नारायणः शुद्धो नारायण नमोऽस्तु ते।।

।। इति मूलाष्टकम् ।।

।। प्रार्थना-दशक पाठ ।।

नारायणस्त्वमेवासि दहराख्ये हृदि स्थितः।
प्रेरकः प्रेर्यमाणानां त्वया प्रेरित मानसः।।
त्वदाज्ञां शिरसा धृत्वा जपामि जन–पावनम्।

नारायणस्य हृदयमादौ जप्त्वा ततः परम्।
लक्ष्मी–हृदयकं स्तोत्रं जपे नारायणं पुनः।।
पुनर्नारायणं जप्त्वा पुनर्लक्ष्मीकृतं जपेत्।
पुनर्नारायण जाप्यं सङ्कलीकरणं भवेत्।।
एवं मध्ये द्विवारेण जपत्सङ्कलितं हि तत्।
लक्ष्मी–हृदयकं स्तोत्रं सर्वकर्म प्रकाशितम्।।
तद्वज्जपादिकं कुर्यादेतत्सङ्कलितं शुभम्।
सर्वान्कामान् वाप्नोति, आधि–व्याधि–भयं हरेत्।।
गोप्यमेतत्सदा कुर्यान्न सर्वत्र प्रकाशयेत।
इति गुह्यतमं शास्त्रं प्राप्तं ब्रह्मादिकैः पुराः।।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन गोपयेत्साधयेत्सुधीः।
यत्रैतत्पुस्तकं तिष्ठेत् लक्ष्मी–नारायणायत्मकम्।।
भूतप्रेतश्च वेतालाः न स्थिरास्तत्र सर्वदा।
लक्ष्मी–हृदयकं प्रोक्तं विधिना साधयेत्सुधीः।।
भृगुवारे च रात्रौ च पूजयेत्पुस्तकद्वयम्।।
सर्वथा सर्वदा सत्यं गोपयेत्साधये सुधीः गोपनात्या।
धवन्याल्लोके धन्यो भवति तत्वतः।।

।।इत्यथर्वण–रहस्ये उत्तर–भागे श्रीनारायण–हृदय शुभम्।।

।। श्रीलक्ष्मी-हृदय ।।

विनियोग :-

ॐ अस्य श्रीमहालक्ष्मी–हृदय–माला–मन्त्रस्य भार्गव ऋषिः, आद्यादि श्रीमहालक्ष्मीर्देवता, अनुष्टुपादि नाना–छन्दासि, ॐ श्रीं बीजं, ॐ ह्रीं शक्तिः, ॐ ऐं कीलकम् आद्यादि श्री महालक्ष्मी वर–प्रसाद सिद्धयर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास :-

ॐ भार्गव ऋषये नमः–––––शिरसि। ॐ अनुष्टुपादि नाना छन्दोभ्यो नमः।––––– मुखे ॐ अद्यादि श्रीमहालक्ष्मी देवतायै नमः ––––– हृदये। ॐ

नानोपासन मार्गाणां भावहृद् भाव बोधकः।।
भावार्थ कृद्भाव भूतो भाव सौख्यप्रदो भव।
त्वन्माया मोहितं विश्वं त्वयैव परिकल्पितम्।।
त्वदिष्ठान मात्रेण सैषा सर्वार्थ–कारिणी।
त्वमेव तां पुरस्कृत्य मम कामान् समर्पय।।
न मे त्वदन्यस्त्राताऽस्ति त्वदन्यं नहि दैवतम्।
त्वदन्यं नहि जानामि पालकं पुण्य–रूपकम्–(वर्धनम्)।।
यावत् सांसारिको भावो मनःस्थो भावनात्मकः।
तावत्सिद्धिर्भवेत्साध्या सर्वथा सर्वदा विभो।।
पापिनामहमेवाग्रे दयालुनां त्वमग्रणीः।
दयनीयो मदन्योऽस्ति तव कोऽत्र जगत्त्रये।।
त्वयाप्याहं न सृष्टश्चेन्न स्यात्तव दयालुता।
आमयो नैव सृष्टश्चेदौषधस्य वृथोदयः।।
पाप संघ परिक्रान्तः पापात्मा पाप रूपधृक्।
त्वदन्यः कोऽत्र पापेभ्य स्त्राता मे जगती तले।।
त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुःश्च सखा त्वमेव।
त्वमेव विद्या च द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव।।

।। फलश्रुति ।।

प्रार्थना दशकं चैव मूलाष्टक मुदाहृतम्।
यः पठेत् श्रृणुयान्नित्यं तस्य लक्ष्मी स्थिरा भवेत्।।
नारायणस्य हृदयं सर्वाभिष्ट फलप्रदम्।
लक्ष्मी हृदयकं स्तोत्रं यदि चेत्तद्विना कृतम्।।
तत्सर्वनिष्फलं प्रोक्तं लक्ष्मीः क्रुध्यति सर्वदा।
एतत् सङ्कलितं स्तोत्रं सर्वकर्म फलप्रदम्।।
लक्ष्मी हृदयकं चैव तथा नारायणात्मकम्।
जपेद्यः सङ्कलीकृत्य सर्वाभिष्टमवाप्नुयात्।।

श्रीं बीजाय नमः ----- गुह्ये। ॐ ह्रीं शक्तये नमः ----- पादयो। ॐ ऐं कीलकाय नमः ----- नाभयोः। आद्यादि श्रीमहालक्ष्मी वर-प्रसाद विद्धयर्थे जपे विनियोगाय नमः -- सर्वाङ्गे।

कर-न्यास :-

ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नमः-----अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ श्रीं विष्णु वामाङ्ग-संस्थितायै नमः ----- तर्जनीभ्यां नमः। ॐ श्रीं श्रीमत्सौभाग्य-जनन्यै नमः ----- मध्यमाभ्यां नमः। ॐ श्रीं विज्ञान-सम्पत्सुखदायै नमः ----- अनामिकाभ्यां नमः। ॐ श्रीं समस्त सौभाग्य-कर्त्र्यै नमः ----- कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ श्रीं समस्त भूतान्तर संस्थितायैनमः ----- करतल-कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि-न्यास :-

ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नमः ----- हृदयाय नमः। ॐ श्रीं विष्णु वामाङ्ग-संस्थितायै नमः ----- शिरसे स्वाहाः। ॐ श्रीं श्रीमत्सौभाग्य-जनन्यै नमः ----- शिखायै वषट्। ॐ श्रीं विज्ञान-सम्पत्सुखदायै नमः ----- कवचाय हुम्। ॐ श्रीं समस्त सौभाग्य-कर्त्र्यै नमः ----- नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ श्रीं समस्त भूतान्तर संस्थितायै नमः ----- अस्त्राय फट्।

कर-न्यास :-

ॐ श्रां ----- अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ श्रीं ----- तर्जनीभ्यां नमः। ॐ श्रूं ----- मध्यमाभ्यां नमः। ॐ श्रैं ----- अनामिकाभ्यां नमः। ॐ श्रौं----- कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ श्रः ----- करतल कर पृष्ठाभ्यां नमः।

अङ्ग-न्यास :-

ॐ श्रां ----- हृदयाय नमः। ॐ श्रीं ----- शिरसे स्वाहा। ॐ श्रूं ----- शिखायै वषट्। ॐ श्रैं ----- कवचाय हुम्। ॐ श्रौं ----- नेत्र त्रयाय वौषट्। ॐ श्रः ----- अस्त्राय फट्।

कर-न्यास :-

ॐ श्रीं ॐ ----- अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ॐ ह्रीं ॐ ----- तर्जनीभ्यां नमः। ॐ ऐं ॐ ----- मध्यमाभ्यां नमः। ॐ श्रीं ॐ ----- अनामिकाभ्यां नमः। ॐ ह्रीं ॐ ----- कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ ऐं ॐ ----- करतल-कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि-न्यास :-

ॐ श्रीं ॐ ----- हृदयाय नमः। ॐ ह्रीं ॐ ----- शिरसे स्वाहा। ॐ ऐं ॐ ----- शिखायै वषट्। ॐ श्रीं ॐ ----- कवचाय हुम्। ॐ ह्रीं ॐ ----- नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ ऐं ॐ ----- अस्त्राय फट्।

● उक्त सभी न्यास पूर्व में **'विष्णु-हृदय'** में बताई गई 'मुद्राओं' के अनुसार सम्पन्न करें।

दिग्बन्धन :-

पूर्व की भाँति करें।

।। ध्यान ।।

पीतवासां सुवर्णाङ्गी पद्म हस्तां गजान्विताम्।
लक्ष्मी ध्यानेन मन्त्रेण स भवेत पृथ्वी पतिः।।
हस्तद्वयेन कमले धारयन्ति स्वलीलया।।
हार नूपुर संयुक्तां लक्ष्मीं देवीं विचिन्तयेत्।।
या स पद्मासनस्था विपुलकटि तटी पद्म पत्रायतादक्षीम्।
गम्भीरावर्त नाभिं स्तन-भर नमिता शुभ्रवस्त्रोतरीया।।
लक्ष्मीर्दिव्यैर्गजेन्द्रै मणिगणखचितैस्नापिताहेमकुम्भैः।
नित्यं सा पद्महस्ता वसतु मम गृहे सर्वमाङ्गल्य युक्ता ।।
वन्देलक्ष्मीं पर शिवमयीं शुद्ध जाम्बूनदाभाम्।
तेजोरूपां कनकवसनां सर्वभूषोज्ज्वलाङ्गीम्।।
बीजापूरं कनक-कलशं हेम पद्मदधानाम्।
आद्या शक्तिं सकल जननीं विष्णु वामाङ्ग-संस्थाम्।।

ध्यान के पश्चात् **'मानस-पूजन'** करें।

मानस-पूजन :-

१. अधोमुख कनिष्ठाङ्गुष्ठ से **'गन्ध-मुद्रा'** दिखाते हुए-

ॐ लं पृथ्वी–तत्वात्मकं गन्धं देवी श्रीमहालक्ष्मी प्रीतये परि–कल्पयामि नमः।

२. अधोमुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से **'पुष्प–मुद्रा'** दिखाते हुए–

ॐ हं आकाश–तत्वात्मकं पुष्पं देवी श्रीमहालक्ष्मी प्रीतये समर्पयामि नमः।

३. ऊर्ध्व–मुख तर्जनी–अङ्गुष्ठ से **'पुष्प–मुद्रा'** दिखाते हुए–

ॐ यं वायु–तत्वात्मकं धूपं देवी श्रीमहालक्ष्मी प्रीतये घ्रापयामि नमः।

४. ऊर्ध्व–मुख मध्यमाङ्गुष्ठ से **'दीप–मुद्रा'** दिखाते हुए–

ॐ रं अग्नि–तत्वात्मकं दीपं देवी श्रीमहालक्ष्मी प्रीतये दर्शयामि नमः।

५. ऊर्ध्व–मुख अनामिकाङ्गुष्ठ से **'नैवेद्य–मुद्रा'** दिखाते हुए–

ॐ वं जल–तत्वात्मकं नैवेद्यं देवी श्रीमहालक्ष्मी प्रीतये निवेदयामि नमः।

६. ऊर्ध्व–मुख सर्वाङ्गुलियों से **'ताम्बूल–मुद्रा'** दिखाते हुए –

ॐ सं सर्व–तत्वात्मकं ताम्बूलं देवी श्रीमहालक्ष्मी प्रीतये कल्पयामि नमः।

प्रार्थना :-

ॐ शङ्ख–चक्र–गदा हस्ते शुभ्रवर्णे सुवासिनी ।
मां देही वरं लक्ष्मी सर्व–सिद्धि प्रदायिनी।।

मन्त्र जपने के पश्चात् **'श्रीलक्ष्मी–हृदय स्तोत्र'** का पाठ करें। प्रार्थना के पश्चात् नीचे लिखे, भगवती महालक्ष्मी के मूल मन्त्र का १०८ बार जप 'कमल–गट्टे' की माला पर करें तथा मन्त्र जपने के पश्चात् पुनः कर व हृदयादि–न्यास सम्पन्न करें।

मन्त्र :-

ॐ श्रीं ह्रीं ऐं महालक्ष्म्यै कमल–धारण्यै सिंह–वाहिन्यै स्वाहा।

।। हृदय-पाठ।।

श्रीं श्रीं श्रीं।। वन्दे लक्ष्मी पर शिवमयीं शुद्ध जाम्बूनदाभां,
तेजो रूपां कनकवसनां सर्वभूषोज्जवलाङ्गीम्।
बीजापूरं कनक–कलशं हेमपद्मं दधानां,
आद्या शक्तिं सकल जननी विष्णु वामाङ्ग संस्थाम्।। **श्रीं श्रीं श्रीं।।**

श्रीं श्रीं श्रीं।। श्रीमत्सौभाग्य जननी स्तोमि सनातनीम्।
सर्व काम फलावाप्तिं साधनैक सुखावहाम्।। **श्रीं श्रीं श्रीं।।**

श्रीं श्रीं श्रीं।। स्मरामि नित्यं देवेशि! त्वया प्रेरित मानसः।
त्वदाज्ञां शिरसा धृत्वा भजामि परमेश्वरीम्।। **श्रीं श्रीं श्रीं।।**

श्रीं श्रीं श्रीं।। समस्त सम्पत्सुखदां महाश्रियं, समस्त सौभाग्यकरी महाश्रियम्।
समस्त कल्याणकरीं महाश्रियं, भजाम्यहं ज्ञान करीं महाश्रियम्।। **श्रीं श्रीं श्रीं।।**

श्रीं श्रीं श्रीं।।

विज्ञान सम्पत्सुखदां सनातनीं, विचित्र वग्विभूति करीं मनोहराम्।
अनन्त समोद सुख प्रदायिनीं, नमाम्यहं भूति करीं हरि–प्रियाम्।।
श्रीं श्रीं श्रीं।।

श्रीं श्रीं श्रीं।। समस्त भूतान्तर संस्थिता त्वं, समस्त भोक्त्रीश्वरि! विश्वरूपे।
तन्नास्ति यत्वद् व्यतिरिक्त वस्तु, त्वत्पाद पद्म प्रणमाम्यहं श्रीः।। **श्रीं श्रीं श्रीं।।**

श्रीं श्रीं श्रीं।। दारिद्रय दुःखौघ तमोऽपहन्त्रि, त्वत्पादपद्म मयि सन्निधत्वम्।
दीनार्ति विच्छेदन हेतुभूतैः, कृपा कटाक्षैरभिषिञ्च मां श्रीः।। **श्रीं श्रीं श्रीं।।**

श्रीं श्रीं श्रीं।।

अम्ब प्रसीद करूणा सुधयार्द्र दृष्ट्या, मां त्वत्कृपा द्रविणं गेह मिमं कुरूष्व।
आलोकय प्रणत हृदगत शोक हन्त्री, त्वत्पादपद्म युगलं प्रणमाम्यहं श्रीः।।
श्रीं श्रीं श्रीं।।

श्रीं श्रीं श्रीं।।

शान्त्यै नमोऽस्तु शरणागत रक्षणायै, कान्त्यै नमोऽस्तु कमनीय गुणा श्रयायै।
क्षान्त्यै नमोऽस्तु दुरित क्षय कारणायै, धात्र्यै नमोऽस्तु धन–धान्य समृद्धिदायै।।
श्रीं श्रीं श्रीं।।

श्रीं श्रीं श्रीं।।

शक्तयै नमोऽस्तु शशि–शेखर संस्तुतायै, रत्यै नमोऽस्तु रजनीकर सोदरायै।
भक्त्यै नमोऽस्तु भवसागर तारकायै, मत्यै नमोऽस्तु मधुसूदन वल्लभायै।।
श्रीं श्रीं श्रीं।।

श्रीं श्रीं श्रीं।।

श्रीं श्रीं श्रीं।। श्रीमत्सौभाग्य जननी स्तोमि सनातनीम्।

श्रीं श्रीं श्रीं।।

लक्ष्म्यै नमोऽस्तु शुभ लक्षण लक्षिताये, सिद्धयै नमोऽस्तु शिव–सिद्धि सुपूजिताये।
बिहार- वृष राशि से प्रभावित इस राज्य की राशि का अधिपति उच्च का होकर लाभ स्थान में स्थित है इसके प्रभाव से राज्य विकास के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। द्वितीय भाव में भौम के स्थित होने से कुछ भागों में आर्थिक प्रगति अपेक्षित गति से नहीं होगी तथा लोगों में असन्तोष रहेगा। चतुर्थ भाव का अधिपति लाभ स्थान में स्थित है तथा शनि एवं केतु चतुर्थ भाव में स्थित होने से कृषि उत्पादन में वृद्धि, कृषि भूमि का विकास होगा। आवासीय एवं औद्योगिक क्षेत्रों का भी द्रुत गति से विकास किया जायेगा। कुछ भाग प्राकृतिक प्रकोपों एवं रोगादि से प्रभावित होंगे। पंचम भाव का अधिपति नीच राशि का होकर लाभ स्थान में स्थित है अत: पंचम भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है इसके प्रभाव से शिक्षा में सुधार किया जायेगा। बाल विकास कार्यक्रम एवं बालमृत्युदर घटाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान दिया जायेगा। किन्तु मनोरंजन के साधन अपसंस्कृति का विस्तार करने का कार्य करेंगे। सप्तम स्थान का अधिपति शत्रु राशि में स्थित है इसके फलस्वरूप महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में कमी नहीं होगी तथा तलाक के मामलों में वृद्धि होगी। नवमाधिपति शत्रु राशि में स्थित होने से कुछ भागों में कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होगी एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का समाजविरोधी तत्व प्रयास करेंगे। दशमाधिपति दशम भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है अत: शासक की सत्ता पर पकड़ बनी रहेगी। दशम भाव में राहु के भी स्थित होने से कुछ विरोधी समस्या उत्पन्न करेंगे। अत: कुछ समय शासक को उग्र विरोधों एवं समस्याओं को झेलना पड़ेगा।

दक्षिणी राज्य- आन्ध्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु- आन्ध्र प्रदेश का राश्याधिप तृतीयभाव में स्थित है अत: विकास कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। धनभाव का अधिपति उच्च का है अत: लोगों के जीवनस्तर में सुधार होगा। चतुर्थाधिपति की स्थिति व्ययस्थ है अत: कुछ भाग प्राकृतिक प्रकोपों से प्रभावित होंगे तथापि कृषि एवं आवासीय क्षेत्रों का विकास होगा। पंचमेश व्ययस्थ है तथा पंचम भाव में शनि-केतु स्थित है अत: बालमृत्युदर में वृद्धि होगी। शिक्षा में सुधार के प्रयास होंगे किन्तु मनोरंजन

के साधन अपसंस्कृति का विस्तार करेंगे। महिला कल्याण योजनाएं प्रभावी होंगी। कानून

की घटनाओं में कमी नहीं होगी। कानून-व्यवस्था की स्थिति कुछ स्थानों में संतोषजनक

के साधन अपसंस्कृति का विस्तार करेंगे। महिला कल्याण योजनाएं प्रभावी होंगी। कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र की स्थिति संतोषजनक रहेगी। राज्येश त्रिकोण में शत्रु के घर स्थित है अत: शासक को विरोधों का सामना करना पड़ेगा किन्तु सत्ता पर शासक की पकड़ मजबूत रहेगी। कर्नाटक व केरल का राश्याधिप यद्यपि नीच राशि का है किन्तु केन्द्र में स्थित होने से ये दोनों राज्य प्रगति पथ पर आगे बढ़ेंगे। शिक्षा में सुधार होगा। लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। कृषि का उत्पादन बढ़ेगा तथा आवासीय क्षेत्र का भी विकास होगा। कुछ भाग प्राकृतिक प्रकोपों, रोगादि से भी प्रभावित होंगे। औद्योगिक विकास की गति तीव्र होगी। महिलाओं के कल्याण के लिए प्रभावी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जायेगा। कुछ भागों में कानून व्यवस्था की स्थिति एवं सांप्रदायिक सौहार्द चिन्ता का विषय बनेंगे किन्तु कुल मिलाकर स्थिति संतोषजनक रहेगी। शासक को कुछ सामान्य विरोधों का सामना करना पड़ेगा किन्तु शासक की सत्ता पर पकड़ मजबूत रहेगी। तमिलनाडु का राश्याधिप उच्च का होकर रिपु भाव में स्थित है तथा शनि की तृतीय दृष्टि भी लग्न पर है अत: यद्यपि यह राज्य प्रगति पथ पर आगे बढ़ेगा किन्तु राजनीतिक दृष्टि से अस्थिर एवं अशान्त रहेगा। चतुर्थ भाव का अधिपति लाभ स्थान में स्थित है इसके प्रभाव से कृषि एवं आवासीय क्षेत्रों का विस्तार होगा। पंचम भाव में राहु के स्थित होने से शिक्षा के स्तर में सुधार नहीं होगा एवं बालमृत्युदर में वृद्धि होगी। महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होगी। तलाक के मामलों में वृद्धि होगी। कानून व्यवस्था व सांप्रदायिक सौहार्द की दृष्टि से यह वर्ष अनुकूल नहीं कहा जा सकता है। शासक की शासन पर पकड़ कमजोर होगी।

बंगाल, आसाम, उड़ीसा, अरुणाचल प्रदेश- अरुणाचल एवं आसाम का राश्याधिप तृतीय भाव में स्थित है तथा धन भाव का अधिपति उच्च की राशि में है अत: ये राज्य आर्थिक दृष्टि से प्रगति करेंगे। उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। लोगों में सद्भावना उत्पन्न करने के प्रयास किये जायेंगे। आवासीय एवं कृषि व औद्योगिक क्षेत्रों का विकास होगा। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के प्रयास होंगे किन्तु इसके वांछित परिणाम प्राप्त नहीं होंगे। बालमृत्युदर में कमी नहीं होगी। अपसंस्कृति का विस्तार होगा। महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं होंगी। कानून-व्यवस्था व सांप्रदायिक सौहार्द्र की स्थिति संतोषजनक रहेगी। राज्येश त्रिकोण में शत्रु के घर स्थित है अत: शासक को विरोधों एवं समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। सत्ता पर अपनी पकड़ बनाये रखने के लिए शासक को विशेष प्रयास करने पड़ेंगे। बंगाल एवं उड़ीसा का राश्याधिप उच्च का होकर स्थित है अत: ये दोनों राज्य प्रगति पथ पर अग्रसर होंगे। औद्योगिक विकास की दर बढ़ेगी। किन्तु कुछ भागों में विकास का लाभ सभी को नहीं मिलेगा। केतु एवं शनि के चतुर्थ भाव में स्थित होने से प्राकृतिक प्रकोपों से कृषि क्षेत्र एवं आवासीय क्षेत्र की हानि होने की सम्भावना है तथा कुछ स्थानों से लोगों को सुरक्षा की दृष्टि से जाना पड़ेगा। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष सुधार नहीं होगा। बालमृत्युदर में वृद्धि होगी। महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में कमी नहीं होगी। कानून-व्यवस्था की स्थिति कुछ स्थानों में संतोषजनक नहीं होगी। कुछ भागों में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का आसामाजिक तत्व प्रयास करेंगे। राज्यस्थान में राहु के स्थित होने से शासक को विरोधों का सामना करना पड़ेगा किन्तु शासक की सत्ता पर पकड़ बनी रहेगी।

खाद्यान्न समस्या

अन्नं प्राणोबलं चान्नमन्नं सर्वार्थ साधकम्।
देवासुरमनुष्याश्च सर्वे धान्योपजीविनः।

गेहूँ आदि खाद्य पदार्थों की महंगाई निरन्तर बढ़ते जाने की भविष्यवाणी गत ४० वर्षों से इस पंचांग में करते आ रहे हैं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद शनै:-शनै: महंगाई बढ़ती गई और विगत अनेक वर्षों से तो सुरसा के मुख की भांति विकराल रूप से बढ़ती जा रही है। १०-११ वर्ष पूर्व गेहूँ चावल, चना, चीनी, चांदी, सोना आदि का जो भाव था वह दुगने तिगुने से भी अधिक हो गया है। मंहगाई रोकने और गरीबी दूर करने की राजनेताओं की चुनावी घोषणाएं निरर्थक सिद्ध हुई। भारत के प्राचीन महर्षियों ने अन्न की महिमा में कहा है कि राजा या राष्ट्रनायक को अपने राजकीय अन्न भंडार में तीन वर्ष तक राष्ट्र के पोषण योग्य संग्रह रखना चाहिए। सोना, चांदी, माणिक्य आदि रत्नों की ओर न भाग कर जैसे और जिस विधि से भी हो अधिक अन्न उपजाकर अपना तथा राष्ट्र का हित करना चाहिए।

वायु परीक्षा

यहाँ वर्षा दुर्भिक्ष उत्पातादि का विचार ग्रहयोगानुसार लिखा गया है। आषाढ़ी पूर्णिमा की वायु परीक्षा और अन्य दिव्य अन्तरिक्ष लक्षण जहाँ शुभ शकुन का संकेत देंगे, वहाँ अवर्षण उत्पात दुर्भिक्ष न होकर सामयिक सुवृष्टि एवं सुभिक्ष होगा। जहाँ आषाढ़ी पूर्णिमा को सूर्यास्त समय दक्षिण पश्चिम नैऋत्य कोण की वायु चलेगी वहाँ दुर्भिक्ष, उत्पात, रोग, भय, अधिक होंगे। विद्वान, दैवज्ञों को वर्ष भर के गर्भ लक्षण शकुन विचार नोट करने चाहिए। वर्ष भर के न हो सकें तो कम से कम इस वर्ष आषाढ़ी पूर्णिमा १३ जुलाई रविवार को सायं तक खुले स्थान में जाकर ध्वजा पूजन पूर्वक विधिवत वायु-परीक्षा करके अपने राष्ट्र के शुभाशुभ फल का निर्णय करें।

वाणिज्य व्यवसाय

इस वर्ष वाणिज्य व्यवसाय का प्रतिनिधि ग्रह बुध धान्येश भी है तथा वर्ष कुण्डली में बुध नीच राशि का होकर लाभस्थान में स्थित है। अत: व्यापारी वर्ग को धान्यों के व्यापार से आर्थिक लाभ उत्तम प्राप्त होगा। बुध द्वितीयेश एवं पंचमेश भी है। अत: नीति निर्धारण में व्यापारी वर्ग के हितों का भी ध्यान रखा जायेगा। बुध यद्यपि लाभस्थान में स्थित है

किन्तु नीच राशि में है इसके प्रभाव से व्यापारी वर्ग को विभिन्न समस्याओं का भी सामना करना पड़ेगा। असामाजिक तत्व व्यापारी वर्ग के लिए विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न करेंगे। व्यापारी वर्ग में असुरक्षा की भावना बलवती होगी। धातु एवं लौह पदार्थों एवं तेल, खनिज आदि के भावों में भारी वृद्धि होगी।

वायुमण्डल वर्षारोगोत्पादि

इस वर्ष की ग्रह स्थिति के आधार पर प्राचीन ग्रन्थों से सार्वत्रिक वर्षादि का सामूहिक विचार यहाँ लिख रहा हूँ। भौमान्तरिक्ष दिव्य निमित्तानुसार वर्षा वायु भिन्न प्रान्तों में विभिन्न रूपों में होती है। भारतीय वायुशास्त्र में प्रत्येक नगर या मंडल में प्रतिदिन की वायु मेघगर्जना बादल विद्युतादि की परीक्षा द्वारा व वृष्टि-गर्भ लक्षण का उल्लेख है। जैसे- आषाढ़ी पूर्णिमा की वायु परीक्षा द्वारा तत्प्रदेशीय दुर्भिक्ष-सुमिक्ष का ज्ञान होता है, वैसे ही प्रत्येक मास की प्रमुख तिथियों की वायु वर्षा मेघ-गर्जन आदि अन्तरिक्ष निमित्त से भावी वर्षा का ज्ञान होता है। इस कार्य के लिए प्रत्येक प्रान्त व मंडल में एक वायु-वृष्टि विज्ञान केन्द्र की स्थापना हो जिसमें प्रतिदिन की वायु-वर्षा का रिकार्ड रखा जाये, उस अन्तरिक्ष दिव्य निमित्त और ग्रह योगों का मिलान करके वर्षादि की जो भविष्यवाणी की जायेगी वह उस स्थान के लिए सत्य सिद्ध होगी। भौमान्तरिक्ष दिव्य निमित्तों के बिना केवल ग्रहयोगों से की गई भविष्यवाणी सर्वत्र शतप्रतिशत सही हो यह निश्चित नहीं। यह बात विगत कई वर्षों से इस पंचांग में निरन्तर लिखी जा रही है परन्तु केन्द्रीय शासन ने राष्ट्र के लिए परमोपयोगी इस विषय पर ध्यान नहीं दिया। प्रतिवर्ष बाढ़ और सूखा से यत्र-तत्र भयंकर विनाश हो रहा है।

वर्षा योग

सूर्य के आर्द्रा प्रवेश से दस नक्षत्र वर्षाकारक माने गये हैं। भारत में २१ जून से मेघागमन (मानसून का प्रारम्भ) माना जाता है। समुद्र तटवर्ती दक्षिणवर्ती भारत में मृगशीर्ष नक्षत्र में सूर्य प्रवेश होने पर १० जून के लगभग मानसून सक्रिय हो जाता है। वर्षा एवं कृषि उत्पादन के लिए सूर्य आर्द्रा प्रवेश का विशेष महत्व है।

आर्द्रा प्रवेशे यदि भास्करस्य चन्द्रस्त्रिकोणे यदि केन्द्रगोवा।
जलाश्रये सौम्यनिरीक्षिते च सम्पूर्ण सस्या वसुधा तदा स्यात्॥

भारत में वर्षा के दिन

२१ जून २००८ को रात्रि ९ बजकर ४३ मिनट पर शनिवार इष्टकाल ४०।३७ पर मकर लग्न के समय सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। वर्षा काल की अवधि २२ जून २००८ से २२ अगस्त के मध्य की होती है। इस वर्षाकाल की अवधि में सूर्य के साथ आरम्भ में शुक्र, सूर्य के आगे मंगल, शनि तथा कुछ अवधि में मंगल सूर्य के आगे रहेगा। कुछ अल्प अवधि में चतुर्ग्रही योग भी बनेंगे। अत: वर्षा अनिश्चितता वाली, कहीं अत्यधिक वर्षा होने से हानि होगी तथा कुछ भागों में वर्षा की कमी भी होगी तथा कहीं-कहीं सामान्य वर्षा होगी। ४ से १८ जुलाई के मध्य खण्डवृष्टि होगी। १९ जुलाई से १ अगस्त के मध्य कहीं भारी वर्षा से हानि होगी। २ अगस्त से १६ अगस्त के मध्य कुछ भाग में हानिप्रद भारी वर्षा व कुछ भागों में सामान्य वर्षा होगी।

१७ अगस्त से ३० अगस्त के मध्य अधिकांश भागों में तेज वर्षा होगी। कुछ भागों में वर्षा का अवरोध होगा। ३१ अगस्त से १५ सितम्बर के मध्य व्यापक तेज वर्षा होगी तथा वायु का भी तेज प्रवाह होगा। कहीं-कहीं खण्डवृष्टि भी होगी। १६ सितम्बर से २९ सितम्बर के मध्य तेज वायु के साथ सामान्य वर्षा होगी। ३० सितम्बर से १४ अक्टूबर के मध्य सूर्य के आगे मंगल शुक्र के होने से कहीं वर्षा व कहीं खण्ड वृष्टि होगी तथा कहीं वर्षा का अवरोध होगा। १५ अक्टूबर से २८ अक्टूबर के मध्य छिटपुट बूंदा-बांदी होगी। २९ अक्टूबर से २७ नवम्बर के मध्य छिटपुट बूंदा-बांदी होगी व तेज हवा चलेगी। २८ नवम्बर से १२ दिसम्बर के मध्य कहीं-कहीं तेज वायु के साथ वर्षा होगी व शीत में वृद्धि होगी। १३ से २७ दिसम्बर के मध्य हल्की बूंदा-बांदी के साथ शीत में वृद्ध होगी। २८ दिसम्बर से ११ जनवरी के मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में शीत के साथ हिमपात की सम्भावना है। मैदानी भागों में शीतलहर चलेगी तथा ओलावृद्धि व हल्की वर्षा की सम्भावना है। १२ से २६ जनवरी के मध्य कहीं-कहीं वायु के साथ वर्षा होगी तथा पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात की सम्भावना है। २७ जनवरी से ९ फरवरी के मध्य वायु के तेज प्रवाह के साथ हिमपात की सम्भावना है, कहीं भारी वर्षा, ओलावृष्टि से हानि संभव है। तेज शीत लहर का प्रभाव होगा। १० फरवरी से २५ फरवरी के मध्य शीत के प्रकोप के साथ साधारण वर्षा भी होगी। मैदानी भागों में ऋतु परिवर्तन के लक्षण प्रकट होंगे। २६ फरवरी से ११ मार्च के मध्य छिटपुट बूंदाबांदी सम्भव है। ऋतु परिवर्तन के लक्षण दिखाई देंगे। मैदानी भागों में दिन में गर्मी व रात्रि में शीत होगी। १२ से २६ मार्च के मध्य की अवधि में पर्वतीय क्षेत्रों में वायु प्रवाह के साथ-साथ बूंदाबांदी होगी तथा मैदानी भागों में गर्मी बढ़ने लगेगी।

स्वस्ति प्रजाभ्य: परिपालयन्तां न्याय्येनमार्गेण महीं महीपा:।
गोब्राह्मणेभ्य: शुभमस्तु नित्यं लोकास्समस्ता: सुखिनो भवन्तु।

मंगलाकांक्षी

गोपाष्टमी, कार्तिक शुक्ल ८
रविवार, संवत् २०६४ विक्रमी
दिनांक: १८-११-२००७ ई.

पं० सुधाकर शर्मा त्रिवेदी
ज्योतिष्मती निकेतन, सोलन (हि.प्र.)
फोन/ फैक्स- ०१७९२-२२०५९६
E-mail : rohitashw@gmail.com
web site : www.shrivishwavijay.com

क्या कहती है आपकी उंगलियां

अंग्रेजी में इसे 'इन्डेक्स फिंगर'' के नाम के जाना जाता है। प्रत्येक उंगली में तीन पर्व

क्या कहती है आपकी उंगलियां

हाथ की रेखाओं का वैज्ञानिक और पौराणिक दोनों ही प्रकार से बड़ा महत्व है। जो लोग निरक्षर हैं उन्हें हाथ के अंगूठे के निशान से बैंक लाखों रुपये का भुगतान कर देता है। पुलिस फोरेन्सिक तथा गुप्तचर विभाग में आज भी उंगलियों के निशान से अपराधियों को आसानी से पकड़ा जा सकता है। राजकीय सेवा में आने पर सेवा पुस्तिका तथा सेवा निवृत्त होने पर वर्णात्मक नामावली में हाथ की उंगलियों के निशान चिह्नित करना आज भी आवश्यक है।

हमारे शास्त्र कर्म करने पर जोर देते हैं, यह सही है लेकिन कई बार अत्यधिक कर्म करने पर भी उसका उतना फल नहीं मिल पाता जितना व्यक्ति ने कर्म किया है। एक ही विद्यालय में एक ही गुरू द्वारा एक जैसी शिक्षा लेने पर दो व्यक्ति भी ऐसे नहीं निकलते जिनकी प्रकृति, आचरण या भविष्य एक जैसा हों। एक ही मां के गर्भ से जन्म लेने वाले प्रत्येक सहोदर का अपना-अपना भविष्य होता है।

हस्तरेखा का पौराणिक महत्व :- जहाँ हस्तरेखाओं का वैज्ञानिक महत्व है वहीं हमारे पौराणिक ग्रंथों में भी इसका बहुत महत्व मिलता है। ''वाल्मीकीय रामायण'' में लिखा है कि जब मेघनाथ, राम और लक्ष्मण को नागपाश से घायल कर देता है तब रावण, सीता को यह बताने के लिए कि राम और लक्ष्मण मर चुके हैं। पुष्पक विमान से जहां राम और लक्ष्मण पड़े हुए थे, दिखाने ले जाता है। सीता देखती है कि राम और लक्ष्मण अचेत अवस्था में पड़े हैं तथा सारे वानर उन्हें घेरे हुए हैं तब सीता राक्षसियों से कहती हैं कि ''सामुद्रिकों'' (हस्तरेखा विक्षेपज्ञों) ने मुझे बताया था कि मैं विधवा नहीं होऊंगी और पुत्र की माता बनूंगी। जिन स्त्रियों के तलवों में कमल चिन्ह होते हैं वे राजाओं की पत्नियाँ बनती हैं। जिन लक्षणों से स्त्रियाँ विधवा होती हैं वे लक्षण मेरे में नहीं है। कन्या के लक्षण जानने वाले कुशल ज्योतिषियों ने मुझे कहा था कि मेरा राज्य अभिषेक होगा।''

इतना ही नहीं गोस्वामी तुलसीदासजी ने भी माता कौशल्या द्वारा श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का बालकपन में भविष्य जानने के लिए एक आगमी (ज्योतिषी) के अयोध्या आने का वर्णन ''गीतावली'' के पद संख्या १७ में निम्न प्रकार से किया है :-

''आज अवधपुरी में एक आगम जानने वाला ज्योतिषी आया है। वह हथेली देखकर ही सारे गुण बता देता है। उसके कथन का कई लोग परिचय पा चुके हैं। वह बूढ़ा ब्राह्मण बड़ा ही प्रणाणिक है। उसका अति सुन्दर शंकर नाम है। यह सुनकर माता कौशल्या ने उसे महल के भीतर बुलवाया। उसके चरण धो-पूजकर, आसन दिया तथा भोजन कराया, वस्त्र पहनाये। उसके चरणों में चारों बालकों को डालकर उनके सिर पर हाथ फिरवाया। ब्राह्मण बालकों को गोद में ले लेकर कर-कमल देखने लगे। उन्होंने उनके जन्म के समय की बातों का वर्णन किया और भविष्य में विश्वामित्रजी की यज्ञ रक्षा करने से लेकर सीताजी के साथ स्वयंवर होने तक की बात कही।

तर्जनी में छिपा भविष्य :- अंगुष्ठ के पास वाली उंगली को तर्जनी कहते हैं। अंग्रेजी में इसे 'इन्डेक्स फिंगर'' के नाम के जाना जाता है। प्रत्येक उंगली में तीन पर्व होते हैं इन्हें ऊपर से क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पर्व कहा जाता है। तर्जनी के प्रथम पर्व में ''मेष'' राशि द्वितीय में ''वृष'' तथा तृतीय में ''मिथुन'' राशि का निवास स्थान होता है। हाथ की चारों उंगलियों के १२ पर्व १२ राशियों को इंगित करते हैं। कोई भी हस्तरेखा विशेषज्ञ उंगलियों की इन राशियों के माध्यम से जातक की जन्मपत्री आसानी से बना सकता है। इस उंगली के नीचे गुरु पर्वत का निवास होने के कारण इसे ''जुपिटर फिंगर'' (गुरु की उंगली) भी कहते हैं। साधरणतया यह उंगली मध्यमा तथा अनामिका से छोटी होती है लेकिन इस उंगली का मध्यमा के बराबर होना बहुत ही उत्तम माना जाता है। ऐसा व्यक्ति धनाढ्य, गौरवशाली तथा उच्च पद पर आसीन होता है। नेपोलियन बोनापार्ट की तर्जनी और मध्यमा बराबर लम्बी थी। इसलिये कुछ लोग इस उंगल को नेपोलियन फिंगर भी कहते हैं। किसी-किसी हाथ में यह मध्यमा से छोटी तो होती है लेकिन अनामिका के बराबर देखी जाती है ऐसा व्यक्ति भली-भाँति विचार करके निर्णय लेता है। वह स्वाभिमानी तथा नीतिज्ञ होता है। उसके प्रत्येक कार्य आसानी से बनते जाते हैं। यदि यह मध्यमा से लम्बी हो तो ऐसे व्यक्ति तानाशाही मिजाज के होते हैं उनमें दूसरों पर हुकूमत करने की प्रबल इच्छा पाई जाती है। ऐसे व्यक्ति न्याय के क्षेत्र में सफल हो सकते हैं। यदि अन्य ग्रह बलवान हो तो ऐसे व्यक्ति सफल एडवोकेट, जज या उच्च स्तर के प्रशासक हो सकते हैं। यदि अन्य उंगली मध्यमा तथा अनामिका दोनों में छोटी हो तो बाधाओं की सूचक हैं। बिना बाधा आये ऐसे व्यक्ति का कोई काम नहीं बनता।

मध्यमा में छिपा भविष्य :- तर्जनी के पास वाली बड़ी उंगली को ''मध्यमा'' कहते हैं। इसके नीचे शनि का पर्वत होने से इसे अंग्रेजी में ''फिंगर ऑफ सेटर्न'' भी कहा जाता है। इसके प्रथम पर्व में ''मकर'' द्वितीय में ''कुंभ'' तथा तृतीय में ''मीन'' राशि का निवास होता है। पूर्व में बताया गया कि तर्जनी और मध्यमा का बराबर होना शुभ है वहीं अनामिका और मध्यमा का बराबर होना अशुभ है। ऐसे व्यक्ति अपने धन का अपव्यय व्यर्थ की चीजों जैसे लाटरी, सट्टे, जुआ आदि में करते रहते हैं। इस उंगली का अधिक लम्बा होना भी शुभ नहीं है। ऐसे व्यक्ति पूर्णतया भाग्यवादी हो जाते हैं। वे हमेशा चिन्तातुर तथा उदास बने रहते हैं। यदि यह अनामिका की तरफ झुक रही हो तो वैचारिक अस्थिरता का प्रतीक है। मध्यमा के तर्जनी की तरफ झुकने से आत्मविश्वास की बढ़ोत्तरी होती है तथा ऐसे व्यक्ति आसानी से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं।

अनामिका में छिपा भविष्य:- मध्यमा तथा कनिष्ठ (सबसे छोटी) के मध्य अनामिका का स्थान है। इसे अंग्रेजी में ''फिंगर आफ अपोलो'' कहते हैं। इसके ठीक नीचे सूर्य पर्वत का स्थान होने से इसे सूर्यांगुली से भी संबोधित करते हैं। इसके प्रथम पर्व में ''कर्क'' राशि द्वितीय में ''सिंह'' तथा तृतीय में ''कन्या'' का निवास माना गया है। यदि इससे तर्जनी बड़ी हो तो उन्नतशील के साथ-साथ वह कुशल व्यापारी भी बनता है। अनामिका और तर्जनी के बराबर होने से जातक अनेक कलाओं का जानकार होगा उसमें

नाम कमाने की अभिलाषा होगी। वह सच्चा देशभक्त होगा। इसका मध्यमा के बराबर होना अशुभ है। ऐसे व्यक्ति अपव्ययी तथा स्वार्थी होते हैं। अपने धन को स्वयं की गलतियों से बर्बाद करते रहते हैं। अनामिका का मध्यमा की तरफ झुकना अपराधिक प्रवृत्ति का प्रतीक है वे बदनाम होते हैं। यदि अन्य ग्रह खराब हो तो जेल की यात्रा भी हो सकती है। इसका कनिष्ठका की तरफ झुकना बहुत शुभ है। ऐसे व्यक्ति का बड़ा चढ़ा व्यापार होता है। वे धनी होते हैं।

कनिष्ठिका में छिपा भविष्य :- हाथ की सबसे छोटी उंगली का नाम कनिष्ठिका है। इसे अंग्रेजी में लिटिल फिंगर कहते हैं। इसके नीचे बुध पर्वत का निवास होने से इसे "फिंगर आप मरकरी" भी कहते हैं। इसके प्रथम पर्व में "तुला" द्वितीय में "वृश्चिक" तथा तृतीया में "धनु" राशि का निवास होता है। इसका बड़ा होना बहुत ही शुभ है। यदि यह अनामिका के प्रथम पर्व के आधे भाग को पार कर जाये तो ऐसे व्यक्ति उच्च कोटि के प्रशासक होते हैं। "नारद संहिता" के अनुसार ऐसे जातक सौ वर्ष तक जीते हैं। कनिष्ठिका का छोटा होना कार्यों में असफलता का प्रतीक है तथा इसका टेढ़ा होना वैचारिक अस्थिरता का द्योतक है।

अंगुष्ठ में छिपा भविष्य:- हाथ का सबसे महत्वपूर्ण अंग अंगुष्ठ है। अंगुष्ठ और मस्तिष्क का घनिष्ठ संबंध है। मुख्यत: ये दो प्रकार के होते हैं। एक सीधा और सुदृढ़ तथा दूसरा झुका और कोमल।

जिसके हाथ का अंगूठा सुदृढ़ हो तो वे जिद्दी स्वभाव के होते हैं दूसरे की बात को ज्यों की त्यों स्वीकार नहीं करते। अच्छे तार्किक होते हैं। अपने दृढ़ विचारों के कारण वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं। पैसे का सदुपयोग करना वे भली भाँति जानते हैं। यदि अंगुष्ठ अधिक दृढ़ हो तो ऐसे व्यक्ति बड़े कंजूस होते हैं। पैसे के मामले में वे बहुत रूखे होते हैं।

कोमल और झुके अंगूठे से व्यक्ति के जीवन में अस्थिरता आ जाती है। यदि मस्तिष्क रेखा सीधी न होकर झुकी हुई हो तो वे सही समय पर सही निर्णय नहीं ले पाते। प्रवृत्ति खर्चीली होते है। वे समय व पैसे का सदुपयोग नहीं कर सकते। लेकिन ऐसे जातक उदार, दयालु, परोपकारी भावुक और कल्पनाशील होते हैं। दूसरों के हित सम्पादन में वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं. जल्दबाज होते हैं। विचारों में बार-बार परिवर्तन करने के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल पाती। लेकिन ऐसे व्यक्ति हर परिस्थिति में अपने आपको ढाल लेने की अद्‌भुत शक्ति रखते हैं।

अंगूठे के तीन भाग होते हैं- ऊर्ध्व (नख के पास वाला) भाग, मध्यम भाग तथा अधोभाग ये क्रमश: इच्छा शक्ति, विचार शक्ति तथा प्रेम शक्ति के प्रतीक हैं।

अंगूठा लम्बा होना बहुत शुभ है यदि तर्जनी के तृतीय पर्व तक पहुंच जाए तो ऐसे जातक अपनी हर अभिलाषा पूरी करते हैं, वे धनाढ्य और खुशहाल होते हैं।

यदि यह छोटा हो, मुख पर्वतक तक ही जाए तो ऐसे व्यक्ति हमेशा असंतुष्ट और काम वासना के वशीभूत होकर कदाचारी होते हैं। अंगूठा सीधा, चीकना, ऊँचा तथा गोल होना चाहिए इसके विपरीत बेढंगे और कुरूप अंगूठे वाले पाश्विक प्रवृत्ति के तथा मूर्ख होते हैं। ये कब क्रोधित हो जाए और कब प्रसन्न, कुछ नहीं कहा जा सकता। ऐसे व्यक्ति अपने अभीष्ट कार्य सिद्धि के लिए जोर जबरदस्ती भी करते देखे गए हैं। अंगूठा यदि ऊपर से अत्यधिक मोटा हो तो ऐसे व्यक्ति अपराधिक कार्यों में रुचि रखते हैं। छोटी छोटी बातों पर गुस्सा कर लड़ाई करना उनकी आदत होती है। कोर्ट कचहरी के चक्कर लगते रहते हैं। यदि अन्य ग्रह निर्बल हो तो ऐसे व्यक्ति किसी की हत्या भी कर सकते हैं। सुन्दर सीधे और सुदृढ़ अंगूठे वाले कुशल व्यापारी, नीतिज्ञ, डॉक्टर तथा गणितज्ञ होते हैं।

- पं. श्रीकृष्ण शर्मा, भगवत् कृपा ज्योतिष शोध संस्थान, ३८, जे.पी. कालोनी, टोंक फाटक, जयपुर (राजस्थान) फोन- ०१४१-२५९११६३, मो. ९४६०१९०९९०



यदि यह छोटा हो, गुरु पर्वतक तक ही जाए तो ऐसे व्यक्ति हमेशा असंतुष्ट और

सामूहिक व्यापार भविष्य सम्वत् २०६५ वि०

गणित कर्ता- विश्व बन्धु शर्मा एवं जयवर्द्धन शर्मा

श्री ओंकाराश्रम ज्योतिष भवन, २१/२२ ब्रह्मनान, पो० हापुड़ (उ० प्र०)

अथ सम्वत् २०६५ विचार - सम्वत् २०६५ का वर्ष प्लव नाम का सम्वत् है। इस वर्ष का राजा चंद्र और मंत्री सूर्य हैं। सस्येश-बुध, धान्येश-चन्द्र, मेघेश-शनि, रसेश-गुरु नीरसेश व धनेश-भौम, फलेश- शनि और दुर्गेश भी शनि ही हैं। इस प्रकार आकाशीय कौंसिल के दस पदाधिकारी बनते है।

बुध के सस्येश पद पर आरुढ़ होने से फसल ठीक-ठाक होते हुऐ भी कीमतों कें अनुक्रम में वृद्धिदायक रूख रहेगा। जब-जब बुध का क्रूर ग्रहों से दृष्टी सम्बध बनेगा तब-तब तेजी का रुख देखने को मिलेगा। धान्येश चन्द्र धान्यों की फसल को बढ़ायेंगे। धान्यों में नरमी का कारक बनेंगे। मेघेश-शनि अत्यधिक वर्षा तो कहीं अत्यल्प वर्षा का कारण बनेगा। रसेश गुरु-रस पदार्थों के भावों में रस पदार्थों की अनुमान से अधिक पैदावार के कारण नरमी कारक होंगे। नीरसेश व धनेश भौम हैं जो वर्षा की प्रचुरता करेंगे और प्रजा में सुख की अनुभूति करायेंगे। फलेश व दुर्गेश शनि हैं जिस कारण देश पर आतंकवादी घटनाओं की काली छाया गहराती हुई दिखाई देगी। अत: सरकार व प्रजा को इन घटनाओं से बार-बार दो चार होना पड़ेगा। हमारा उद्देश्य व्यापारिक भविष्य कथन करना है अत: लेख को विस्तार न देते हुए दसाधिकारी गणों का विवेचन यहीं पर समाप्त किया जाता है साथ में समय निवास वैश्य घर होने से तेजी की अधिकता अधिक होगी अर्थात् घोर तेजी के योग अवश्य बनेंगे। पाप ग्रहों से अधिक अधिकार प्राप्त करने से उपद्रव, चौर भय तथा रोगों द्वारा प्रजा का पीड़ित रहना पाया जाऐगा। पशुओं पर अत्यधिक क्रूरता के कारण दूध, दही, घी की कमी स्पष्ट दिखाई देगी। अब आगे सम्वत् २०६५ का व्यापार भविष्य प्रारम्भ करते हैं।

शुक्ल पक्ष चैत्र सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

इस पक्ष में प्रतिपदा तिथि का क्षय रविवारी होना व्यापारिक वस्तुओं के भावों में तेजीकारक सिद्ध होगा। साथ ही पक्ष की समाप्ति भी रविवार को होने से तेजी के लिये सोने पे सुहागा सिद्ध होगा। यद्यपि चन्द्रर्शन सोमवारी है जो नरमी कारक है। चैत्र शुक्ल पक्ष दि. ७ अप्रैल से प्रारम्भ होकर दि. २० अप्रैल तक रहेगा। बदी दोज दि. ७ अप्रैल को पुनर्वसु में मंगल का प्रवेश रूई, कपास, गुड़, खांड, नमक, तिल, तेल, सरसों व चांदी के भावों पर तेजी कारक रहेगा। अगले ही दिन रेवती में बुध का प्रवेश १५ घटि २९ पल पर होने से गुड़, खांड़, घी, तेल, तिल, सरसों व चांदी में आगामी तीन दिन में जोरदार मन्दी कारक होगा। उपरोक्त वायदा वस्तुओं में अगर दि. ९ अप्रैल को दि. ८ के बनें ऊंचें भाव से भाव बढ़े तब तेजी की धारणा बनाकर तीन दिन में व्यापार करके लाभ उठायें। किन्तु ऐसा न होने पर मन्दी ही चलेगी। गेहूँ, मजीठ, केसर, गेरु लाल चन्दन, लालमिर्च के भाव तेजी पर बारह दिन चलेंगे। चैत्र शुदि अष्टमी, दि. १३ अप्रैल की शाम को मेष संक्रान्ती के प्रभाव से रूई, सूत, कपास, सुपारी, बादाम, फल, गुड़, खांड, शक्कर, तिल, तेल सरसों , सोना, चांदी के भावों में तेजी एक सप्ताह की चलेगी। जो मटर, अरहर, उरद, मूंग के भावों में मन्दी का रुख बनेगा। तब भी यह ध्यान रखें कि जिन उपरोकत वस्तु के भाव दि. ७ अप्रैल से १२ अप्रैल के बीच में नये ऊचें भावों से बढ़ जाऐ तब उसी में तेजी पक्की। दि. २० अप्रैल तक होगी। दि. २४ अप्रैल, कन्या में मेषे बुध के प्रभाव से मेंथा, क्रूड आयल, कॉपर, लेड के भावों में मन्दी दि. १५ से चलेगी।

वैशाख सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

वैशाख का महीना दि. २१ अप्रैल से प्रारम्भ होकर दि.२० मई तक रहेगा। इस माह में पांच मंगलवार व पांच ही सोमवार हैं जो कि मन्दी व तेजी दोनों का ही प्रभाव डालते हैं। वैशाख कृष्ण पक्ष में कुल मिलाकर व्यापारिक वस्तु व वायदा वस्तुओं का रुख तेजी से मंदी की ओर रहेगा और शुक्ल पक्ष में मन्दी से तेजी की ओर भावों का रुख देखने को मिलेगा। वैशाख बदी पंचमी शुक्रवार की रात को मेष राशि में शुक्र का प्रवेश होना सोना चांदी में तेजी कारक है। गैहूं, जौ, चना, घी, गुड़, खांड़, शक्कर, पाट बारदाना में विशेष तेजी का रुख बनेगा। सरसों, तिल, अलसी, अरन्डी व तेलों के भावों में मन्दी होगी। यह मन्दी दि.५ मई तक चलेगी। नोट- चना, गुड़, सोना, चांदी, सरसों,अरन्डी के भावों में से जिस वायदा वस्तु में दि. २६ अप्रैल को दि. २५ के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे उसे बेचकर एक ही सप्ताह में मोटा लाभ उठायें। वैशाख बदी अमावस्या सोमवार को रात्रि में शुक्र का अस्त होने से धान्यादि के भावों में तेजी आती है। किन्तु बाद में रुख मन्दी में परिवर्तित हो जाता है। यहां पर स्वर्ण द्वार में शुक्रास्त हो रहा है जो सुतिक्षकारी, वर्षा कारक व मन्दी कारक होगा। वैशाख शुदि पक्ष में तीज गुरुवार को गुरु देव का शाम के समय वक्री होना सप्त धान्यादि के भावों में अचानक जोरदार मंदी होगी साथ ही तिल, तेल, घी के भाव भी मन्दे होंगे। इसी मन्दी में उपरोक्त वस्तुएं नीचा स्तर, भावों का मिलने पर स्टाक करना भी लाभदायक सिद्ध होगा। मास के अन्त में ही स्टाक करें। वायदा वस्तुओं में बदी दोज को बदी एकम् के यानि दि. ७ मई को दि. ६ मई में बनें ऊंचे भाव से स्वार, चना, खल, बिनौला, क्रूड ऑयल, मेंथा, जिंक, लेड, निकिल के भावों में भाव बढ़े और ऊंचा ही बन्द हो तब यहां से आठ दिनों में ही विशेष तेजी की चाल निकलेगी।

वैशाख बदी दशमी बुधवार की रात्रि में सूर्य के वृष राशि में प्रवेश के प्रभाव से रुई, कपास, सूत, सोना व अनाजों में तेजी का प्रभाव बनेगा।

ज्येष्ठ सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

यह माह दि. २१ मई से प्रारम्भ होकर १८ जून तक रहेगा। इस माह में पांच बुधवार होने से नरमी की प्रधानता होगी। दि. २४ मई की रात्रि में बुध वक्री होगा यहां पर चांदी में घटबढ़ होकर तेजी चलेगी अत: घटे भाव में स्टाक करें। रुई, कपास, गेहूँ, गुड़, शक्कर के भावों में घटे स्तर पर स्टॉक करना श्रेष्ठ लाभप्रद सिद्ध होगा। आगे दि.२९ मई ज्येष्ठ बदी नवमी गुरुवार को प्रात: काल बुध का अस्त होना विशेष तेजी कारक गेहूँ, चना, मटर, रुई, कपास, सोना-चांदी जिंक, कॉपर, क्रूड, मेंथा, लैड, निकिल, गुड़, शक्कर, जूट, पाट, बारदाना, ग्वार, खल बिनौला, कालीमिर्च, जीरा में होगा। यह तेजी १६ जून तक लम्बी लाईन के रूप में चलने की धारणा है।

नोट- अगर दि. २९ मई को २८ के बने नीचे भाव से उपर लिखी किसी वस्तु के भाव टूटें तब उसी में दि. ३ जून तक मन्दी चलेगी। बाद दि. ४ जून को ३ के बनें नीचे भाव से जिस

उपरोक्त वस्तुओं में से भाव टूटेगे तब उसी वस्तु में मन्दी एक सप्ताह चलेगी। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष में चन्द्रदर्शन गुरुवारी, पीले व हरे रंग की वस्तुओं में नरमी कारक होगा। इसी पक्ष में दि. १३ जून की शाम को मिथुन राशि में शुक्र का पदापर्ण होगा जो अरहर, ग्वार, रुई, कपास, जूट, पाट, बारदाना, तिल, तेल, सरसों में मन्दी कारक होगा। गेहूँ जौ चना में अच्छी तेजी चलेगी।

आगे दि. १४ जून की रात्रि में शनिवारी मिथुन संक्रान्ती के प्रभाव से बहुधा वस्तुऐं स्थिर रहेंगी। फिर भी सरसों, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खांड़, शक्कर, घी, उरद, मूंग, मोंठ, चावल, गेहूँ, चना, अरहर मटर तेज होगें। सोना व चांदी का रुख तेजी का कम से कम एक पक्ष रहेगा। दि. २९ मई, दि. ३ जून व १४ जून की शाम को दुर्तफा गली लगानी लाभप्रद होंगी।

आषाढ़ सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

आषाढ़ के माह का प्रारम्भ दि. १९ जून से होकर दि. १८ जुलाई तक रहेगा। इस महिने में ५ गुरुवार व ५ ही शुक्रवार हैं जो कि मन्दी कारक होने से मन्दी का प्रभाव अधिक दिखेगा। सूर्य व गुरु का सम सप्तम बहुधा मार्केटों में मन्दी का प्रभाव बनाएगा। आषाढ़ बदी तीज की शाम को सिंह राशि में मंगल के प्रवेश के प्रभाव से गुड़, खांड, शक्कर, रुई, लालमिर्च, अलसी व लोहे के बने पदार्थों के भावों में तेजी का योग बनेगा। तब भी जिन वस्तुओं में दि. २३ जून को दि. २१ जून के बनें नीचे भाव से जिस वस्तु के भाव टूटेंगे तब उसी में मन्दी की चाल ही बारह दिन की बनेगी। शनि मघा के चतुंथ चरण में प्रविष्ट होंगे जो मूंग, मोंठ, लौह, मैंथा, कालीमिर्च के भावों में भारी उथल पुथल करेंगे। आषाढ़ शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा का क्षय और बाद में द्वादशी तिथि की वृद्वि होने से बहुधा बाजारों में तेजी की रौनक लौट आयेगी। वायदा वस्तुओं में ग्वार, चना, कालीमिर्च, जीरा, कपास, खल बिनौला, आलू, सोया तेल, सरसों, हल्दी, चीनी, लालमिर्च, सोना, चांदी, निकिल, कपास, जिंक व लेड के मार्केटों में दि. ५ जूलाई को दि. ४ के बने नीचे भाव से जिस वस्तु के भाव टूटें उसी में मन्दी और जिस वस्तु में दि. ५ को ४ जुलाई के बनें ऊंचे भाव से मार्केट बढ़े उसी में तेजी की लम्बी लाईन एक सप्ताह की बनेगी। आषाढ़ शुदि त्रयोदशी दि. १६ जुलाई को प्रात: कर्क राशि में सूर्य के संचरण के प्रभाव से चांदी के भावों तेजी जोरदार होगी। नारियल, तिल, तेल के भावों में नरमी का रुख बनेगा।

विशेष :- आषाढ़ शुदि पूर्णिमा को बुधास्त लगभग २२ घटी पर होने से किसी बड़े राजनेता को विशेष कष्ट होगा। सोना चांदी में नरमी का रुख बनेगा। रुई, पाट, हैसियन, गुड़ व गेहूँ, चना कपास के वायदा मार्केटों में लम्बी मन्दी का योग बनेगा।

नोट- अगर दि. १९ जुलाई को १८ के बनें ऊंचे भाव से मार्केट बढ़े और ऊंचा ही बन्द हो तब उसी वस्तु में तेजी की लाईन बन जाऐगी। यह एटम बम चांस साबित होगा। गेहूँ, चना, अरहर, मूंग, मोंठ, उरद का स्टाक लाभ देगा।

श्रावण सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

श्रावण माह का प्रारम्भ १९ जुलाई को होकर १६ अगस्त को समाप्त होगा। इस माह में पांच शनिवारों का होना साधारण तेजी का रुख बनाएगा। श्रावण बदी पक्ष में दि. २७ जुलाई रविवार को दशमी का क्षय होना मन्दी कारक है। अत: इस तारीख के बाद उछाले में बेचकर, मन्दी आने पर लाभ उठाना ठीक रहेगा। गुरु पहले से ही बक्री अवस्था में चल रहा है ये भी मन्दी को प्रोत्साहन देने वाले सिद्ध होंगे। वायदा मार्केटों में कालीमिर्च, जीरा, सोयाबीन, चना, ग्वार, हल्दी , सोना, चांदी में दि. २१ जुलाई को दि. १९ के बनें नीचे भाव से जिस वस्तु के भाव टूटें तब उसी वस्तु में मन्दी दो दिन में ही धमाकेदार होगी। दि. २३ जुलाई की रात्रि में कर्क बुध के प्रभाव से पीपरमेंट, तेल, अरहर, काजू, किशमिश, कालीमिर्च व हरे रंग के पदार्थो व वनस्पतियों के भावों में तेजी बनेगी। यद्यपि तेजी तो दो दिन पहले ही बन जाऐगी और आगे दो दिन यानि दि. २५ जुलाई तक विशेष लाभ कारी चांस सम्पन्न होगा। नोट- अगर यहाँ पर दि. २४ जुलाई को २३ के बने ऊंचे भाव कटें तब तेजी ही इस चांस में चलेगी। यहाँ पर दि. २१ जुलाई से २५ जुलाई तक बुध वर्गोत्तम में रहेंगे। आगे दि. १ अगस्त को दोपहर में सिंह शुक्र के संचरण के प्रभाव से चांदी, रुई, कपास, कपूर, जिंक, ग्वार, सफेद मटर के भावों में जोरदार चाल चलेगी। धारणा दि. ११ अगस्त तक हाजिर व वायदा में मन्दी की है। नोट- अगर दि. २ अगस्त को १ के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ जाऐं तब तेजी का समय रहेगा। श्रावण शुदि दोज रविवार को चन्द्रदर्शन होने से दि. ४ अगस्त को २ के बनें ऊंचे भाव जिस वस्तु में कट जाऐ उसी में खरीद कर दो ही दिन में लाभ उठा लेवें। श्रावण बदी दशमी सोमवार को बुधोदय शाम को हो रहा है। यह बुधोदय सोना, चांदी, मैंथा, रुई, कपास के स्टॉक करने वालों को लाभ देगा। श्रावण शुदि पूर्णिमा को रात्रि में चन्द्रग्रहण व शाम को संक्रान्ती सिंह की लगने से सरसों, तिल, तेल, रत्न, गेहूँ, चना, मटर, बाजरा, मक्का, गुड़, खांड व लाल मिर्च व लाल वस्तुओं में मन्दी को चाल चलने की धारणा है। लेकिन चन्द्र ग्रहण शनिवारी तेजी कारक भी है। दुतर्फा चालदायक ग्रह होने से यह ध्यान रखें कि जिस वस्तु में दि. १८ अगस्त को १६ के बने ऊंचे भाव कटें तब खरीदकर दि. २७ अगस्त तक लाभ उठाऐं।

भाद्रपद सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

भाद्रपद माह का प्रारम्भ दि. १७ अगस्त से होकर दि. १५ सितम्बर तक रहेगा। पांच रविवार व पांच ही सोमवार तेजी व मन्दी दोनों के ही द्योतक है। तब भी तेजी का प्रभाव कायम रहने की धारणा है। माह के प्रारिम्भक दिन शनि के अस्त होने के प्रभाव से सोना, चांदी, शेयर्स के बाजारों पर तेजी का प्रभाव भाद्रपद बदी दोज से बनेगा। तिल, तेल, गेहूँ, चना, गुड़, खांड, बाजरा, लोहा, मशीनरी, शेयर्स, जिंक, कॉपर, लेड, हल्दी, ग्वार के वायदा मार्केटों में दि. १८ अगस्त को दि. १६ के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ेगा तब तेजी का चांस उसी वस्तु में दि. २२ अगस्त तक सम्पन्न होगा। विपरीत यानि नीचे भाव के टूटने पर नरमी ही चलेगी। भाद्रपद बदी अष्टमी रविवार की रात्रि में कन्या राशि में बुध के प्रभाव से नवमी से सोना, चांदी आदि धातु, गुड़ चीनी, हल्दी, जौ, गेहूँ, चना के भावों में तेजी का रुख बनेगा। रुई, कपास में नरमी होगी। यह चाल एक पक्ष तक चलने की धारणा है। भाद्रपद बदी नवमी की शाम को कन्या राशि में शुक्र के संचरण के प्रभाव से गुड़, खांड व ऊनी वस्त्रों के भावों में तेजी का प्रभाव बने अत: ऊन का स्टाक करना आगे तीन माह में ही लाभ प्रद सिद्ध होगा। भाद्रपद शुक्ल पक्ष में शुदि दोज को चन्द्र दर्शन मन्दी कारक है। विशेष चांस है कि भादो शुदि अष्टमी सोमवार की रात्रि में गुरु मार्गी होंगे अत: शुदि नवमी से गुरु के अधिकार की जिन वस्तुओं में मन्दी चली आ रही होगी उनमें तेजी का बिगुल बज जाऐगा। अत: तिल, तेल, घी, गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मटर, मक्का के भावों

में जिन जिन वस्तुओं में अच्छी मन्दी आ चुकी हो उन-उन का स्टॉक करके मोटा लाभ आगे दो माह में ही प्राप्त किया जा सकता है। वायदा मार्केटों में एक दिन बाद यानि दि. १० सितम्बर को ९ के बनें नीचे भाव से (गेहूँ, चना, ग्वार, कालीमिर्च, जीरा, हल्दी, गुड़, सरसों, सोया तेल, जिंक, निकिल, कॉपर, सोना, चांदी) भाव टूटें तब उसी वस्तु को बेचकर तीन दिन में ही मोटा लाभ कमाया जा सकता है।

आश्विन माह सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

इस माह का प्रारम्भ दि. १६ सितम्बर से होकर दि. १४ अक्टूबर को समाप्त होगी। इस माह में पांच मंगलवार घोर तेजी कारक हैं। तथापि प्रथम पक्ष में बदी चौथ का क्षय होना मन्दी को बल देने वाला है। लगते आश्विन बदी प्रतिपदा को कन्या राशि में सूर्य का प्रवेश होना रुई, सूत, कपास, खल, बिनौला, नारियल, सुपारी, काजू, बादाम, अरण्डी, लालमिर्च, तिल, सरसों, सोयाबीन, तेल, सोना, चांदी, लोहा, पीतल, तांबा, जिंक, लेड के भावों में मन्दी होने की सम्भावना है। उपरोक्त वस्तुओं में जिन वस्तुओं के भाव दि. १७ सितम्बर को दि. १६ के बनें ऊंचे भाव से बढ़ जाए, उसी वस्तु की खरीद करें और दि.१६ सितम्बर को भाव ऊंचा ही बन्द हो तब खरीद कर आगे के लिये छोड़ देवे। वायदा वस्तुओं में एक सप्ताह में ही लाभ मिलने की सम्भावना है। आश्विन बदी पंचमी शुक्रवार की प्रातः तुला में शुक्र का संचरण होगा। सोना, गुड़, खांड चीनी में तेजी की चाल बनेगी। रुई, कपास में पहले तेजी बाद में मन्दी का रुख बनने की धारणा है। बदी सप्तमी को शनि का उदय होगा। बदी अष्टमी से शनि के अधिकार की वस्तुएं जो अभी तक तेजी पर होंगी उनमें मन्दी का संचार हो जायेगा। खास तौर पर लौह, लौंग, कालीमिर्च, जावित्री, जायफल, जीरा, शेयर बाजारों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। बदी नवमी को प्रातः से पूर्व वक्री बुध का होना मन्दी कारक है। यहां पर यह ध्यान रखें कि जिस वायदा वस्तु में दि.२३ सितम्बर को बने नीचे भाव से मार्केट टूटे तब उसी में मन्दी आगे बढ़ जाऐगी। किन्तु ऊंचे बने भाव से बढ़ने पर तेजी का व्यापार आठ दिनों में लाभ देगा। आश्विन शुदि में एक एटम बम चांस है कि शुदि प्रतिपदा की शाम को बुधास्त का होना भंयकर तेजी की चाल गेहूँ, चना, कपास, क्रूड आयल, कालीमिर्च, सोना, चांदी, जिंक, रुई, कपास, जूट पाट, बारदाना, गुड़, चीनी, ज्वार, जीरा में सम्पन्न होगा। जो कि दस दिनों में सम्पन्न होगा। इस चांस में सावधानी हेतु यह ध्यान रखें कि उपरोक्त जिस वस्तु में दि. १ अक्टूबर को दि. ३० सितम्बर के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे और नीचा ही बन्द हो जाए तब मन्दी का चांस ही आगे उसी वस्तु में सम्पन्न हो जाएगा।

कार्तिक सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

कार्तिक माह का प्रारम्भ १५ अक्टूबर को होकर १३ नवम्बर को समाप्त होगा। इस माह में पांच बुधवार समता कारक और पांच गुरुवार मन्दी कारक है। अतः बढ़े भाव बेचान बौलकर घटे भाव ही खरीद करनी लाभप्रद होगी। कार्तिक बदी दोज की रात्रि में तुला संक्रान्ति का प्रभाव रुई, कपास, चांदी के भावों में विशेष मन्दी कारक सिद्ध होगा। नारियल, सुपारी, चन्दन मजीठ में तेजी होगी। सोना, गेहूँ, जौ, चना के भावों में तेजी का प्रभाव बनेगा। यह प्रभाव एक माह तक रहने की धारणा है। कार्तिक बदी सप्तमी का क्षय मन्दी के प्रभाव को बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। बदी दशमी की शाम स्वाति में सूर्य का प्रभाव सरसों, अलसी, अरण्डी, तिल, तेल, सुपारी, लाल मिर्च, सोना, चांदी, कापर, निकिल, जिंक, रुई, गुड़, चीनी, बिनौला में तेजी कारक है तब भी तेजी तभी पक्की होगी जबकि दि. २४ अक्टूबर को दि. २३ के बनें ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ जाऐगा तब ही आगामी पन्द्रह दिनों में तेजी जानना। भाव न कटे तब तेजी नहीं होगी। इस माह में दीपावली मंगलवारी विशेष अनिष्टकारक है अतः व्यापारी भाईयों के हितों पर सरकारी तन्त्र व पूंजीपतियों द्वारा कुठाराघात किया जाऐगा। व्यापारी बंधु सरकारी आतंकवाद का विरोध करेंगे तब ही कुछ बात सम्भल पायेगी। शुदि पक्ष में गुरुवारी चन्द्रदर्शन का होना विशेष मन्दी का प्रभाव बनाएगा। कार्तिक शुदि तीज दि.३१ अक्टूबर को रात्रि में तुला राशि में बुध का संचरण गुड़, खांड़, रुई, कपास, खल, बिनौला, सोना में तेजी और चांदी सरसों , अलसी, अरण्डी, बिनौला, मूंगफली में मन्दी दायक पक्ष के अन्त तक सिद्ध होगा। यहाँ पर यह विशेष ध्यान रखें कि उपरोक्त वस्तुओं में विशेष रूप से दि. १ नवम्बर को दि. ३१ अक्टूबर के बने ऊंचे भाव व नीचे भाव महत्वपूर्ण होगें। अतः भावों की क्रासिंग पर व रुख को ध्यान रखते हुऐ व्यापार करें। शुदि छट को दोपहर बाद बुधास्त का होना लम्बी मन्दी की चाल देने वाला सिद्ध होगा। अतः हर बढ़े भाव बेचान करना लाभ देगा। शुदि नवमी को शाम व रात्रि में क्रमशः धनु राशि व वृश्चिक राशि में मंगल का पदार्पण होगा। जौ, रुई, सूत, कपास, वस्त्र, गेहूँ, सोना, चांदी, तांबा, जिंक में तेजी होगी। तब भी अन्य स्थितियां मन्दी कारक होने से यह ध्यान रखें कि उक्त वस्तुओं में कार्तिक शुदि दशमी को नवमी बनें नीचे भाव से मार्केट टूट जाऐ तब मन्दी ही उसी वस्तु में बनेगी। दि. २० अक्टूबर, दि. ४ नवम्बर की शाम को दुतर्फा गली लगायें।

मार्गशीर्ष सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

मार्गशीर्ष माह का प्रारम्भ दि. १४ नवम्बर को होकर दि. १२ दिसम्बर को समाप्त होगा। इस माह में पांच शुक्रवारों का प्रभाव प्रायः व्यापारिक वस्तु व धातु वस्तुओं में नरमी का रहेगा साथ ही लगते दोज का क्षय मन्दी के प्रभाव को बढ़ायेगा। जिन वस्तुओं में पहले से मन्दी चली आ रही होगी उनमें लम्बी लाईन मन्दी की चल पड़ेगी। यद्यपि वृश्चिक संक्रान्ति शनिवारी है जो तेजी कारक है। बदी तीज की रात्रि में यह संक्रान्ति लगेगी। सोना, चांदी, तांबा, रुई, कपास, लेड, जिंक, ऊन, सरसों, अलसी, अरन्डी, मूंगफली के भाव तेजी पर जाऐंगे। लाल रंग की समस्त प्रकार की वस्तुऐं लालमिर्च, लाल चन्दन, नमक, नारियल, सुपारी, गुड़, चीनी, गेहूँ, जौ, चना, जूट, पाट, बारदाना, ग्वार, चना, के भावों में मन्दी होगी। फिर भी रुख का ध्यान अवश्य रखें। बदी सप्तमी दि. १९ नवम्बर को शाम बुध के वृश्चिक में प्रवेश के प्रभाव से अनाज, घी, तेल, सरसों, सोंना, चांदी, रुई में मन्दी का रुख बनेगा। तब भी दि. १९ नवम्बर को बने ऊंचे भाव कटें तब तेजी होगी। निफ्टी शेयर सूचंकाक में तेजी का ध्यान है। लम्बी तेजी बन सकती है। शुदि पक्ष में चन्द्र दर्शन २८ नवम्बर को घट बढ़ कारक है। मार्गशीर्ष बदी चतुर्थी मंगलवार को मकर राशि में शुक्र का प्रभाव सफेद रंग की वस्तुओं पर मन्दी का पड़ेगा। तब भी अगर दि.३ दिसम्बर को दि. २ दिसम्बर के बनें ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ जाऐ तब तेजी का चांस ही आगे चलेगा। इस माह के अन्तिम सप्ताह में बदी एकादशी को शाम मकर राशि पर गुरु संचरण करेगा। यह प्रवेश गेहूँ, जौ, चना आदि में अचानक तेजी को उछाल देने वाला सिद्ध होगा। सोना, चांदी, रुई, कपास, सरसों, सोयाबीन तेल के भावों में तीन माह में ही श्रेष्ठ तेजी का दौर चलेगा। बहुधा वस्तुओं के

भावों में भारी घटाबढ़ी भी होगी। अत: नीचे लेविल पर प्रभाव मिलने पर स्टॉक करें।

इस माह में दि.१४ नवम्बर को ३ बजे १५ नवम्बर की शाम, दि. ९ दिसम्बर को ४ बजे लगभग दुतर्फा गली लगानी लाभप्रद होगी।

पौष सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

इस माह में पांच शनिवार व पांच ही रविवार भयंकर तेजी कारक है। माह का प्रारम्भ दि. १३ दिसम्बर को होकर दि. ११ जनवरी तक महीना रहेगा। पौष के बदी पक्ष में तिथि का क्षय होकर बाद एकादशी तिथि की वृद्धि होना प्रारम्भ में जो वस्तुऐं नीचे स्तर पर होंगी उनमें विशेष तेजी के चांस चलने की धारणा है। अत: वायदा बाजारों में विशेष रूप से जो वस्तुऐं दि.१५ या १६ दिसम्बर तक मन्दी रही हो उनमें खरीद करके मोटा लाभ उठाया जा सकता है।

दि. १५ दिसम्बर की शाम को धनु राशि में सूर्य के संचरण के प्रभाव से अनाजों के भावों में मन्दी का रुख बनेगा। सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, कपास, खल बिनौला के भावों में तेजी का रुख बनेगा। यह तेजी दि. ६ जनवरी तक लम्बी लाईन के रूप में रहेगी। नोट- जिस वस्तु में दि. १५ व १६ के मध्य बनें लोएस्ट भाव से भाव टूटेगें उसमें मन्दी ही आगे ३ दिन चलेगी।

पौष बदी अष्टमी शुक्रवार की प्रात: धनु राशि में मंगल का संचरण होना, धान्य, घी, मूल पदार्थ, कपास, रुई, सूत, सण, सोना, चांदी, बिनौला, सरसों व अनाजों के भावों के साथ लैड, कॉपर, जिंक, निकिल, क्रूड आयल में भी तेजी की चाल बनेगी। जो कि २० दिन की होगी। आगे पौष शुदि में रविवार दि. २८ दिसम्बर की शाम को पू०षा० में सूर्य के प्रभाव से तिल, तेल, चांदी, गुड़, खांड, सरसों, ऊनी वस्त्र, हल्दी, कपूर के भावों में तेजी होगी। आज ही रात्रि में कुम्भ राशि में शुक्र के प्रभाव से गेहूँ, जौ, चना, उरद, मूंग, ज्वार, बाजारा, सफेद रंग की वस्तुओं में मन्दी की धारणा १४ दिन के लिए बनेगी। नोट- अगर दि. २९ दिसम्बर को दि. २७ के बनें नीचे भाव से मार्केट टूटे तब मन्दी निश्चित चलने की धारणा है। लेकिन ऊंचे भाव कटें तब तेजी ही बदस्तुर जारी रहेगी। शनि शुक्र का सम सप्तम योग विशेष चाल अवश्य देगा। अत: रुख का ध्यान रखते हुऐ व्यापार करें। इस माह में १६ दिसम्बर की दोपहर में, दि. २३ की शाम को व २ जनवरी की दोपहर २ बजे वायदा वस्तुओं में दुतर्फा गली लगानी श्रेष्ठ लाभप्रद होगी। माह के अंत में वक्री बुध दि. ११ जनवरी की रात्रि में है जिसका प्रभाव अगले माह में दिखेगा।

माघ सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

माघ माह का प्रारम्भ दि.१२ जनवरी से होकर दि. ९ फरवरी २००९ तक रहेगा। इस माह में पांच सोमवारों का योग नरमी कारक है। इस माह के प्रारम्भ में वक्री बुध प्रतिपदा में हुआ है। यद्यपि प्रतिपदा तिथि का क्षय है। तथापि यह योग बहुआ वस्तुओं में तूफानी तेजी बनाया करता है। अत: सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, क्रूड आयल, गुड़, रुई, कपास, जूट, पाट, ग्वार, चना, सोया तेल में तेजी २ दिन की बनेगी। तब भी दि. १२ जनवरी को १० के बनें नीचे भाव से जो वस्तु टूटेगी उसमें दो दिन में मन्दी भी जानना। माघ बदी पंचमी गुरूवार को प्रात: बुधास्त का होना भारी उथल पुथल कारक है अत: रिंग वायदा वस्तुओं के सौदों में विशेष रूप से सरसों- हापुड़, तेल- इन्दौर, हल्दी- निजामाबाद, गुड़- मुजफ्फरनगर, कपास- सुरेन्द्र नगर, चांदी- दिल्ली में दुतर्फा गली डालना लाभ प्रद होगा। ग्रह चालीय धारणा से रुई, कपास, चांदी, सोना, गेहूँ, चना, जिंक, गुड़, चीनी, कॉपर, क्रूड आयल में तेजी बारह दिन की बनेगी। कपास आदि का स्टाक करना लाभ प्रद होगा। बदी अमावस्या को बुधोदय दोपहर बाद होगा अत: उपरोक्त वस्तुओं में लाभ उठा लेना चाहिए। दि. १४ जनवरी की प्रात: गुरु का अस्त होना मन्दी कारक है। विशेष रूप से सोना, हल्दी, मूंग, चना दाल के भावों में मन्दी होगी। किन्तु अगर यहां से दो दिन भाव तेज रहें तब तेजी ही माघ शुदि एकादशी तक होगी। माघ शुदि प्रतिपदा की रात्रि में मकर में मंगल के प्रवेश के प्रभाव से लाल रंग की वस्तुओं में दि. २३ जनवरी से ही तेजी जोरदार चालू हो जाएगी। यह तेजी दि.३१ तक चलेगी। जो जोरदार व विशेष चाल देने वाली होगी। यद्यपि बाद ५ फरवरी तक भी यह चाल साधारण चलेगी।

विशेष :- कॉपर, सोना, क्रूड आयल, जिंक, चना, हल्दी, ग्वार, सोया तेल, जीरा, नेचुरल गेस, सरसों के वायदा बाजारों में अगर दि. २८ जनवरी को दि. २७ के बनें ऊंचे भाव से मार्केट बढ़े तब तेजी का व्यापार करके ५ फरवरी तक लाभ उठाना चाहिए। बाद दि.६ फरवरी से चाल के पलटने की धारणा है। इस माह में दि. १२ जनवरी की प्रात: दुतर्फा गली, दि. १५ जनवरी की प्रात: तेजी लगाये। दि. २७ जनवरी की शाम को तेजी लगाना। दि. ५ फरवरी को पलट अगले दिन की लगाना।

फाल्गुन सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

फाल्गुन सम्वत् २०६५ का महिना दि. १० फरवरी को प्रारम्भ होकर दि.११ मार्च तक रहेगा। इस माह में पांच मंगलवार व पांच ही बुधवार है जो तेजी को प्रोत्साहन देगें। इस माह के प्रथम पक्ष में बदी अमावस्या की वृद्धि भी तेजी कारक ही है। शुदि में चतुर्थी का क्षय विशेष तेजी कारक सिद्ध होगा। फाल्गुन बदी प्रतिपदा को - गुरु का उदय होना दोज से पीले रंग की वस्तुओं में विशेष तेजी कारक होगा। साथ में कॉपर, सोना, सरसों, धातु , हल्दी, सोया तेल में तेजी का रुख रहेगा। फाल्गुन बदी तीज की शाम को कुम्भ संक्रान्ति के प्रभाव से तेल, सरसों, मूंगफली, अलसी, अरण्डी, सोयाबीन व सोया तेल में तेजी की लम्बी चाल चलेगी। गुड़, खांड, शक्कर, अनाज, रुई, पाट के भावों में मन्दी का रुख रहेगा। तथापि उक्त वस्तुओं में दि. ९ फरवरी से १२ फरवरी के मध्य बनें हाईएस्ट भाव से मार्केट बढ़े तब और तेजी होगी, किन्तु लोएस्ट बने भाव से टूटने पर मन्दी की चाल चलेगी। यह चाल तमाम फाल्गून माह में रहेगी। दि.१३ फरवरी से सूर्य शनि की सप्तम दृष्टि एक दूसरे पर पड़ने से भंयकर तेजी तिलहन, लौह, सोना, क्रूड ऑयल, जिंक, कापर, सोया तेल पर रहेगी। फाल्गुन शुक्ल पक्ष में शुदि प्रतिपदा को रात्रि में धनिष्ठा में मंगल के प्रभाव से गुड़, शक्कर, गेहूँ, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, लोहा, जस्ता, कापर, जिंक के भावों में तेजी होगी। जो तीन दिन चलेगी। शुदि नवमी को कुम्भ राशि में बुध के प्रभाव से सोना चांदी आदि धातु व धान्यों में तेजी आकर मन्दी का प्रभाव बनेगा। रुई, गुड़, खांड, घी, तेल, सोयाबीन, सरसों में आगे मन्दी की चाल पन्द्रह दिवसीय बनेगी। साथ में अगले दिन कुम्भ में मंगल का प्रवेश दि.९ मार्च से अनाज, सोना, चांदी, गुड़, खांड, में तेजी कारक होगा। धान्यों में मन्दी चलेगी। लेकिन स्टील, लोहा, इंगट, कोयला, कालीमिर्च, जीरा व काले रंग के पदार्थ लेड के भावों में विशेष तेजी की चाल सम्वत् के अन्त तक चलेगी।

दुतफा गली डालना लाभ प्रद होगा। ग्रह चालीय धारणा से [illegible]

चैत्र बदी सम्वत् २०६५ का सामूहिक व्यापार भविष्य

इस पक्ष का प्रारम्भ १२ मार्च से होकर दि. २६ मार्च तक समाप्त होगा। इस पक्ष पर गुरुवारों का प्रभाव दृष्टिगत है अत: बहुधा वस्तुऐं मन्दी कारक रहने की धारणा के बाबजूद प्रतिपदा तिथि का क्षय होकर छठ की वृद्धि होना तेजी कारक भी है तथापि रुख अनुकूल व्यापार उत्तम रहेगा। बदी तीज को मीन संक्रान्ति लगेगी जो अन्नादि के भावों में पहले तेजी बाद में नरमी का रुख बनेगा। सोना, चांदी, रुई, कपास, गुड़, खांड, शक्कर, अलसी, तिल, सरसों, सोया तेल के भावों में तेजी का रुख बनेगा, जो तमाम पक्ष रहेंगा।बदी छठ सोमवार दि. १६ मार्च को रात्रि में बुधास्त का होना गुड़, खांड़, गेहूँ, जौ, चना, मटर, रुई, पाट के भावों मे मन्दी का चांस एक माह का सम्पन्न होगा। अत: इन वस्तुओं के वायदा मार्केटों में उछालें में बेचते हुए मन्दी में खरीद कर लाभ उठाना चाहिए। बदी एकादशी रविवार की शाम मीन राशि में बुध के प्रभाव से रुई के भावों में तेजी होगी। सोना चांदी में पहले तेजी होकर इस पक्ष बाद नरमी होने की धारणा है। गेहूँ, गुड़, खांड में मन्दी चलेगी। नोट- जिस वायदा वस्तु में दि. २३ मार्च को २१ के बने नीचे भाव से मार्केट टूटेगा उसी में मन्दी की चाल बनेगी।

अनमोल चांस प्राप्त कीजिए

अनमोल क्यों? क्योंकि हम चांस ग्रह चालीय आधार के साथ-साथ ग्राफिकल चाल के आधार पर भी बनाते हैं ऊंचे, नीचे अनुपातिक भाव देना ही चांस की विशेषता है हाजिर व वायदा की धातुओं के चांस- निफ्टी, चांदी, सोना, कापर मैंथा, ऑयल, सोया तेल, सभी प्रकार के अनाजों, धातुओं आदि के चांस हम देते हैं। हाजिर वस्तु एक वर्ष ११००/-, छ माह ६०१/- तीन माह ३५१/- है। वायदा वस्तु एक माह की फीस ४०१/- है। एक वर्ष की फीस ४००१/- है। वायदा की एक वस्तु का प्रतिदिन ग्रहचाल व भावों के आधार पर प्रीडिक्शन की मासिक फीस १२००/- है।

e-mail : vishwaastro-999@yahoo.co.in

फोन: ०१२२-२३१२२३८, ०९८३७२७९८२३

पृष्ठ २३१ का शेष

दशम. = दशमलव
उ. = उत्तर

यूरेनस, नेपच्यून के क्रांति शर

(प्रात: ५ घं. ३० मि. भा.स्टे.टा.) संवत् २०६५ वि.

द. = दक्षिण

तारीख	यूरेनस				नेपच्यून				तारीख	यूरेनस				नेपच्यून			
सन् ई.	क्रान्ति		शर		क्रान्ति		शर		सन् ई.	क्रान्ति		शर		क्रान्ति		शर	
२००८	अं.	दशम.	अं.	दशम.	अं.	दशम.	अं.	दशम.	२००८	अं.	दशम.	अं.	दशम.	अं.	दशम.	अं.	दशम.
अप्रैल ९	द.	४.४९	द.	०.७३	द.	१३.९२	द.	०.३०	अक्टूबर ९		४.८२		०.८०		१४.६३		०.३५
" १७		४.३३		०.७३		१३.८७		०.३१	" १७		४.९२		०.७९		१४.६५		०.३५
" २५		४.१९		०.७४		१३.८२		०.३१	" २५		५.००		०.७९		१४.६७		०.३५
मई १		४.०९		०.७४		१३.७९		०.३१	नवम्बर १		५.०६		०.७९		१४.६८		०.३५
" ९		३.९७		०.७४		१३.७६		०.३१	" ९		५.१२		०.७८		१४.६७		०.३५
" १७		३.८६		०.७५		१३.७४		०.३२	" १७		५.१५		०.७८		१४.६६		०.३५
" २५		३.७८		०.७५		१३.७४		०.३२	" २५		५.१६		०.७७		१४.६३		०.३५
जून १		३.७२		०.७६		१३.७४		०.३२	दिसम्बर १		५.१६		०.७७		१४.६०		०.३५
" ९		३.६७		०.७६		१३.७६		०.३२	" ९		५.१३		०.७६		१४.५५		०.३५
" १७		३.६३		०.७७		१३.७९		०.३३	" १७		५.०९		०.७६		१४.५०		०.३५
" २५		३.६२		०.७७		१३.८२		०.३३	" २५		५.०२		०.७५		१४.४३		०.३५
जुलाई १		३.६३		०.७८		१३.८६		०.३३	२००९ ई.								
" ९		३.६५		०.७८		१३.९१		०.३३	जनवरी १		४.९५		०.७५		१४.३६		०.३५
" १७		३.७०		०.७८		१३.९७		०.३४	" ९		४.८४		०.७४		१४.२८		०.३५
" २५		३.७६		०.७९		१४.०३		०.३४	" १७		४.७२		०.७४		१०.२०		०.३५
अगस्त १		३.८३		०.७९		१४.०९		०.३४	" २५		४.५९		०.७३		१४.१०		०.३५
" ९		३.९२		०.८०		१४.१७		०.३४	फरवरी १		४.४६		०.७३		१४.०२		०.३५
" १७		४.०२		०.८०		१४.२४		०.३४	" ९		४.३०		०.७३		१३.९२		०.३६
" २५		४.१४		०.८०		१४.३१		०.३५	" १७		४.१३		०.७३		१३.८२		०.३६
सितम्बर १		४.२४		०.८०		१४.३७		०.३५	" २५		३.९६		०.७२		१३.७२		०.३६
" ९		४.३७		०.८०		१४.४४		०.३५	मार्च १		३.८७		०.७२		१३.६७		०.३६
" १७		४.४९		०.८०		१४.५०		०.३५	" ९		३.६९		०.७२		१३.५८		०.३६
" २५		४.६२		०.८०		१४.५५		०.३५	" १७		३.५१		०.७२		१३.४९		०.३६
अक्टूबर १		४.७१		०.८०		१४.५९		०.३५	" २५	द.	३.३३	द.	०.७२	द.	१३.४०	द.	०.३६

संवत् २०६५ विक्रमी का द्वादश राशिफल

लेखक- महेश चंद राजेश चंद ज्योतिषी
पुंगलवाड़ा, जोधपुर, फोन्- ०२९१-२६२४८६४, मोबाइल- ९४१४४७५११३

मेष राशि :- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

इस वर्ष में ३० मई तक शुभ कार्य की भूमिका बनने से चिन्ता का निवारण होगा। आत्मविश्वास के साथ में कार्य करते रहे. योजना क्रियान्वित होगी। पुराने विवादों का समाधान निकल आयेगा। ३१ मई से १४ जुलाई तक आप अपनी ही क्षमता से बढ़कर कार्य न करें। विवाद से दूर रहना हितकर रहेगा। भाईयों से मन-मुटाव सा रहेगा। नई समस्या उत्पन्न होने से आप चिन्ता ग्रस्त रहेंगे। १५ जुलाई से ११ सितम्बर तक अधिकारी वर्ग के सहयोग से इच्छानुकूल स्थानान्तरण हो जायेगा। साहस से आगे बढ़ते रहें भाग्य आपके साथ है। विरोधी पक्ष गुप्त रूप से आपके गुणों की प्रशंसा करेंगे। परिवारिक समस्या का समाधान निकल आयेगा। १२ सितम्बर से २९ अक्टूबर तक सोच-समझ कर आगे कदम बढ़ाना हितकर रहेगा। विरोधी पक्ष आपकी प्रगति में रुकावटें लायेगा। आपका विश्वासपात्र व्यक्ति ही आपके साथ में विश्वासघात कर सकता है। व्यर्थ की पंचायती करना उचित नहीं रहेगा। ३० अक्टूबर से १२ दिसम्बर तक काम काज में प्रगति होगी, रुकी रकम प्राप्त होने से कर्जदारी में कमी आयेगी। गणमान्य व्यक्ति आपके गुणों की प्रशंसा करेंगे। सोचा हुआ कार्य वक्त पर बन जाने से मन प्रफुल्लित रहेगा। अपने ही बुद्धिबल से अच्छा लाभ प्राप्त करेंगे। १३ दिसम्बर से ७ फरवरी तक व्यर्थ का लेनदेन करना उचित नहीं है। विरोध व संघर्ष का सामना करना पड़ेगा। आपकी आशा निराशा में परिवर्तित होगी। नया कार्य आरम्भ करने से पहले ही कोई व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। ८ फरवरी से वर्षोपरान्त तक महिलाओं के लिए यह समय सफलता का रहेगा। लम्बी यात्रा लाभप्रद रहेगी। इस समय शुभ अवसर आयेंगे, लाभ उठाने में भूल न करें। पारिवारिक समस्या का समाधान निकल आयेगा। शुभ कार्य में खर्च की भूमिका बनेगी।

वृष :- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

